# उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा–2022

# प्रश्न बैंक

## कक्षा–12

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक

## 2021–22

प्रकाशक :

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

# उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा

# प्रश्न बैंक

## कक्षा–12

## विषय : हिन्दी

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक


संयोजक
**श्री भरत जोशी**
प्रधानाचार्य
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

सह संयोजकः
**श्रीमती सुष्मिता गिल**
वरिष्ठ अध्यापक (गणित)
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

लेखकः
**मीना शर्मा**,
व्याख्याता (हिन्दी)
**रूपेश शर्मा**,
व्याख्याता (हिन्दी)
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर


## 2021–22


प्रकाशक :

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | पाठ्यपुस्तक / पाठ | पृ.सं. |
|---|---|---|
| | **पाठ्य पुस्तक 1 आरोह भाग–2** | |
| | **पद्य खण्ड** | |
| 1. | 1) आत्मपरिचय 2) दिन जल्दी जल्दी ढ़लता है– हरिवंशराय बच्चन | 10 |
| 2. | पतंग– आलोक धन्वा | 12 |
| 3. | 1) कविता के बहाने 2) बात सीधी थी पर – कुंवर नारायण | 14 |
| 4. | कैमरे में बंद अपाहिज– रघुवीर सहाय | 16 |
| 5. | सहर्ष स्वीकारा है– गजानन माधव मुक्तिबोध | 18 |
| 6. | उषा–शमशेर बहादुर सिंह | 20 |
| 7. | बादल राग – सूर्यकांत त्रिपाठी निराला | 22 |
| 8. | कवितावली (उत्तर कांड से) लक्ष्मण मूर्च्छा व राम का विलाप– गोस्वामी तुलसीदास | 24 |
| 9. | रूबाइयाँ, गजल – फिराक गोरखपुरी | 26 |
| 10. | 1) छोटा मेरा खेत 2) बगुलों के पंख– उमाशंकर जोशी | 28 |
| | **गद्य खण्ड** | |
| 11. | भक्तिन – महादेवी वर्मा | 30 |
| 12. | बाजार दर्शन– जैनेन्द्र कुमार | 32 |
| 13. | काले मेघा पानी दे– धर्मवीर भारती | 34 |
| 14. | पहलवान की ढ़ोलक– फणीश्वर नाथ रेणु | 36 |
| 15. | चार्ली चैप्लिन – विष्णु खरे | 38 |
| 16. | नमक– रजिया सज्जाद जहीर | 40 |
| 17. | शिरीष के फूल– हजारी प्रसाद द्विवेदी | 42 |
| 18. | श्रम विभाजन और जाति प्रथा– बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर | 44 |
| | **पूरक पाठ्य पुस्तक वितान भाग–2** | |
| 1. | सिल्वर वेडिंग–मनोहर श्याम जोशी | 46 |
| 2. | जूझ– आनंद यादव | 48 |
| 3. | अतीत में दबे पाँव– ओम थानवी | 50 |
| 4. | डायरी के पन्ने–ऐन फ्रेंक | 52 |
| | **अपठित बोध** | 54 |
| | **पठित बोध** | 68 |
| | **निबंध /प्रतिवेदन/प्रार्थना पत्र/पत्र** | 72 |
| | पारिभाषिक शब्दावली | 74 |

## अंक विभाजन
## कक्षा–12
## विषय– अनिवार्य हिन्दी
## विषय कोड–01

| इस विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है– | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रश्नपत्र | समय(घंटे) | प्रश्नपत्र के लिए अंक | सत्रांक | पूर्णांक |
| एक | 4:15 | 80 | 20 | 100 |

| अधिगम क्षेत्र | अंक |
|---|---|
| अपठित बोध | 16 |
| रचनात्मक लेखन /व्याकरण | 16 |
| पठित बोध | 08 |
| पाठ्यपुस्तक : आरोह (भाग–2) | 30 |
| पाठ्यपुस्तक : वितान (भाग–2) | 10 |

**1. अपठित बोधः** **16**

(क) अपठित गद्यांश (अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न) (4 प्रश्न x 2 अंक) 08

(ख) अपठित पद्यांश (अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न) (4 प्रश्न x 2 अंक) 08

**2. पठित बोध :** **08**

(क) पठित गद्यांश (अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न) (4 प्रश्न x 1 अंक) 04

(ख) पठित पद्यांश (अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न) (4 प्रश्न x 1 अंक) 04

**3. रचनात्मक लेखन/व्याकरण** **16**

(क) निबंध लेखन (4 विकल्प सहित) 05

(ख) प्रार्थना पत्र/पत्र (विकल्प सहित) 05

(ग) प्रतिवेदन (विकल्प सहित) 04

(घ) पारिभाषिक शब्दावली 02

**4. पाठ्यपुस्तक : आरोह (भाग–2)** **30**

(क) वस्तुनिष्ठ प्रश्न (5 प्रश्न गद्य से 5 प्रश्न पद्य से) (10 प्रश्न x 1 अंक) 10

(ख) अति लघूत्तरात्मक प्रश्न (2 प्रश्न गद्य से 2 प्रश्न पद्य से) (4 प्रश्न x 1 अंक) 04

(ग) लघूत्तरात्मक प्रश्न (1 प्रश्न गद्य से 1 प्रश्न पद्य से विकल्प सहित ) (2 प्रश्न x 4 अंक) 08

(घ) निबंधात्मक प्रश्न (1 प्रश्न विकल्प सहित गद्य/पद्य सहित) (1 प्रश्न x 5 अंक) 05

(ङ) कवि/लेखक परिचय (विकल्प सहित) (1 प्रश्न x 3 अंक) 03

**5. पूरक पाठ्यपुस्तक : वितान (भाग–2)** **10**

(क) अति लघूत्तरात्मक प्रश्न (6 प्रश्न x 1 अंक) 06

(ख) लघूत्तरात्मक प्रश्न (विकल्प सहित) (1 प्रश्न x 4 अंक) 04

## मॉडल प्रश्न पत्र – 2021–22
## कक्षा–12
## विषय– हिन्दी अनिवार्य

समय 4.15 घंटे | पूर्णांक 80

1. परीक्षार्थी अपने प्रवेशपत्र पर नामांकन अवश्य लिखे।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है उन सभी के उत्तर एक साथ लिखें।

### खण्ड–1

1. दिये गये बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर कॉपी में लिखिए– 10

(क). शमशेर बहादुर सिंह की पहचान किस रूप में है?
(अ) बिम्बधर्मी कवि के रूप में (ब) रूढ़ीवादी कवि
(स) रोमानी कवि (द) सुकुमार कवि ( )

**(ख)** 'बादल राग' कविता किस काव्य संग्रह से ली गई है?
(अ) अनामिका (ब) परिमल
(स) गीतिका (द) नए पत्ते ( )

**(ग)** रामभक्ति पर आधारित तुलसीदास की सर्वश्रेष्ठ रचना कौनसी है?
(अ) रामचरितमानस (ब) कृष्णगीतावली
(स) श्रीमद् भगवद् गीता (द) दोहावली ( )

**(घ)** 'फिराक गोरखपुरी' का मूल नाम क्या था?
(अ) रघुपति सहाय फिराक (ब) वैद्यनाथ
(स) नागार्जुन (द) रामकुमार ( )

(ङ) कवि उमाशंकर जोशी का संबंध किस साहित्य से है?
(अ) गुजराती साहित्य (ब) तेलुगु साहित्य
(स) पंजाबी साहित्य (द) कन्नड़ साहित्य ( )

(च) महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना के लिए मिला ?
(अ) नीरजा (ब) यामा
(स) नीहार (द) रश्मि ( )

(छ) लेखक के अनुसार भगत जी क्या बेचते थे ?
(अ) नमकीन (ब) मिठाई
(स) चूरन (द) दवाईयां ( )

(ज) धर्मवीर भारती का उपन्यास निम्न में से कौनसा है ?
(अ) ग्राम देवता (ब) मैला आँचल
(स) गुनाहों का देवता (द) इनमें से कोई नहीं ( )

(झ) लुट्टन पहलवान ने कुश्ती के लिए किस पहलवान को चुनौती दी–

(अ) बादल सिंह (ब) चांद सिंह

(स) गजसिंह (द) रूप सिंह ( )

(ञ) निम्न में से कौन–सा कविता संग्रह विष्णु खरे का है–

(अ) कनुप्रिया (ब) ठंड़ा लोहा

(स) खुद अपनी आंख से (द) इनमें से कोई नहीं ( )

दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में अपनी कॉपी में लिखो– (प्र.सं. 2 से 11 तक प्रत्येक 1 अंक)

2. प्रातः कालीन आकाश की तुलना किससे की गई है?

3. बादल राग कविता में कवि किसका आह्वान करता है?

4. 'चाँद के टुकड़े' उपमान का प्रयोग किसके लिया किया गया है?

5. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या है?

6. लेखक ने बाजार का पोषण करने वाले अर्थशास्त्र का क्या नाम दिया?

7. सिल्वर वेडिंग कहानी में यशोधर बाबू के आदर्श कौन थे?

8. 'जूझ' पाठ के लेखक का पूरा नाम क्या था?

9. मुअनजो–दड़ो शहर की जनसंख्या कितनी थी?

10. लेखिका ऐन फ्रैंक ने अपनी डायरी किसे संबोधित करते हुए लिखी?

11. लेखिका ऐन फ्रैंक का जन्म कहाँ हुआ?

## खण्ड–2

दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़ो तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखो। 8

आधुनिक युग विज्ञान–युग के नाम से जाना जाता है। आज विज्ञान की विजय–पताका धरती से लेकर आकाश तक फहरा रही हे। सर्वत्र विज्ञान की महिमा का प्रचार–प्रसार है। मुनष्य ने विज्ञान के द्वारा प्रकति को जीत लिया है। आज मनुष्य ने विज्ञान के द्वारा विद्युत, वाष्प, गैस, ईश्वर को खोजकर दिग्दिगन्तरों में अपनी विजय–पताका फहराकार सारे संसार में क्रान्किारी परिवर्तन ला दिया है। किन्तु विज्ञान के कारण आधुनिक युग की युयुत्सा ने भी प्रबल रूप धारण कर लिया है। विज्ञान–वेत्ताओं ने जहाँ मनुष्य को अनेक भौतिक सुविधाएँ प्रदान की है वहीं दूसरी ओर उसके लिए विध्वंस के पर्याप्त साधन भी एकत्रित कर दिये है।

12. आधुनिक युग किसके नाम से जाना जाता है ? 2

13. विज्ञान से मनुष्य को भय क्यों लगने लगा है ? 2

14. ''आधुनिक'' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइये। 2

15. 'गद्यांश' का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 2

दिए गए अपठित पद्यांश को पढ़ो तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखो। 8

मन की बँधी उमंगें असहाय जल रही हैं,
अरमान–आरजू की लाशें निकल रही हैं।
भीगी–खुली पलों में राते गुजारते हैं,
सोती वसुन्धरा जब तुमको पुकारते है।
इनके लिए कहीं से निर्भीक तेज ला दे,
पिघले हुए अनल का इनको अमृत पिला दे
आमर्ष को जगाने वाली शिखा नयी दे,
अनुभूतियाँ ह्रदय में दाता, अनलमयी दे।

16 कौनसी उमंगे असहाय जल रही है ? 2
17 लाशे किसकी निकल रही है? 2
18 श्रमिक लोग रातें कैसे गुजारते हैं ? 2
19 वसुन्धरा शब्द से क्या तात्पर्य है? 2

20 पठित गद्यांश

'शेर के बच्चे' का असल नाम था चाँद सिंह। वह अपने गुरू पहलवान बादल सिंह के साथ, पंजाब से पहले–पहल श्यामनगर मेले में आया था। सुंदर जवान, अंग–प्रत्यंग से सुंदरता टपक पड़ती थी। तीन दिनों में ही पंजाबी और पठान पहलवानों के गिरोह के अपनी जोड़ी और उम्र के सभी पट्ठों को पछाड़कर उसने 'शेर के बच्चे' की टायटिल प्राप्त कर ली थी। इसलिए वह दंगल के मैदान में लँगोट लगाकर एक अजीब किलकारी भरकर छोटी दुलकी लगाया करता था। देशी नौजवान पहलवान, उससे लड़ने की कल्पना से भी घबराते थे। अपनी टायटिल को सत्य प्रमाणित करने के लिए ही चाँद सिंह बीच–बीच में दहाड़ता फिरता था।

(क) 'शेर के बच्चे' नाम से प्रसिद्ध पहलवान का नाम क्या था? 1

(ख) चाँद सिंह के गुरू का क्या नाम था? 1

(ग) गद्यांश में आए 'देशी पहलवान' से क्या अभिप्राय है? 1

(घ) 'शेर के बच्चे' की उपाधि उसे कैसे प्राप्त हुई? 1

**खण्ड–3**

21. पठित पद्यांश 4

अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे
गीत गाकर में जगाने आ रहा हूँ
अलत अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा।
अरूण उदयाचल सजाने आ रहा हूँ।
कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम,
साधना से मुड़कर सिहरते रहे तुम,

अब तुम्हें आकाश में उड़ने न  दूँगा,
आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ।
सुख नहीं यह, नींद में सपने सँजोना,
दुख नहीं यह, शीश पर गुरू भार ढोना,
शूल तुम जिसको समझते थे अभी तक,
फूल मैं उसकों बनाने आ रहा हूँ।

1. कवि ने किसे सुख और दुःख नहीं माना है? 1
2. 'फूल और शूल' से कवि का क्या आशय है? 1
3. आकाश और फूल शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए। 1
4. गहरी नींद से कौन जगाने आ रहा है? 1

## खण्ड–4

22. दिये गये पारिभाषिक शब्दों के अर्थ लिखो– 2

(अ) CLERK (ब) NATION (स) POST (द) PERMIT

23. दिये गये कवि/लेखक का परिचय लिखो (कोई एक) 3

1. हरिवंश राय बच्चन 2. महादेवी वर्मा 3. कुंवर नारायण

24. अपने प्रधानाचार्य जी को अंग्रेजी की अतिरिक्त कक्षा लगवाने हेतु प्रार्थना पत्र लिखो। 5

अथवा

फीस के लिए 750 रू. मंगवाने हेतु पिता को पत्र लिखो।

25. दिये गये विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखो। 5

1. प्लास्टिक की थैली– पर्यावरण की दुश्मन
2. हमारे राष्ट्रीय पर्व
3. कम्प्यूटर का महत्त्व

26. दिये गये विषयों में से किसी एक पर प्रतिवेदन लिखो– 4

1. वार्षिकोत्सव
2. गणतंत्र दिवस
3. बाल दिवस

## खण्ड–5

27. कवि बादलों को किस रूप में देखता है? 4

अथवा

बालक द्वारा चाँद माँगने की जिद पर माँ क्या करती है?

28. 'परचेजिंग पावर' से आप क्या समझे है? स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

बचपन की घटनाओं के 50 वर्ष बाद लेखक क्या विचार कर रहा है?

29. 'जूझ' कथा के नायक की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। 4

अथवा

लेखक ने मुअनजो–दड़ो सभ्यता को जल संस्कृति क्यों कहा है?

30. लोगों ने लड़कों की टोली को मेढ़क मण्डली नाम किस आधार पर दिया? यह टोली अपने आपको इंदर सेना कहकर क्यों बुलाती थी? 5

अथवा

तुलसीदास की संकलित चौपाइयों के आधार पर लक्ष्मण के प्रति राम के स्नेह संबंधों पर प्रकाश डालिए।

## पाठ–1

## पद्य भाग

### 1. आत्म परिचय 2. दिन जल्दी जल्दी ढलता है।

लेखक – हरिवंश राय बच्चन

कवि परिचय – हरिवंश राय बच्चन का जन्म 27 नवम्बर 1907 को इलाहाबाद (प्रयाग राज) में हुआ था। 1942–1952 तक ये इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राध्यापक रहे। इन्होंने विदेश मंत्रालय में हिन्दी विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य किया। इनकी प्रमुख रचनाएँ निम्नलिखित हैं–

1. काव्य संग्रह– 'मधुशाला, मधुबाला, मधुकलश निशा निमंत्रण
2. आत्मकथा– 1. क्या भूलूँ, क्या याद करूँ 2. नीड़ का निर्माण फिर, 3. बसेरे से दूर
3. अनुवाद – हैमलेट, मैकबैथ

पाठ का सारांश–

इस कविता में कवि हरिवंश राय बच्चन यह स्पष्ट करना चाहते है कि स्वयं को जानना दुनिया को जानने से अधिक कठिन है। समाज में रहते हुए विभिन्न खटटे मीठे अनुभवों से गुजरता मनुष्य अपने परिवेश से पूरी तरह निरपेक्ष नहीं रह सकता। वह समाज से कटकर (अलग) हो कर नहीं रह सकता। समाज से ही व्यक्ति की पहचान संभव है।

2. दिन जल्दी–जल्दी ढलता है।

| **कठिन शब्द** | | **अर्थ** |
|---|---|---|
| जग–जीवन | – | दुनियादारी |
| झंकृत | – | तारों के बजने से निकला स्वर |
| निज | – | अपना |
| उर | – | हृदय |
| उदगार | – | भाव |
| भाता | – | अच्छा लगना |
| दहा | – | जला |
| भव–सागर | – | संसार रूपी सागर |
| यौवन | – | जवानी |
| अवसाद | – | उदासी |
| नादान | – | नामसझ |
| मूढ़ | – | मूर्ख |
| भूप | – | राजा |
| प्रासाद | – | महल |
| प्रत्याशा | – | आशा |
| नीड़ | – | घोंसला |

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. हरिवंश राय बच्चन का जन्म कब हुआ था ?
   (अ) 27 नवम्बर 1907 (ब) 25 दिसम्बर 1907
   (स) 9 फरवरी 1964 (द) 2 अक्टूबर, 1897
2. हरिवंश राय बच्चन का जन्म कहां हुआ था ?
   (अ) इलाहबाद (प्रयागराज) (ब) हरिद्वार

(स) मथुरा (द) बनारस

3. हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथा निम्नलिखित में से कौनसी है ?
(अ) क्या भूलूँ क्या याद करूँ (ब) हैमलेट
(स) मैकवैथ (द) मधुशाला

4. ''जग–जीवन'' का अर्थ क्या है ?
(अ) दुनियादारी (ब) लहरें
(स) संसार (द) इन में से कोई नहीं

5. ''दिन जल्दी–जल्दी ढ़लता है'' काव्यांश किस मुख्य कविता से लिया गया है?
(अ) निशा–निमंत्रण (ब) आत्म परिचय
(स) मधुशाला (द) मधु कलश

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. हरिवंश राय बच्चन के किन्हीं दो काव्य संग्रहों के नाम लिखा ?
2. ''मैं निज उर के उद्‌गार लिए फिरता हूँ'' का तात्पर्य क्या है ?
3. कवि को संसार क्यूँ नहीं भाता ?
4. कवि किसकी अपेक्षा नहीं करता ?
5. बच्चे नीड़ से किसलिए झांक रहे होंगे ?
6. ''दिन जल्दी–जल्दी ढलता है'' पंक्ति के माध्यम से किसके महत्त्व को बताया गया है?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. ''जग–जीवन का भार लिए फिरने'' का अशय स्पष्ट कीजिए।
2. कवि अपने मन का गान किस प्रकार गाता है ?
3. कवि सुख–दुःख दोनों स्थितियों में प्रसन्न किस प्रकार रह पाता है?
4. ''दिन जल्दी–जल्दी ढलता है'' में पक्षी तो जल्दी घर लौटने को विकल हैं, पर कवि में उत्साह नहीं है। ऐसा क्यों ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

1. कविता में एक ओर ''जग–जीवन का भार लिए फिरने'' की बात है दूसरी ओर ''मैं न जग का ध्यान किया करता हूँ'' – विपरीत से लगते इन दोनों कथनों का आशय क्या है ?
2. जहाँ पर दाना रहते वहीं नादान भी होते हैं'' कवि ने ऐसा क्यों कहा है ?
3. ''शीतल वाणी में आग'' होने का क्या तात्पर्य है?
4. आशय स्पष्ट कीजिए – ''मैं और जग और, कहां का नाता।''
5. दिन जल्दी जल्दी ढलता है'' कविता के आधार पर उन परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिए जिनके कारण पथिक जल्दी चलता है ?

## पाठ–2

## पतंग

### लेखक – आलोक धन्वा

**कवि परिचय–**

आलोक धन्वा जी का जन्म 1948 में मुंगेर (बिहार) में हुआ। इनकी पहली कविता ''जनता का आदमी 1972 में प्रकाशित हुई। उसके बाद ''भागी हुई लड़कियां'' ब्रूनो की बेटियाँ'' से उन्हें प्रसिद्धि मिली। ''दुनिया रोज बनती है'' उनका पहला काव्य संग्रह है। इनको कई साहित्य सम्मान प्राप्त हुए हैं।

**पाठ का सारांश–**

बालसुलभ इच्छाओं एवं उमंगों से ओत प्रोत ''पतंग'' कविता कवि आलोक धन्वा की एक सुन्दर कविता है। इसमें कवि ने बताया है कि पतंग बच्चों की उमंगों का रंगीन सपना है। आसमान में ऊंची उड़ती पतंग बालमन को आकर्षित करती है। साथ ही उन्हें ऊंचाईयां छूने के लिए प्रेरित करती है। बच्चे केवल ऊंचाईयां छूना नहीं चाहते वरन उनके पार जाना चाहते हैं। बच्चे गिरते हैं, गिरकर उठते हैं, उठकर संभलते है और फिर नई पतंग और उमंग के साथ मैदान में डटकर खड़े हो जाते है। यहीं जिजीविषा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

    1. ''पतंग'' कविता किस कवि ने लिखी है ?

        (अ) आलोक धन्वा (ब) रामचन्द्र शुक्ल

        (स) केदारनाथ अग्रवाल (द) मृदुला गर्ग

    2. आलोक धन्वा की पहली कविता कौनसी है?

        (अ) भागी हुई लड़कियां (ब) जनता का आदमी

        (स) ब्रूनों की बेटियां (द) दुनिया रोज बनती है।

    3. आलोक धन्वा की पहली कविता कब प्रकाशित हुई ?

        (अ) 1970 में (ब) 1978 में

        (स) 1972 में (द) 1975 में

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

    1. दुनिया की सबसे हल्की और रंगीन चीज किसे कहा गया है?

    2. कवि के अनुसार तेज बौछारों के साथ कौनसा महीना चला गया है?

3. कवि को बच्चों का दौड़ना किसकी तरह लगता है ?

4. काव्यांश में कपास किसका प्रतीक है ?

**3 लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. शरद ऋतु की तुलना किससे की गई है व क्यों ?
2. ''पतंगों के साथ–साथ वे भी उड़ रहे हैं।'' वे शब्द किसके लिए कहा गया है, बच्चों का उड़ान से कैसा संबंध बनता है?
3. जब पतंग सामने हो तो छतों पर दौड़ते हुए क्या आपको छत कठोर लगती है? स्पष्ट करें।

**4. निबंधात्मक प्रश्न–**

1. सोचकर बताए कि पतंग के लिए ''सबसे हल्की और सबसे रंगीन'' विशेषणों का प्रयोग क्यों किया गया है?
2. ''पतंग लूटने के बाद खतरनाक परिस्थितियों का सामना करके बच्चे चुनौतियों का सामना करना सीखते है।'' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।
3. ''पतंग'' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

## पाठ–3

## 1. कविता के बहाने,

## 2. बात सीधी थी पर

**लेखक** – कुँवर नारायण

### कवि परिचय–

आधुनिक हिन्दी कविता के प्रमुख कवि कुंवर नारायण का जन्म 1927 में उत्तर प्रदेश में हुआ। भाषा एवं विषय की विविधता इनकी कविताओं की प्रमुख विशेषता है। इन्होंने कविताओं के अतिरिक्त कहानियां, चिंतापरक लेख और सिनेमा आदि पर समीक्षा भी लिखी है।

### प्रमुख रचनाएं–

1. काव्य संग्रह –1. हम–तुम 2. इन दिनों
2. प्रबन्ध काव्य– 1. आत्म जयी
3. कहानी संग्रह – 1. आकारों के आसपास

### पाठ का सारांश

'कविता के बहाने' काव्यांश काव्य संग्रह (इन दिनों) से लिया गया है। कवि कुँवर नारायण ने इस कविता में कविता की व्यापकता को दर्शाया है। चिड़िया की उड़ान, फूलों की मुस्कान और बच्चों की क्रीड़ा (खेल) कविता का मुख्य विषय है। परन्तु जहां सबकी अपनी सीमा है। वहीं बच्चे के सामर्थ्य की तरह कविता में असीम संभवनाएं है। जहां रचनात्मक ऊर्जा होती है, वहां सीमाओं के बंधन स्वतः खुद टूट जाते है। कविता के बहाने यह एक यात्रा है, चिड़िया, फूल और बच्चे की।

### 2. बात सीधी थी पर–

इस कविता में कुँवर नारायण ने बात को सीधे सादे तरीके से न कहकर जटिलता उत्पन्न करने वालों पर परोक्ष रूप से व्यंग्य किया है। उनका मानना है कि घूमा–फिराकर बात करने से विषय में जटिलता बढ़ती है। जिससे बात की प्रभावोत्पादकता समाप्त हो जाती है। वास्तव में, अच्छी पंक्तियों का बनना सही बात का, सही शब्द से जुड़ना होता है। यह कविता कुँवर नारायण के ''कोई दूसरा नहीं'' काव्यसंग्रह से ली गई है।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

    1. ''कविता के बहाने'' किस कवि ने लिखी है ?

       (अ) कुँवर नारायण (ब) बद्रीनारायण चौधरी

       (स) महावीर प्रसाद (द) राधाकृष्ण दास

2. ''बात सीधी थी पर'' कविता कुँवर नारायण के किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

(अ) चक्रव्यूह (ब) कोई दूसरा नहीं

(स)हम तुम (द) इन दिनो

3. ''कविता के बहाने'' किस काव्य संग्रह से ली गई कविता है ?

(अ) इन दिनों (ब) चक्रव्यूह

(स) कोई दूसरा नहीं (द)हम तुम

4. कुँवर नारायण का जन्म कब व कहाँ हुआ था ?

(अ) 1927 में उत्तर प्रदेश में (ब) 1927 में मध्य प्रदेश में

(स) 1930 में राजस्थान में (द) 1930 में मध्य प्रदेश में

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. कविता कहाँ–कहाँ उड़ सकती है ?
2. कवि ने अपने किस कार्य को करतब कहा है ?
3. कविता की उड़ान व चिड़िया की उड़ान में क्या अंतर है ?
4. कवि ने फूल व कविता के खिलने में क्या अंतर बताया है?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. बात को बेवजह कसने का परिणाम क्या हुआ ?
2. बात की चूड़ी मरने का तात्पर्य क्या है ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

1. कवि ने कविता की उड़ान और खिलने को चिड़िया व फूलों से किस प्रकार अलग बताया है ?
2. कविता के बहाने सब घर एक कर देने के माने क्या होते है? स्पष्ट करें।
3. ''बात सीधी थी पर'' कविता के आधार पर लिखिए कि भाषा के चक्कर में कभी–कभी सीधी बात भी टेढ़ी कैसे हो जाती है?
4. ''भाषा को सहूलियत'' से बरतने का क्या अभिप्राय है ?

## पाठ–4
## कैमरे में बंद अपाहिज
## लेखक – रघुवीर सहाय

### कवि परिचय–

रघुवीर सहाय का जन्म 1929 में लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में हुआ। इन्होंने सड़क, चौराहा, दफ्तर, अखबार, संसद, बस, रेल, बाजार आदि की भाषा में कविता लिखी और घर–मुहल्ले के चरित्रों पर कविता लिखकर इन्हें हमारी चेतना का स्थायी नागरिक बनाया। इनकी प्रमुख रचनाएं अज्ञेय द्वारा संकलित व संपादित द्वितीय तार सप्तक में प्रकाशित हुई।

इनके मुख्य काव्य संग्रह है– 1. सीढ़ियों पर धूप, 2. हँसो–हँसो, जल्दी हँसों। 3. लोग भूल गए है। इन्होंने कई अखबारों ''कल्पना'', नवभारत टाइम्स'' तथा दिनमान में कार्य किया। इनको साहित्य एकेडमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### पाठ सारांश–

यह काव्यांश काव्य संग्रह–(लोग भूल गए हैं) से लिया गया है। इस कविता में कवि रघुवीर सहाय ने मीडिया व समाज की संवेदनशीलता पर तीखा कटाक्ष किया है। अपने कार्यक्रम को आकर्षक व बिकाऊ बनाने के लिए मीडियाकर्मी, विकलांगों की दयनीयता को क्रूरता के साथ उभारते हैं। अपाहिजों को कैमरे के सामने लाकर क्रूरता पूर्वक प्रश्न पूछे जाते है, अपाहिजों के दर्द को इस तरह झकझोरा जाताहै कि उनकी आँखों से दर्द बहने लगते है। यहां दर्द मीडियाकर्मी के कार्यक्रम की सफलता को प्रकट करता है। यह कविता समाज की विद्रूपताओं को पकड़ने व उसके व्यवसायीकरण को दर्शाती है। यह कविता प्रत्येक ऐसे व्यक्ति व संगठन की ओर इशारा करती है, जो दुःख–दर्द व यातना–वेदना को बेचना चाहता है, व्यावसायिक लाभ लेना चाहता है।

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

    1. ''कैमरे में बंद अपाहिज'' कविता किस कवि ने लिखी है ?

        (अ) रघुवीर सहाय (ब)दिनकर

        (स) माखन लाल चतुर्वेदी (द) मैथिलीशरण गुप्त

    2. ''कैमरे में बंद अपाहिज'' कविता रघुवीर सहाय के किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

        (अ) लोग भूल गए हैं। (ब) हँसो–हँसो

        (स) सीढ़ियों पर धूप (द) कल्पना

    3. रघुवीर सहाय निम्नलिखित में से किस अखबार से जुड़े रहे ?

        (अ) कल्पना (ब) हंस

(स) माधुरी (द) टिंकल

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. ''हम दूरदर्शन पर बोलेंगे'' में हम शब्द किसके लिए आया है ?
2. ''कैमरे में बंद अपाहिज'' कविता में किस व्यक्ति की पीड़ा को बताया गया है?
3. कैमरे में बंद अपाहिज कविता में मीडिया के चरित्र की किस विशेषता को रेखांकित किया गया है?
4. दूरदर्शन के संचालक कैमरे वाले को अपंग की तस्वीर बड़ी करके दिखाने का निर्देश क्यों देते हैं ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. ''हम पूछ–पूछ कर रूला देंगे'' पंक्ति में कौनसा भाव निहित है ? इसमें मीडियाकर्मी का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
2. यदि शारीरिक रूप से चुनौति का सामना कर रहे व्यक्ति और दर्शक दोनों एक साथ रोने लगे तो उससे प्रश्नकर्ता का कौनसा उद्देश्य पूरा होता है ?
3. कविता में अपाहिज को दूरदर्शन पर ले जाने से लोग कैसे है ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

1. ''कैमरे में बंद अपाहिज'' करूणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है। स्पष्ट करें।
2. ''परदे पर वक्त की कीमत है'' कहकर कवि ने पूरे साक्षात्कार के प्रति अपना नजरिया किस प्रकार प्रकट किया है ?

पाठ–5

# सहर्ष स्वीकारा है।

**लेखक – गजानन माधव मुक्तिबोध**

## कवि परिचय–

मुक्तिबोध का जन्म 1917 में श्योपुर, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में हुआ। इनका पूरा जीवन सहर्ष में बीता। उन्होंने राजनैतिक विषयों, अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य, देश की आर्थिक समस्याओं पर लगातार कविताएं लिखी।

प्रमुख रचनाएं–

1. कविता संग्रह– 1. चाँद का मुह टेढ़ा 2. भूरी–भूरी खाक धूल
2. कथा साहित्य – 1. काठ का सपना 2. सतह से उठता आदमी

## पाठ सारांश–

''नई कविता'' के प्रतिनिधि कवि गजानन माधव मुक्तिबोध अपने जीवन के अनुभवों को सबके साथ बांटते हुए दिखाई देते है। कवि कहते है कि उनके जीवन की समस्त कमजोरियों – उपलब्धियों में उनके अज्ञात प्रेमी का साथ रहा है। कवि अपने अज्ञात प्रेमी के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। कवि इस अदृश्य प्रेम और उसके अप्रत्यक्ष आच्छादन से बाहर निकलना चाहता है। क्योंकि इस अदृश्य प्रेम ने कवि को कमजोर और असहाय बना दिया है।

जीवंतता पाने की चाह में वह इस ''अज्ञात'' प्रेमी को भूलना चाहता है। यद्यपि ऐसा कहना उसके लिए दंड के समान है। पर वह दंड झेलने के लिए तैयार है। क्योंकि वह जानता है कि इस कार्य में उसे अज्ञात प्रेमी का साथ अवश्य मिलेगा और वह इसे सहज से कर पाएगा।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

   1. ''सहर्ष स्वीकारा है'' कविता किस कवि ने लिखी है ?

      (अ) गजानन माधव मुक्तिबोध (ब) रामधारी सिंह

      (स) अज्ञेय (द) मैथिलीशरण गुप्त

   2. ''संघर्ष स्वीकारा है'' कविता किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

      (अ) चाँद का मुँह टेढ़ा (ब) भूरी–भूरी खाक

      (स) काठ का सपना (द)

2. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

   1. कवि जीवन के हर सुख–दुख को किस कारण सहर्ष स्वीकार करता है ?
   2. कवि दंड क्यों पाना चाहता है ?
   3. कवि स्वंय के लिए किस प्रकार का दण्ड पाना चाहता है ?
   4. कवि के जीवन में अज्ञात प्रिय का स्थान क्या है ?

5. प्रस्तुत कविता में ''तुम'' सम्बोधन किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
6. कवि को प्रिय का प्रेम किसके समान लगता है ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. ''बतलाती, सहलाती आत्मीयता बर्दाश्त नहीं होती'' क्यों ?
2. ''अतिशय मोह भी त्रास कारक है, माँ के दूध छूटने का कष्ट एक जरूरी कष्ट है।'' ऐसे ही जरूरी कष्टों को उदाहरण सहित स्पष्ट करो ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

1. ''सहर्ष स्वीकारा है'' कविता में कवि किसे सम्बोधित करता है व उसे क्यों नहीं भूल पाता स्पष्ट कीजिए ?
2. कवि ने जीवन में ऐसा क्या–क्या है जिसे उसने सहर्ष स्वीकारा है, व क्यों ?

## पाठ–6

## "उषा"

## लेखक – शमशेर बहादुर सिंह

कवि परिचय– शमशेर बहादुर सिह का जन्म देहरादून (उत्तराखंड) में हुआ था। इनकी प्रमुख रचनाएं निम्नलिखित हैः–

1. कुछ कविताएँ 2. चुका भी नहीं हूं मैं 3. इतने पास अपने 4. बात बोलेगी आदि।

शमशेर जी विचारों के स्तर पर प्रगतिशील और शिल्प के स्तर पर प्रयोगधर्मी कवि है इनकी पहचान एक बिम्बधर्मी कवि के रूप में हैं।

पाठ सारांश–

शमशेर बहादुर सिंह सूर्योदय के पूर्व पल–पल होते परिवर्तनों के केवल मूक दृष्टा नहीं हैं बल्कि भोर की आसमानी गति को धरती की जीवन भरी हलचल से जोड़ने वाले सृष्टा भी है। इस कविता में प्रातः कालीन आकाश में होने वाले परिवर्तनों और सूर्योदय का गतिशील चित्रण है। गॉव की सुबह में 'राख से लीपा चौका' 'काली सिल' 'स्लेट पर खड़िया' से लिखते नन्हें बालक का हाथ, युवती और प्रकृति का सम्मोहक वातावरण सभी कुछ मौजूद है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'उषा' कविता के लेखक कौन हैं?

(अ) शमशेर बहादुर सिह (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) आलोक धन्वा (द) रामविलास शर्मा ( )

2. शमशेर बहादुर सिह का जन्म कहाँ हुआ था?

(अ) देहरादून (उत्तराखंड) में (ब) उत्तर प्रदेश में

(स) मध्यप्रदेश में (द) राजस्थान में ( )

3. शमशेर बहादुर सिह की पहचान किस रूप में है?

(अ) बिम्बधर्मी कवि के रूप में (ब) रूढ़ीवादी कवि

(स) रोमानी कवि (द) सुकुमार कवि ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

4. प्रातःकालीन आकाश की तुलना किससे की गई है?

5. गोरी देह के झिलमिलाने की तुलना किससे की गई है?

6. 'नीला जल' उपमान द्वारा कवि किसे चित्रित करता है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

7. 'उषा' कविता में 'भोर के नभ' की तुलना किससे की गई है?

8. सूर्योदय से पहले आकाश में क्या–क्या परिवर्तन होते हैं? 'उषा' कविता के आधार पर बताइये।

निबन्धात्मक प्रश्न

9. 'उषा' कविता के किन उपमानों को देखकर यह कहा जा सकता कि 'उषा' कविता गांव की सुबह का गतिशील शब्द चित्र है?

## पाठ–7

## बादल राग

### लेखक – सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

कवि परिचय– 'छायावाद' के प्रमुख आधार स्तंभ सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का जन्म बंगाल के महिशादल में हुआ। 'निराला' जी की शिक्षा घर पर ही हुई। उन्होंने संस्कृत, बांग्ला, अंग्रेजी आदि भाषाओ ंका अध्ययन घर पर ही किया। रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद के विचारों से वह अत्यधिक प्रभावित हुए। इनके पिता, चाचा, पत्नी सभी की मृत्यु के पश्चात उनकी पुत्री सरोज की भी मृत्यु हो गई।

प्रमुख रचनाएँ

1. काव्य रचनाएँ– 1. अनामिका 2. परिमल 3. गीतिका
2. उपन्यास – 1. अप्सरा 2. अलका 3. प्रभावती
3. कहानी संग्रह – 1. लिली सखी 2. चतुरी चमार

इनकी कविता में चित्रात्मकता, कोमलता, संगीतात्मकता, प्रकृति व प्रतीकों का कुशल प्रयोग हुआ है। इनकी कविता में मुक्तक छेद हैं।

पाठ सारांश–

कवि बादल के भीतर सृजन व ध्वंस की ताकत एक साथ समाहित देखते है। इस कविता में बादल के प्रतीक द्वारा उन्होंने सर्वहारा वर्ग और पूँजीपति वर्ग के क्रिया कलापों और मानसिकता को दर्शाया हैं। वस्तुतः यह कविता एक क्रांतिगीत है। यह कविता अनामिका काव्य संग्रह का 6 का खंड है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'बादल राग' कविता किस कवि ने लिखी है?

   (अ) जयशंकर प्रसाद (ब) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

   (स) पंत (द) महादेवी वर्मा ( )

2. 'बादल राग' कविता किस काव्य संग्रह से ली गई है?

   (अ) अनामिका (ब) परिमल

   (स) गीतिका (द) नए पत्ते ( )

3. 'बादल राग' कविता अनामिका काव्य संग्रह में कुल कितने खंडों में प्रकाशित है?

   (अ) 6 (ब) 2

   (स) 3 (द) 4 ( )

4. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने निम्नलिखित में से कौनसे अखबार का संपादन किया?

(अ) जागरण (ब) हंस

(स) मतवाला (द) माधुरी ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

5. 'बादल राग' कविता में कवि किसका आह्वान करता है?

6. 'पंक और अट्टालिका' किसे प्रतीक है?

7. कवि ने किसकी दुर्दशा का वर्णन किया है?

8. जीवन के पारावार किसे कहा गया है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

9. बादलों के आगमन से प्रकृति में होने वाले किन–किन परिवर्तनों को कविता रेखांकित करती है?

10. कवि ने बादल को कहाँ तैरते हुए चित्रित किया है?

11. बादल किस प्रकार धरती पर बरस रहे है?

12. कवि ने बादल की किस विशेषता की ओर संकेत किया है?

निबन्धात्मक प्रश्न

13. अस्थिर सुख पर दुःख की छाया पंक्ति में दुःख की छाया किसे कहा गया है व क्यों?

14. कवि बादलों को किस रूप में देखता है?

## पाठ–8

## कवितावली (उत्तर कांड से) लक्ष्मण मूर्च्छा और राम का विलाप

### लेखक – गोस्वामी तुलसीदास

कवि परिचय– गोस्वामी तुलसीदास का जन्म 1532 ई. में उत्तर प्रदेश के बाँदा जिले के राजापुर गाँव में हुआ था। तुलसीदास जी मानव मूल्यों के उपासक कवि थे। अपने गुरू की कृपा से इन्हें रामभक्ति का मार्ग मिला। तुलसीदास ने अपनी लेखनी द्वारा अपने आराध्य देव मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के माध्यम से नीति, स्नेह, शील, विनम्रता, त्याग जैसे उदात्त आदर्शों को समाज में प्रतिष्ठित किया। रामभक्ति पर आधारित 'रामचरित मानस' इनकी सर्वश्रेष्ठ रचना है।

अन्य रचनाएँ

कवितावली, दोहावली, गीतावली, विनयपत्रिका

पाठ सारांश–

कवितावली (उत्तर कांड से) – अपने काव्य में 'लोकमंगल की साधना' को सर्वाधिक महत्त्व देने वाले प्रसिद्ध कवि गोस्वामी तुलसीदास के प्रस्तुत छदों में युगीन विसंगतियों का वर्णन किया है। उनका मानना है कि लौकिक संसार के सभी कष्ट श्रीराम का नाम लेने मात्र से दूर हो जाते हैं।

लक्ष्मण–मूर्च्छा व राम का विलाप – इस प्रसंग में तुलसीदास ने राम–रावण युद्ध के समय मेघनाद द्वारा लक्ष्मण को तीर द्वारा घायल कर देने, लक्ष्मण के बेहोश होने पर राम द्वारा विलाप करने और हनुमान द्वारा संजीवनी बूंटी लाने और लक्ष्मण के ठीक होने का वर्णन है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. रामभक्ति पर आधारित तुलसीदास की सर्वश्रेष्ठ रचना कौनसी है?

   (अ) रामचरितमानस — (ब) कृष्णगीतावली

   (स) श्रीमद् भगवद् गीता — (द) दोहावली ( )

2. गोस्वामी तुलसीदास का जन्म कब व कहा हुआ था?

   (अ) 1532 ई मं उत्तरप्रदेश के बाँदा जिले (ब) उत्तराखंड में

   (स) मध्यप्रदेश में — (द) नैनीताल में ( )

3. रामचरित मानस कौनसी भाषा में लिखा गया ग्रंथ है?

   (अ) अवधी — (ब) डिंगल

   (स) पिंगल — (द) संस्कृत ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

4. पाठ अनुसार राम विलाप क्यों कर रहें है?

5. राम दुःख में किस प्रकार व्यवहार कर रहें है?

6. राम लक्ष्मण के किस गुण को याद करके विलाप कर रहे हैं?

7. राम के भाई लक्ष्मण के प्राण बचाने हेतु संजीवनी कौन लेकर आया?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

8. भाई के बिना जीवन की तुलना किससे की गई है?

9. कवितावली के अनुसार कौन लोग भूख से परेशान है?

10. भूख से उत्पन्न मार्मिक स्थितियों में सबसे अधिक मार्मिक स्थिति क्या है?

निबन्धात्मक प्रश्न

11. तुलसीदास जी की कवितावली के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि उस समय की बेकारी, भूख, और आर्थिक विषमता से जनसाधारण में व्याकुलता थी।

12. तुलसीदास की संकलित चौपाइयों के आधार पर लक्ष्मण के प्रति राम के स्नेह—संबंधों पर प्रकाश डालिए।

13. शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करूण रस के बीच वीर रस का अविर्भाव क्यों कहा गया है?

## पाठ–9

## रूबाइयाँ, गज़ल

### लेखक – फिराक गोरखपुरी

कवि परिचय– फिराक गोरखपुरी का मूल नाम रघुपति सहाय फिराक था। इनका जन्म गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) में हुआ था। इनकी शिक्षा, अरबी, फारसी व अंग्रेजी में हुई। ये वर्ष 1917 में डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित हुए। ये इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में अध्यापक भी रहे।

प्रमुख रचनाएँ– 1. गुले–नग्मा 2. बज़्में–जिन्दगी 3. रंगे–शायरी 4. उर्दू–गज़लगोई

'गुले नग्मा' के लिए इनको 1. साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2. ज्ञानपीठ पुरस्कार, 3. सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पाठ सारांश–

रूबाइयाँ– फिराक गोरखपुरी ने इस पठ में वात्सल्य चित्र प्रस्तुत किया है। बच्चे की इच्छा, माँ की ममता, और त्योंहारों के बीच हिंदी, उर्दू, लोकभाषा के शब्दों का मिश्रण काव्य में अद्भुत सौंदर्य दर्शाता है।

गज़ल – फिराक गोरखपुरी की इस गज़ल में दर्द भी है और एक शायर की ठसक भी है। और काव्य शिल्प की ऊँचाई भी है। इस गज़ल में शायर ने व्यक्तिगत प्रेम और निराशा को व्यक्त किया है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'फिराक गोरखपुरी' का मूल नाम क्या था?

   (अ) रघुपति सहाय फिराक (ब) वैद्यनाथ

   (स) नागार्जुन (द) रामकुमार ( )

2. प्रस्तुत पाठ में संकलित 'रूबाइयाँ' फिराक गोरखपुरी की किस रचना से ली गई है?

   (अ) गुले–नग्मा (ब) रंगे शायरी

   (स) बज्में–जिन्दगी (द) उर्दू–गज़लगोई ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

3. 'चाँद के टुकड़े' उपमान का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

4. बहन द्वारा भाई की कलाई पर कैसी राखी बाँधी जा रही है?

5. 'परदा खोलने' से क्या अभिप्राय है?

6. कवि ने स्वयं को पूर्णतः किस पर न्योछावर कर दिया?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

7. 'दीवाली' पर लोग क्या करते है?

8. 'गज़ल' में कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है?

9. कलियाँ किस प्रकार अपनी पंखुड़ियाँ खोल रही है? व क्यों?

10. 'रूबाइयाँ' के आधार पर बताइये माँ द्वारा बच्चे को प्रसन्न करने के लिए क्या–क्या किया जा रहा है?

11. बालक द्वारा चाँद मांगने की जिद पर माँ क्या करती है?

12. रक्षाबंधन की तैयारी का वर्णन कवि ने किस प्रकार किया है?

निबन्धात्मक प्रश्न

13. शायर राखी के लच्छे को बिजली की चमक की तरह कहकर क्या भाव प्रकट करना चाहता है?

14. 'किस्मत हमको रो लेवे है, हम किस्त को' पंक्ति का भाव स्पष्ट करो।

## पाठ–10

## छोटा मेरा खेत

## बगुलों के पंख

### लेखक – उमाशंकर जोशी

कवि परिचय– उमांशकर जोशी का जन्म सन् 1911 में गुजरात में हुआ। गुजराती कविता एवं साहित्य को नया स्वरूप देने वाले उमाशंकर जोशी का भारतीय साहित्य में महम्वपूर्ण स्थान है। कालिदास की अभिज्ञानशुन्तलम व भवभूति के उत्तररामचरित का इन्होंने गुजराती भाषा में अनुवाद किया। गुजराती कविता को प्रकृति से जोड़ा, आम जीवन के अनुभव से परिचित कराया।

प्रमुख रचनाएँ– 1. विश्व शांति 2. गंगोत्री 3. निशीथ 4. आतिथ्य 5. वसंतवर्षा

पाठ सारांश–

प्रस्तुत कविता में कवि ने खेती के कार्य को कवि के कार्य के साथ हर चरण में जोड़ने की कोशिश की है। कविता व कृषि कार्य में समानता बताते हुए वे कहते हैं कि कागज का पन्ना चौकोर खेत के समान होता है, इसमें भावनात्मक आँधी के प्रभात से किसी क्षण एक बीज बोया जाता है, जिससे शब्द रूपी अंकुर फूटते है और कविता की फसल तैयार होती है। कविता की फसल कभी समाप्त नहीं होती सहृदय लोग सदैव इसका आनंद प्राप्त कर सकते है। साहित्य रस कभी नहीं मरता।

2. बगुलों के पंख – इस कविता में कवि ने सौंदर्य का चित्रात्मक रूप में वर्णन किया है। प्राकृतिक सौंदर्य को प्रतीकों के द्वारा प्रकट किया है जिसका मन पर सुन्दर प्रभाव पड़ता है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'छोटा मेरा खेत' व 'बगुलों के पंख' किस कवि की कविता है।

(अ) उमाशंकर जोशी (ब) शमशेर बहादुर सिंह

(स) आलोक धन्वा (द) फिराक ( )

2. कवि उमाशंकर जोशी का संबंध किस साहित्य से है?

(अ) गुजराती साहित्य (ब) तेलुगु साहित्य

(स) पंजाबी साहित्य (द) कन्नड़ साहित्य ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

3. कवि ने कवि–कर्म की तुलना किससे की है?

4. रस का अक्षय–पात्र किसे कहा गया है?

5. बगुलों के पंख कविता में कवि किस दृश्य पर मुग्ध है?

6. प्रस्तुत कविता में कवि किसको रोक कर रखने की बात कह रहा है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

7. 'बगुलों' के पंख' कविता पढ़ने से आपके मन में कैसे चित्र उभरते है?

8. कविता में 'अंधड़' व 'बीज' क्या है?

निबन्धात्मक प्रश्न

9. छोटे चौकोने खेत को 'कागज का पन्ना' क्यों क्यों कहा गया है?

10. रस का अक्षय पात्र से कवि ने रचनाकर्म की किन विशेषताओं की ओर ईशरा किया है?

## पाठ 11

## ''भक्तिन''(गद्य भाग)

## आरोह भाग–2

## महादेवी वर्मा

**लेखिका परिचय**

जन्म सन् 1907 में उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद जिले में हुआ था। महादेवी जी ने देश में नारी शिक्षा के प्रसार के लिए बहुत योगदान दिया तथा स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया था। सितम्बर, 1987 ई. इलाहबाद में लेखिका जी का निधन हुआ था।

प्रमुख रचनाएँ :–

'श्रृंखला की कडियाँ, आपदा' प्रमुख निबंध संग्रह है। नीहार, रश्मि, नीरजा सांध्यगीत, दीपशिखा आदि यामा' लेखिका जी की प्रमुख रचनाएँ है। इसके लिए सन 1983 में महादेवी जी को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। 'भक्तिन' पाठ प्रसिद्ध रेखाचित्र 'स्मृति की रेखाएं' में से लिया गया है!

पाठ का सार–

भक्तिन छोटे कद व दुबले शरीर की झूँसी गांव में रहने वाली एक स्त्री थी। भक्तिन का असली नाम लक्ष्मी था। लेकिन वह अपने नाम के ठीक विपरीत थी। उसकी कंठीमाला को देखकर ही लेखिका ने उसका नाम 'भक्तिन' रखा होगा। लक्ष्मी (भक्तिन) का पालन–पोषण उसकी सौतेली माँ ने किया था। उसकी शादी 5 वर्ष की आयु में तथा गौना 9 वर्ष की आयु में ही हँडिया गाँव के गोपालक के छोटे पुत्र के साथ करा दिया गया था। सौतेली माँ को यह डर हमेशा सताता रहता था कि लक्ष्मी के पिता कही सारी जायदाद उसके नाम ही ना कर दे, इसलिए पिता की मृत्यु की सूचना लक्ष्मी को नहीं दी गई। यह दुखद समाचार उसे मायके आकर मिला। लक्ष्मी के तीन बेटियां थी। बड़ी बेटी के विवाह के उपरान्त भक्तिन के पति का देहांत हो गया। अपनी बेटियों का विवाह भी कम उम्र में ही कर दिया । जायदाद को लेकर लड़ाई झगड़ा चलता ही रहता था। इसलिए बड़े दामाद को घर जमाई बना लिया था परन्तु भाग्य ने यहां भी साथ नहीं दिया, बड़े जवाई का कुछ दिनों बाद ही निधन हो गया। भक्तिन की संपति पाने के उद्देश्य से बड़े जेठ का लड़का अपने साले से उसकी बड़ी बेटी का विवाह करवाना चाहता था। परन्तु लड़की ने विवाह करने से मना कर दिया। इसलिए भक्तिन व बेटी को अनेक शारीरिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ा था। पंचायत ने पति–पत्नी की तरह साथ रहने का निर्णय सुना दिया। मजबूरी में मानना पड़ा किन्तु अब घर में गरीबी रहने लगी, जमींदार ने भक्तिन को लगान ना चुका पाने के कारण दिनभर धूप में खड़ा रखा यह अपमान भक्तिन सहन ना कर सकी और कमाने के उद्देश्य से शहर आ गई। शहर में भक्तिन लेखिका के पास रहकर उसके घर का काम आदि करने लगी। सुबह भक्तिन नहाकर लेखिका की धुली धोती पहनकर सूर्य एवं पीपल को अर्ध्य देती, फिर खाना बनाती। भक्तिन दूसरों को तो अपने जैसा बनाने को तैयार रहती परन्तु स्वयं को बदलने के लिए तैयार नहीं थी। वह गाँव की भांति लेखिका को 'ओए' कहकर ही बुलाती थी। लेखिका जब रूपये इधर–उधर रख देती थी, तब भक्ति उन्हें इकट्ठा कर मटकी में डाल देती थी। सिर मुंडवाने की बात पर लेखिका से कहा कि सिद्ध, सिर मुडवाकर तीर्थ जाते है। लेखिका के हस्ताक्षर करने वाले नियम पर भक्तिन ने यह कहकर टाल दिया कि वह पढ़ने लगी तो घर गृहस्थी कौन देखेगा ? इन दोनों के बीच स्वामी और सेविका का संबंध न रहकर आत्मिक संबंध विकसित हो गए थे। लेखिका के साथ भक्तिन हर समय उपस्थित रहती थी ताकि लेखिका को आवश्यकता पड़ने पर वह उसकी मदद कर सकें। भक्तिन की बेटी और दामाद जब उसे बुलाने आए तो भक्तिन ने जाने से मना कर दिया । लेखिका के सामने भक्तिन ने धन के महत्त्व को भी कम कर दिया। भक्तिन लेखिका पर सब कुछ लुटाने को तैयार थी।

## प्रश्न

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

   1. भक्तिन पाठ की लेखिका कौन है ?

      (अ) कृष्णा सोबती　　(ब) महादेवी वर्मा

      (स) मीरा बाई　　(द) सुभद्र देवी

   2. भक्तिन पाठ लेखिका महादेवी वर्मा के किस संग्रह से लिया गया है ?

      (अ) अतीत के चलचित्र　　(ब) स्मृति की रेखाएं

      (स) पथ के साथी　　(द) मेरा परिवार

   3. महादेवी वर्मा का निबंध संग्रह कौनसा है ?

      (अ) नीहार　　(ब) दीपशिखा

      (स) आपदा　　(द) रश्मि

   4. महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना के लिए मिला ?

      (अ) नीरजा　　(ब) यामा

      (स) नीहार　　(द) रश्मि

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

   1. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था ?
   2. भक्तिन को यह नाम किसने और क्यों दिया ?
   3. महादेवी वर्मा की किन्हीं तीन रचनाओं के नाम लिखो ?
   4. भक्तिन के जीवन का परम कर्तव्य क्या था ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

   1. भक्तिन अपना नाम लोगों से क्यों छिपाती थी ?
   2. भक्तिन ने हस्ताक्षर करने के नियम को क्या कहकर टाल दिया ?
   3. भक्तिन का विवाह किस आयु वर्ष में किसके साथ हुआ था ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

   1. लेखिका महादेवी वर्मा का जीवन परिचय संक्षिप्त रूप में लिखिए ?
   2. भक्तिन व लेखिका का सम्बन्ध सेविका व मालिक का ना होकर आत्मिक  था कैसे सिद्ध कीजिए ?

## पाठ 12

## बाजार दर्शन

### लेखक जैनेन्द्र कुमार का जीवन परिचय

लेखक जी जैनेन्द्र कुमार का जन्म वर्ष 1905 में अलीगढ़ उत्तर प्रदेश में हुआ था। हिन्दी साहित्य में प्रेमचन्द के बाद सबसे महत्त्वपूर्ण कथाकार के रूप में जाने जाते है। जैनेन्द्र जी ने अपने उपन्यासों और कहानियों के माध्यम से एक महत्त्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक कथा धारा की शुरूआत की। जैनेन्द्र जी को भारत सरकार द्वारा पदमभूषण से सम्मानित किया जा चुका है तथा साथ में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया । सन् 1990 में इनका निधन हो गया।

प्रमुख रचनाएं–
उपन्यास परख अनाम स्वामी, सुनीता त्याग पत्र, कल्याणी कहानी संग्रह– फाँसी, नीलम देश की राजकन्या, पाजेब आदि निबंध संग्रह पूर्वोदय सोच–विचार आदि।

### पाठ का सारांश –

लेखक जी के एक मित्र बाजार में मामूली सी चीज लेने गए थे, किन्तु बाजार की जगमगाहट देखकर वे अनेक चीजें ले आए और सारा दोष अपनी पत्नी पर लगा दिया। लेखक के अनुसार यह सारा दोष केवल पैसों की ताकत का है। लेखक ने अपने दूसरे मित्र के बारे में यही अनुमान लगाया, जो बाजार से कुछ भी ना ला सके और वे अपनी पर्चेजिंग पावर के हिसाब से ही खुश है। इस प्रकार वह भी उपभोक्तावाद के शिकार है। बाजारवाद अपने आप में महत्त्वपूर्ण है। लेखक के मित्र ने भी बाजार की जगमगाहट को ही दोषी माना है। जो लोग इस जादू के शिकार हो जाते है वह अपना ही नुकसान कर बैठते है। इसका दूसरा उदाहरण यह है कि लेखक का एक मित्र बाजार की जगमगाहट में इस प्रकार फंसा कि दिनभर घूमने के बाद भी बाजार से कोई वस्तु खरीद ही नहीं पाया। लेखक के अनुसार बाजार का जादू खाली और भरी जेब दोनों पर चलता है। यदि जेब खाली है और मन भरा हुआ नहीं है तब भी बाजार अपनी ओर खींचता है और यदि जेब भरी है तो खरीददारी तो आप खूब करेंगे। परन्तु व्यर्थ की। व्यर्थ की चीजों की खरीददारी से बाजार का जादू और ज्यादा प्रभावी होता है।
लेखक के अनुसार बाजार जाने से पूर्व ही मन में यह दृढ़ निश्चय कर लेना चाहिए कि हमें क्या खरीदना है ? इससे व्यक्ति बाजार के जादू से अपने आपको बचा पाएगा और उसके द्वारा खरीदी गई वस्तु उसे आनन्द प्रदान करेगी।
लेखक के अनुसार व्यक्ति को अपने मन को नियंत्रित कर जीवन के सभी महत्त्वपूर्ण निर्णय सोच–विचार कर लेने चाहिए। चूर्ण बेचने वाले भगत जी का जीवन एक आदर्श जीवन है। इनका चूर्ण इतना प्रसिद्ध है कि अगर व्यापार की दृष्टि से बेचते तो वह एक धनवान व्यक्ति होता किन्तु वह निश्चित समय पर घर से निकलते थे और चूर्ण की बिक्री से छः आने की कमाई हो जाती थी तभी तक चूर्ण बेचते थे बाकी का चूर्ण फ्री में बच्चों में बांट देते थे। बाजार का जादू भगत जी को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर पाता था। क्योंकि वह एक विवेकपूर्ण निर्णय लेने वाले व्यक्ति थे। कई बार बाजार में दौडती कार को देखकर हम सोचते है कि काश हम भी किसी अमीर व्यक्ति के यहां पैदा होते है। किन्तु यहां सोच भगतजी को अपनी ओर नहीं खींचती है। भगतजी के पास ऐसा कौनसा बल है जिससे उनके सामने तमाम व्यंग्य–शक्ति असफल हो जाती है। ऐसे व्यक्तियों में आध्यात्मिक, आत्मिक, धार्मिक या नैतिक बल होता है। लेखक जी के अनुसार बाजार की सार्थकता वहीं व्यक्ति दे पाता है, जिसे यह पता होता है कि उसे कब क्या और कितना खरीदना है ? अनावश्यक वस्तुएं खरीदने वाले व्यक्ति 'पर्चेजिंग पावर' के गर्व में बाजार की शैतानी शक्ति और व्यंग्य शक्ति को ही बढ़ावा देता है। लेखक ने अपने दो मित्रों के उदाहरण दिए और बताते है कि अर्थशास्त्र केवल बाजार का पोषण करता है। वह अनीतिशास्त्र है। यह उपभोक्ता को दुःख, गरीबी तथा ईष्या देता है। ऐसे बाजारवाद को लेखक गलत मानते है।

## प्रश्न

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

   1. 'बाजार दर्शन' पाठ के लेखक हैं ?

      (अ) जैनेन्द्रकुमार (ब)महादेवीवर्मा

      (स)रामचन्द्रशुक्ल (द)धर्मवीरभारती

   2. लेखक जैनेन्द्र कुमार का जन्म कहाँ हुआ था ?

      (अ)लखनऊ में (ब) बिलासपुर में

      (स) अलीगढ़ में (द) बनारस में

   3. लेखक के अनुसार भगत जी क्या बेचते थे ?

      (अ) नमकीन (ब) मिठाई

      (स) चूरन (द) दवाईयां

   4. 'पाजेब' क्या है ?

      (अ) कहानी (ब) निबंध

      (स) उपन्यास (द) काव्य रचना

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

   1. लेखक ने बाजार का पोषण करने वाले अर्थशास्त्र का क्या नाम दिया ?
   2. बाजार को सार्थकता कौनसे लोग देते है ?
   3. बाजार का जादू भगतजी को अपनी ओर आकर्षित क्यों नहीं कर पाया ?
   4. भगत जी के पास ऐसा कौनसा बल है, जिसके सामने व्यंग्य शक्ति भी असफल हो जाती है, लिखिए ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

   1. 'पर्चेजिंग पॉवर' से आप क्या समझते है। स्पष्ट कीजिए।
   2. लोगों से बाजार क्या कहता है ?
   3. लेखक जैनेन्द्र कुमार ने बाजार के जादू के प्रभाव से बचने का क्या उपाय बताया है ?
   4. 'बाजार दर्शन' के आधार पर पैसे की व्यंग्य शक्ति' को उदाहरण सहित समझाइए।

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

   1. बाजार में भगत जी के व्यक्तित्व का कौनःसा सशक्त पहलू उभरकर आता है ?
   2. बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर क्या–क्या असर पड़ता है ?

# पाठ 13

# काले मेघा पानी दे

## (धर्मवीर भारती)

**धर्मवीर भारती (लेखक) का जीवन परिचय–**

धर्मवीर भारती का जन्म सन् 1926 में इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) में हुआ था। धर्मवीर भारती मूल रूप से व्यक्तिगत स्वतंत्रता, मानवीय संकट एवं रोमानी चेतना के रचनाकार थे। उनका सर्वाधिक लोकप्रिय उपन्यास 'गुनाहों का देवता' व भावप्रवण प्रेमकथा के रूप में विख्यात है। भारती जी का सन् 1997 में निधन हो गया।

**प्रमुख रचना–**

(धर्म युग पत्रिका का संपादन किया गया था) काव्य रचना– कनुप्रिया, सात गीत वर्ष, ठंडा कहानी बंद गली का आखिरी मकान। उपन्यास– सूरज का सातवां थोड़ा, गुनाहों का देवता।
निबंध – ठेले पर हिमालय।

**पाठ का सारांश–**

'काले मेघा पानी दे' नामक पाठ धर्मवीर भारती द्वारा लिखित है। संस्मरण विधा की एक रचना है। आषाढ़ के महीने में जब 15 दिनों तक भी बारिश नहीं होती, तो किशोरावस्था वाले लड़कों की 'इंदर सेना' घर–घर जाकर पानी मांगती है। 'बोल गंगा मैया की जय' का जयकारा लगाते ये लड़के गाते हुए
'काले मेघा पानी दे
गगरी फूटी बैल पियासा
पानी दें, गुडधानी दे,
काले मेघा पानी दे।

पानी की कमी होते हुए भी महिलाएं बचाकर रखा हुआ पानी भी उन पर डाल देती है। पानी डालने के बाद फिर कीचड में लेटने से इन बालकों के हाथ–पैर, पेट, बदन मुख मिट्टी में लिपट जाते हैं। इनको देखकर लोगों ने मेढ़क–मंडली का नाम दे दिया। बारिश ना होने के कारण तालाब सूख जाते है, घरों के कुओं में भी पानी नहीं रहता। ऐसे में गांव–गांव में पानी की परेशानी हो जाती है। पशु–पक्षी प्यासे मरने लगते है और यदि इतने पर भी वर्षा नहीं होती तो इंदर सेना बादलों से पानी मांगने के लिए निकल पड़ती है। ऐसे में लेखक सोचता है कि जब पानी की इतनी कमी हो जाए तो महिलाएं इंदर सेना पर पानी डालकर अपना अंधविश्वास ही क्यों देखती है।
लेखक आर्य समाजी होने के साथ ही कुमार–सुधार सभा का उपमंत्री भी था। इसलिए उसमें समाज को सुधारने का जोश है। अंधविश्वासों के विरूद्ध उसके पास सबल तर्क है। वह सभी पूजा–अनुष्ठानों को बुरा मानता है। इसलिए लेखक जी समाज में फैली सभी बुराईयों को वह जड़ से समाप्त करना चाहता है। लेखक की एक जीजी (दीदी) जिनकी लेखक जी इज्जत करते थे। वह लेखक को बहुत लाड–प्यार करती थी। जिन बातों को जीजी मान सम्मान देती थी, लेखक उनकी बातों को समाज में फैली बुराई बताते है। लेखक भी सभी त्योहारों तथा पूजा–अनुष्ठानों में उनकी मदद करता था। लेखक जीजी के बातों के सामने निरूत्तर हो जाता था। लेखक ने जीजी के कहने पर भी इंदर सेना पर पानी नहीं फैंका। जीजी के आग्रह के बाद भी लेखक ने न तो पानी फेंका और नही जीजी के लड्डू मठरी खाए। जीजी कहती है यह पानी की बर्बादी नहीं यह पानी का अर्ध्य है। कुछ पाना है तो पहले कुछ देना होता है। दान को सबसे महान कहा गया है। दान के लिए त्याग करना अनिवार्य है। अभाव की स्थिति में किया गया दान ही सच्चा त्याग होता है। पानी देकर बीज बोते है, काले बादलों से पानी मांगते है। पहले खुद दो, तो देवता तुम्हे चौगुना करके लौटाएंगे। पचास साल के बाद लेखक यह सोचता है कि हम देश के लिए क्या कर रहे है ? राजनीतिक स्वतंत्रता मिलने के बाद भी हमें अपने देश के संस्कारों की समझ अभी तक नहीं आई है। हमारी स्थिति मांगने की तो हर समय बनी रहती है, किन्तु त्याग

करने में हम पीछे हट जाते है कि आज का आदमी अत्यधिक स्वार्थी हो गया है। ये बातें लेखक के मन को दुख देती है। हम चारों ओर फैल रहे भ्रष्टाचार को लेकर बातें करते है लेकिन यह नहीं है कि कहीं हम भी तो भ्रष्टाचार के शिकार नहीं बन रहे है। काले मेघ दल–बल सहित उमड़ते है पानी झमाझम बरसता है। गगरी फूटी की फूटी रह जाती है। आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ? लेखक इन्हीं प्रश्नों से अपने आपको घिरा पाता है।

**प्रश्न**

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

    1. 'काले मेघा पानी दें' पाठ के लेखक कौन है ?
       (अ) कृष्णा सोबती (ब) धर्मवीर भारती
       (स) रामचरण शर्मा (द) इनमें से कोई नहीं
    2. धर्मवीर भारती का उपन्यास निम्न में से कौनसा है ?
       (अ) ग्राम देवता (ब) मैला आँचल
       (स) गुनाहों का देवता (द) इनमें से कोई नहीं
    3. धर्मवीर भारती द्वारा किस पत्रिका का संपादन किया गया ?
       (अ) मतवाला (ब) समन्वय
       (स) धर्मयुग (द) इनमें से कोई नहीं

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

    1. गाँव वाले बारिश के लिए किस देवता से प्रार्थना करते थे ?
    2. मेंढ़क मण्डली में किस आयु (अवस्था) के लड़के होते थे ?
    3. लेखक ने किस कार्य से इनकार किया और क्यों ?
    4. इन्दर सेना घर–घर पानी माँगते हुए कौनसा नारा लगाती है ?
    5. लेखक धर्मवीर भारती आर्य समाजी होने के साथ–साथ कौनसी सभा के उपमंत्री थे ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

    1. लेखक अपनी बुद्धि के अनुसार किस बात को मानने से मना करता है ?
    2. 'काले मेघा पानी दें' में लेखक के वैज्ञानिक तर्क और उसकी जीजी के पारम्परिक तर्क की समीक्षा कीजिए ?
    3. बचपन की घटनाओं के पचास वर्ष बाद लेखक क्या विचार कर रहा है ?

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

    1. लोगों ने लड़कों की टोली को मेढ़क–मण्डली नाम किस आधार पर दिया ? यह टोली अपने आपको इन्दर सेना कहकर क्यों बुलाती थी ?
    2. 'पानी दे गुडधानी दे' मेघों से पानी के साथ–साथ गुड़धानी की माँग क्यों की जा रही है ?

## पाठ 14

## पहलवान की ढ़ोलक

## (फणीश्वर नाथ 'रेणु')

लेखक फणीश्वर नाथ 'रेणु' का जीवन परिचय–

फणीश्वर नाथ का जन्म सन् 1921 पूर्णिया जिला बिहार में हुआ था। रेणु हिन्दी साहित्य में आंचलिक उपन्यासकार के रूप में प्रतिष्ठित थे। रेणुजी का जीवन उतार–चढ़ाव एवं संघर्षों से भरा हुआ था। इनकी कथा साहित्य में में गांव की भाषा–संस्कृति और वहां के लोक जीवन को केन्द्र में ला खड़ा किया। रेणुजी की रचनाएं इस अवधारणा को पुष्ट करती है कि भाषा की सार्थकता बोली के साथ ही है।

प्रमुख रचनाएं–

उपन्यास– मैला आँचल, परती परिकथा, दीर्घ तथा

कहानी संग्रह– ठुमरी, अग्निखोर आदिम रात्रि की महक।

संस्मरण– ऋण जल धनजल, वन तुलसी की गंध ।

प्रसिद्ध फणीश्वर नाथ 'रेणु' का निधन 1977 में पटना में हुआ।

पाठ का सार–

सर्दी की घोर अंधेरी रात में आकाश में केवल तारे ही चमक रहे थे। अमावस्या की रात में गीदड़ और उल्लुओं की डरावनी आवाजों सी जीवंत होने का अहसास करवा रही थी। गांव में हैजा और मलेरिया का भयंकर प्रकोप फैला हुआ था। सभी के बीच मौत का सन्नाटा व्याप्त था, केवल बच्चों की रोने की आवाज कभी–कभी सुनाई पड़ती। लोग बलपूर्वक अपने डर को छिपाते हुए भगवान का नाम स्मरण कर रहे थे। दूसरी तरफ पहलवान लुट्टन सिंह की नौ वर्ष की आयु में ही उसके माता–पिता की मृत्यु हो गई थी और बचपन में विवाह होने से सास ने उसका पालन–पोषण किया। पहलवानी की आवश्यकता व उचित खान–पान व्यवस्था मिलने के कारण सुडौल और मजबूत शरीर वाला बन गया था। सर्दियों की अंधेरी रातों में उसके ढोलक की आवाज ही पूरे गांव में जोश भरकर संजीवनी का काम करती थी। शाम होते ही उसकी ढोलक की थाप की आवाज सुनकर सभी को जीवित होने का अहसास होता था।

श्यामनगर में कुश्ती के दंगल में लुट्टन सिंह ने चांद सिंह पहलवान को चुनौती दे दी, जिसने सभी पहलवानो में 'शेर के बच्चे' की उपाधि धारण कर रखी थी। चांद सिंह अपने गुरू बादल सिंह के साथ पंजाब से आया था। कुश्ती के लिए राजा श्यामानंद से लुट्टन ने अनुमति लेकर चांद सिंह के दांव को काटकर उसकी गर्दन पकड़ ली तथा ढोल के 'धाक–धिना तिरकट–तिना का दांव–काटो, बाहर हो जाओं। अर्थ लगाकार गर्दन पर कब्जा कर लिया। अंत में 'उठा पटक दे' लगाकर चांद सिंह को जमीन पर दे मारा। विजयी लुट्टन सिह ने ढोलक को प्रणाम किया। राजा श्यामानंद प्रसन्न होकर उसको सदा के लिए दरबार में रख दिया।

राजदरबार के पहलवान के रूप में लुट्टन सिंह को अपना स्थान मिल गया। उसने काला पहलवान को हराकर अपनी कीर्ति को दूर–दूर तक फैला दिया। लुट्टन के केवल दो ही पुत्र रह गए थे। क्योंकि उसकी सास व पत्नी का स्वर्गवास हो चुका था। पुत्र भी लुट्टन की तरह दरबार के भावी पहलवान घोषित हो चुके थे। इनके गुरू आदमी ना होकर ढोल था। राजा श्यामानंद की मृत्यु के बाद विदेश में रहने वाले राजकुमार ने सत्ता संभालते ही तीनों पहलवानों को दरबार से निकाल दिया क्योंकि उसकी रूचि रेस में थी। पहलवान गांव में मजदूरी करके अपना जीवन निर्वाह करने लगे। मलेरिया और हैजे से गांव में रोज दो–तीन लाशें उठने लगी। एक रात उसने अपने बेटों के कहने पर उठा 'दो पटक दो' बजाया, परन्तु उसके दोनों पुत्र मृत्यु को हरा नहीं सकें। अपने पुत्रों के शवों को नदी में बहा दिया, जिससे गांव वालों की हिम्मत टूट गई। पुत्रों की मृत्यु के बाद भी प्रत्येक रात लुट्टन ढोलक बजाया करता था, परन्तु एक रात ढोलक की आवाज नहीं आने पर शिष्यों ने देखा कि पहलवान चित पड़े हैं। उसकी यही अंतिम इच्छा थी कि जब मर जाऊ तो चिता पर मुझे चित नहीं पेट के बल सुलाना। मैं जिंदगी में कभी चित नहीं हुआ और चिता सुलगाने के लिए ढोलक बजा देना।

## प्रश्न

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

   1. 'पहलवान की ढोलक' पाठ के लेखक है–

      (अ) राधाकृष्णदास (ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी

      (स) फणीश्वरनाथ रेणु (द) इनमें से कोई नहीं

   2. 'फणीश्वर नाथ रेणु' का प्रसिद्ध उपन्यास है–

      (अ) सूरज का सातवां थोड़ा (ब) गोदान

      (स) मैला आंचल (द) इनमें से कोई नहीं

   3. लुट्टन पहलवान ने कुश्ती के लिए किस पहलवान को चुनौती दी–

      (अ) बादल सिंह (ब) चांद सिंह

      (स) गजसिंह (द) रूप सिंह

   4. लुट्टन पहलवान का पालन–पोषण किसके द्वारा किया गया ?

      (अ) माँ द्वारा (ब) दादी द्वारा

      (स) चाची द्वारा (द) सासू माँ द्वारा

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

   1. 'पहलवान की ढोलक' कहानी के नायक पहलवान का नाम क्या था ?
   2. गाँव में कौनसी बीमारी का प्रकोप फैल रहा था ?
   3. गाँव किस के समान कांप रहा था ?
   4. लुट्टन पहलवान व उसके पुत्रों के गुरू कौन था ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

   1. लुट्टन पहलवान क्यों प्रसिद्ध हुआ ?
   2. पहलवान की ढोलक किसको ललकारती थी ?
   3. घोर अंधेरी रातों में किसकी आवाज जीवित होने का अहसास करवाती व क्यों ?
   4. कहानी के किस–किस मोड पर लुट्टन के जीवन में क्या–क्या परिवर्तन आए ?
   5. लुट्टन पहलवान की जीवन की अंतिम इच्छा क्या थी व क्यों ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

   1. कुश्ती के समय ढोल की आवाज और लुट्टन के दांव–पेच में क्या तालमेल था ?
   2. 'ढोलक की आवाज' का पूरे गाँव पर क्या असर होता था ?

## पाठ 15

## ''चार्ली चेप्लिन यानी हम सब''

## विष्णु खरे

**लेखक का जीवन परिचय–**

विष्णु खरे का जन्म सन् 1940 में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में हुआ था। इन्होंने हिंदी साहित्य को विचारपरक कविताएं प्रदान की है। सन् 1971–1973 के अपने विदेशी यात्रा के दौरान तत्कालीन चेकोस्लोवाकिया की राजधानी 'प्राग' के प्रसिद्ध फिल्म क्लब की सदस्यता प्राप्त कर अनेक फिल्में देखी। इसी के बाद खरे जी ने सिनेमा–लेखन को वैचारिक गरिमा और गंभीरता देने का सफर शुरू किया।

**प्रमुख रचनाएं–**

(कविता संग्रह) एक गैर रूमानी समय में, खुद अपनी आँख में (आलोचना) आलोचना की पहली किताब, सिनेमा पढ़ने के तरीके।

**पाठ का सार–**

चार्ली की माँ एक तलाकशुदा महिला थी। वह स्टेज की सामान्य स्तर की अभिनेत्री थी। बाद में उनके पागल हो जाने के कारण घर में भयंकर निर्धनता व्याप्त हो गई। माँ के पागलपन के साथ ही उद्योगपतियों, पूंजीपतियों तथा सामंतवादी प्रवृत्तियों जैसी विषमताओं से चार्ली को संघर्ष करना पड़ा। इसी कारण यहूदी पिता तथा खानाबदोश माता के पुत्र चार्ली ने करोड़पति होने के बाद भी ना तो मध्यवर्गीय जीवन और ना उच्चवर्गीय जीवन मूल्यों को अपनाया। उसके जीवन का एक मात्र उद्देश्य अपनी कला द्वारा लोगों को हंसाना था। बुद्धि की तुलना में चार्ली ने भावना को प्रथम स्थान दिया। इसके दो कारण थे। एक दिन चार्ली के बीमार होने पर उसकी माँ ने बाइबिल से ईसा मसीह की जीवनी पढ़कर सुनाई। ईसा के सूली पर चढ़ने के प्रसंग पर माँ और बेटा दोनों रो पड़े । इस कथा से चार्ली ने मानवता करूणा का पाठ समझ लिया। दूसरी घटना ने चार्ली को बहुत प्रभावित किया। चार्ली के घर के पास कसाईखाना होने के कारण सैकड़ों जानवरों को मारा जाता था। एक दिन एक भेड़ किसी प्रकार भाग गई और पकड़ने वाले लोग कई बार फिसल कर गिर पड़े, जिन्हें देखकर लोग बहुत अधिक हंसने लगे। इसके बाद भेड़ पकड़ी गई। चार्ली ने सोचा अब भेड़ का क्या होगा, उसका मन पूरी तरह करूणा से भर गया। हास्य के बाद करूणा, चार्ली, चैप्लिन की भावी फिल्मों का आधारभूत मनोभाव बन गई। मानव जीवन में भी करूणा यदि हास्य में बदल जाए तो मनुष्य अपने संतापों को दूर कर सकता है। चार्ली का हास्य कब करूणा में बदल जाएगा और कब करूणा हास्य में बदल जाएगी, जाना नहीं जा सकता है। भारतीयों ने भारतीय साहित्य शास्त्र के विरूद्ध चार्ली के इस प्रयोग को भी स्वीकार कर लिया। चार्ली के इसी अभारतीय सौंदर्यशास्त्र से प्रभावित होकर राजकपूर ने 'आवारा' फिल्म बनाई थी। जो वस्तुतः 'द ट्रैप' का शब्दानुवाद है और चार्ली का भारतीयकरण। इसी परम्परा में दिलीप कुमार ने बाबुल लीडर गोपी तथा देवानंद फंटूश, तीन देवियां इत्यादि फिल्में दी। आज जब कभी नायक की

झाड़ू से पिटाई हाती दिखती है तो चार्ली की याद आ जाती है। इसका कारण यह है कि चार्ली का अभिनय बच्चों, बूढ़ों और युवाओं को समान रूप से पसंद आता है।

भारतीय समाज में केवल होली का अवसर ही अपने ऊपर हँसने देता है लेकिन चार्ली स्वयं पर सबसे अधिक हँसता है। भारत में चार्ली के महत्त्व का प्रमुख कारण यही है । चार्ली बड़े से बड़े व्यक्ति पर हंसने का अवसर देता है। ऐसे महान कलाकार में सभी को अपनी ही छवि दिखाई देती है।

विशेषताएं :– चार्ली की पहली फिल्म 'मेकिंग एलिविंग' के 75 वर्ष पूर्ण हो गए। फिल्मों में भाषा का प्रयोग कम चार्ली में सार्वभौमिकता है, मानवीय स्वरूप अधिक है, सदैव चिर युवा दिखता है। वह किसी भी संस्कृति के लिए विदेशी नहीं लगता, चार्ली सबको अपना ही स्वरूप लगता है।

**प्रश्न**

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

    1. 'चार्ली चैप्लिन यानी हम–सब' पाठ के लेखक है–

        (अ) धर्मवीर भारती (ब) जयंशकर प्रसाद
        (स) विष्णु खरे (द) इनमें से कोई नहीं

    2. निम्न में से कौन–सा कविता संग्रह विष्णु खरे का है–

        (अ) कनुप्रिया (ब) ठंड़ा लोहा
        (स) खुद अपनी आंख से (द) इनमें से कोई नहीं

    3. लेखक विष्णु खरे का जन्म किस राज्य में हुआ था ?

        (अ) मध्यप्रदेश (ब) महाराष्ट्र
        (स) उत्तर प्रदेश (द) बिहार

    4. पाठ के अनुसार चार्ली चैप्लिन की माँ क्या काम करती थी ?

        (अ) स्टेज के सामने की अभिनेत्री का (ब) गृहिणी का
        (स) बैंककर्मी का (द) धोबिन का

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

    1. चार्ली चैप्लिन की किस फिल्स के 75 वर्ष पूरे हुए है ?
    2. चार्ली चैप्लिन की फिल्में किस प्रकार की है ?
    3. चार्ली को बचपन में किन परेशानियों का सामना करना पड़ा ?
    4. कौनसे देश की यात्रा करने के बाद विष्णु खरे ने फिल्म लेखन को गंभीरता प्रदान की थी ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

    1. चार्ली से प्रेरित होकर राजकपूर ने क्या साहसिक कार्य किया ?
    2. बुद्धि की तुलना में चार्लीने भावना को प्रथम स्थान दिया। इसके प्रमुख दो कारण कौनसे थे ?
    3. चार्ली चैप्लिन के स्वभाव की कोई प्रमुख तीन विशेषताएं बताइये ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

    1. लेखक ने चार्ली का भारतीयकरण किसे कहा और क्यो ?
    2. चार्ली चैप्लिन के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालिए ?

## पाठ 16

## नमक

## रजिया सज्जाद जहीर

**लेखिका (रजिया सज्जाद जहीर) का जीवन परिचय**

लेखिका का जन्म सन् 1917 में अजमेर राजस्थान में हुआ था। लेखिका ने बी.ए. तक की शिक्षा घर पर ही प्राप्त की तथा विवाह के बाद इलाहाबाद से उर्दू में एम.ए. की परीक्षा पास की। आधुनिक उर्दूकथा साहित्य में इनका महत्त्वपूर्ण स्थान है। अपने उत्कृष्ट लेखन के लिए उर्दू अकादमी, उत्तर प्रदेश, अखिल भारतीय लेखिका संघ अवार्ड से सम्मानित किया गया। सन् 1979 को इनका निधन हो गया।

**प्रमुख रचनाएं–**

जर्दगुलाब व अल्ला दे बंदा दे (कहानी संग्रह) सरे शाम, सुभान अल्लाह मेघ दे (उपन्यास) इनकी प्रसिद्ध रचनाएं है।

**पाठ का सार–**

भारत और पाकिस्तान के विभाजन के बाद भारत–पाक की सीमा के दोनों ओर के लोग धर्म के आधार पर पलायन करने से विस्थापित हो गए। विस्थापित होने से पहले सभी धर्म के लोग आपस में मिलजुलकर तथा प्यार से रहते थे। कहानी की एक प्रमुख पात्र सफिया एक कीर्तन में गई थी। वहां उन्होंने सिख बीवी को देखकर पाया कि वह बिल्कुल उसकी मां जैसी ली लगती थी। वह उन्हें अपनी मां का स्मरण करते हुए देखने लगी तो उन्होंने भी अपनी बहू से सफिया के बारे में पूछा। उनकी बहू ने बताया कि वह एक मुसलमान महिला है तथा कल अपने भाईयों से जो लाहौर में रहते है, मिलने जा रहे है। सिख बीवी का जन्म भी लाहौर में हुआ था, उसे सफिया के प्रति अपनत्व महसूस हुआ और सफिया से बातचीत करते हुए उपहार के रूप में लाहौर का नमक लाने की इच्छा व्यक्त की। वह अपने सभी भाईयों, दोस्तों और जानकारों से मिली, उसने वहां 15 दिन व्यतीत किए। उनके प्यार और स्नेह में पन्द्रह दिनों की समाप्ति का उसे पता ही नहीं चला। परन्तु वह सिख बीवी के द्वारा व्यक्त की गई नमक की इच्छा को नहीं भूल सकी। इस बारे में भाई से पूछा जो पुलिस में था, उसने साफ समझा दिया कि कानूनन यह सीमा के पार नहीं ले जाया जा सकता। वह नमक को चोरी–छिपे नहीं ले जाना चाहती थी। उसका सामान सूटकेस और बिस्तरबंद में आ गया। केवल कीनू के लिए जगह नहीं मिली। फिर उसने सोचा कि कीनू की एक टोकरी में ही नीचे वह नमक की पुड़िया छिपा देगी। क्योंकि कस्टम अधिकारी तो फलों की जांच नहीं करते हैं और इस तरह नमक की पुड़िया का उपहार सिख बीवी के पास पहुंच जाएगा। सामान को व्यवस्थित करने के बाद देर रात सफिया सो गई। वह स्वप्न में लाहौर के पन्द्रह दिन, उनकी सुन्दरता, अपने भाई–मित्र आदि को देख रही थी। कल जाने व शायद दोबारा ना आने की चिंता भी थी। उसे सिख बीवी के आँसू, लाहौर का किला आदि दिखाई दे रहे थे। अचानक कीनू की टोकरी, जिसको उसके दोस्त ने हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की एकता का मेवा कहकर उसे दिया था। हाथ से टकराने से आँख खुल जाती है। रेलगाड़ी में बैठने से पहले सफिया स्टेशन पर बैठी चाय पीती हुई कीनू की टोकरी में रखी नमक की पुडिया को देख रही थी। उसने सोचा कि वह यह उपहार छुपाकर नहीं ले जाएगी। अतः उसने अपनी समस्या कस्टम अधिकारी को बताकर नमक की पुडिया मेज पर रख दी। सारी कहानी सुनने के बाद कस्टम अधिकारी ने यह बताते हुए कि वह दिल्ली का रहने वाला है। उसने नमक की पुड़िया उसके बैग में रख दी और कहा कि मुहब्बत तो कस्टम अधिकारी से इस तरह निकल जाती है, कि कानून को इसका पता ही नहीं चलता है। अंत में कस्टम अधिकारी ने कहा कि उस महिला को उपहार देते हुए कहना कि लाहौर अभी भी उनका और दिल्ली अभी भी मेरा देश है। भारतीय सीमा की जांच की जाने लगी। अतः उसने एक अधिकारी को इस विषय में बताया तब अधिकारी ने पुड़िया वापस देते हुए बताया कि वह 'ढाका' से है। अधिकारी सुनीलदास अपने देश ढाका की याद में खो गया और कहने लगा कि वैसे तो डाभ कलकत्ता में भी होता है। जैसे नमक यहां भी होता है, परन्तु हमारे यहां के डाभ की बात ही कुछ और है। हमारी जमीन हमारे पानी का मजा ही कुछ और है, जब सफिया अमृतसर के पूल पर चढ़ रही थी, तब वह पुल की सबसे निचली सीढ़ी के पास सिर झुकाए खड़ा था। सफिया सोच रही थीं कि किसका देश कहां है, कस्टम के इधर

या उधर/दोनों ओर सीमाओं ने एक–दूसरे से अपनी भावनाओं का आदान–प्रदान करने से रोक रखा है।

**प्रश्न**

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. 'नमक' पाठ की लेखिका है–
   (अ) ममता कालिया (ब) रजिया सज्जाद जहीर
   (स) मृदुला गर्ग (द) इनमें से कोई नहीं
2. रजिया सज्जाद जहीर किस भाषा की कथाकार है ?
   (अ) हिंदी (ब) तेलुगु
   (स) उर्दू (द) मराठी
3. निम्न में से कौनसी रचना रजिया सज्जाद जहीर की है ?
   (अ) गोदान (ब) सेवासदन
   (स) जर्द गुलाब (द) पाजेब
4. रजिया सज्जाद जहीर लेखिका का जन्म स्थल है ?
   (अ) लाहौर (ब) अजमेर
   (स) उदयपुर (द) बिलासपुर

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. सफिया के भाई कहां रहते थे ?
2. सफिया के सामने सबसे बड़ी समस्या क्या थी ?
3. सफिया ने नमक की पुडिया कस्टम अधिकारी के सामने क्यों रख दी ?
4. सिख बीवी का जन्म कहां हुआ था ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. सफिया के भाई ने नमक की पुड़िया ले जाने से क्यों मना कर दिया ?
2. सफिया को क्या महसूस हुआ, जब उसने नमक को कीनू की टोकरी में रख दिया ?
3. सफिया के दोस्त ने क्या देते हुए कहा कि यह हिन्दुस्तान–पाकिस्तान की एकता का मेवा है और क्यों कहा ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

1. पाठ के आधार पर सफिया की चारित्रिक विशेषताएं बताइये ?
2. 'लाहौर अभी तक वतन है' दिल्ली मेरा या मेरा वतन ढाका है, जैसे उदगार किस सामाजिक यथार्थ की ओर संकेत करते है ?

## पाठ 17

## शिरीष के फूल

## (हजारी प्रसाद द्विवेदी)

### लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी का जीवन परिचय–

हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म सन् 1907 में गांव आरत–दुबे का छपरा, जिला बलिया उत्तर प्रदेश में हुआ। उन्होंने उच्च शिक्षा काशी हिंदू विश्वविद्यालय से प्राप्त की। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार एवं पद्म भूषण अलंकरण से सम्मानित किया गया। इनका निधन 1979 में हुआ था।

### प्रमुख रचनाएं–

अशोक के फूल, कुटज, कल्पता, बाणभट्ट की आत्मकथा, हिंदी साहित्य का उद्भव और विकास, हिन्दी साहित्य की भूमिका, कबीर आदि। अलोक पर्व पर हजारी प्रसाद द्विवेदी को साहितय अकादमी पुरस्कार दिया गया था।

### पाठ का सार–

जेठ की धूप में शिरीष वृक्ष के नीचे बैठकर लेखक देख रहा है कि शिरीष का पेड़, फूलों से लदा हुआ है। शिरीष के फूल बसंत से लेकर आषाढ़ तक खिले रहते है तथा उन पर उमस या लू का प्रभाव नहीं पड़ता। शिरीष का वृक्ष बड़ा और छायादार होने के कारण उसे रसोई की वाटिका में चार दीवारी के पास लगाया जाता है। संस्कृत साहित्य में शिरीष के फूल को बहुत ही कोमल समझा गया है। शिरीष के फूल अपनी कोमलता के कारण केवल भ्रमरों के पैरों का ही दबाव सह सकते है, पक्षियों तक का नहीं। जब धरती और आसमान जलते रहते है, तब भी शिरीष खिला रहने में सक्षम है। वह वायुमंडल से अपना रस खींचता रहने की ताकत रखता है। कालिदास की नायिकाएँ भी कानों में शिरीष का फूल लगाकर अपने आप में गर्व अनुभव करती है। लेखक ने शिरीष के फूल की तुलना एक अवधूत से की है, जोसुख और दुःख से निर्विकार रहता है।

शिरीष की फली इतने समय तक पेड़ पर लटकी रहती है कि नई फली भी आ जाती है। इसके माध्यम से लेखक यह कहना चाहता है कि पुरानों को समय रहते चले जाना चाहिए, अन्यथा नए उनको धक्का मारकर निकाल देंगे। जरा (बुढ़ापा) और मृत्यु तो सत्य है। कुछ मूर्ख समझते है कि जहाँ बने है वही देर तक बने रहे, तो शायद काल देवता से बच जाएंगे। अच्छा यही है कि हमेशा आगे बढ़ते ही रहे। कवि भी शिरीष के फूल की तरह मस्त, चिंता रहित किन्तु रस व मादक भावों से युक्त थे। कालिदास के अनुसार जो व्यक्ति फक्कड़ नहीं बना वह कवि नहीं बन पाएगा। कर्णाट–राज की प्रिया विज्जिका देवी ने गर्वपूर्वक कहा था कि ब्रह्मा, वाल्मीकि तथा व्यास से ये तीनों ही कवि थे। इन्होंने क्रमशः वेद, रामायण, महाभारत की रचनाएं की है। इन तीनों के अलावा और कोई कवि नहीं शिरीष के फूल लेखक

के मन में तरंगे पैदा कर देते है। उसे आश्चर्य होता है कि इस चिलचिलाती धूप में शिरीष इतना सरस कैसे बना रहता है ? जब शिरीष के फूल धूप वर्षा, आंधी, लू में खड़े रह सकते है तो देश मार–काट, अग्निदाह, लूट–पाट, खून–खराबा के होते हुए भी स्थिर यानी अटल दृढ़ क्यों नहीं रह सकता ?
गांधीजी तो इन्हीं परिस्थितियों में स्थिर रहे थे। लेखक के अनुसार गांधीजी भी एक अवधूत थे। उन्होंने भी शिरीष की तरह वायुमंडल से रस को खींचा था। तभी तो गांधीजी इतने कठोर एक साथ हो सके थे। लेखक जब भी शिरीष के वृक्षों को देखता है, तो उसे कष्ट होता है ऐसे सन्यासी आज कहाँ मिलते हैं। दूसरी तरफ कबीर दास को अमलतास के फूल 15 दिन खिल के मुरझाना पसंद नहीं था।

**प्रश्न**

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

   1. 'शिरीष के फूल' पाठ के लेखक है–

      (अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ब) रामचन्द्र शुक्ल
      (स) हजारी प्रसाद द्विवेदी (द) इनमें से कोई नहीं

   2. हजारी प्रसाद द्विवेदी को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस रचना के लिए मिला ?

      (अ) सूर साहित्य (ब) आलोक पर्व
      (स) कबीर (द) इनमें से कोई नहीं

   3. निम्न में से कौनसी रचना हजारी प्रसाद द्विवेदी की है ?

      (अ) हिंदी साहित्य की भूमिका (ब) चिंतामणि
      (स) मित्रबंधु विनोद (द) इनमें से कोई नहीं

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

   1. लेखक कहां बैठकर लिख रहा हैं ?
   2. कबीरदास को कौनःसे फूल पसंद नहीं थे ?
   3. लेखक ने शिरीष को किसकी संज्ञा दी है ?
   4. तेज धूप में भी सरस रहने वाला शिरीष हमें क्या प्रेरणा देता है ?
   5. लेखक ने शिरीष के फूलों की तुलना किससे की है ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

   1. कर्नाट–राज की प्रिया विज्जिका देवी ने किन्हें कवि माना और क्यों ?
   2. संस्कृत साहित्य में शिरीष की महिमा का उल्लेख किस प्रकार किया गया है ?
   3. शिरीष के नए फूलों पत्तों और पुराने फलों को देखकर लेखक को किसकी याद आ जाती है ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

   1. लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत (संन्यासी) की तरह क्यों माना है ?
   2. द्विवेदी जी शिरीष के माध्यम से कोलाहल व संघर्ष से भरी जीवन–स्थितियों में अविचल रह कर जिजीविषु बने रहने की सीख दी है, कैसे ?

## पाठ 18

## श्रम विभाजन और जाति प्रथा

## (बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर)

राष्ट्र रत्न डॉ. अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को महू (मध्यप्रदेश) में हुआ था। बाबा साहेब ने समाज और राजनीति में बेहद सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने अछूतों, स्त्रियों और मजदूरों को मानवीय अधिकार व सम्मान के लिए अथक संघर्ष किया। अम्बेडकर जी ने जीवन भर सामाजिक समानता एवं दलितों की मुक्ति के लिए संघर्ष किया, उनका पूरा लेखन इसी संघर्ष से जुड़ा है। 6 दिसम्बर, 1956 को दिल्ली में इनका देहावसान हुआ था।

**प्रमुख रचनाएं–**

द कास्ट्स इन इण्डिया, देयर मेकेनिज्म, बु:द्ध एण्ड हिजधम्मा, द राइज एण्ड फॉल ऑफ द हिन्दू वीमैन, मूकनायक आदि।

**पाठ का सार–**

श्रम विभाजन और जाति–प्रथा इसके अंतर्गत समाज में प्रचलित जाति–प्रथा को गलत ठहराकर कार्य कुशलता के आधार पर श्रम विभाजन करने से व्यक्ति की निजी क्षमता का सदुपयोग नहीं हो पाता। जाति प्रथा एक ओर तो मनुष्य को जीवन भर किसी पेशे के साथ बांध देती है, तो दूसरी ओर यदि कभी भी पेशा बदलने की आवश्कता पड़ जाए तो भूखे मरने के अलावा और कोई उपाय नहीं छोड़ती है। इस प्रकार का विभाजन मनुष्य में काम के प्रति अरूचि और उसे टालने की प्रवृत्ति का कारण बनता है। ऐसी स्थिति में जहां काम करने वालों का न दिल लगता हो न दिमाग, वहां कोई कुशलता कैसे प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार यह प्रथा मनुष्य को कम काम करने के लिए प्रेरित करती है। जाति प्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख व प्रत्यक्ष कारण बनी हुई है, क्योंकि हिन्दू धर्म में अपनी रूचि के अनुसार पेशा चुनने की आजादी बेरोजगारी का एक मुख्य कारण है। जाति प्रथा आर्थिक रूप से हानिकारक हैं। जाति प्रथा पर आधारित श्रम विभाजन मनुष्य की इच्छा पर निर्भर नहीं रहता है। यह मनुष्यों की स्वभाविक प्रेरणा, रूचि व आत्मशक्ति को दबाकर उन्हें अस्वाभाविक नियमों में जकड़कर निष्क्रिय बना देती है।

**आदर्श समाज–** आदर्श समाज की परिकल्पना करते हुए इसमें स्वतंत्रता समता, भ्रातृत्व को उसका आधार बताया गया है। लेखक के अनुसार, समाज को गतिशील होना चाहिए, जो हर प्रकार के परिवर्तन को स्वीकार कर सके। समाज इस प्रकार को होना चाहिए जिसमें लोगों में अपने साथियों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव हो। समाज में भाईचारा इस प्रकार का होना चाहिए जैसे– दूध और पानी का मिलाप अर्थात भेदभाव से रहित।

लोकतांत्रिक शासन पद्धति वाला समाज होना चाहिए। जाति प्रथा वाले समाज में अपना व्यवसाय चुनने की किसी को स्वतंत्रता नहीं है। इसका अर्थ यह है कि जाति प्रथा के आधार पर समाज को दासता में जकड़ा जाता है। दास्ता में यह स्थिति भी सम्मिलित है, जिससे कुछ व्यक्तियों को दूसरे लोगों के द्वारा

निर्धारित व्यवहार एवं कर्तव्यों का पालन करने के लिए विवश होना पड़ता है। यह स्थिति कानूनी पराधीनता न होने पर भी पाई जा सकती है। इसमें वंश, परम्परा और सामाजिक उत्तराधिकार को छोड़कर क्षमता के विकास को प्रोत्साहन देने पर बल दिया गया है। समाज में यदि हमें अपने सदस्यों से अधिकतम उपयोगिता प्राप्त करनी है, तो हमें सभी को समान अवसर प्रदान करने होंगे। एक राजनीतिज्ञ के लिए भी व्यावहारिक रूप से यही सिद्धान्त होना चाहिए कि अब मनुष्यों के साथ समान व्यवहार किया जाए।

राजनीतिज्ञ समान व्यवहार इसलिए नहीं करता, क्योंकि इससे वर्गीकरण एवं श्रेणीकरण संभव हो पाता है। इस प्रकार 'समता' यद्यपि काल्पनिक जगत की वस्तु है, फिर भी राजनीतिज्ञ के लिए सभी परिस्थितियों को दृष्टि में रखते हुए यही मार्ग सही है, क्योंकि व्यवहारिक भी है और यही उसके व्यवहार की एकमात्र कसौटी भी है।

## प्रश्न

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

   1. 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' पाठ के लेखक है–

      (अ) नंद दुलारे वाजपयी　　(ब) भीमराम अम्बेडकर
      (स) धर्मवीर भारती　　(द) इनमें से कोई नहीं

   2. भीमराव आम्बेडकर जी का जन्म कहाँ हुआ था ?

      (अ) गुजरात　　(ब) महाराष्ट्र
      (स) बिहार　　(द) मध्यप्रदेश

   3. निम्नलिखित में से कौनसी आम्बेडकर की रचना है?

      (अ) नाखून क्यों बढ़ते है।　　(ब) गोदान
      (स) झांसी की रानी　　(द) मूक नायक

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

   1. भीमराव आम्बेडकर का स्वर्गवास कब व कहाँ हुआ था?
   2. भारत में प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को कौनसी जयंती मनाई जाती है ?
   3. लेखक किस विडम्बना की बात कह रहा है ?
   4. भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख व प्रत्यक्ष कारण क्या है ?
   5. लेखक के अनुसार समाज को कैसा होना चाहिए ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

   1. भारत की जाति प्रथा की क्या विशेषता है ?
   2. भ्रातृत्व के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए ?
   3. लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप किसे कहा गया है ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

   1. जाति प्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी व भुखमरी का भी एक कारण कैसे बनती रही है ?
   2. लेखक द्वारा आदर्श समाज के कितने तत्व बताये गये ? स्पष्ट कीजिए।

## पाठ–1

## सिल्वर वैडिंग

### मनोहर श्याम जोशी

**लेखक परिचय–** लेखक मनोहर श्याम जोशी का जन्म सन् 1935 में कुमाऊँ में हुआ था। दिनमान पत्रिका एवं साप्ताहिक हिन्दुस्तान में संपादक के रूप में कार्य किया। भारतीय दूरदर्शन के प्रथम धारावाहिक 'हम लोग' के लिए कथा लेखन का कार्य किया। निधन सन् 2006 में दिल्ली में।

**प्रमुख रचनाएं–** कुरू–करू स्वाहा, कसप, हरिया हरक्यूलीज की हैरानी, हमजाद, क्याप (कहानी संग्रह) लखनऊ मेरा लखनऊ, पश्चिमी जर्मनी पर एक उड़ती नजर (संस्मरण संग्रह) हम लोग, बुनियाद, मुंगेरी लाल के हसीन सपने (टेलीविजन धारावाहिक) 'क्याप' के लिए सन् 2005 के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**पाठ का सार–** इस पाठ में पीढ़ी के अंतराल का चित्रण किया गया है। वर्तमान युग में यशोधर बाबू परम्परागत मूल्यों को हर स्थिति में बचाये रखना चाहते है। उनका सिद्धान्त पसंद होना घर व दफ्तर के लोगों के लिए सिरदर्द बन गया था। यशोधर बाबू को दिल्ली में रहने में 'किशन दा ने मदद की। अतः वे उनके आदर्श बन गये।

दफ्तर में विवाह की पच्चीसवीं सालगिरह के दिन दफ्तर के कर्मचारी उनसे जलपान के लिए पैसा मांगते है। जो वे अनमने ढंग से देते हैं क्योंकि उन्हें फिजूलखर्ची पसंद नहीं है। इस कहानी के मुख्य पात्र यशोधर बाबू के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा भूषण विज्ञापन कम्पनी में काम करता है। दूसरा बेटा आई.ए.एस. की तैयारी कर रहा है और तीसरा बेटा छात्रवृत्ति लेकर अमेरिका जा चुका है। बेटी भी डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए अमेरिका जाना चाहती है। यशोधर बाबू बच्चों की तरक्की से खुश है किन्तु संस्कारों के कारण वे दुविधा में है। उनकी पत्नी ने स्वयं को बच्चों की सोच के साथ ढ़ाल लिया है।

बच्चे घर पर सिल्वर वेडिंग की पार्टी रखते है, जो यशोधर बाबू के उसूलों के खिलाफ था। बेटे का जरूरत से ज्यादा तनखाह पाना, तनखाह की रकम स्वयं खर्च करना, उनसे किसी बात पर भी सलाह न मांगना और दूध स्वयं न लेकर उन्हें ड्रेसिंग गाउन पहनकर दूध लेने जाने की बात कहना– आदि बातें यशोधर बाबू को बुरी लगती है। जीवन के इस मोड पर वे स्वयं को अपने उसूलों के साथ अकेला पाते हैं।

'जो हुआ होगा' तथा 'समहाउ इंप्रापर' के दो जुमले इस कहानी के बीज वाक्य हैं। 'जो हुआ होगा' में ज्यों–का–त्यों स्वीकार लेने का भाव है तो 'समहाउ इंप्रापर' में एक अनिर्णय की स्थिति भी है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. सिल्वर वेडिंग पाठ के लेखक कौन है–

(अ) कुबेरनाथ राय (ब) मनोहर श्याम जोशी

(स) नंद दुलारे वाजपेयी (द) इनमें से कोई नहीं ( )

2. निम्न में कौनसी रचना मनोहर श्याम जोशी की नहीं हैं–

(अ) कुरू कुरू स्वाहा　　(ब) बातो–बातों में

(स) कसप　　(द) अशोक　　( )

3. मनोहर श्याम जोशी को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस रचना के लिए दिया गया–

(अ) हमजाद　　(ब) कसप

(स) क्याप　　(द) इनमें से कोई नहीं　　( )

4. सिलवर वेडिंग कहानी का मुख्य चरित्र है–

(अ) मेनन　　(ब) चड्ढ़ा

(स) यशोधर बाबू　　(द) इनमें से कोई नहीं　　( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

5. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में यशोधर बाबू के आदर्श कौन थे?

6. 'यशोधर बाबू' की शादी की कौनसी सालगिरह मनाई गई?

7. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में यशोधर बाबू एक और जहां बच्चों की तरक्की से खुश होते हैं, वहीं कुछ 'समहाउ इंप्रापर भी अनुभव करते है, क्यों?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

8. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश देने का प्रयास किया है?

9. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के आधार पर यशोधर बाबू के चरित्र का वर्णन कीजिए।

10. 'जो हुआ होगा' 'समहाउ इंप्रापर' शब्द 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में किस भाव को व्यक्त करते है?

## पाठ–2

# जूझ

## आनंद यादव

लेखक परिचय– लेखक आनंद यादव का जन्म सन 1935 में कागल, कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में हुआ। इनका पूरा नाम आनंद रतन यादव था। मराठी एवं संस्कृत साहित्य में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की।

रचना– इनकी लगभग 25 पुस्तकें प्रकाशित हुई है। इनकी रचना नटरंग को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाजा गया। 'जूझ' अपन्यास पर इन्हें सन् 1990 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

पाठ का सार– प्रस्तुत पाठ लेखक के उपन्यास 'जूझ' का अंश है। यह एक किशोर के देखे और भोगे हुए ग्रामीण जीवन की वास्तविकता और उसके रंगारंग परिवेश की विश्वसनीय जीवंत गाथा है। यह निम्न मध्यमवर्गीय ग्रामीण समाज और लड़ते जूझते किसान मजदूरों के संघर्ष की अनूठी झांकी है।

'जूझ' पाठ आनंद यादव द्वारा रचित स्वयं के जीवन संघर्ष की कहानी है। लेखक पढ़–लिखकर जीवन में आगे बढ़ना चाहता था परन्तु दादा ने अपने स्वार्थों के कारण उसकी पढ़ाई छुड़वा दी थी। लेखक योजना बनाकर अपनी मॉ को गांव के प्रतिष्ठित व्यक्ति दत्ता जी राव के पास लेकर गया। दत्ता जी राव ने दादा को खूब फटकारा तथा लेखक को पाठशाला भेजने को कहा। दादा ने लेखक के पाठशाला से आने के बाद खेती का कार्य करने की शर्त पर पाठशाला भेजने की बात मान ली। आनंद की पढ़ाई प्रारंभ हुई। आनंद ने कक्षा के मॉनीटर वसंत पाटिल से दोस्ती करली। आनंद को गणित मंत्री नामक मास्टर पढ़ाते थे। आनंद की पढ़ाई से खुश होकर उसे आनंदा कहने लगे। मराठी न.पा. सौंदलगेकर मास्टर पढ़ाते थे। इन्होंने आनंद के ह्रदय में एक गहरी, छाप छोड़ी। कई परेशानियों से जूझते हुए भी आनंद ने शिक्षा का दामन नहीं छोड़ा। सोंदलगेंकर की प्रेरणा से आनंद ने भी कविताओं में रूचि लेनी प्रारंभ की। उसने खेतों में काम करते करते कविताएं कंठस्थ की। बालक का आत्मविश्वास बढ़ने लगा और उसकी काव्य–प्रतिभा में निखार आने लगा। शब्दों का महत्त्व उसकी समझ में आने लगा।

पाठ में लेखक की पढ़ने की तीव्र लालसा, लक्ष्य के प्रति एकाग्रता, आत्मविश्वास, लगन तथा कविता के प्रति झुकाव आदि विशेषताएं मिलती है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. 'जूझ' पाठ के लेखक है–

(अ) रघुवीर सहाय (ब) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(स) आनंद यादव (द) इनमें से कोई नहीं ( )

2. आनंद यादव को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना के लिए प्रदान किया गया।

(अ) नटरंग (ब) नटराज

(स) जूझ (द) इनमें से कोई नहीं ( )

3. आनंद यादव को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस रचना के लिए प्रदान किया गया–

(अ) जूझ (ब) चिंतामणि

(स) रसराज (द) इनमें से कोई नहीं ( )

4. 'जूझ' निम्न से किस प्रकार की रचना है–

(अ) उपन्यास (ब) नाटक

(स) निषेध (द) इनमें से कोई नहीं ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

5. 'जूझ' पाठ के लेखक का पूरा नाम क्या था?

6. 'जूझ' पाठ का लेखक किस अध्यापक से सर्वाधिक प्रभावित हुआ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न –

7. 'जूझ' कथा के नायक की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए।

8. 'दत्ता जी राव' ने लेखक की पढ़ाई की समस्या का हल किस प्रकार किया।

9. जूझ कहानी के माध्यम से लेखक ने क्या सीख दी है?

## पाठ–3

# अतीत में दबे पॉव

## ओम थानवी

लेखक परिचय– लेखक ओम थानवी का जन्म 1957 जोधपुर राजस्थान में हुआ। इन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय से व्यावसायिक प्रशासन में एम.कॉम किया। ये एडीटर्स गिल्ड ऑफ इण्डिया के महासचिव रहे। इतवारी पत्रिका का संपदान किया। पत्रकारिता के लिए इन्हें गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार प्रदान किया गया। ये वर्तमान में जनसत्ता में संपादक के रूप में कार्यरत।

पाठ का सार – पाठ में वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित मुअनजो–दडो और हड़प्पा शहरों का विस्तृत वर्णन किया गया है। मुअनजो–दड़ो सिंधु घाटी सभ्यता का केंद्र रहा था। इसकी जनसंख्या लगभग 85000 रही होगी। मुअनजो–दडों में सबसे ऊँचे चबूतरे पर बड़ा बौद्ध स्तूप है। जिसकी ऊँचाई 25 फुट है। भारत की सिंधु घाटी सभ्यता सबसे प्राचीन सभ्यता है।

यह सभ्यता सबसे सुंदर एवं पूर्णतः विकसित थी। स्तूप वाले चबूतरे के पीछे गढ और ठीक सामने 'उच्च' वर्ग की बस्तियाँ थी। उसके पीछे पॉच किलोमीटर दूर सिंधु नदी बहती है। इस सभ्यता में संपन्न वर्ग की बस्तियाँ पाई गई हैं।

यहाँ पर पक्की ईंटों का एक कुण्ड है, जिसमें पानी की निकासी का उचित प्रबंध पाया गया। यह पच्चीस फुट चौड़ा तथा सात फुट गहरा है। इस कुंड के निर्माण में प्रयोग की गई वस्तुओं को आज भी सिद्ध वास्तुकला का एक श्रेष्ठ नमूना माना जाता है।

इस नगर के लोग मूलतः खेतिहर और पशुपालक ही थे। पत्थर और तांबे का प्रयोग अधिक था। पत्थर सिंध में और तांबे की खाने राजस्थान में थी। यहाँ मुख्यतः गेहूँ, जौ, सरसों, चने, कपास, खजूर, खरबूजा और अंगूर का उत्पादन किया जाता था।

पानी की निकासी का उचित प्रबंध था। नालियाँ ढ़की हुई थी। कुओं का प्रबंध आवश्यकतानुसार किया जाता था।

मुअनजो–दड़ों में स्थित इससे संबंधित अजायबघर छोटा ही है। इसमें काला पड़ गया गेहूँ, ताँबे और कांसे के बर्तन, मुहरें, चाक पर बने विशाल मृदभांड, उन–पर काले भूरे चित्र, चौपड़ की गोटियाँ, ताँबे का आईना और पत्थर के औजार संग्रहित है।

इस सभ्यता में नदी, कुएँ, कुण्ड स्नानागार और बेजोड़ जल निकासी होने के कारण लेखक ने इसे जल संस्कृति भी कहा है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'अतीत में दबे पॉव' पाठ के लेखक कौन है?

(अ) आलोक धन्वा (ब) ओम थानवीं

(स) रामचरण गोस्वामी (द) इनमें से कोई नहीं ( )

2. ओम थानवी का जन्म कहाँ हुआ?

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) मध्यप्रदेश

(स) जोधपुर (राजस्थान) (द) इनमं से कोई नहीं ( )

3. मुअनजोदड़ों शहर वर्तमान में स्थित है?

(अ) चीन (ब) पाकिस्तान

(स) श्रीलंका (द) इनमें से कोई नहीं ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

4. मुअनजो–दड़ों शहर की जनसंख्या कतनी थी?

5. मुअनजो–दड़ों सभ्यता के लोगों के जीवन यापन का क्या तरीका था?

6. मुअनजो–दड़ों सभ्यता में पत्थर व तांबा कहाँ से प्राप्त होता था?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

7. लेखक ने मुअनजो–दड़ों सभ्यता को जल–संस्कृति क्यों कहा है?

8. सिंधु सभ्यता में खेती का उन्नत रूप देखने को मिलता है?

9. मुअनजो–दड़ो के उत्खनन से प्राप्त जानकारियों के आधार पर सिंधु सभ्यता की विशेषताएँ लिखिए।

10. मुअनजो–दड़ो शहर में स्थित अजायबघर में रखे गये पुरातत्व के अवशेष कौन–कौन से है?

## पाठ–4

## डायरी के पन्ने

## ऐन फ्रेंक

लेखक परिचय– लेखिका ऐन फ्रैंक का जन्म 12 जून 1929 को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में हुआ और मृत्यु नाजियों के यातनागृह में 1945 के फरवरी या मार्च महीने में। इनकी लिखी डायरी मूलतः डच भाषा में 1947 में प्रकाशित यह कृति अंग्रेजी में 'दी डायरी ऑफ द यंग कर्ल' शीर्षक से 1952 में प्रकाशित हुई। इस पर फिल्म, नाटक, धारावाहिक इत्यादि का निर्माण हो चुका है।

पाठ का सार– इस पाठ में लेखिका ऐन फ्रैंक ने अपने जीवन में आये संकटों का मार्मिक ढंग से वर्णन किया है। लेखिका ने स्त्रियों पर हुए अत्याचारों का वर्णन किया है। लेखिका ने अपनी डायरी को अपनी प्यारी गुड़िया 'किट्टी' को संबोधित करते हुए लिखा है। यह डायरी यहूदियों पर ढ़ाए गए जुल्मों का एक जीवंत ऐतिहासिक दस्तावेज है। लेखिका ने अपनी डायरी लिखनी 8 जुलाई 1942 से शुरू की।

8–10 जुलाई 1942 – युद्ध के दौरान लेखिका का परिवार (जिसमें लेखिका, उसके माता–पिता तथा उसकी बहन मार्गेट) व दूसरा परिवार वान दंपति और उनका सोलह साल का लड़का पीटर दो वर्ष तक एक गुप्त स्थान पर रहे। ये सब ऐन के पापा के दफ्तर में छिपे थे। 10 तारीख को दफ्तर की साफ सफाई के बारे में लिखा।

28 नवम्बर एवं 19 मार्च 1942 – ऐन ने अपनी गलतियों के बारे में लिखा है। 19 मार्च को लिखा कि हजार गिल्डर के नोट को अवैध मुद्रा घोषित किये जाने से कालाबाजारी करने वालों को झटका लगा।

23 एवं 28 जनवरी, 1944 – 23 जनवरी को फ्रेंक ने लिखा कि उसे राजसी परिवारों की वंशावली में अच्छी रूचि हो गई है। 28 जनवरी को फ्रेंक लिखती है कि वह मिसेज वानदान की हर कहानी को सुनकर ऊब (बोर) चुकी है।

29 मार्च 1944 – कैबिनेट मंत्री मिस्टर बोल्के स्टीन ने लंदन से डच प्रसारण में घोषणा करते हुए कहा कि युद्ध के बाद युद्ध का वर्णन करने वाली डायरियों तथा पत्रों को इकट्ठा किया जायेगा। ब्लैक मार्केट में जूते का तला 7.50 गिल्डर का मिलता है।

11 अप्रैल 1944– शनिवार को गोलाबारी शुरू हो गई। हालात और बिगड़ते ही जा रहे है।

13 जून 1944 – ऐन बताती है कि आज वह पंद्रह वर्ष की हो गई है। ऐन चर्चिल को जन्मजात बहादुर मानती है। वह लिखती है कि नारियों ने ही समाज को बनाया है फिर समाज उन्हें उचित सम्मान क्यों नहीं देता? लेखिका को यह विश्वास है कि अगली सदी में औरतों को अधिक सम्मान मिलेगा।

वस्तुनिष्ठ प्रश्नः

1. 'डायरी के पन्ने' पाठ की लेखिका कौन है?

(अ) कृष्णा सोबती (ब) मृदुला गर्ग

(स) ऐन फ्रैंक (द) इनमें से कोई नहीं ( )

2. लेखिका ऐन फ्रैंक का जन्म कब हुआ–

(अ) 12 जून 1929 (ब) 13 मई 1929

(स) 13 दिसम्बर 1929 (द) इनमं से कोई नहीं ( )

3. ऐन फ्रैंक द्वारा लिखित डायरी अंग्रेजी भाषा में किस नाम से प्रकाशित हुई?

(अ) द स्टोरी ऑफ माईलाइफ (ब) द स्टोरी ऑफ माय सिटी

(स) द डायरी ऑफ ए यंग गर्ल (द) इनमें से कोई नहीं ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

4. लेखिका ऐन फ्रैंक ने अपनी डायरी किसे संबोधित करते हुए लिखी।

5. लेखिका ऐन फ्रैंक ने अपनी डायरी किस दिनांक से लिखनी प्रारंभ की?

6. लेखिका ऐन फ्रैंक का जन्म कहाँ हुआ?

7. लेखिका ऐन फ्रैंक किसको जन्मजात बहादुर मानती है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

8. ऐन फ्रैंक कौन थी? उनकी डायरी क्यों प्रसिद्ध है?

9. हजार गिल्डर के नोट संबंधी क्या निर्णय लिए तथा उसके क्या परिणाम निकले?

10. लेखिका ऐन फ्रैंक के महिलाओं के बारे में क्या विचार थे?

## अपठित पद्यांश

(1)

मेरी–भूमि तो है पुण्यभूमि वह भारती,
सौ नक्षत्र–लोक करें आके आप आरती।
नित्य नये अंकुर असंख्य वहाँ फूटते,
फूल झड़ते हैं, फल पकते हैं, टूटते।
सुरसरिता ने वहीं पाई हैं सहेलियाँ,
लाखों अठखेलियाँ, करोड़ों रंगरेलियाँ।
नन्दन विलासी सुरवृन्द, बहु वेशों में,
करते विहार हैं हिमाचल प्रदेशों में।
सुलभ यहाँ जो स्वाद, उसका महत्त्व क्या ?
दुःख जो न हो तो फिर सुख में है सत्त्व कया ?
दुर्लभ जो होता हे, उसी को हम लेते हैं,
जो भी मूल्य देना पड़ता है, वही देते हैं।
हम परिवर्तनमान, नित्य नये हैं तभी,
ऊब ही उठेंगे कभी एक स्थिति में सभी।
रहता प्रपूर्ण है हमारा रंगमंच भी,
रूकता नहीं है लोक नाट्य कभी रंच भी।

1. हिमाचल प्रदेश की क्या विशेषता बताई गयी है?
2. कवि ने पुण्य भूमि किस कहा है ?
3. पृथ्वीवासियों को 'नित्य नये' क्यों कहा गया है ?
4. 'दुःख' शब्द का विलोम बताइये।

(2)

शान्ति नहीं तब तक, जब तक
सुख भाग न नर का सम हो,
नहीं किसी को बहुत अधिक हो,
नहीं किसी को कम हो।
ऐसी शान्ति राज्य करती हैं
तन पर नहीं, ह्रदय पर, नर के ऊँचे विश्वासों पर,
श्रद्धा, भक्ति, प्रणय पर।
न्याय शान्ति का प्रथम न्यास है,
जब तक न्याय न आता
जैसा भी हो, महल शान्ति का
सुदृढ़ नहीं रह पाता।

कृत्रिम शान्ति सर्शक आप
अपने से ही डरती है।
खड्ग छोड़ विश्वास किसी का
कभी नहीं करती है।

1. शान्ति का प्रथम न्यास कौनसा है ?
2. न्याय नहीं मिलने पर क्या होगा ?
3. ''कृत्रिम शब्द'' का विलोम शब्द लिखिये।
4. पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(3)

मन की बँधी उमंगें असहाय जल रही हैं,
अरमान—आरजू की लाशें निकल रही हैं।
भीगी—खुली पलों में राते गुजारते हैं,
सोती वसुन्धरा जब तुमको पुकारते है।
इनके लिए कहीं से निर्भीक तेज ला दे,
पिघले हुए अनल का इनको अमृत पिला दे
आमर्ष को जगाने वाली शिखा नयी दे,
अनुभूतियाँ ह्रदय में दाता, अनलमयी दे।

1. कौनसी उमंगे असहाय जल रही है ?
2. लाशे किसकी निकल रही है?
3. श्रमिक लोग रातें कैसे गुजारते हैं ?
4. वसुन्धरा शब्द से क्या तात्पर्य है?

(4)

अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे
गीत गाकर में जगाने आ रहा हूँ
अलत अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा।
अरूण उदयाचल सजाने आ रहा हूँ।
कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम,
साधना से मुड़कर सिहरते रहे तुम,
अब तुम्हें आकाश में उड़ने न दूँगा,
आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ।
सुख नहीं यह, नींद में सपने सँजोना,
दुख नहीं यह, शीश पर गुरू भार ढोना,
शूल तुम जिसको समझते थे अभी तक,
फूल मैं उसकों बनाने आ रहा हूँ।

5. कवि ने किसे सुख और दुःख नहीं माना है?
6. 'फूल और शूल' से कवि का क्या आशय है?
7. आकाश और फूल शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए
8. गहरी नींद से कौन जगाने आ रहा है ?

(5)

कटि विन्ध्याचल सिन्धु चरण तल
महिमा शाश्वत गााता।
हरे खेत, लहरे नद निर्झर
जीवन शोभा उर्वर,
विश्व कर्म रत कोटि बाहु कर
अगणित पद ध्रुव पथ पर
प्रथम सभ्यता ज्ञाता, साम ध्वनित गुण गाथा,
जय नव मानवता निर्माता,
सत्य अहिंसा दाता।
जय हे जय हे जय है, शान्ति अधिष्ठााता
प्रयाण तूर्य बज उठे,
पटह तुमुल गरज उठे।
विशाल सत्य सैन्य, लौह भुज उठे।
शक्ति स्वरूपिणि, बहुबल धारिणि, वन्दित भारत माता।

1. भारत माता की महिमा कौन गाता है ?
2. भारत माता किस रूप में वन्दित बताई गयी है?
3. सत्य अंहिसा का दाता किसको माना गया है?
4. 'जय है जय है जय है' पंक्ति में कौनसा अलंकार है।

(6)

बैठे हुए हो व्यर्थ क्यों ? आगे बढ़ो ऊँचे चढ़ों,
है भाग्य की क्या भावना ? अब पाठ पौरूष का पढ़ो।
है सामने का ग्रास भी मुख में स्वंय जाता नहीं।
हाँ, ध्यान उद्यम का तुम्हें तो भी कभी आता नहीं।

जों लोग पीछे थे तुम्हारे बढ़ गये हैं बढ़ रहे,
पीछे पड़े तुम देव के सिर दोष अपना मढ़ रहें।
पर कर्म–तैल बिना कभी विधि–दीप जल सकता नहीं,
है दैव क्या ? साँचे बिना कुछ आप ढल सकता नहीं।

आओ, मिले सब देश–बान्धव हार बनकर देश के,
साधक बनें सब प्रेम से सुख शान्तिमय उद्‌देश्य के।
क्या साम्प्रदायिक भेद से है ऐक्य मिट सकता अहो,
बनती नहीं क्या एक माला विविध सुमनों की कहो।

1. जीवन में आगे बढ़ने के लिए किस भावना की जरूरत है ?
2. आपसी एकता के लिए क्या करना अपेक्षित रहती है ?
3. 'साम्प्रदायिक' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय का नाम लिखिए।
4. इस काव्यांश में कवि ने किन्हें सम्बोधित किया हैं ?

(7)

नर हो, न निराश करो मन को,
कुछ काम करो, कुछ काम करो।
जग में रहकर कुछ नाम करो,
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो।
समझो, जिसमें यह व्यर्थ न हो,
नर हो, न निराश करो मन को।
सँभलो के सुयोग न जाय चला,
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला।
समझो जग को न निरा सपना,
पथ आप प्रशस्त करो अपना।
अखिलेश्वर हैं अवलम्बन को,
नर हो, न निराश करो मन को।
प्रभु ने तुमको कर दान किये,
सब वांच्छित वस्तु विधान किये।
तुम प्राप्त करो उनको न अहो,
फिर है किसका वह दोष कहो ?
समझों न अलभ्य किसी धन को,
नर हो न निराश करो मन को।

1. 'यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो' मनुष्य का जन्म किस उद्‌देश्य के लिए हुआ है ?
2. ईश्वर ने मनुष्य को कौनसी विशिष्ट चीज दी है ?
3. प्रस्तुत कविता में क्या संदेश निहित है ?
4. 'सुयोग' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(8)

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो परन्तु यों मरो कि याद जो करें सभी।

हुई न यों सु–मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिये,
मरा नहीं वही कि जो जिया न  आपके लिए।
यही पशु–प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरें।।

उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखण्ड आत्मभाव जो असीम विश्व में भरें।
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

1. कवि किससे नहीं डरने की बात कही है ?
2. पशु–प्रवृति क्या बताई गई है ?
3. सृष्टि में किसकी किसकी कीर्ति का प्रसार होता है ?
4. 'सजीव' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(9)

ओ हिमानी चोटियों के सजग प्रहरी
तंग सूनी घाटियों के सबल रक्षक,
तू न एकाकी समझना आपको,
देश तेरे साथ अन्तिम श्वास तक।

तू सिपाही सत्य का स्वातन्त्रय का है,
न्याय का और शांति का है तू सिपाही,
प्राण देकर प्राण के ओ प्रबल प्रहरी!
जा रहा तू देश हित बलि पंथ राही!

ज कि तेरे साथ हैं इस देश का बल,
साथ तेरे देश की हर भावना है,
साथ धन जन, साथ तन मन
साथ, तेरी विजय की शुभ कामना है!

(10)

1. 'हिमानी के सजग प्रहरी' किसके लिए कहा गया है?
2. सिपाही को किसका रक्षक बताया गया है ?
3. ''जा तेरे साथ है'' सिपाही के साथ कौन है ?
4. प्रस्तुत पद्यांश का शीर्षक बताइये।

सावधान, मनुष्य! यदि विज्ञान है तलवार,
तो उसे दे फेंक, तज कर मोह स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध, है तू शिशु अभी नादान,
फूल–काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान!
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगा अंग, तीखी है बड़ी यह धार।
रसवती भू के मनुज का श्रेय,
यह नहीं विज्ञान कटु, आग्नेय।
श्रेय उसका प्राण में बहती प्रणय की वायु,
मनवों के हेतु अर्पित मानवों की आयु।

1. मानवता के कल्याण के लिए कवि क्या चाहता हे ?
2. कवि ने आग्नेय किसे कहा है?
3. फूल–काँटों की किसे पहचान नहीं है?
4. उपयुक्त पद्यांश का शीर्षक बताइयें।

## अपठित गद्यांश

प्रश्न निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(1)

देश की सर्वांगीण उन्नति एवं विकास के लिए देशवासियों में स्वदेश–प्रेम का होना परमावश्यक हैं। जिस देश के नागरिकों में देशहित एवं राष्ट्र–कल्याण की भावना रहती है, वह देश उन्नतिशील होता है। देश–प्रेम के पूत–भाव से मण्डित व्यक्ति देशवासियों की हित–साधना में, देशोद्धार में तथा राष्ट्रीय प्रगति में अपना जीवन तक न्यौछावर कर देता है। हम अपने देश के इतिहास पर दृष्टिपात करें, तो इस देश–भक्तों की लम्बी परम्परा मिलती है। जिन्होंने अपना सर्वस्व समर्पण करके स्वदेश–प्रेम का अद्भुत परिचय दिया है। महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, सरदार भगतसिंह, महारानी लक्ष्मीबाई, लोकमान्य तिलक, महात्मा गाँधी आदि सहस्त्रों देश–भक्तों के नाम इस दृष्टि से लिए जाते हैं। हमें अपने देश के इतिहास से देश–प्रेम की एक गौरवपूर्ण परम्परा मिलती है और इससे हम देश–हितार्थ सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

1. लेखक के अनुसार कौनसा देश उन्नतिशील होता है ?
2. देश की सर्वागीण उन्नति एवं विकास के लिए देशवासियों में किसका होना परमावश्यक है ?
3. ''स्वेदश'' शब्द में मूल शब्द व उपसर्ग बताइए।
4. अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(2)

गाँधीजी के अनुसार शिक्षा शरीर, मस्तिष्क और आत्मा का विकास करने का माध्यम है। वे 'बुनियादी शिक्षा' के पक्षधर थे। उनके अनुसार प्रत्येक बच्चे को अपनी मातृभाषा की निःशुल्क एंव अनिवार्य शिक्षा मिलनी चाहिए जो उसके आस–पास की जिन्दगी पर आधारित हो; हस्तकला एवं काम के जरिए दी जाए, रोजगार दिलाने के लिए बच्चे को आत्मनिर्भर बनाए तथा नैतिक एवं आध्यत्मिक मूल्यों का विकास करने वाली हो। गाँधीजी के उक्त विचारों से स्पष्ट है कि वे व्यक्ति और समाज के सम्पूर्ण जीवन पर अपनी मौलिक दृष्टि रखते थे तथा उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक एवं राजनीतिक आन्दोलनों में भाग लेकर भारतीय समाज एवं राजनीति में इन मूल्यों को स्थापित करने की कोशिश की। गाँधीजी की सारी सोच भारतीय परम्परा की सोच है तथा उनके दिखाए मार्ग को अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति और सम्पूर्ण राष्ट्र वास्तविक स्वतन्त्रता, सामाजिक सद्भाव एवं सामुदायिक विकास को प्राप्त कर सकता है। भारतीय समाज जब–जब भटकेगा तब–तब गाँधीजी उसका मार्गदर्शन करने में सक्षम रहेंगे।

1. गाँधीजी के अनुसार प्रत्येक बच्चे को किस प्रकार की शिक्षा दी जानी चाहिए ?
2. गाँधीजी की सोच किस प्रकार की सोच है?
3. 'सामाजिक' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय बताइए।
4. अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(3)

मानव जीवन का सर्वतोमुखी विकास ही शिक्षा का उद्देश्य हैं। मनुष्य के व्यक्तित्व में अनेक प्रकार की शक्तियाँ अन्तर्निहित रहती हैं, शिक्षा इन्हीं शक्तियाँ का उद्घाटन करती हैं। मानवीय व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करने का कार्य शिक्षा द्वारा ही सम्पन्न होता हैं। सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आज तक मानव ने जो प्रगति की है, उसका सर्वाधिक श्रेय मनुष्य की ज्ञान–चेतना को ही दिया जा सकता हैं। मनुष्य में ज्ञान–चेतना का उदय शिक्षा द्वारा ही होता हैं। बिना शिक्षा का मनुष्य का जीवन पशु–तुल्य होता हें। शिक्षा ही अज्ञान रूपी अंधकार से मुक्ति दिलाकर ज्ञान का दिव्य आलोक प्रदान करती है। विद्या मनुष्य को अज्ञान के बंधन से मुक्त करती है।

1. शिक्षा का उद्देश्य किसे बताया गया हैं ?

2. मनुष्य में ज्ञान–चेतना का उदय किसके द्वारा होता है ?

3. 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय बताइये।

4. अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(4)

जब हम भारतीय साहित्य की एकता की चर्चा करते हैं तब हमारा आशय भारतवर्ष की भिन्न–भिन्न भाषाओं की साहित्य समाश्रयता से होता है। यदि हम आज की हिन्दी, बंगला, मराठी, गुजराती अथवा दक्षिणी भाषाओं के साहित्य को देखें, तो उनमें थोड़ा–बहुत अन्तर भी दिखेगा। परन्तु सार रूप में प्रवृत्तियाँ प्राय एक–सी ही पाई जाती हैं। विभिन्न प्रदेशों और जनपदों की सांस्कृतिक विशेषताओं की छाप इन साहित्यों में प्राप्त होती है, जो स्वाभाविक हैं। साहित्य के विविध रूपों में से किसी भाषा में किसी रूप की विशिष्टता भी मिलती है। उदाहरण के लिए आज के मराठी साहित्य में नाटकों की स्थिति अपेक्षाकृत अधिक अच्छी है, वैयक्तिक निबंध भी उनके यहाँ अधिक परिणाम में लिखे जा रहे हैं। यह उनकों प्रासंगिक विशेषता है। इसी प्रकार वैभिन्न्य के भीतर एक मूलभूत एकता है, जिसे हम भारतीय साहित्य की एकता कह सकते हैं।

1. भारतीय साहित्य की एकता का विस्तृत आशय क्या है ?

2. साहित्य में किसकी छाप होती है ?

3. 'स्वभाविक' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइए।

4. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

(5)

तुलसी हमारे जातीय जन–जागरण के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं उनकी कविता की आधारशिला जनता की एकता हैं। मिथिला से लेकर अवध और ब्रज तक चार सौ साल से तुलसी की सरस वाणी नगरों और गाँवों में गूँजती हैं। साम्राज्यवादी, सामन्ती अवशेष और बड़े पूँजीपतियों के शोषण से हिन्दी–भाषी जनता को मुक्त करके उसकी संस्कृति को विकसित करना हैं। हमारे जातीय संगठन के मार्ग में साम्प्रदायिकता, ऊँच–नीच के भेद–भाव, नारी के प्रति सामन्ती शासक का रूख आदि अनेक बाधाएँ हैं। तुलसी का साहित्य हमें इनसे संघर्ष करना सिखाता हैं। तुलसी का मूल सन्देश हैं, मानव–प्रेम को सक्रिय रूप देना, सहानुभूति को व्यवहार में परिणत करके जनता के मुक्ति–संघर्ष में योग देना हमारा कर्त्तव्य हैं।

1. हमारे जातीय संगठन के मार्ग में कौन–कौनसी बाधाएँ है ?

2. तुलसी का मूल सन्देश क्या है ?

3. 'साम्प्रदायिकता' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइए ।

4. गंद्याश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

(6)

नारी त्याग और तपस्या की अद्भूत विभूति हैं। इन्हीं दोनों तत्वों के समन्वय में हमारी भारतीय नारी का स्वरूप संगठित हुआ हैं। नारी जीवन का मूलमंत्र है – त्याग। और इस मन्त्र को सिद्ध करने की क्षमता उसे प्रदान की हैं तपस्या ने। हम ठीक–ठीक नहीं कह सकते हैं कि उसके जीवन के किस अंश में इन महनीय तत्वों के विलास का दर्शन हमें नहीं मिलता, परन्तु यदि हम उसके पूर्व जीवन को 'तपस्या' का काल तथा उत्तर जीवन को 'त्याग' का काल मानें तो कदापि अनुचित न होगा। नारी के तीन रूप हमें दिखाई पड़तें हैं – कन्या रूप, भार्या रूप तथा मातृ रूप। कौमार काल नारी जीवन की साधनावस्था है और उत्तर काल उस जीवन की सिद्धावस्था है। हमारी संस्कृति के उपासक संस्कृत कवियों ने नारी की तीन अवस्थाओं का चित्रण बड़ी सुन्दरता के साथ किया हैं।

1. भारतीय नारी का व्यक्तित्व किन तत्वों से निर्मित होता है ?

2. नारी जीवन का मूलतंत्र क्या है ?

3. नारी के कौन–कौन से रूप दिखाई देते है ?

4. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(7)

समय वह सम्पत्ति है जो प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिली हैं। जो लोग इस धन को संचित रीति से बरतते हैं वे शरीरिक सुख तथा आत्मिक आनन्द प्राप्त करते हैं। इसी समय–सम्पत्ति के सदुपयोग से एक जंगली मनुष्य देवता–स्वरूप बन जाता हैं। इसी के द्वारा मूर्ख विद्वान, निर्धन धनवान और अनुभवी बन सकता हैं। संतोष, हर्ष या सुख तक तक मनुष्य को प्राप्त नहीं होता जब तक कि वह उचित तरीके से अथवा रीति के समय का सदुपयोग नहीं करता हैं। समय निस्सन्देह एक रत्न–राशि हैं। जो कोई उसे अपरिमित और अगणित रूप से अन्धा–धुन्ध व्यय करता है वह दिन–दिन अंकिचन, रिक्त हस्त और दरिद्र होता हैं। वह आजीवन खिन्न और समय को कोसता रहता हैं। सच तो यह हैं कि समय का सदुपयोग करना आत्मोन्नति तथा उसे नष्ट करना एक प्रकार की आत्महत्या हैं।

1. समय का सदुपयोंग करने से क्या लाभ रहता है ? बताइये।

2. समय क्या है यह मनुष्य को किससे मिला ?

3. 'आजीवन' शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग बताइये।

4. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(8)

सूचना का अधिकार दिये जाने से अधिक महत्त्व का कार्य इस अधिकार को प्राप्त करने एवं उपयोग करके जन जागृति फैलाने का है जिसकी आज सबसे अधिक आवश्यकता हैं। लोकतंत्र लोक–सहभागिता से मजबूत होता हैं, लोक–सहभागिता सूचना के अधिकार का सवाल खड़ा करने और उसको प्राप्त करने तथा प्रसारित करने से बढ़ती है। यदि हम सूचना के अधिकार का समुचित उपयोग कर सकें तो न केवल सरकारी स्तर की योजनाओं का समुचित उपयोग हो सकेगा बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता भी आ सकेगी जिससे भ्रष्टाचार पर नियन्त्रण होगा । वस्तुतः सूचना का अधिकार लोकतांत्रिका विकास प्रकिया को समृद्ध और स्वच्छ करने का कारगर हथियार है । यह संवैधानिक कर्त्तव्यों के पालन हेतु महत्त्वपूर्ण निर्देशक तत्त्व है।

1. सूचना के अधिकार का उपयोग करने से क्या लाभ है ?

2. लोकतंत्र किससे मजबूत होता है?

3. सूचना के समुचित उपयोग करने से क्या होगा?

4. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(9)

आधुनिक युग विज्ञान–युग के नाम से जाना जाता है। आज विज्ञान की विजय–पताका धरती से लेकर आकाश तक फहरा रही हे। सर्वत्र विज्ञान की महिमा का प्रचार–प्रसार है। मुनष्य ने विज्ञान के द्वारा प्रकति को जीत लिया है। आज मनुष्य ने विज्ञान के द्वारा विद्युत, वाष्प, गैस, ईश्वर को खोजकर दिग्दिगन्तरों में अपनी विजय–पताका फहराकार सारे संसार में क्रान्किारी परिवर्तन ला दिया है। किन्तु विज्ञान के कारण आधुनिक युग की युयुत्सा ने भी प्रबल रूप धारण कर लिया है। विज्ञान–वेत्ताओं ने जहाँ मनुष्य को अनेक भौतिक सुविधाएँ प्रदान की है वहीं दूसरी ओर उसके लिए विध्वंस के पर्याप्त साधन भी एकत्रित कर दिये है।

1. आधुनिक युग किसके नाम से जाना जाता है ?

2. विज्ञान से मनुष्य को भय क्यों लगने लगा है ?

3. ''आधुनिक'' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइये।

4. 'गद्यांश' का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

10

स्वतन्त्र भारत में विद्यार्थियों के कंधों पर समाज का भारी बोझ है। आज जो विद्यार्थी है, कल वही देश का सुनागरिक और समाज का कर्णधार होगा। आज के समाज में चोरी, रिश्वतखोरी, कपट विश्वासघात, भ्रष्टाचार, गबन, घोटाले आदि असंख्य बुराइयाँ फैली हुई हैं, उन्हें रोकने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में सभी का सहयोग अपेक्षित है। सामाजिक जीवन में व्याप्त दुषित तत्त्वों को निकाल फेंकना भी परमावश्यक है। इसलिए स्वतन्त्र देश के गौरव के अनुकूल ऐसे नागरिकों की आवश्यकता है जो ईमानदार, कर्त्तव्यपरायण और परिश्रमी हों। इस समय हमारे देश का जीवन परिवर्तन के संधि–स्थल पर है। आज के विद्यार्थियों को निरन्तर जागरूक रहकर सामाजिक जीवन के परिवर्तनों और प्रगति में योगदान करना चाहिए।

1. स्वतन्त्र भारत में किसके कंधों पर समाज का भारी बोझ होगा ?
2. हमारे देश को कैसे नागरिकों की आवश्यकता है ?
3. ईमानदार शब्द का विलोम बताइये।
4. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक बताइये।

## पठित गद्यांश

निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये पश्नों के उत्तर लिखिए।

(1)

भक्तिन और मेरे बीच में सेवक–स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है; क्योंकि ऐसा कोई स्वामी नहीं हो सकता, जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटा न सके और ऐसा कोई सेवक भी नहीं सुना गया, जो स्वामी के चले जाने का आदेश पाकर अवज्ञा से हँस दे। भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है, जितना अपने घर में बारी–बारी से आने–जाने वाले अँधेरे–उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिस प्रकार एक अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख–दुःख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए है।

(क) गद्यांश में लेखिका और भक्तिन के बीच किस के संबंध की बात की गई है?

(ख) लेखिका ने किस बात को असंगत माना है?

(ग) प्रकाश और अंधकार का उदाहरण क्यों दिया गया है?

(घ) लेखिका और भक्तिन के संबंधों की क्या विशेषता है?

(2)

पडौस में एक महानुभाव रहते है, जिनको लोग भगत जी कहते हैं। चूरन बेचते हैं। यह काम करते, जाने उन्हें कितने बरस हो गए हैं। लेकिन किसी एक भी दिन चूरन से उन्होंने छः आने से ज्यादा पैसे नहीं कमाए। चूरन उनका आस–पास सरनाम है और खुद खूब लोकप्रिय हैं। कहीं व्यवसाय का गुर पकड़ लेते और उस पर चलते तो आज खुशहाल क्या, मालामाल होते। क्या कुछ उनके पास न होता! इधर दस वर्षों से मैं देख रहा हूँ, उनका चूरन हाथों–हाथ बिक जाता है। पर वह न उसे थोक में देते हैं, न व्यापारियों को बेचते हैं। पेशगी ऑर्डर कोई नहीं लेते। बँधे वक्त पर अपनी चूरन की पेटी लेकर घर से बाहर हुए नहीं कि देखते–देखते छः आने की कमाई उनकी हो जाती है। लोग उनका चूरन लेने को उत्सुक जो रहते हैं। चूरन से भी अधिक शायद वह भगत जी के प्रति अपनी सद्भावना का देय देने को उत्सुक रहते हैं। पर छः आने पूरे हुए नहीं कि भगत जी बाकी चूरन बालकों को मुफ्त में बाँट देते हैं। कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई उन्हें पच्चीसवाँ पैसा भी दे सके। कभी चूरन में लापरवाही नहीं हुई और कभी रोग होता भी मैंने उन्हें नहीं देखा है।

(क) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(ख) चूरन बेचने वाले का स्वभाव कैसा था?

(ग) चूरन शीघ्र बिक जाने का क्या कारण था?

(घ) चूरन खरीदने वालों की उत्सुकता का क्या कारण बताया गया है?

(3)

उछलते–कूदते, एक–दूसरे को धकियात ये लोग गली में किसी दुमहले मकान के सामने रूक जाते, 'पानी दे मैया, इंदर सेना आई है' और जिन घरों में आखिर जेठ या शुरू आषाढ़ के उन सूखे दिनों में पानी की कमी भी होती थी, जिन घरों के कुएँ भी सूखे होते थे, उन घरों से भी सहेजकर रखे हुए पानी में से बाल्टी या घड़े भर–भर कर इन बच्चों को सर से पैर तक तर कर दिया जाता था। ये भीगे बदन मिट्टी में लोट लगाते थे, पानी फेंकने से पैदा हुए कीचड़ में लथपथ हो जाते थे। हाथ, पाँव, बदन, मुँह, पेट सब पर गंदा कीचड़ मलकर फिर हाँक लगाते हैं 'बोल गंगा मैया की जय' और फिर मंडली बाँधकर उछलते–कूदते अगले घर की ओर चल पड़ते बादलों को टेरते, 'काले मेघा पानी दे।'

(क) किसी दुमहले मकान के सामने कौन रूक जाते थे?

(ख) किन–किन महीनों में पानी माँगा जाता था?

(ग) इंदर सेना किसकी जय बोलती थी?

(घ) इंदर सेना पर कैसा पानी डाला जाता था?

(4)

'शेर के बच्चे' का असल नाम था चाँद सिंह। वह अपने गुरू पहलवान बादल सिंह के साथ, पंजाब से पहले–पहल श्यामनगर मेले में आया था। सुंदर जवान, अंग–प्रत्यंग से सुंदरता टपक पड़ती थी। तीन दिनों में ही पंजाबी और पठान पहलवानों के गिरोह के अपनी जोड़ी और उम्र के सभी पट्ठों को पछाड़कर उसने 'शेर के बच्चे' की टायटिल प्राप्त कर ली थी। इसलिए वह दंगल के मैदान में लँगोट लगाकर एक अजीब किलकारी भरकर छोटी दुलकी लगाया करता था। देशी नौजवान पहलवान, उससे लड़ने की कल्पना से भी घबराते थे। अपनी टायटिल को सत्य प्रमाणित करने के लिए ही चाँद सिंह बीच–बीच में दहाड़ता फिरता था।

(क) 'शेर के बच्चे' नाम से प्रसिद्ध पहलवान का नाम क्या था?

(ख) चाँद सिंह के गुरू का क्या नाम था?

(ग) गद्यांश में आए 'देशी पहलवान' से क्या अभिप्राय है?

(घ) 'शेर के बच्चे' की उपाधि उसे कैसे प्राप्त हुई?

(5)

उन सिख बीबी को देखकर सफ़िया हैरान रह गई थी, किस कदर वह उसकी माँ से मिलती थी। वही भारी भरकम जिस्म, छोटी–छोटी चमकदार आँखे, जिनमें नेकी, मुहब्बत और रहमदिली की रोशनी जगमगाया करती थी। चेहरा जैसे कोई खुली हुई किताब। वैसा ही बारीक मलमल का दुपट्टा जैसा उसकी अम्मा मुहर्रम में ओढ़ा करती थीं।

जब सफ़िया ने कई बार उनकी ओर मुहब्बत से देखा, तो उन्होंने भी उसके बारे में घर की बहू से पूछा। उन्हें बताया गया कि वे मुसलमान हैं। कल की सुबह लाहौर जा रही हैं, अपने भाइयों से मिलने, जिन्हें इन्होंने कई साल से नहीं देखा। लाहौर का नाम सुनकर वे उठकर सफ़िया के पास आ बैठी और उसे बताने लगीं कि उनका लाहौर कितना प्यारा शहर है। वहाँ के लोग कैसे खूबसूरत होते हैं, उम्दा खाने और नफ़ीस कपड़ों के शौकीन, सैर–सपाटे के रसिया, जिंदादिली की तस्वीर।

(क) सिख बीबी को देखकर सफिया हैरान क्यों रह गई?

(ख) सफिया के बारे में घर की बहू ने क्या बताया?

(ग) सिख बीबी सफिया के पास आकर क्यों बैठ गई?

(घ) सिख बीबी ने लाहौर की क्या विशेषता बताई?

(6)

शिरीष के वृक्ष बड़े और छायादार होते हैं। पुराने भारत का रईस जिन मंगल–जनक वृक्षों को अपनी वृक्ष–वाटिका की चारदीवारी के पास लगाया करता था, उनमं एक शिरीष भी है। (वृहतसंहिता 55,13) अशोक, अरिष्ट, पुन्नाग और शिरीष के छायादार और घनमसृण हरीतिमा से परिवेष्टित वृक्ष–वाटिका जरूर बड़ी मनोहर दिखती होगी। वात्सायन ने 'कामसूत्र' में बताया है कि वाटिका के सघन छायादार वृक्षों की छाया में ही झूला (प्रेंखा दोला) लगाया जाना चाहिए। यद्यपि पुराने कवि बकुल के पेड़ में ऐसी दोलाओं को लगा देखना चाहते थे, पर शिरीष भी क्या बुरा है। डाल इसकी अपेक्षाकृत कमजोर जरूरी होती है, पर उसमें झूलनेवालियों का वजन भी तो बहुत ज्यादा नहीं होता। कवियों की यही तो बुरी आदत है कि वजन का एकदम ख्याल नहीं करते।

(क) गद्यांश के अनुसार शिरीष के वृक्ष की क्या विशेषता होती है?

(ख) वास्त्यायन के अनुसार, झूला कहाँ लगाना चाहिए?

(ग) लेखक को कवियों की कौन–सी बात बुरी लगती है?

(घ) 'डाल इसकी पेक्षाकृत कमजोर जरूर होती है' पंक्ति में 'इसकी' शब्द किसे लिए प्रयुक्त हुआ है?

(7)

जाति–प्रथा पेशे का दोषपूर्ण पूर्व निर्धारण ही नहीं करती, बल्कि मनुष्य को जीवनभर के लिए एक पेशे से बाँध भी देती है। भले ही पेशा अनुपयुक्त या अपर्याप्त होने के कारण वह भूखा मर जाए। आधुनिक युग में वह स्थिति प्रायः आती है, क्योंकि उद्योग–धंधों की प्रक्रिया व तकनीक में निरंतर विकास और कभी–कभी अकस्मात् परिवर्तन हो जाता है, जिसके कारण मनुष्य को अपना पेशा बदलने की आवश्कयता पड़ सकती है और यदि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मनुष्य को अपना पेश बदलने की स्वतंत्रता न हो, तो इसक लिए भूखा करने के अतिरिक्त क्या चारा रह जाता है? हिंदू धर्म की जाति–प्रथा किसी भी व्यक्ति को ऐसा पेशा चुनने की अनुमति नहीं देती है, जो उसका पैतृक पेशा न

हो, भले ही वह उसमें पारंगत हो। इस प्रकार पेशा परिवर्तन की अनुमति न देकर जाति–प्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख व प्रत्यक्ष कारण बनी हुई है।

(क) गद्यांश के अनुसार जाति–प्रथा में लेखक ने क्या दोष देखा है?

(ख) मनुष्य को अपना पेशा बदलने की आवश्यकता किस कारण पड़ती है?

(ग) पेशा बदलने की स्वतंत्रता के अभाव का क्या परिणाम होता है?

(घ) जाति–प्रथा बेरोजगारी का एक प्रमुख और प्रत्यक्ष कारण कैसे है?

## पठित पद्यांश

(1)

मैं जग–जीवन का भार लिए फिरता हूँ,
फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ,
कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर,
मैं साँसों के दो तार लिए फिरता हूँ।
मैं स्नेह–सुरा का पान किया करता हूँ
मैं कभी न जग का ध्यान किया करता हूँ,
जग पूछ रहा उनको, जो जग की गाते,
मैं अपने मन का गान किया करता हूँ

(क) काव्यांश में कवि किसका भार लिए फिरता है?

(ख) काव्यांश के अनुसार कवि सबको क्या बाँट रहा है?

(ग) कवि अपने जीवन में किस सुरा का पान करता है?

(घ) कवि ने किसका ध्यान नहीं करने की बात की है?

(2)

सबसे तेज बौछारें गई भादो गया
सवेरा हुआ
खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा
शरद आया पुलों को पार करते हुए
अपनी नई चमकीली साइकिल तेज चलाते हुए
घंटी बजाते हुए जोर–जोर से
चमकीले इशारों से बुलाते हुए
पतंग उड़ाने वाले बच्चों के झुण्ड को
चमकीले इशारों से बुलाते हुए और
आकश को इतना मुलायम बनाते हुए
कि पतंग ऊपर उठ सके–

दुनिया की सबसे हल्की और रंगीन चीज उड़ सके
दुनिया का सबसे पतला कागज उड़ सके–
बाँस की सबसे पतली कमान उड़ सके–
कि शुरू हो सके सीटियों, किलकारियों और
तितलियों की इतनी नाजुक दुनिया

(क) कवि के अनुसार तेज बौछारों के साथ ही कौन–सा महीना चला गया है?

2. **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. निर्णय की परिभाषा दीजिए।
2. कार्यक्रमित निर्णय किसे कहते है ?
3. साइमन द्वारा बताए गए निर्णय प्रक्रिया के चरणों के नाम लिखिए।

3. **लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. निर्णय के विभिन्न प्रकार बताइये।
2. निर्णय की विशेषताओं को बताइये।
3. मानवीय विवेक को सीमित करने वाले कोई तीन त्तव बताइये।

3. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. निर्णय प्रक्रिया से सम्बन्धित प्रतिमानों को बताइये।
2. प्रशासनिक व्यवहार के अध्ययन में हर्बट साइमन के योगदान पर लेख लिखिए।

4. **अभ्यास प्रश्न–**

1. अकार्यक्रमित निर्णय किसे कहते है ?
2. निर्णय से सम्बन्धित आर्थिक मानव प्रतिमान के बारे में बताइये।

# इकाई–4

# तुलनात्मक लोकप्रशासन एवं विकास प्रशासन

## अध्याय 9

**सारांश–**

प्रस्तुत पाठ में लोक प्रशासन का तुलनात्मक ढंग से अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। यह एक नवीन अवधारणा है। इस प्रकार के अध्ययन से लोक प्रशासन की अधिक वैज्ञानिक प्रकृति का विकास होगा।

तुलनात्मक लोक प्रशासन के उदय के कारणें में– 1. परम्परागत दृष्टिकोण की अपर्याप्ता 2. शोध हेतु नवीन साधनों की शुरूआत 3. अर्न्तराष्ट्रीय निर्भरता 4. विश्व युद्ध 5. नव स्वतंत्र राष्ट्रों का उदय बताये है। पाठ में तुलनात्मक लोक प्रशासन का अर्थ, परिभाषाएं, उद्देश्य, प्रकृति आदि का वर्णन है।

तुलनात्मक लोक प्रशासन का क्षेत्र 1. वृहदस्तरीय अध्ययन 2. मध्यस्तरीय अध्ययन तथा 3. लघुस्तरीय अध्ययन के बारे में बताया है। तुलनात्मक लोक प्रशासन के महत्व पर भी प्रकाश डाला है।

निष्कर्षतः आज तुलनात्मक लोक प्रशासन का अध्ययन लोक प्रशासन के साथ सफलतापूर्वक सभी देशों में हो रहा है। इसके द्वारा नये उपागमों का भी विकास किया गया है।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

1. तुलनात्मक लोकप्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका किसने निभाई ?

(अ) मेरी पार्कर फोलेट (ब) एल.डी. व्हाइट
(स) वुडरो विल्सन (द) फ्रेड रिग्ज ( )

2. फैरल हैडी ने तुलनात्मक लोकप्रशासन की प्रकृति को कितने भागों में विभक्त किया है ?

(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार ( )

3. तुलनात्मक लोक प्रशासन के उदय का कारण है ?

(अ) द्वितीय विश्वयुद्ध (ब) अंतर्राष्ट्रीय निर्भरता
(स) नव स्वतंत्रत (द)उपर्युक्त सभी ( )

4. ''तुलनात्मक लोकप्रशासन तुलनात्मक आधार पर लोक प्रशासन का अध्ययन है।'' यह किसने कहा है ?

(अ) निमरोद रैफली (ब) फ्रेड रिग्ज
(स) फैरल हैडी (द) लूथर गुलिक ( )

5. तुलनात्मक लोक प्रशासन का सिद्धान्त निर्माण की प्रक्रिया के समान किसने माना है ?

(अ) साइमन (अ) चेस्टर बर्नाड
(स) फैरल हैडी (द) विलोबी ( )

6. फ्रेक रिग्ज ने तुलनात्मक लोकप्रशासन की कितनी प्रवृत्तियां बताई है ?

(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार ( )

7. निम्नलिखित में से कौनसी तुलनात्मक लोक प्रशासन की आलोचना है ?

(अ) स्पष्ट विधि का अभाव
(ब) अनुभव मूलक सिद्धान्तों का विकास नहीं होना
(स) तुलना के स्पष्ट आधारों का अभाव
(द) उपर्युक्त सभी ( )

8. तुलनात्मक लोकप्रशासन पर संकट कब आया ?

(अ)1950 के दशक में (ब) 1960 के दशक में
(स)1970 के दशक में (द) 1980 के दशक में ( )

9. तुलनात्मक लोकप्रशासन हेतु पुनरोत्थान आंदोलन किसके मार्गदर्शन में चलाया गया ?

(अ) फ्रेड रिग्ज (ब) हेनरी फेयोल
(स) फैरल हैडी (द) विलोबी ( )

## 2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. तुलनात्मक लोक प्रशासन में अग्रणी भूमिका किसकी रही?
2. तुलनात्मक लोक प्रशासन का उदय कब हुआ ?
3. इडियोग्राफिक से नोमोथेटिक का अर्थ बताइये।

## 3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. फ्रेड रिग्ज द्वारा बतलाई गई तीन प्रवृत्तियां समझाइये?
2. फैरल हैडी की चार प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए।

## 4. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. तुलनात्मक लोकप्रशासन के क्षेत्र का वर्णन कीजिए।
2. तुलनात्मक लोक प्रशासन के उदय तथा इसका पुनरोत्थानवादी आंदोलन पर लेख लिखिए।

## 5. अभ्यास प्रश्न–

1. लघुस्तरीय अध्ययन को उदाहरण सहित समझाइये।
2. तुलनात्मक लोकप्रशासन पर आए संकट के कारण स्पष्ट कीजिए।

## अध्याय 10

## विकास प्रशासन

**सारांश–**

प्रस्तुत पाठ में विकास प्रशासन का उदभव, विकास, विशेषताएं आदि को समझाया गया है। विकास प्रशासन का अर्थ विकास से सम्बन्धित प्रशासन से लिया जाता है। विकास प्रशासन का उद्भव 1950–60 के दशक में हुआ जिसके विभिन्न कारण रहे है। विकास प्रशासन एडवर्ड डब्ल्यू. वीडनर की देन है। इसकी विभिन्न परिभाषाएं दी गई है। विकास प्रशासन की विभिन्न विशेषताएं निम्न हैः–

1. परिवर्तनशील 2. विकासात्मक प्रकृति 3. प्रजातान्त्रिक मूल्यों से सम्बन्धित 4. आधुनिकीकरण 5. प्रशासनिक कुशलता 6. आर्थिक विकास 7. परिणामोन्मुखी 8. प्रतिबद्धता 9. तात्कालिकता, 10. जनसहभागिता आदि का वर्णन किया गया है।

निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि आधुनिक युग में विकास प्रशासन का अत्यधिक महत्व है। इसके कारण माध्यम बनाया एंव विकास करने हेतु अनेक नई संस्थाओं विभागों एवं नये प्रकार के अधिकारियों–कर्मचारियों को देश में बढ़ाया दिया है।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

1. विकास प्रशासन शब्द का प्रथम बार प्रयोग किसने किया ?
(अ) यू.एल. गोस्वामी (ब) विलियम वुड
(स)फैरल हैडी (द) महात्मा गांधी ( )

2. विकास प्रशासन का जनक किसे कहते है ?
(अ) फैरल हैडी (ब) वीडनर
(स) जॉर्ज गैन्ट (द) फ्रेड रिग्ज ( )

3. विकास प्रशासन की विस्तृत व्याख्या किसने की है ?
(अ) यू.एल. गोस्वामी (ब) फेयोल
(स) फ्रेड रिग्ज (द) वीडनर ( )

4. विकास प्रशासन की विशेषता है ?
(अ) परिवर्तनशील (ब) प्रजातांत्रिक
(स) आधुनिक (द) सभी ( )

5. निम्नलिखित में से कौनसी विकास प्रशासन की विशेषता नहीं है ?
(अ) जन सहभागिता (ब) रचनात्मकता
(स) अर्न्तमुखी (द) प्रतिबद्धता ( )

6. विकास प्रशासन किन–किन देशों में अपनाया जाता है ?

(अ) विकसित (ब) विकासशील

(स) अल्प विकसित (द) सभी ( )

7. पारम्परिक प्रशासन के लक्षण है ?

(अ) यथास्थिति निर्देशित (ब) कठोर

(स) केन्द्रीकृत (द) सभी ( )

8. ब्रिक्स (BRICS) संगठन में कौनसा देश शामिल नहीं है ?

(अ) इण्डोनेशिया (ब) रूस

(स) चीन (द) भारत ( )

2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. भारत में विकास प्रशासन शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया?

2. विकास प्रशासन की कोई दो विशेषताएं बताइये।

3. विकास प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य बताइये।

3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. विकास प्रशासन के उदभव के कारण बताइये।

2. पारम्परिक प्रशासन किसे कहते है ?

4. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. विकास प्रशासन की अवधारणा स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषता का वर्णन कीजिए।

2. विकास प्रशासन का महत्व (उपादेयता) समझाइये।

5. अभ्यास प्रश्न–

1. विकास प्रशासन की उपादेयता समझाइये।

2. विकास का अर्थ समझाइये।

# अध्याय 11

## प्रशासनिक विकास

**सारांश –**

इस अध्याय में सुदृढ़ एवं सक्षम प्रशासन हेतु प्रशासनिक विकास का महत्व बताया गया है। विकास प्रशासन व प्रशासनिक विकास में अंतर बताते हुए अर्न्तसम्बन्धों पर भी प्रकाश डाला है। प्रशासनिक विकास की अवधारणा में दो परस्पर सम्बन्धित अर्थ में प्रशासनिक विकास की आवश्यकता, अर्थ एवं परिभाषा दी है। विकास प्रशासन व प्रशासनिक विकास दोनों में समयानुकूल अन्तर लाना है तथा प्रशासनिक विकास स्वयं विकास प्रशासन का ही एक भाग है।

विकास प्रशासन तथा प्रशासनिक विकास दोनों में घनिष्ठ सम्बन्ध भी है। चूंकि ये दोनों अण्डे और मुर्गी की तरह कार्य और कारण के भाव से जुड़े हैं। यह सिद्धान्त फेड रिग्ज़ ने दिया है। प्रशासनिक विकास के साधनः– 1. प्रशासनिक सुधार, 2. नवाचार 3. पारिस्थितिकी 4. प्रशासनिक विकास की समस्याएँः– (अ) ऐतिहासिक समस्याए (ब) संरचनात्मक एवं संगठनात्मक समस्याएँ, (स) भ्रष्टाचार की समस्याएँ, (द) अनावश्यक राजनीतिक दखलंदाजी।

निष्कर्षतः– विकास प्रशासन व प्रशासनिक विकास एक दूसरे से जुड़े हैं।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. प्रशासनिक विकास की तुलना मुख्यतः किससे की जाती है ?

      (अ) परम्परागत प्रशासन से　　(ब) विकास प्रशासन से
      (स) राज्य प्रशासन से　　(द) राष्ट्रीय प्रशासन से　　(　　)

   2. प्रशासनिक विकास का मुख्य उद्देश्य है ?

      (अ) सामर्थ्य व दक्षता बढ़ाना　　(ब) प्रशासनिक तंत्र का विस्तार
      (स) कार्य क्षेत्र बढ़ाना　　(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं　　(　　)

   3. प्रशासनिक विकास तथा प्रशासन में मुर्गी व अण्डे का सम्बन्ध किसने बनाया है ?

      (अ) फेयोल　　(ब) रिग्ज
      (स) फैरल हैडी　　(द) साइमन　　(　　)

   4. प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन कब हुआ था ?

      (अ) 1960　　(ब) 1966
      (स) 1970　　(द) 1976　　(　　)

   5. निम्नलिखित में कौनसे प्रशासनिक विकास के साधन है ?

      (अ) प्रशासनिक सुधार　　(ब) नवाचार
      (स) वेबसाइट　　(द) उपर्युक्त सभी　　(　　)

6. सरकार के जनता से जुड़ाव के नवीन साधन है ?

(अ) फेसबुक (ब) ट्विटर
(स) वेबसाईट (द) उपर्युक्त सभी ( )

7. संपर्क समाधान पोर्टल माध्यम है ?

(अ) विवाह पंजीकरण (ब) स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े
(स) नागरिक शिकायत निवारण (स) विदेशी पर्यटकों की समस्या का ( )

2. **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. प्रशासनिक विकास का अर्थ समझाइये
2. प्रशासनिक विकास के प्रमुख साधन क्या है ?
3. संपर्क समाधान पोर्टल क्या है ?

3. **लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. प्रशासनिक विकास की आवश्यकता समझाइये।
2. फ्रेड रिग्ज का अण्डा व मुर्गी सम्बन्ध क्या है ?
3.प्रशासनिक विकास की दो समस्याएं लिखिए।

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. प्रशासनिक विकास की प्रमुख समस्याओं को समझाइये।
2. विकास प्रशासन एवं प्रशासनिक विकास के पारम्परिक सम्बन्धों को समझाइये।

5. **अभ्यास प्रश्न–**

1. भीम एप्लीकेशन क्या है ?
2. प्रशासनिक विकास का अर्थ समझाइये।

## इकाई 5

## भारतीय प्रशासन : सामान्य परिचय

## अध्याय 12

## कौटिल्य के प्रशासनिक विचार

सारांश–

प्रस्तुत अध्याय में आचार्य कौटिल्य के व्यक्तिव, जीवन परिचय, रचनाए तथा उनके द्वारा प्रदत्त राज्य की उत्पति के सिद्धान्त, प्रशासनिक व्यवस्था, राजा, मंत्रिपरिषद व अन्य महत्वपूर्ण विचारों पर दृष्टिपात किया है। कौटिल्य अर्थशास्त्र के रचनाकार है, अर्थशास्त्र में 15 अधिकरण, 180 प्रकरण, 150 अध्याय एवं 6000 श्लोक है।

कौटिल्य ने राज्य की उत्पत्ति का सिद्धान्त दिया है जिसमें 'ताकतवर का शासन' तथा राजा के लिए दैवीय सिद्धान्त का समर्थन किया है। राजतंत्र शासन की प्रणाली 'द्विराज्य तथा वैराज्य' भी दी है।

राज्य के सप्तांग सिद्धान्त में – राजा या स्वामी 2. आमात्य या मंत्री, 3. जनपद या प्रादेशिक क्षेत्र, 4. दुर्ग या किला, 5. राजकोष, 6. दण्ड या सेना, 7. मित्र है।

केन्द्रीय प्रशासन की आवश्यकता– मंत्री परिषद का संगठन, मंत्रिगण, आमात्य, अध्यक्ष, अन्य राज्य कर्मचारी

कार्मिक प्रशासन– भर्ती प्रणाली, पदसोपान, पदोन्नति, स्थानान्तरण व अवकाश

वित्त विभाग के संगठन में– समाहर्ता, सन्निधाता, अक्षयपटलाध्यक्ष, कार्णिक का वर्णन है।

भ्रष्टाचार की समस्या व रोकथाम की व्यवस्था की थीं

न्याय व्यवस्था में कानून के चार स्रोत 1. धर्म 2. व्यवहार 3. चरित्र 4. राजशासन बताए हैं।

दण्डनीति व परराष्ट्र नीति एवं सिद्धान्त में मण्डल सिद्धान्त महत्वपूर्ण है।

षड्गुण सिद्धान्त (शाड्गुण सिद्धान्त) 1. सन्धि, 2. विग्रह, 3. आसन 4. यान, 5. संश्रय 6. द्वैधीभाव

कौटिल्य ने राजा को राज्य का सेवक कहा है–

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक–**

   1. कौटिल्यकृत अर्थशास्त्र में कुल कितने अधिकरण है ?

      (अ) 22 (ब) 15<br>
      (स) 10 (द) 8 ( )

   2. राज्य के सप्तांग सिद्धान्त में कौनसी प्रकृति सम्मिलित नहीं है ?

      (अ) दण्ड (ब) जनपद<br>
      (स) मित्र (द) आसन ( )

3. कौटिल्य अर्थशास्त्र में कानून के चार स्रोतों में सर्वाधिक महत्व किसे दिया गया है?

(अ) राजशासन | (ब) चरित्र
(स) व्यवहार | (द) धर्म ( )

4. निम्न में से कौनसी स्थानीय प्रशासन की इकाई नहीं है ?

(अ) द्रोणमुख | (ब) खार्वटक
(स) संग्रहण | (द) कार्णिक ( )

5. कौटिल्य के षड़गुण सिद्धान्त में निम्न में से क्या सम्मिलित है ?

(अ) संधि | (ब) विग्रह
(स) यान | (द) उपरोक्त सभी ( )

6. अर्थशास्त्र में कुल अध्याय है ?

(अ) 140 | (ब) 160
(स) 150 | (द) 100 ( )

7. सप्तांग सिद्धान्त दिया गया है ?

(अ) कौटिल्य द्वारा | (ब) वाल्मीकि द्वारा
(स) द्रोण द्वारा | (द) विभीषण द्वारा ( )

**2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. वैराज्य से आप क्या समझते है ?
2. कौटिल्य अर्थशास्त्र में वर्णित कानून के चार स्रोत बताइये ?
3. षाड्गुण्य सिद्धान्त के कोई दो त्तव बताइये।

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. कौटिल्य के सप्तांग सिद्धान्त के चार अंग बताइये।
2. कौटिल्यकालीन व्यवस्था में भर्ती के लिए कौनसी विधाऐ काम में ली जाती थी ?
3. कौटिल्यकृत अर्थशास्त्र में सुशासन सम्बन्धित कोई तीन निर्धारक त्तव बताइये।

**4. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. कौटिल्यकृत अर्थशास्त्र में वर्णित परराष्ट्र नीति से संबंधित सिद्धान्तों की व्याख्या करें।
2. कौटिल्यकालीन केन्द्रीय प्रशासनिक तंत्र व्यवस्था को समझाइये।

**5. अभ्यास प्रश्न–**

1. विजीगीषु राजा किसे कहा गया है ?
2. सन्निधाता के अधीन कोई विभाग बताइये।

## अध्याय 13

## भारतीय संविधान एवं लोकप्रशासन

**सारांश–**

भारतीय संविधान ने भारतीय प्रशासन तंत्र को व्यापक रूप से प्रभावित किया है। संविधान से ही प्रशासन तंत्र के विभिन्न लक्ष्य निर्धारित है। संविधान द्वारा ही लोकसेवकों की भर्ती, आरक्षण, विधि का शासन, संरक्षण, नियंत्रण आदि की व्यवस्था की जाती है। प्रस्तुत अध्याय इसी विषय पर है। इसमें प्रशासन के 1. लक्ष्यों का निर्धारण 2. प्रशासन का नीति निर्धारण में मार्गदर्शन 3. लोक सेवाओं का संघीय स्वरूप 4. अखिल भारतीय सेवाओं का प्रावधान, 5. प्रशासन का संसदीय व्यवस्था के अनुरूप होना 6. योग्यतानुसार भर्ती 7. आरक्षण प्रावधान 8. विधि का शासन, प्रशासनिक संस्थाओं का संवैधानिक अस्तिव 10. लोक सेवाओं से सम्बन्धित प्रावधान 11. लोक सेवकों का संवैधानिक आरक्षण 12. लोकसेवकों की सेवा शर्तों का निर्धारण 13. प्रशासनिक अधिकरण 14. प्रशासनिक नियंत्रण की विस्तृत व्याख्या की गई है।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

    1. निम्न में से कौनसी अखिल भारतीय सेवा नहीं है ?

       (अ) भारतीय प्रशासनिक सेवा (ब) भारतीय पुलिस सेवा
       (स) भारतीय वन सेवा (द) भारतीय विदेश सेवा ( )

    2. संविधान के किस अनुच्छेद में लोक नियोजन में अवसर की समानता का प्रावधान किया गया है ?

       (अ) अनुच्छेद 16 (ब) अनुच्छेद 18
       (स) अनुच्छेद 17 (द) अनुच्छेद 21 ( )

    3. संघ लोकसेवा आयोग एवं राज्यों के लोक सेवा आयोगों का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है ?

       (अ) अनुच्छेद 323 अ एवं ब (ब) अनुच्छेद 324
       (स) अनुच्छेद 309–311 (द) अनुच्छेद 315–323 ( )

    4. प्रशासकीय अधिकरण की स्थापना का प्रावधान किस संविधान संशोधन द्वारा किया गया है?

       (अ) 42वां संविधान संशोधन (ब) 48वां संविधान संशोधन
       (स) 44वां संविधान संशोधन (द) 52वां संविधान संशोधन ( )

    5. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत उच्चतम न्यायालय को रिट जारी करने का अधिकार प्रदान किया है ?

       (अ) अनुच्छेद 16 (4) (ब) अनुच्देद 226
       (स) अनुच्छेद 32 (द) अनुच्छेद 325 ( )

6. लोक सेवकों को संवैधानिक संरक्षण किस अनुच्छेद द्वारा प्रदान किया गया है ?

(अ) अनुच्छेद 311 (ब) अनुच्छेद 280
(स) अनुच्छेद 323 (द) अनुच्छेद 325 ( )

7. आरक्षण प्रावधान है, अनुच्छेद–

(अ) 21 में (ब) 22 में
(स) 16(4) (अ) कोई नहीं ( )

8. लोक सेवाओं से सम्बन्धित प्रावधान है ?

(अ) अनुच्छेद 315 (ब) अनुच्छेद 309
(स) अनुच्छेद 280 (द) अनुच्छेद 324 ( )

2. **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. प्रशासन के लक्ष्यों का उल्लेख संविधान में कहाँ किया गया है ?
2. चुनाव आयोग का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है ?
3. लोक नियोजन में आरक्षण का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद के तहत किया जाता है ?

3. **लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. कोई दो नीति निर्देशक त्तव बताइये।
2. वर्तमान में कौन–कौनसी अखिल भारतीय सेवाएं है।

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. भारतीय संविधान प्रशासन तंत्र के संगठन, लक्ष्य एवं स्वरूप का निर्धारण करता है। उक्त कथन का विवेचन कीजिए।
2. लोक सेवाओं की स्थापना तथा लोक सेवाओं के संरक्षण, नियमन एवं नियंत्रण से सम्बन्धित संवैधानिक प्रावधानों को बताइये।

5. **अभ्यास प्रश्न–**

1. प्रसाद का सिद्धान्त क्या है ?
2. संसदीय प्रणाली का प्रमुख लक्षण क्या है ?

## अध्याय 14

## भारतीय संविधान तंत्र की विशेषताएं

**सारांश–**

प्रस्तुत अध्याय में भारतीय प्रशासन तंत्र की विशेषताओं को समझाया गया है। ब्रिटिश शासन से प्राप्त भारतीय प्रशासन संबंधी प्रावधान, संवैधानिक परिप्रेक्ष्य, संसदीय शासन प्रणाली भर्ती, आजीवक प्रणाली इत्यादि का वर्णन इस अध्याय में किया गया है।

इसमें वर्तमान भारतीय प्रशासन तंत्र की विशेषताओं के बिन्दुओं का वर्णन निम्नानुसार हैः–

1. वर्तमान भारतीय प्रशासन ब्रिटिश विरासत का परिणाम है।
2. प्रशासन का संवैधानिक परिप्रेक्ष्य
3. प्रशासन तंत्र का संघात्मक स्वरूप
4. संसदीय शासन प्रणाली से प्रभावित
5. स्वतंत्र न्यायपालिका द्वारा नियंत्रित
6. स्टील फ्रेम (कठोरता) से एल्युमिनियम फ्रेम (लोचशीलता) की ओर उन्मुखता
7. सामान्यज्ञ प्रधान प्रशासन तंत्र
8. लोक सेवकों की योग्यतानुसार भर्ती
9. लोक सेवाओं में आरक्षण सम्बन्धी प्रावधान
10. लोक सेवाएं लोक सेवकों हेतु आजीवक प्रणाली
11. लोक सेवकों की राजनीति गतिविधियों पर रोक
12. पारदर्शिता एवं जवाबदेयता की ओर बढ़ता प्रशासन
13. नियामकीय संस्थाओं की बढ़ती संख्या।
14. प्रशासनिक न्यायाधिकरणों का गठन।
15. प्रशासन का कल्याणकारी स्वरूप।
16. भारतीय प्रशासन की ई–गवर्नेंस की ओर उन्मुखता।

**प्रश्न**

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

   1. टेन्योर प्रणाली की शुरूआत कब की गई ?

      (अ) 1905 (ब) 1909
      (स) 1915 (द) 1907 (  )

   2. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना किस अधिनियम द्वारा की गई ?

      (अ) भारत शासन अधिनियम, 1919 (ब) भारत परिषद् अधिनियम, 1909
      (स) भारत शासन अधिनियम, 1935 (द) भारत स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 (  )

3. संविधान के किस अनुच्छेद में वित्त आयोग की स्थापना का प्रावधान किया गया है ?

(अ) अनुच्छेद 148 (ब) अनुच्छेद 280
(स) अनुच्छेद 315 (द) अनुच्छेद 324 ( )

4. संविधान के किस अनुच्छेद में प्रशासकीय न्यायाधीकरण की स्थापना का प्रावधान किया गया है ?

(अ) अनुच्छेद 320 (ब) अनुच्छेद 323 (A)
(स) अनुच्छेद 324 (द) अनुच्छेद 345 ( )

5. भारत में लोकसेवकों को कौनसा राजनीतिक अधिकार प्राप्त है ?

(अ) वे पद पर रहते हुए चुनाव लड़ सकते है।
(ब) राजनीतिक दलों के लिए चन्दा एकत्रित कर सकते है।
(स) स्वतंत्र रूप से मतदान कर सकते है।
(द) राजनीतिक दलों की सदस्यता ग्रहण कर सकते है। ( )

6. भारतीय प्रशासन की वर्तमान प्रशासन इकाईयां एवं महत्वपूर्ण पद किसके परिणाम है ?

(अ) मुगल विरासत (ब) सल्तनत काल
(स) ब्रिटिश काल (द) उपरोक्त में से कोई नहीं ( )

7. भारत में लोकसेवकों के लिए योग्यता आधारित भर्ती प्रणाली किसकी देन है ?

(अ) मैकाले समिति (ब) इरविन समिति
(स) वायसराय समिति (द) कोई नहीं ( )

2. **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. पोर्टफोलियो प्रणाली की शुरूआत कब की गई ?
2. सामान्यज्ञ लोकसेवक से आप क्या समझते है ?
3. किन्हीं दो नियामकीय संस्थाओं के नाम लिखिए।

3. **लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. प्रशासन के 'संघात्मक स्वरूप'से आप क्या समझते है ?
2. भारतीय प्रशासन की 'स्टील फ्रेम संरचना' से आप क्या समझते है?

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. भारतीय प्रशासन तंत्र की विशेषताओं पर एक निबन्ध लिखिए।
2. भारतीय प्रशासन की ब्रिटिश विरासतों पर एक लेख लिखिए।

5. **अभ्यास प्रश्न–**

1. अखिल भारतीय सेवाएं कौन–कौनसी है?
2. प्रशासकीय न्यायाधिकरण का कार्य बताइये।

## इकाई–6

## अध्याय–15

## नीति निरूपण एवं नियोजन

**सारांश–**

योजना एवं नियोजन दोनों पर्याय है। निर्धारित उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सोच समझकर सर्वोत्तम मार्ग का चयन करना ही नियोजन है। भारत में आजादी के पश्चात योजना आयोग द्वारा प्राप्त उद्देश्यों का मूल्यांकन कर भावी कार्यों के लिए आधार की रूपरेखा का कार्य किया जाता था। वर्तमान में नीति आयोग इस कार्य हेतु नियुक्त है। तथा वर्तमान में नियोजन की आवश्यकता, भारत में नियोजन, इस हेतु योजना आयोग के कार्य और भूमिका का विस्तृत वर्णन इस अध्याय में किया गया है।

भारत में योजनाएं–

प्रथम योजना– 1951–56, दूसरी योजना 1956–61, तीसरी योजना 1961–66, चौथी योजना 1969–74, पंचम योजना 1974–79, छठी योजना 1980–85, सप्तम योजना 1985–89, 1989–91 तीन एक–एक वर्षीय योजनाएं, आठवी योजना 1992–97, नौवी योजना 1997–2002, दसवीं योजना 2002–2007, ग्यारहवीं योजना 2007–12, बारहवी योजना 2012–17

कुछ कारणों से नई संस्था की आवश्यकता थी अतः 1 जनवरी 2015 को नीति आयोग का गठन किया गया है। जिसका संगठन भी योजना आयोग से ही मिलता–जुलता है। भारत के प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष है। सभी राज्यों के मुख्यमंत्री व केन्द्रशासित प्रदेशों के (जहां विधानसभा है वहां मुख्यमंत्री) उपराज्यपाल इसके सदस्य होगे। एक उपाध्यक्ष पूर्णकालिक होगा। अंशकालिक सदस्यों की नियुक्तियाँ की जाएगी। पदेन सदस्यों में केन्द्रीय परिवहन मंत्री, सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्री होगे। मुख्यकार्यकारी अधिकारी के पद पर सचिव स्तर के अधिकारी को निश्चित कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाता है।

**प्रश्न**

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

   1. भारत में विकास हेतु किस  पर जोर दिया गया है ?

      (अ) नियोजन  (ब) सलाह  
      (स) क्रांति  (द) सामग्री  (   )

   2. निम्नलिखित में से नियोजन पर किसने बल दिया है ?

      (अ) सेकलर–हडसन  (ब) कौटिल्य  
      (स) हेनरी फेयोल  (द) सभी  (   )

   3. नियोजन के माध्यम से एक देश में कौन–कौनसे परिवर्तन आ सकते है ?

      (अ) आर्थिक स्थिरता  (ब) असमानता में कमी  
      (स) क्षेत्रीय विकास  (द) सभी  (   )

4. भारत में योजनाआयोग की स्थापना की गई थी ?

(अ) 15 मार्च 1949 (ब) 15 मार्च, 1950
(स) 15 मार्च 1951 (द) 15 मार्च 1952 ( )

5. भारत में नीति आयोग की स्थापना की गई ?

(अ) 1 जनवरी 2010 (ब) 1 जनवरी 2012
(स) 1 जनवरी 2015 (द) 1 जनवरी 2016 ( )

6. नीति आयोग का अध्यक्ष कौन होता है ?

(अ) मुख्यमंत्री (ब) राज्यपाल
(स) प्रधानमंत्री (द) राष्ट्रपति ( )

7. नियोजन का अर्थ है ?

(अ) पूर्व दृष्टि (ब) दूर दृष्टि
(स) पूर्व तैयारी (द) उपर्युक्त सभी ( )

8. ''प्लान्ड इकॉनॉमी फॉर इण्डिया'' पुस्तक के लेखक है ?

(अ) एम. विश्वेश्वरैया (ब) जवाहर लाल नेहरू
(स) श्रीमती इन्दिरा गांधी (द) के.सी. नियोगी ( )

9. योजना आयोग के अध्यक्ष होते थे ?

(अ) प्रधानमंत्री (ब) राष्ट्रपति
(स) गृहमंत्री (द) राज्यपाल ( )

10. योजना आयोग की स्थापना किसके द्वारा की गई ?

(अ) राष्ट्रपति (ब) संसद
(स) मंत्रिमण्डल (द) राज्यसभा ( )

**2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. नियोजन से आप क्या समझते है ?
2. योजना आयोग का मुख्य कार्य क्या था ?

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. योजना आयोग की कोई तीन उपलब्धियां बताइये।

**4. निबन्धात्मक प्रश्न**

1. नीति आयोग की संरचना पर लेख लिखिए।
2. योजना आयोग की संगठन तथा कार्यों का वर्णन कीजिए।

**5. अभ्यास प्रश्न–**

1. योजना आयोग के प्रमुख तीन कार्य लिखिए।

## अध्याय 16

## राष्ट्रीय विकास परिषद

**सारांश–**

राष्ट्रीय विकास परिषद योजना आयोग की सिफारिशों की देन है। यह योजना को कार्यरूप देने में राज्यों का सहयोग प्राप्त करने, समान आर्थिक नीतियों को बढ़ावा देने व देश के सभी भागों में त्वरित एवं संतुलित विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्मित की गई है। इसमें प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल के मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री तथा योजना आयोग के सदस्य सम्मिलित होते है। वर्तमान में नीति आयोग के सदस्य उक्त कार्य को करेंगे।

उद्देश्य :

1. राष्ट्रीय योजना को कार्यरूप देने में राज्यों का सहयोग प्राप्त करना है।
2. योजना/योजनाओं के समर्थन में राष्ट्र के प्रयासों और संसाधनों को सुदृढ़ता और गतिशीलता प्रदान करना।
3. सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समान आर्थिक नीतियों को बढ़ावा देना।
4. देश के सभी भागों में त्वरित एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करना।

राष्ट्रीय विकास परिषद के कार्य व कार्य प्रक्रिया तथा व्यावहारिक अनुभव आदि का वर्णन किया गया है। मूल्यांकन के अनुसार देश के सर्वांगीण विकास हेतु केन्द्र एवं राज्यों के मध्य योजक कड़ी के रूप में राष्ट्रीय विकास परिषद कार्य कर रही है।

**प्रश्न**

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

 1. नियोजन का अर्थ है ?

 (अ) पूर्व दृष्टि (ब) दूर दृष्टि
 (स) पूर्व तैयारी (द) उपर्युक्त सभी ( )

 2. ''प्लैण्ड इकॉनोमी फॉर इण्डिया'' पुस्तक के लेखक है ?

 (अ) एम. विश्वश्वरैया (ब) जवाहर लाल नेहरू
 (स) श्रीमती इन्दिरा गांधी (द) के.सी. नियोगी ( )

 3. राष्ट्रीय विकास परिषद का गठन कब किया गया ?

 (अ) 1947 (ब) 1949
 (स) 1950 (द) 1952 ( )

 4. राष्ट्रीय विकास परिषद का अध्यक्ष होता है ?

 (अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री
 (स) योजना आयोग का उपाध्यक्ष (द) वित्तमंत्री ( )

5. योजना आयोग का कार्य है ?

(अ) योजना में प्राथमिकताओं का निर्धारण।
(ब) आर्थिक विकास का नियोजन।
(स) उपलब्ध प्राकृतिक साधनों का आकलन।
(द) उपर्युक्त सभी ( )

6. राष्ट्रीय विकास परिषद का सचिव होता है ?

(अ) कैबिनेट सचिव (ब) योजना आयोग का सचिव
(स) वित्त सचिव (द) मुख्य सचिव ( )

7. भारत में योजना आयोग एवं राष्ट्रीय विकास परिषद किस प्रकार की संस्थाएं है ?

(अ) प्रशासनिक संस्थाएं (ब) परामर्शदात्री संस्था
(स) संवैधानिक संस्था (द) इनमें से कोई नहीं ( )

8. किस वर्ष से मंत्रिमण्डल स्तर के सभी मंत्री राष्ट्रीय विकास परिषद के सदस्य बने ?

(अ) 1957 (ब) 1967
(स) 1977 (द) 1987 ( )

9. निम्नलिखित में से कौनसा राष्ट्रीय विकास परिषद का कार्य नहीं है ?

(अ) योजना तैयारी हेतु मार्ग–निर्देश निर्धारित करना।
(ब) राष्ट्रीय योजना पर विचार करना।
(स) योजना की समय–समय पर समीक्षा करना।
(द) योजना को क्रियान्वित करना। ( )

10. भविष्य में राष्ट्रीय विकास परिषद का विलय निम्नलिखित में से किस संस्था में किया जा सकता है ?

(अ) वित्त आयोग (ब) मंत्रिमण्डल
(स) नीति आयोग (द) संसद ( )

**2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. राष्ट्रीय विकास परिषद का अध्यक्ष कौन होता है?
2. राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना का सुझाव किसने दिया ?

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना के तीन उद्देश्य बताइये।

**4. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. राष्ट्रीय विकास परिषद के संगठन एवं उद्देश्यों कीजिए।
2. राष्ट्रीय विकास परिषद की कार्य–प्रक्रिया एवं व्यावहारिक अनुभवों पर लेख लिखिए।

**5. अभ्यास प्रश्न–**

1. सुपर कैबिनेट से क्या अभिप्राय है?
2. नियोजन के प्रमुख उद्देश्य क्या है ?

# अध्याय–17

## नियोजन विभाग एवं योजना मण्डल

**सारांश–**

प्रस्तुत पाठ में भारत में विकास की समस्याओं की जटिल प्रकृति के कारण नियोजन की आवश्यकता पर चर्चा की गई है। क्या किया जाना चाहिए? और यह कैसे किया जाए? यह सुनिश्चित करना ही नियोजन है। इस पाठ में नियोजन विभाग, योजना मण्डल, राज्य योजना मण्डल का वर्णन है।

भारत में राज्य स्तर पर योजना की प्रमुख संस्था योजना विभाग है। योजना आयोग ने वर्ष 1972 में विभागों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लए राज्यों को इकाइयां बनाने का सुझाव दिया। फलस्वरूप प्रत्येक राज्य के सचिवालय में एक योजना (नियोजन) विभाग होता है जिसकी अध्यक्षता या तो सचिव अथवा अन्य नामकरण का व्यक्ति यथा विकास–आयुक्त करता है।

राजस्थान में अकाल, निर्धनता, बेरोजगारी, निम्न जीवन स्तर, सामाजिक–आर्थिक असंतुलन के कारण योजना (नियोजन) विभाग की स्थापना की गई है। जुलाई 1953 में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नियोजन विभाग की स्थापना की गई।

नियोजन विभाग के कार्य– 1. वार्षिक एवं पंचवर्षीय योजनाओं का निर्माण 2. दीर्घकालीन योजना 3. सामुदायिक विकास कार्यक्रमों  का निर्देशन 4. योजना हेतु वित्तीय संसाधनों का प्रबन्ध करना 5. समन्वय सम्बन्धी कार्य 6. मूल्यांकन सम्बन्धि कार्य

योजना मण्डल – योजना आयोग के परामर्श (1962) के आधार पर प्रत्येक राज्य में योजना मण्डल की स्थापित किये गये है। 1973 में राजस्थान में भी योजना आयोग मण्डल की स्थापना की गई है।

### प्रश्न

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

   1. राजस्थान में नियोजन विभाग की स्थापना कब हुई ?

      (अ) 1953 (ब) 1973
      (स) 1950 (द) 1952 (  )

   2. राज्य नियोजन विभाग की स्थापना किसकी अध्यक्षता में की गई ?

      (अ) राज्यपाल (ब) प्रधानमंत्री
      (स) मुख्यमंत्री (द) मुख्य सचिव (  )

   3. राज्य नियोजन विभाग का कार्य है ?

      (अ) वार्षिक योजनाओं का निर्माण।
      (ब) पंचवर्षीय योजनाओं का निर्माण।
      (स) योजना हेतु वित्तीय संसाधनों का प्रबन्धन ।
      (द) उपर्युक्त सभी (  )

4. राज्य नियोजन विभाग से संलग्न अभिकरण है ?

(अ) आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय।
(ब) मूल्यांकन संगठन ।
(स) जनशक्ति एवं गजेटियर्स निदेशालय ।
(द) उपर्युक्त सभी। ( )

5. राज्य नियोजन विभाग के क्रिया–कलापों का संचालन किसके द्वारा किया जाता है?

(अ) आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय (ब) मूल्यांकन संगठन
(स) जनशक्ति एवं गजेटियर्स निदेशालय (द) उपर्युक्त सभी ( )

6. राजस्थान में आयोजना मण्डल की स्थापना कब हुई ?

(अ) 6 फरवरी 1973 (ब) 15 जुलाई 1953
(स) 15 मार्च 1950 (द) 6 अगस्त1952 ( )

7. राजस्थान में योजना मण्डल एक–

(अ) आदेशात्मक निकाय है। (ब) परामर्शदात्री निकाय है।
(स) परामर्शदात्री निकाय नहीं है। (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

8. प्रशासनिक सुधार आयोग ने राज्य योजना मण्डलों की स्थापना का सुझाव दिया था ?

(अ) 1963 (ब) 1967
(स) 1988 (द) 1997 ( )

9. राजस्थान की प्रशासनिक सुधार समिति ने राज्य योजना मण्डल का नाम सुझाया था ?

(अ) राज्य योजना मण्डल (ब) मूल्यांकन आयोग
(स) राज्य योजना तथा विकास आयोग (ड़) उपर्युक्त सभी ( )

2. **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. राजस्थान में योजना विभाग की स्थापना सर्वप्रथम कब की गई थी ?
2. सामान्यतः योजना विभाग का अध्यक्ष कौन होता है?
3. राज्य की योजनाएं किसकी देखरेख में तैयार की जाती है?

3. **लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. योजना विभाग के प्रमुख चार कार्यो का वर्णन कीजिए।

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. राज्य योजना मण्डल के संगठन एवं कार्यों का वर्णन कीजिए।
2. नियोजन को समझाते हुए राजस्थान में नियोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।

5. **अभ्यास प्रश्न–**

1. राज्य योजना मण्डल का अध्यक्ष कौन होता है ?
2. योजना विभाग के दो प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।

## अध्याय–18

## जिला आयोजना समिति

**सारांश–**

प्रस्तुत पाठ में जिला स्तरीय नियोजन के बारे में वर्णन है। नियोजन प्रक्रिया में जिला अंतिम एवं महत्वपूर्ण इकाई है। अतः जिला स्तर पर जिला नियोजन समितिया ंतो गठित हो गयी लेकिन अभी ये सशक्त ढंग से कार्य नहीं कर पा रही है जो लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के लक्ष्य में बाधक है। साथ में जिला नियोजन की प्रकृति, उद्देश्य, जिला नियोजन का क्षेत्र का वर्णन है।

जिला आयोजना समिति– यह ब्रिटिश शासनकाल में (1934) में एम. विश्वैश्वरैया ने अपनी पुस्तक "प्लाण्ड इकॉनोमी फॉर इंडिया" द्वारा प्रदर्शित हुई।

स्वतन्त्रता पश्चात द्वितीय पंचवर्षीय योजना में इस पर अमल शुरू हुआ। जिसमें जिला आयोजना समितियों के गठन का प्रस्ताव, राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 121 के अन्तर्गत किया गया है। प्रत्येक जिले में एक जिला आयोजना समिति होगी, जिसमें कुल 25 सदस्य हांगे। इसका अध्यक्ष जिला प्रमुख होगा निर्वाचित सदस्य, 20 पदेन सदस्य (03) मनोनीत सदस्य (02) व सदस्य सचिव सचिवालय होगा।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

1. जिला आयोजना समिति का अध्यक्ष कौन होता है ?
   (अ) जिला प्रमुख (ब) जिला कलेक्टर
   (स) मुख्य कार्यकारी अधिकारी (द) एस.डी.एम. ( )
2. आजकल नीति आयोग किस विचार पर जोर दे रहा है ?
   (अ) योजना प्रक्रिया के केन्द्रीयकरण। (ब) योजना प्रक्रिया के विकेन्द्रीकरण।
   (स) योजना प्रक्रिया को निरस्त करने। (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं। ( )
3. आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में किस प्रणाली को अपनाया गया है ?
   (अ) संघीय आर्थिक प्रणाली (ब) राज्य स्तरीय आर्थिक प्रणाली
   (स) जिला स्तरीय आर्थिक प्रणाली (द) सार्वजनिक आर्थिक प्रणाली ( )
4. जिला नियोजन का उद्देश्य नहीं है ?
   (अ) जिले के उद्योगपतियों को प्रोत्साहन देना।
   (ब) क्षेत्रीय विषमताओं को समाप्त करना
   (स) विभिन्न विकास कार्यों में समन्वय स्थापित करना ।
   (द) जिले की समताओं की पहचान करना। ( )

5. विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु योजना आयोग द्वारा मार्गदर्शक सिद्धान्त कब प्रसारित किये गये–

(अ) 1969 (ब) 1972

(स) 1976 (द) 1980 ( )

6. राजस्थान के कितने जिलों में जिला आयोजन समितियों का गठन किया जा चुका है ?

(अ) 33 (ब) 30

(स)25 (द) 28 ( )

7. जिला आयोजना समिति है ?

(अ) संसदीय संस्था (ब) संवैधानिक संस्था

(स) गैर–संवैधानिक संस्था (द) कोई नहीं ( )

## 2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. जिला आयोजना प्रकोष्ठ कब गठित किया गया ?
2. जिला आयोजना समितियों का गठन संविधान के किस अनुच्छेद के तहत किया जाता है?
3. जिला नियोजन की प्रकृति समझाइये।

## 3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. जिला नियोजन की प्रकृति की कोई तीन विशेषताएं बताइये।
2. जिला आयोजना समिति को प्रभावशाली बनाने हेतु तीन सुझाव बताइये।

## 4. निबंधात्मक प्रश्न–

1. जिला आयोजना समिति की शक्तियां एवं कार्यों का वर्णन कीजिए।
2. जिला आयोजन समिति की प्रमुख समस्याएं कौन–कौनसी है ?

## 5. अभ्यास प्रश्न–

1. पंचायतीराज का मूल्यांकन करने हेतु मेहता समिति का गठन कब किया गया ?
2. जिला नियोजन का क्षेत्र समझाइये।

## इकाई 7

## वित्तीय प्रशासन

## अध्याय–19

## बजट की अवधारणा

**सारांश –**

प्रस्तुत पाठ बजट (वित्त) की महत्ता को परिभाषित करता है। यह संगठन में (मानव शरीर के) रक्त की भांति अत्यावश्यक त्तव है। बजट का उद्देश्य, महत्व, सिद्धान्त, बजट के प्रकार आदि का अवलोकन प्रस्तुत अध्याय में किया जा सकता है। बजट, बजट की परिभाषाएं व उद्देश्यों के अध्ययन से यह स्पष्ट है कि यह एक महत्वपूर्ण अवधारणा है। बजट के सिद्धान्त– बजट संतुलित हो : बजटिंग सकल हो, शुद्ध नहीं, अनुमान ठोस होने चाहिएः कालातीत का नियम, राजस्व एवं पूँजी भाग अलग–अलग हो, व बजट के अन्य सिद्धान्त (1) प्रचार (2) स्पष्टता, (3) व्यापकता (4) एकता (5) नियतकालिकता (6) परिशुद्धता (7) सच्चरित्रता

बजट के प्रकार– मद क्रम बजट निर्माण, निष्पादन बजटिंग, कार्यक्रम बजटिंग, शून्य आधारित बजटिंग, परिणामोंन्मुखी बजट, लैगिक बजट इनके अतिरिक्त 1. व्यवस्थापिक बजट 2. कार्यपालिका बजट 3. मण्डल या आयोग प्रणाली का बजट आदि।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

1. लैंगिक बजट का सम्बन्ध किससे है ?

(अ) महिला एवं शिशु कल्याण (ब) सैनिक कल्याण
(स) सहकारिता का विकास (द) वृद्धजनों का कल्याण ( )

2. भारत में परिणामोन्मुखी बजट सर्वप्रथम कब आया ?

(अ) 2004 (ब) 2005
(स) 2006 (द) 2007 ( )

3. भारत में वित्तीय वर्ष कब से कब तक माना जाता है ?

(अ) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर (ब) 1 मार्च से 30 अप्रेल
(स) 1 अप्रेल से 31 मार्च (द) 15 अगस्त से 14 अगस्त ( )

4. 'बजट' शब्द 'बोजते'(Bougette) शब्द से बना है यह शब्द किस भाषा से संबंधित है ?

(अ) फ्रेंच (ब) इंग्लिश
(स) लैटिन (द) स्पैनिश ( )

5. बजट शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस सन् में किया गया ?

(अ) 1768 (ब) 1773
(स) 1947 (द) 1980 ( )

6. संक्षेप में बजट से तात्पर्य है ?

(अ) आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सरकारी खर्चों और विनियोगों का अनुमान।
(ब) आगामी वित्तीय वर्ष की सरकारी आय का अनुमान।
(स) सरकारी कोष में मौजूदा स्थिति का उल्लेख ।
(द) उपर्युक्त सभी ( )

7. ''बजट एक निश्चित अवधि के लिए सरकार की वित्तीय योजना है।'' यह मत है।

(अ) रेने स्टार्म (ब) विलोबी
(स) टेलर (द) मुनरो ( )

8. बजट का निर्माण प्रायः सभी देशों में किया जाता है ?

(अ) 5 वर्ष के लिए (ब) 2 वर्ष के लिए
(स) 3 वर्ष के लिए (द) 1 वर्ष के लिए ( )

**2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. प्रशासनिक दृष्टि से समस्त प्रशासन का जीवन रक्त किसे कहा गया है ?
2. फ्रेंच भाषा के शब्द 'बोजते' (Bougette) से क्या अभिप्राय है?
3. सामान्यतः लोक प्रशासन में बजट के कितने प्रकारों का उल्लेख मिलता है ?

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. 'बजट' शब्द की उत्पति कैसे हुई ?
2. लैंगिक बजट से क्या तात्पर्य है ?

**4. निबन्धात्मक प्रश्न –**

1. बजट के विभिन्न प्रकार कौन–कौनसे है ?
2. बजट के विभिन्न सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए।

**5. अभ्यास प्रश्न–**

1. निष्पादन बजटिंग के प्रमुख उद्देश्य बताइये ।
2. वित्तीय प्रशासन का प्रमुख उपकरण कौनसा है ?

## अध्याय–20

## भारत में बजट

**सारांश–**

प्रस्तुत अध्याय बजट की प्रक्रिया का वर्णन करता है। इसमें बजट का इतिहास, सरकारी खाते, बजट के घटक, निर्माता अभिकरण, प्रक्रियाएं आदि का विस्तृत वर्णन है। भारत में बजट का इतिहास– ब्रिटिशकाल में 18 फरवरी 1860 से हुई। स्वतन्त्रता पश्चात भी इसे जारी रखा गया है। भारत में तीन सरकारी खाते रखे गये है। 1. भारत की संचित निधि 2. आकस्मिक निधि 3. सार्वजनिक खाता।

भारतीय बजट के घटक– 1. राजस्व बजट, 2. पूॅंजी बजट भारत में बजट निर्माण अभिकरण – (1) वित्त मंत्रालय (2) प्रशासनिक मंत्रालय (3) नीति आयोग (4) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

बजट निर्माण की अवस्थाएँ– 1. आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा अनुमानों की तैयारी 2. विभागों तथा मंत्रियों द्वारा संवीक्षा एवं समेकन 3. वित्त मंत्रालय द्वारा संवीक्षा 4. विवादों का निपटारा 5. वित्त मंत्रालय द्वारा समेकन 6. मंत्रिमण्डल द्वरा अनुमोदन

बजट अधिनियमन– 1. बजट प्रस्तुतिकरण 2. बजट पर आम बहस 3. अनुदान मांगों पर बहस 4. विनियोजन विधेयक पारित करना 5. वित्त विधेयक पारित करना।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न –**

1. भारत में बजट प्रक्रिया संविधान के किस अनुच्छेद में दी गई है ?
   (अ) अनुच्छेद 2 से 7 (ब) अनुच्छेद 112 से117
   (स) अनुच्छेद 212 से 217 (द) अनुच्छेद 312 से 317 ( )
2. भारत में सर्वप्रथम बजट कब प्रस्तुत किया गया ?
   (अ) 1860 (ब) 1870
   (स) 1890 (द) 1900 ( )
3. भारत सरकार की प्राप्तियों तथा भुगतान को किस में दर्शाया जाता है ?
   (अ) संचित निधि (ब) आकस्मिक निधि
   (स) सार्वजनिक खाता (द) उपर्युक्त सभी ( )
4. भारतीय बजट के घटक है ?
   (अ) राजस्व बजट (ब) पूँजी बजट
   (स) अनुदान हेतु माँग (द) उपर्युक्त सभी ( )
5. भारत में बजट का निर्माण कौन करता है ?
   (अ) गृह मंत्रालय (ब) रक्षा मंत्रालय
   (स) वित्त मंत्रालय (द) कृषि मंत्रालय ( )

6. बजट अधिनियम का अर्थ है ?

(अ) बजट को पारित करना (ब) बजट का निर्माण करना

(स) बजट का क्रियान्वयन करना (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

7. भारत में वित्तीय वर्ष कब से कब तक माना जाता है ?

(अ) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक (ब) 1 मार्च से 30 अप्रैल तक

(स) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक (द) 15 अगस्त से 14 अगस्त तक ( )

8. स्वतंत्र भारत का प्रथम केन्द्रीय बजट कब पेश किया गया ?

(अ) 15 अगस्त, 1947 (ब) 26 नवम्बर, 1947

(स) 26 जनवरी, 1947 (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

**2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. भारत में बजट किस अनुच्छेद के तहत प्रस्तुत किया जाता है ?
2. वित्त मंत्री बजट कहाँ प्रस्तुत करते है ?
3. सार्वजनिक खाता किसे कहते है ?

**3. लघुतरात्मक प्रश्न–**

1. भारत में बजट का इतिहास बताइये।
2. भारत में बजट निर्माणकारी अभिकरणों का उल्लेख कीजिए।

**4. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. भारत में बजट निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन कीजिए।
2. भारत में बजट के अधिनियम (पारित) पर एक लेख लिखिए।

**5. अभ्यास प्रश्न–**

1. भारत में कितने मंत्रालय बजट प्रस्तुत करते है ?
2. प्रभारित व्यय की सूची लिखिए (2 बिन्दु)

## अध्याय–21

## वित्तीय नियंत्रण

### सारांश

प्रत्येक प्रकार की शासन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन हेतु वित्तीय नियंत्रण आवश्यक है। प्रस्तुत अध्याय में वित्तीय नियंत्रण को परिभाषित किया है। वित्तीय नियंत्रण हेतु निर्मित विभिन्न मंत्रलाय, संस्थाओं व समितियों का विस्तृत वर्णन इस अध्याय में किया गया है।

1. वित्त मंत्रालय द्वारा वित्तीय नियंत्रण
2. वित्त पर विधायी नियंत्रण 1. प्रश्न काल 2. कार्य स्थगन वाद–विवाद
3. अधिनियम के संशोधन तथा अधिनियमन पर वाद–विवाद
4. बजट परिचर्चा
5. राष्ट्रपति का अभिभाषण

संसदीय समितियों द्वारा वित्तीय नियंत्रणः– 1. लोक लेखा समिति 2. अनुमान समिति 3. सार्वजनिक उपक्रम समिति 4. लेखांकन

भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

1. **चयनात्मक प्रश्न–**

1. भारत में विमुद्रीकरण (नोटबंदी) किस तिथि से लागू किया गया ?
   (अ) 9 मार्च, 2016 (ब) 9 जुलाई, 2016
   (स) 9 नवम्बर, 2016 (द) 9 जनवरी, 2016 ( )
2. भारत में वित्तीय नियंत्रण के साधन है ?
   (अ) वित्त मंत्रालय (ब) संसदीय समितियां
   (स) लेखांकन (द) उपर्युक्त सभी ( )
3. भारत में वित्तीय वर्ष कब से कब तक माना जाता है?
   (अ) 1 जनवरी से 30 अप्रैल तक (ब) 1 मार्च से 30 अप्रैल तक
   (स) 1 अप्रैल से31 मार्च तक (द) 15 अगस्त से 14 अगस्त तक ( )
4. बजट शब्द किस भाषा से संबंधित है ?
   (अ) फ्रेंच (ब) इंग्लिश
   (स) लैटिन (द) स्पैनिश ( )
5. लोक लेखा समिति में राज्यसभा में कितने सदस्य होते है ?
   (अ) 7 (ब) 10
   (स) 15 (द) 5 ( )

6. प्राक्कलन (अनुमान) समिति की भारत में सर्वप्रथम स्थापना कब हुई थी ?

(अ) 1947 में (ब) 1950 में

(स) 1935 में (द) 1919 में ( )

7. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षा की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है ?

(अ) 5 वर्ष के लिए (ब) 3 वर्ष के लिए

(स) 4 वर्ष के लिए (द) 6 वर्ष के लिए ( )

8. प्रत्येक संसदीय दिवस का पहला घंटा रखा जाता है ?

(अ) प्रश्नों के लिए (ब) प्रत्युतर के लिए

(स) पूरक प्रश्नों के लिए (द) अनुदान मांगों केलिए ( )

## 2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. वित्तीय नियंत्रण का अर्थ समझाइये।
2. भारत में प्रथम लोक लेखा समिति की स्थापना कब हुई ?
3. भारत में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति कौन करता है ?

## 3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. प्राक्कलन (अनुमान) समिति का क्या कार्य है ?

## 4. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. वित्तीय नियंत्रण को समझाते हुए इसके विभिन्न घटकों का वर्णन कीजिए।
2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की स्थिति और शक्तियों का वर्णन कीजिए।

## 5. अभ्यास प्रश्न–

1. वित्त मंत्रालय द्वारा किये जाने वाले वित्तीय नियंत्रण को समझाइये।
2. लोक उपक्रम समिति का गठन किसके सुझाव पर किया गया ?

## इकाई 8

## अध्याय–22

## कार्मिक प्रशासन

## लोक सेवाओं में भर्ती

**सारांश–**

प्रस्तुत अध्याय में प्रशासन के कार्यो को सुचारू रूप से संचालन हेतु कार्मिक भर्ती का वर्णन है। भर्ती की पद्धतियां, भर्ती की पात्रता, परीक्षा, भर्ती संबंधी समितियां एवं उनकी अनुशंषाएं व अन्त में सुधार हेतु कमियों का उल्लेख है। भर्ती की बाह्य पद्धतियां – 1. सीधी भर्ती 2. प्रतिनियुक्ति 3. अल्पावधि संविदा सहित प्रति नियुक्ति 4. आमेलन 5. सशस्त्र बल कार्मिक का पुर्ननियोजन

भर्ती की आन्तरिक पद्धतियां– पदोन्नति 2. संयुक्त पद्धति

भारत में लोक सेवाओं में भर्ती– इसमें 1. पात्रता 2. आयु सीमा 3. न्यूनम शैक्षणिक योग्यता 4. अवसरों की संख्या 5. शुल्क 6. परीक्षा की रूपरेखा

भर्ती प्रक्रिया में कमियाँ आदि के बारे में वर्णन है।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न**

1. भर्ती को कार्मिक प्रशासन की आधारशिला किसने कहा है ?

   (अ) स्टॉल (ब) रेम्जेम्योर

   (स) मैक्स वेबर (द) पर्किंसन ( )

2. भारत में अखिल भारतीय सेवाओं हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में निबन्ध का प्रश्न पत्र किस समिति की अनुशंषा पर सम्मिलित किया गया है ?

   (अ) दौलत सिंह कोठारी (ब) वाई.के. अलघ समिति

   (स) सतीश चन्द्रा समिति (द) होता समिति ( )

3. किस समिति की अनुशंषा पर भारत में लोक सेवाओं की भर्ती परीक्षा में प्रारम्भिक परीक्षा को आरम्भ किया गया ?

   (अ) बासवान समिति (ब) होता समिति

   (स) दौलत सिंह कोठारी समिति (द) मैकाले समिति ( )

4. भारत में लोक सेवाओं में खुली प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भर्ती किस समिति की अनुशंषा से प्रारम्भ की गई ?

   (अ) मैकाले समिति (ब) ली आयोग

   (स) पॉल एच. एपिलबी समिति (द) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग ( )

5. भारत में अखिल भारतीय सेवाओं हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता क्या है ?

(अ) सैकेण्डरी (ब) स्नातक

(स) स्नातकोत्तर (द) विधि स्नातक ( )

6. समस्त कार्मिक प्रशासन की आधारशिला कहा है ?

(अ) ग्लैन स्टॉल (ब) हेनरी फेयोल

(स) मैक्स वेबर (द) इनमें से कोई नहीं ( )

7. प्रतिनियुक्ति होती है ?

(अ) सामान्यतः 1 से 5 वर्ष (ब) 2 वर्ष

(स) आजीवन (द) 1 वर्ष ( )

## 2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. लोक सेवाओं में भर्ती हेतु स्वतंत्र भर्ती निकाय क्यों आवश्यक है ?
2. अप्रत्यक्ष भर्ती के विभिन्न प्रकारों के नाम बताइये।
3. प्रत्यक्ष भर्ती के दो प्रकार कौनसे है ?

## 3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. एक श्रेष्ठ भर्ती प्रणाली में क्या गुण होने चाहिए ?
2. दौलतसिंह कोठारी समिति की प्रमुख अनुशंषाऐ बताइये।

## 4. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. भर्ती के विभिन्न प्रकारों पर एक लेख लिखिए।
2. भारत में अखिल भारतीय सेवाओं में भर्ती की प्रक्रिया को समझाइये।

## 5. अभ्यास प्रश्न–

1. पदोन्नति से आप क्या समझते है ?
2. संयुक्त भर्ती किन भर्ती पद्धतियों का मेल है ?
3. भारत में अखिल भारतीय सेवाओं में भर्ती की प्रक्रिया को समझाइये।

## अध्याय–23

## लोक सेवाओं में प्रशिक्षण

**सारांश–**

इस अध्याय में कार्मिक को प्रशिक्षण की आवश्यकता को बताया है। प्रशिक्षण के उद्देश्य, तकनीके, प्रकार आदि के बारे में वर्णन है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का प्रशिक्षण के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण व साथ ही भारत में प्रशिक्षण संस्थानों को भी इंगित किया गया है।

प्रवेश कालीन – प्रशिक्षण के प्रकार 1. आधारभूत प्रशिक्षण 2. व्यावसायिक प्रशिक्षण अथवा संस्थागत प्रशिक्षण 3. अभिमुखीकरण प्रशिक्षण 4. आरम्भिक प्रशिक्षण

प्रवेशोत्तर प्रशिक्षण/ सेवाकालीन प्रशिक्षण – 1. मिड–कैरियर प्रशिक्षण एवं पुनश्चर्या पाठ्यक्रम 2. व्यावसायिक प्रशिक्षण अथवा संस्थागत प्रशिक्षण

भारत में प्रशिक्षण संस्थान – मसूरी, हैदराबाद, नई दिल्ली, बड़ोदा हैदराबाद में है।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

1. प्रशिक्षण के विषय में क्या सही नहीं है ?

(अ) यह निगमनात्मक है। (ब) यह लक्ष्योन्मुखी है।

(स) यह समाधानोन्मुखी है। (द) यह आगमनात्मक है। ( )

2. निम्न में से कौनसा प्रशिक्षण प्रवेश कालीन प्रशिक्षण (Pre Entry Training) का उदाहरण है ?

(अ) अभिमुखीकरण प्रशिक्षण (ब) मिड कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम

(स) पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम (द) सेवाकालीन प्रशिक्षण ( )

3. निम्न में से कौनसा प्रशिक्षण प्रवेशोत्तर प्रशिक्षण (Post Entry Training) का उदाहरण है?

(अ) आधारभूत प्रशिक्षण (ब) व्यावसायिक प्रशिक्षण

(स) सेवाकालीन प्रशिक्षण (द) आरम्भिक प्रशिक्षण ( )

4. भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के आधारभूत पाठ्यक्रम की अवधि लगभग कितनी होती है ?

(अ) आठ सप्ताह (ब) सोलह सप्ताह

(स) दस सप्ताह (द) बारह सप्ताह ( )

5. प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज कहां पर स्थित है ?

(अ) हैदराबाद (ब) नई दिल्ली

(स) मसूरी (द) शिमला ( )

6. भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में कौनसा तथ्य गलत है ?

(अ) उन्हें 16 सप्ताह का आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाता है।

(ब) उनका व्यावसायिक प्रशिक्षण ''सैंडविच प्रशिक्षण'' कहलाता है।

(स) उनका व्यावसायिक प्रशिक्षण दो चरणों में होता है।

(द) उनका प्रशिक्षण हैदराबाद में संचालित किया जाता है। ( )

7. भारत के प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी स्थित है ?

(अ) हैदराबाद (ब) नई दिल्ली

(स) मसूरी (द) मुम्बई ( )

## 2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. प्रशिक्षण क्यों अनिवार्य है ?
2. आधारभूत प्रशिक्षण कब प्रदान किया जाता है ?
3. मिड कैरियर प्रशिक्षण का क्या उद्देश्य होता है ?

## 3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. प्रशिक्षण का उद्देश्य बतलाइये (3 बिन्दु)।
2. प्रवेशोत्तर प्रशिक्षण को समझाइये।

## 4. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के प्रशिक्षण पर एक लेख लिखिए।
2. प्रशिक्षण के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

## 5. अभ्यास प्रश्न–

1. प्रशिक्षण की 5 तकनीकों के नाम लिखिए।
2. भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के प्रशिक्षण के विभिन्न चरणों के नाम लिखिए।

## अध्याय–24

## संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग

**सारांश–**

भारत के संविधान में लोकसेवकों की भर्ती हेतु संघ लोकसेवा आयोग एवं राज्यों में राज्य सेवा आयोग के गठन का प्रावधान किया गया है। प्रस्तुत अध्याय में इन्हीं आयोगों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई है।

लोक सेवा आयोग का इतिहास – लार्ड मैकाले द्वारा 1854 में रिपोर्ट ब्रिटिश संसद में पेश की जिसमें योग्यता आधारित भर्ती प्रणाली को अपनाया गया। इसके आधर पर 1854 में लंदन में सिविल सेवा अयोग की स्थापना की गई। स्वतन्त्रता पश्चात फैडरल लोक सेवा आयोग संघ लोक सेवा आयोग में परिवर्तित हो गया।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 315 से 323 में संघ एवं राज्यों के लोक सेवा आयोग से संबंधित प्रावधान है। अनुच्छेद 315 में संघ के लिए एक लोक सेवा आयोग एवं प्रत्येक राज्य के लिए एक लोक सेवा आयोग का प्रावधान किया है। अनुच्छेद 316 सदस्यों की नियुक्ति एवं पदावधि, सदस्यों को हटाने एवं निलम्बित किये जाने का प्रावधान 317 में सदस्यों एवं कर्मचारियों की सेवा शर्तों का वर्णन व 318 में सदस्यों की स्वतंत्रता संबंधि तथा 319 में लोक सेवा आयोग के कार्यों का वर्णन है।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

    1. संविधान के किस अनुच्छेद में संघ एवं राज्यों के लोक सेवा आयोगों हेतु प्रावधान किया गया है?

        (अ) अनुच्छेद 315 से 323 (ब) अनुच्छेद 280

        (स) अनुच्छेद 324 (द) अनुच्छेद 148 ( )

    2. राज्यों के लोक सेवा आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति कौन करता है ?

        (अ) राज्यपाल (ब) राष्ट्रपति

        (स) प्रधानमंत्री (द) मुख्यमंत्री ( )

    3. संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है ?

        (अ) 5 वर्ष अथवा 62 वर्ष की आयु। (ब) 6 वर्ष अथवा 62 वर्ष की आयु ।

        (स) 5 वर्ष अथवा 60 वर्ष की आयु । (द) 6 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु। ( )

    4. लोक सेवा आयोग के कार्यों का वर्णन संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है ?

        (अ) अनुच्छेद 316 (ब) अनुच्छेद 318

        (स) अनुच्छेद 320 (द) अनुच्छेद 323 ( )

5. संघ लोक सेवा आयोग अपना प्रतिवेदन किसको प्रस्तुत करता है ?

(अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री

(स) संसद (द) भारत का मुख्य न्यायाधीश ( )

6. योग्यता आधारित भर्ती देन है ?

(अ) वेबर (ब) टेलर

(स) फेयोल (द) मैकाले ( )

7. लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों को किस अनुच्छेद के अनुसार हटाया जा सकता है?

(अ) 315 (ब) 317(3)

(स) 320 (द) 312 ( )

**2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. योग्यता आधारित भर्ती प्रणाली का सुझाव सर्वप्रथम किस समिति द्वारा दिया गया था ?
2. लोक सेवा आयोगों से सम्बन्धित प्रावधान संविधान के किन अनुच्छेदों में दिये गये है ?
3. राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है?

**3. लघुतरात्मक प्रश्न–**

1. लोक सेवा आयोग किन मामलों में परामर्श प्रदान करता है ?
2. भारतीय परिप्रेक्ष्य में लोक सेवा आयोगों के वर्तमान तक के कार्य के सम्बन्ध में आपका क्या मत है?

**4. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. संघ लोक सेवा आयोग के संगठन एवं कार्यों की विवेचना कीजिए।
2. कार्मिक प्रशासन में लोक सेवा आयोगों की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

**5. अभ्यास प्रश्न–**

1. लोक सेवा आयोग के सदस्यों की कार्यपालिका से स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रावधान किये गये है ?
2. संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोगों के सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है ?

# इकाई 9

## भारतीय प्रशासन : महत्वपूर्ण मुद्दे

## अध्याय 25

## मंत्री–लोक सेवक सम्बन्ध

**सारांश–**

इस अध्याय में संसदीय शासन प्रणाली वाले देशों में मंत्री–लोकसेवक सम्बन्धों में अधिक जटिलता को परिभाषित किया है। इन सम्बन्धों पर विभिन्न मतों का विश्लेषण किया गया है। प्रधानमंत्री, केबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और उप मंत्री राजनीतिक कार्यपालिका की श्रेणी में आते हैं तथा इनको प्रशासनिक सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी (लोक सेवक) होते है। ये दोनों सापेक्षिक भूमिका में राज्य के विकास हेतु कार्य करते है। परन्तु दोनों में भेद है।

मंत्री–लोकसेवक संबंधों के निर्धारक घटक– प्रशासनिक विशेषज्ञता, राजनीतिक स्थिति, भिन्न दृष्किोण, कार्यशैली, मंत्री मंडलीय उत्तरदायित्व की भावना।

मंत्री लोक सेवक संबन्ध पर विभिन्न मत है।

लास्की ने मंत्रियों की तीन श्रेणियों में विभाजित किया है– 1 शक्तिशाली व्यक्तिव 2. लोकप्रिय व्यक्तिव 3. प्रभावहीन मंत्री व लोक सेवकों के मध्य मत भेद के कई कारण है। इन्हें दूर करने हेतु प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग ने 6 सुझाव दिये थे।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. पिफनर ने निम्नलिखित में से किस आधार को मंत्री का नहीं बताया है ?
      (अ) अनुभवहीन — (ब) गैर–तकनीकी
      (स) पक्षपाती — (द) स्थायी ( )
   2. कौनसा प्रमुख कार्य मंत्री का नहीं है?
      (अ) नीति निर्माण करना — (ब) नियुक्ति एवं स्थानान्तरण
      (स) निर्णयन — (द) परामर्शदाता ( )
   3. किस विचारक ने नौकरशाही को ''फ्रेकेन्सटीन के दैत्य की तरह'' कहा है ?
      (अ) लार्ड हीवर्ट — (ब) सिडनी लॉ
      (स) पिफनर — (द) जार्ज बर्नार्ड शॉ ( )
   4. किस विचारक की मान्यता है कि मत्री लोक सेवकों के हाथों की कठपुतली है?
      (अ) जॉर्ज बर्नार्ड शॉ — (ब) लास्की
      (स) रेम्जेम्योर — (द) लॉर्ड हीवर्ट ( )

5. मंत्री–लोक सेवक सम्बन्धों से संबंधित आयोग है ?

(अ) छागला आयोग (ब) होता आयोग

(स) सतीश चन्द्र आयोग (द) कोई भीनहीं ( )

6. मंत्री लोक सेवक सम्बन्ध पर प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा दिए गए सुझाव है ?

(अ) मंत्रियों के लोक सेवकों के लिए भयमुक्त वातावरण बनाना चाहिए।

(ब) विवाद की स्थिति में निर्णय लिखित में होने चाहिए।

(स) प्रधानमंत्री को चाहिए कि वे मंत्री–सचिव सम्बन्ध सुधारने की ओर ध्यान दें।

(द) उपर्युक्त सभी। ( )

7. ''नौकरशाही संसदीय लोकतंत्र की कीमत है।'' किसने कहा है ?

(अ) रैम्जेम्योर (ब) जॉर्ज बर्नार्ड शॉ

(स) हर्बर्ट मॉरीसन (द) उपर्युक्त सभी ( )

8. लास्की ने मंत्रियों को कितनी श्रेणियों में विभाजित किया है ?

(अ) दो (ब) तीन

(स) चार (द) पांच ( )

## 2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. राजनीतिक कार्यपालिका से आप क्या समझते है ?
2. स्थायी कार्यपालिका से क्या अभिप्राय है ?
3. मंत्री लोक सेवक सम्बन्ध में तनाव के दो कारण बताए।

## 3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. अस्थायी एवं स्थायी कार्यपालिका में अंतर को स्पष्ट करे।
2. लोक सेवकों की बढ़ती हुई शक्ति को नवीन निरंकुशता किसने व क्यों कहा ?

## 4. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. मंत्री–लोक सेवक सम्बन्धों में तनाव के प्रमुख कारण क्या–क्या है ? स्पष्ट करें।
2. मंत्री–लोक सेवक सम्बन्धों के निर्धारक घटक कौन–कौनसे है ?

## 5. अभ्यास प्रश्न–

1. क्या आप इस मत से सहमत है कि मंत्री लोक सेवकों के हाथों की कठपुतली है ? कारण सहित बताइए।

## अध्याय–26

## सामान्यज्ञ बनाम विशेषज्ञ

**सारांश –**

इस अध्याय में लोकसेवकों के दो प्रकार सामान्यज्ञ तथा विशेषज्ञ के बारे में बताया है। इनके अभिप्राय, अन्तर व इनके मध्य विवाद तथा समाधान जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं का वर्णन इस अध्याय में है।

सामान्यज्ञ–विशेषज्ञ विवाद – ये दोनों ही प्रशासन में महत्वपूर्ण है परन्तु ये एक दूसरे के अनुपूरक भी है।

परिचय– सामान्यज्ञ लोक सेवक वह है जिसकी कोई विशेष शैक्षणिक पृष्ठभूमि नहीं होती किन्तु वह प्रशासनिक प्रक्रियाओं, नियमों तथा विनियमों का अच्छा ज्ञान रखता है। दूसरी ओर विशेषज्ञ लोक सेवक वह है जिसे प्रशासन के विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता या कौशल प्राप्त हो। इनमें विभिन्न प्रकार से भेद होते है। परन्तु निकर्षतः सामान्यज्ञ व विशेषज्ञ प्रशासन के एक सिक्के के दो पहलू है और दोनों में समन्वय एवं सहयोग से ही लोक कल्याण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. निम्नांकित में विशेषज्ञ कौन है ?
      (अ) जिलाधीश (ब) तहसीलदार
      (स) संभागीय आयुक्त (द) डॉक्टर ( )
   2. जिलाधीश, तहसीलदार आदि की सेवाओं को किस वर्ग में रखा जा सकता है ?
      (अ) सामान्यज्ञ वर्ग (ब) विशेषज्ञ वर्ग
      (स) सामान्यज्ञ एवं विशेषज्ञ (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )
   3. आई.सी.एस. सामान्यज्ञ सेवा का सृजन किस आयोग की सिफारिश पर किया गया है ?
      (अ) नार्थकोट–ट्रेवेलियन आयोग। (ब) ली आयोग
      (स) ऐचिसन आयोग (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )
   4. ''हरफनमौला तो है किन्तु माहिर किसी में नहीं''किस प्रशासक के लिए कही गयी कहावत है?
      (अ) सामान्यज्ञ (ब) विशेषज्ञ
      (स) सामान्यज्ञ एवं विशेषज्ञ (दोनों) (द) कोई नहीं ( )
   5. ''विशेषज्ञता का मूल्य हर प्रकार का संकीर्णवाद है।'' किसने कहा है ?
      (अ) पॉल. एच. एपिलबी (ब) हरमन फाइनर
      (स) हेरॉल्ड लॉस्की (द) थोर्सटीन वेबलीन ( )
   6. भारत के अतिरिक्त किस देश में सामान्यज्ञों की प्रधानता है ?
      (अ) पाकिस्तान (ब) जर्मनी

(स) ब्रिटेन (द) आस्ट्रेलिया ( )

7. सामान्यज्ञ–विशेषज्ञ सम्बन्ध में विवाद का मुख्य कारण सामान्यज्ञों की प्रधानता है?

(अ) पद में (ब) वेतन में

(स) नीति निर्माण में (द) उपर्युक्त सभी ( )

8. अखिल भारतीय सेवाओं के क्रियाशीलकरण का सुझाव किसने दिया था ?

(अ) सतीश चन्द्रा समिति (ब) होता समिति

(स) मेहता समिति (द) प्रशासनिक सुधार आयोग ( )

## 2. अतिलघुतरात्मक प्रश्न–

1. सामान्यज्ञ को परिभाषित कीजिए।
2. विशेषज्ञ से आप क्या समझते है ?
3. सामान्यज्ञ विशेषज्ञ विवाद के दो मुख्य कारण लिखें।

## 3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. सामान्यज्ञ और विशेषज्ञ के मध्य अंतर को स्पष्ट करें।
2. सामान्यज्ञ विशेषज्ञ विवाद के समाधान हेतु प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा दी गई प्रमुख तीन सिफारिशों का उल्लेख कीजिए।

## 4. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. ''सामान्यज्ञ–विशेषज्ञ एक दूसरे के विरोधी नहीं पूरक है'' इस कथन को स्पष्ट करते हुए दोनों के मध्य बेहतर सम्बन्धों हेतु सुझाव प्रस्तुत करें।
2. विशेषज्ञ प्रशासक से क्या अभिप्राय है? प्रशासन में उनकी भूमिका के पक्ष में तर्क दीजिए।

## 5. अभ्यास प्रश्न–

1. विशेषज्ञ सेवाओं के कोई तीन उदाहरण दीजिए।
2. एकीकृत सोपानीय व्यवस्था किस देश में और कब से प्रचलित है ?

## अध्याय–27

## प्रशासनिक नैतिकता

**सारांश–**

इस अध्याय में लोक सेवकों से प्रशासनिक नैतिकता की अपेक्षा की बात की गई है। इस बाबत् लोक सेवकों हेतु समय–समय पर आचरण नियमों का निर्माण किया गया है। इनमें संथानम समिति, प्रशासनिक सुधार आयोग, सी.वी.सी, सी.बी.आई., सूचना का अधिकार प्रमुख है।

नीतिशास्त्र का अभिप्राय– नीतिशास्त्र से तात्पर्य उन नैतिक मूल्यों से है जो लोगों के व्यवहार को निर्देर्शित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

प्रशासनिक नैतिकता हेतु आचार संहिता की आवश्यकता– 1. सत्ता के दुरूपयोग को रोकने के लिए 2. प्रशासनिक कुशलता के लिए लिए 3. राजनीतिक तटस्थता बनाए रखने हेतु 4. आचरण को नैतिक बनाएं रखने के लिए 5. लोकसेवकों की मनमानी गतिविधियों पर अंकुश

भारत में सरकारी कर्मचारी आचार संहित– 1. कर्तव्य पालन 2. राजनीतिक प्रतिबद्धता के स्थान पर राजनीतिक तटस्थता 3. संपत्ति सम्बन्धित नियम 4. सार्वजनिक आलोचना पर प्रतिबन्ध 5.निजी व्यापार का विरोध 6. सट्टेबाजी का निषेध आदि

प्रशासनिक नैतिकता के पतन के कारण – 1. नैतिक मूल्यों का ह्रास 2. सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न 3. दण्ड का भय नहीं 4. स्थापित हितों की मजबूती 5. निर्वाचन में कालाधन 6. लालफीताशाही 7. आर्थिक असमानता और बढ़ती महगाई।

प्रशासनिक शुचिता हेतु प्रयास – 1. संथानम समिति, 1964 2. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग आदि सरकारों द्वारा प्रशासनिक नैतिकता की स्थापना हेतु उठाए गये कदम

1. केन्द्रीय सतर्कता आयोग (C.V.C.)
2. केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (C.B.I.)
3. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
4. लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011
5. सूचना प्रदाता (व्हिसल ब्लोअर) संरक्षण अधिनियम–2011 लोकपाल विधेयक 2014 इत्यादि

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. नैतिकता का अध्ययन किस विषय के अंतर्गत किया जाता है ?

      (अ) समाजशास्त्र (ब) नीतिशास्त्र

      (स) लोक प्रशासन (द) दर्शनशास्त्र ( )

2. ''सत्ता भ्रष्ट करती है, पूर्ण सत्ता पूर्ण भ्रष्ट करती है'' यह कथन किसका है ?

(अ) आर्डवे टीड का (ब) लार्ड एक्टन का

(स) महात्मा गाँधी का (द) ग्लेडन का ( )

3. ''प्रशासन एक नैतिक कार्य है और प्रशासक एक नैतिक अभिकर्त्ता''उक्त कथन किस विचारक का है ?

(अ) जवाहर लाल नेहरू (ब) ऑडवे टीड

(स) डेविड ईस्टन (द) इनमें से कोई नहीं ( )

4. संथानम समिति का संबंध है ?

(अ) चुनाव सुधारों से (ब) भ्रष्टाचार से

(स) लोक सेवओं से (द) पुलिस सुधार से ( )

5. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राष्ट्रपति को लोक सेवकों के लिए आवश्यक नियम बनाने का अधिकार प्राप्त है?

(अ) अनुच्छेद 309 (ब) अनुच्छेद 310

(स)अनुच्छेद 311 (द) अनुच्छेद 312 ( )

6. सूचना का अधिकार अधिनियम भारत में लागू हुआ ?

(अ) 12 अक्टूबर 2007 को (ब) 12 अक्टूबर 2006 को

(स) 12 अक्टूबर 2004 को (द)12 अक्टूबर 2003 को ( )

7. लोकपाल विधेयक 2014 के मुख्य प्रावधान है ?

(अ) अधिकतम आठ सदस्य होगें ?

(ब) सांसद, विधायक लोकपाल नहीं बन सकते।

(स) चयन समिति का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होगा।

(द) उपर्युक्त सभी ( )

8. भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे लोक सेवकों को कानूनी संरक्षण प्रदान करना उद्देश्य है ?

(अ) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (ब) लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011

(स) सूचना प्रदाता संरक्षण अधिनियम, 2011 (द) लोकपाल अधिनियम, 2014 ( )

2. **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. प्रशासनिक नैतिकता से आप क्या समझते है ?
2. राजनीतिक तटस्थता का क्या अभिप्राय है ?
3. चुनाव सुधार क्यों जरूरी है ?

3. **लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. भारत में प्रचलित आचार–संहिता नियमों का उल्लेख कीजिए।
2. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को स्पष्ट करें।

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. भारत सरकार .द्वारा नैतिकता की स्थापना हेतु उठाये गए कदमों को स्पष्ट करें।
2. प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा प्रशासनिक नैतिकता की स्थापना हेतु दिये गये सुझावों को स्पष्ट करें।

5. **अभ्यास प्रश्न–**

1. चुनाव सुधार क्यों जरूरी है ?
2. संथानम समिति को तीन अनुशंषाएं बताइये।

## अध्याय–28

# प्रशासन में पारदर्शिता

**सारांश–**

इस अध्याय में प्रशासनिक पारदर्शिता के बारे में बताया है, जिससे तात्पर्य है सरकार के कार्यकलापों के बारे में आम जनता को जानकारी की सुस्पष्टता एवं उपलब्धता, इस बाबत नागरिक अधिकारण पत्र, सूचना का अधिकार एवं केन्द्रीय सूचना आयोग का भी उल्लेख किया है। प्रशासनिक पारदर्शिता से तात्पर्य है सरकार के कार्यकलापों के बारे में आम जनता को जानकारी की सुस्पष्टता एवं उपलब्धता यह कुशासन से भी जुड़ी है। पारदर्शिता की कुछ सीमाएं भी है।

पारदर्शिता को प्राप्त करने के प्रमुख साधन है– 1. नागगरिक अधिकार पत्र – सर्वप्रथम इंग्लैण्ड में 1991 में भारत में 1997 में नौ सूत्री कार्य योजना

नागरिक अधिकार पत्र की भूमिका – 1. प्रशासन की छवि को दुरूस्त करने में 2. जवाबदेहिता सुनिश्चित करने में 3. प्रशासन को पारदर्शी बनाने में 4. जन–सहभागिता सुनिश्चित करने में।

सूचना अधिकार– सन् 1991 के आर्थिक सुधारों के कारण यह अधिनियम, 2005 12 अक्टूबर 2005 को पारित किया गया। इसके उद्देश्य– पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सुनिश्चित करना था। 2. सूचना तथा सूचना का अधिकार 3. लोक प्राधिकारियों हेतु बाध्यताएं 4. लोक सूचना अधिकारी 5. सूचना प्राप्ति की विधि 6. समयावधि (30 दिन) 7. न दी जानेवाली सूचनाएं

अपील व्यवस्था – केन्द्रीय सूचना आयोग,

रज्य सूचना आयोग

सूचना आयोग की शक्तियां एवं कृत्य – सूचना के अधिकार के लाभ 1. पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन 2. अनियमित्ताओं तथा भ्रष्टाचार में कमी 3. गतिशील तथा सक्षम पंचायतीराज की स्थापना संभव 4. बेहतर प्रशासनिक सेवाओं की प्राप्ति संभव है।

## प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न –**

1. ''सरकार के कार्यकलापों के बारे में आम जनता को जानकारी की सुस्पष्टता एवं उपलब्धता प्रक्रिया'' का सम्बन्ध है ?

(अ) प्रशासनिक पारदर्शिता (ब) पदसोपान से

(स) नियंत्रण की एकता से (द) तटस्थता से ( )

2. पारदर्शिता में समाहित मूल्य है–

(अ) भ्रष्टाचार रोकने में सहायक । (ब) उत्तरदायी प्रशासन की स्थापना में सहायक।

(स) सुशासन स्थापना में सहायक। (द) उपर्युक्त सभी। ( )

3. पारदर्शिता के उपकरण है ?

(अ) सूचना का अधिकार (ब) नागरिक अधिकार पत्र

(स) ई–शासन (ब) उपर्युक्त सभी ( )

4. नागरिक अधिकार पत्र की शुरूआत हुई ?

(अ) फ्रांस से (ब) इंग्लैण्ड से

(स) जर्मनी से (द) भारत से ( )

5. भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम कब लागू हुआ ?

(अ) 12 सितम्बर, 2005 को (ब) 12 अक्टूबर, 2005

(स) 12 नवम्बर, 2005 (द) कोई नहीं ( )

6. केन्द्रीय सूचना आयुक्त चयन समिति का अध्यक्ष होता है ?

(अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री

(स) मुख्य न्यायाधीश (द) केन्द्रीय मंत्री ( )

7. सूचना प्राप्त होने का समय निर्धारित है ?

(अ) 30दिन (ब) 3 माह

(स) 40 दिन (द) 20 दिन ( )

2. **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. पारदर्शिता से आप क्या समझते है ?
2. नागरिक अधिकार पत्र को स्पष्ट करें।
3. पारदर्शिता की दो सीमाएं बताइये।

3. **लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. ''नागरिक अधिकार पत्र पारदर्शिता के वाहक है'' कैसे ?
2. सूचना का अधिकार से आप क्या समझते है ?
3. सूचना आयोग की शक्तियां व कृत्य बताइये।

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. प्रशासनिक पारदर्शिता पर एक लेख लिखिए।
2. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 पर एक लेख लिखिए।

5. **अभ्यास प्रश्न–**

1. नागरिक अधिकार पत्रों की भूमिका को स्पष्ट करें।
2. सूचना क्या है ?

## इकाई 10

## प्रशासनिक सुधार एवं नवाचार

## अध्याय–29

## प्रशासनिक सुधार

**सारांश –**

इस पाठ में प्रशासन में वांछित सुधारों पर प्रकाश डाला गया है। इसमें स्वतंत्रता पूर्व व स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात किये प्रशासनिक सुधारों जिनमें विभिन्न समितियां, प्रतिवेदन, आयोग व उनकी अनुशंषा को उल्लिखित किया है। भारत में प्रशासनिक सुधार के प्रयास–

स्वतन्त्रतापूर्व प्रशासनिक सुधार– 1. ऐचीसन आयोग 2. इंस्लिगटन आयोग 3. ली आयोग 4. टाटनहम समिति आदि

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात (क) सचिवालय पुनर्गठन समिति अथवा वाजपेयी समिति (1947) (ख) मितव्ययता समिति, 1948 (ग) एन. गोपाल स्वामी, 1949 आयंगर समिति, 1949 (घ) ए.डी. गोरवाल रिपोर्ट, 1951, (ङ) वी.टी. कृष्णामाचारी समिति, 1962 (च) के. सन्थानम समिति, 1964 (छ) प्रशासनिक सुधार आयोग, 1966 सहकारिया आयोग, 1983

उदारीकरण के पश्चात (नब्बे के दशम से) प्रशासनिक सुधार 1. कर सुधार समिति, 1991 2. पॉचवा वेतन आोग, 1994 3. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (2005–09) 4. छठा वेतन आयोग, 2006, सातवॉ वेतन आयोग–2014

राजस्थान में प्रशासनिक सुधार– 1. प्रशासनिक सुधार समिति, 1963 हरिश्चन्द्र माथुर 2. प्रशासनिक सुधार आयोग, 1999 शिवचरण माथुर फलस्वरूप 1) सचिवालय में ओ एण्ड एम सम्भाग की स्थापना, 1955 2) भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की स्थापना 3) संभागीय आयुक्त की नियुक्ति 4) अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल 5) लोकायुक्त (1973) 6) पंचायती राज की स्थापना 7) सूचना का अधिकारी अधिनियम, 2005 8) राजस्थान राज्य लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

1. भारत में अब तक गठित वेतन आयोगों की संख्या है ?

(अ) 5 (ब) 6

(स) 7 (द) 8 ( )

2. एन. गोपालास्वामी आयंगर समिति की स्थापना कब हुई ?

(अ) 1950 (ब) 1951

(स)1949 (द) 1948 ( )

3. भ्रष्टाचार रोकने वाली समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

(अ) ए.डी. गोरवाल (ब) के. संथानम

(स) गोपालास्वामी आयंगर (द) आर.एस. सरकारिया ( )

4. भारत में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?

(अ) के. हनुमंतैया (ब) पी.सी. होता

(स) सतीश चन्द (द) इनमें से कोई नहीं ( )

5. किस प्रतिवेदन में यह अनुशंसा की गई कि'राष्ट्रीय विकास परिषद' का नाम बदलकर ''राष्ट्रीय आर्थिक एवं विकास परिषद कर दिया जाना चाहिए।

(अ) गोरवाल प्रतिवेदन (ब) सरकारिया प्रतिवेदन

(स) एपिलबी प्रतिवेदन (द) इनमें से कोई नहीं ( )

6. राजस्थान में लोक सेवा गारंटी अधिनियम कब लागू हुआ ?

(अ) 14 नवम्बर, 2010 (ब) 14 नवम्बर, 2011

(स) 14 नवम्बर, 2009 (द) कोई नहीं ( )

7. राजस्थान में शिवचरण माथुर की अध्यक्षता में बने प्रशासनिक सुधार आयोग ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किये ?

(अ) राजस्व प्रशासन पर (ब) स्थानान्तरण नीति

(स) पुलिस प्रशाासन पर (द) उपरोक्त सभी पर ( )

8. केन्द्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना किस समिति की अनुशंसा पर हुई ?

(अ) आयंगर समिति (ब) सन्थानम समिति

(स) होता समिति (द) बलवन्तराय मेहता समिति ( )

**2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. प्रशासनिक सुधार से आप क्या समझते है?
2. कृष्णामचारी समिति के गठन का क्या उद्देश्य था ?
3. लोकायुक्त व्यवस्था क्या है ?

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. सन्थानम समिति की दो सिफारिशों को लिखिए।
2. सूचना का अधिकार अधिनियम को स्पष्ट करें।

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. प्रशासनिक सुधार आयोग के प्रमुख सुझाव क्या थे ? कोई दो सुझाव लिखिए।
2. प्रशासनिक सुधार आयोग पर संक्षिप्त लेख लिखों।

5. **अभ्यास प्रश्न–**

1. संगठन और प्रबन्ध से आप क्या समझते है ?
2. राजस्थान के शिवचरण माथुर आयोग के प्रमुख 2 सुझाव लिखे।

# उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा

# प्रश्न बैंक

## कक्षा–12

## विषय : राजनीतिक विज्ञान

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक


संयोजक
**श्री भरत जोशी**
प्रधानाचार्य
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

लेखकः
**रामचन्द्र मीणा,**
व्याख्याता (राजनीति विज्ञान)
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

सह संयोजकः
**श्रीमती सुष्मिता गिल**
वरिष्ठ अध्यापक (गणित)
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर


## 2021–22


प्रकाशक :

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

# अनुक्रमणिका Index

## कक्षा—12

## विषयः राजनीति विज्ञान


| पाठ | पाठ का नाम | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | शीतयुद्ध का दौर | 6 |
| 2. | दो ध्रुवीयता का अन्त | 8 |
| 3. | समकालीन विश्व में अमरीकी वर्चस्व | 10 |
| 4. | सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र | 12 |
| 5. | समकालीन दक्षिण एशिया | 14 |
| 6. | अन्तर्राष्ट्रीय संगठन | 16 |
| 7. | समकालीन विश्व में सुरक्षा | 18 |
| 8. | पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन | 20 |
| 9. | वैश्वीकरण | 22 |
| | पार्ट—II | |
| 1. | राष्ट्र— निर्माण की चुनौतियाँ | 24 |
| 2. | एक दल के प्रभुत्व का दौर | 26 |
| 3. | नियोजित विकास की राजनीति | 28 |
| 4. | भारत के विदेश संबंध | 30 |
| 5. | कांग्रेस प्रणालीः चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना | 32 |
| 6. | लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट | 34 |
| 7. | जन आन्दोलनों का उदय | 36 |
| 8. | क्षेत्रीय आकांक्षाएँ | 38 |
| 9. | भारतीय राजनीतिः नए बदलाव | 40 |

मॉडल प्रश्न–पत्र 2021–22

कक्षा–12

विषयः राजनीति विज्ञान

समय 4.15 घंटे पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न संख्या 1 के i से X तक कुल 10 प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
2. प्रश्न संख्या 2 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
3. प्रश्न संख्या 12 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
4. प्रश्न संख्या 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।
5. प्रश्न संख्या 24 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।
6. प्रश्न संख्या 26 से 28 तक प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।
7. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।

खण्ड–अ

1. प्रश्न संख्या 1 के i से X तक कुल 10 प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब की गई ?

(अ) 1945 में (ब) 1946 में

(स) 1943 में (द) 1944 में

(ii) सुरक्षा परिषद में कितने स्थायी सदस्य है?

(अ) 1945 में (ब) 1946 में

(स) 1943 में (द) 1944 में

(iii) पृथ्वी सम्मेलन कब हुआ?

(अ) 1991 में (ब) 1992 में

(स) 1994 में (द) 1995 में

(iv) 'लिमिटस टू ग्रोथ' नामक पुस्तक को किस संस्था ने प्रकाशित किया था?

(अ) क्लब ऑफ रोम (ब) लन्दन क्लब

(स) क्लब ऑफ पेरिस (द) मैनचेस्टर क्लब

(v) 'ट्रिस्ट विद् डेस्टिनी' किस प्रसिद्ध नेता से सम्बन्धित हैं?

(अ) महात्मा गाँधी (ब) जवाहर लाल नेहरू

(स) सरदार पटेल (द) अमृता प्रीतम

(vi) केन्द्र सरकार द्वारा राज्य पुनर्गठन आयोग कब बनाया गया?

(अ) 1954 (ब) 1953

(स) 1955 (द) 1957

(vii) 'ऑपरेशन फ्लड' कार्यक्रम कब शुरू हुआ?

(अ) 1970 (ब) 1972

(स) 1974 (द) 1971

(viii) भारत सरकार द्वारा योजना आयोग की स्थापना कब की गई?

(अ) 1951 (ब) 1952

(स) 1950 (द) 1954

(ix) राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार कब बनी?

(अ) 1989 (ब) 1999

(स) 1990 (द) 1996

(x) 1991 के चुनावों में कौन प्रधानमंत्री बना?

(अ) नरसिम्हा राव (ब) राजीव गाँधी

(स) वी.पी. सिंह (द) अटल बिहारी वाजपेयी

2. ............ने 1984 में सोवियत संघ में सुधारों की शुरूआत की। (बोरिस येल्तसिन / मिखाइल गोर्बाचेव)

3. 'शॉक थेरेपी' को किस वर्ष अपनाया गया?

4. UNEP का पूरा नाम लिखो।

5. 'लिमिट्स टू ग्रोथ' पुस्तक क्लब ऑफ रोम द्वारा कब प्रकाशित की गई?

6. EVM (ईवीएम) का पूरा नाम लिखिए।

7. स्वतंत्र भारत के प्रथम संचार मंत्री कौन थे?

8. फैज अहमद फैज की दो प्रमुख कविता संग्रह के नाम लिखिए।

9. भारत का लौह पुरूष (आयरन मैन ऑफ इण्डिया) किसे कहा जाता है।

10. बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक .................... थे? (कांशीराम / मायावती)

11. ओबीसी (OBC) का पूरा नाम लिखो।

## खण्ड– बी

12. 1991 में संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य के रूप में कौन कौन से देश शामिल हुये थे?

13. हेगेमनी (Hegemony) शब्द से क्या अर्थ होता है?

14. 11 सितम्बर 2001 को पैटागन पर हमला किस आतंकवादी संगठन ने किया?

15. सुरक्षा परिषद के 5 स्थायी सदस्य कौन–कौन से है?

16. स्वतंत्र पार्टी के चार नेताओं के नाम लिखिए।

17. शिमला समझौता कब व किन–किन के बीच हुआ?

18. बी.के. यू. (BKU) का पूरा नाम लिखो?

19. आरटीआई (RTI) का पूरा नाम लिखो?

## खण्ड–सी

20. भारत–बंग्लादेश के बीच विवाद के प्रमुख मुद्दे कौन–कौन से है? बताओ।

21. वैश्वीकरण से क्या तात्पर्य है? बताओ।

22. बोमसेफ क्या है? बताओ।

23. निम्नलिखित का मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) संपूर्ण क्रांति | 1. इन्दिरा गाँधी |
| (ख) गरीबी हटाओं | 2. जयप्रकाश नारायण |
| (ग) छात्र आन्दोलन | 3. बिहार आन्दोलन |
| (घ) रेल हड़ताल | 4. जॉर्ज फर्नाडिस |

## खण्ड–डी

24. ट्रूमैन सिद्धान्त क्या है? बताओं।

25. विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित यूरोपीय देशों को बताओ।

1. फ्रांस 2. जर्मनी 3. स्वीडन 4. पोलैण्ड 5. आस्ट्रिया

26. निःशस्त्रीकरण के लिए भारत ने क्या भूमिका निभाई है? बताओ।

या

शीत युद्ध के किन्हीं पांच प्रमुख लक्षणों को लिखिए।

27. हरित क्रांति क्या थी? हरित क्रांति के दो सकारात्मक एवं दो नकारात्मक परिणामों का उल्लेख कीजिए।

या

निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखो–

(अ) पी.सी. महालनोबिस (ब) बॉम्बे प्लान

28. 1977 के चुनावों के बाद पहली दफा केन्द्र में विपक्षी दल की सरकार बनी। ऐसा किन कारणों से सम्भव हुआ?

या

निम्न पर टिप्पणी लिखिए–

(अ) जगजीवन राम (ब) चौधरी चरण सिंह

## पार्ट– I

## पाठ 1

# शीतयुद्ध का दौर

**पाठ का सार–**

यह अध्याय शीतयुद्ध से प्रारम्भ होता है। शीतयुद्ध की शुरूआत द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद मानी जाती है। शीतयुद्ध विश्व की दो महाशक्तियों संयुक्त राज्य अमेरिका एवं सोवियत संघ के बीच एक प्रकार का वैचारिक युद्ध था। शीत युद्ध के दौर में दो ध्रुवीय विश्व की शुरूआत हुई। 4 अप्रैल 1949 को नाटो की स्थापना हुई। 1955 में वारसा संधि हुई, अमरीका के सहयोग से SEATO (सीटो) और CENTO (सैण्टो) अस्तित्व में आये। शीतयुद्ध के दौर में ही गुटनिरपेक्ष आंदोलन की शुरूआत हुई, जिसमें नव स्वतंत्र राष्ट्र शामिल थे।

गुटनिरपेक्ष आंदोलन के कर्णधार जवाहरलाल नेहरू (भारत), जोसेफ ब्रॉज टीटो (युगोस्लाविया), गमाल अब्दुल नासिर (मिश्र), सुकर्णो (इण्डोनेशिया) वामे एनक्रूमा (धाना) थे। इस आंदोलन का पहला सम्मेलन 1961 में बेलग्रेड में हुआ। इस आंदोलन ने नव स्वतंत्रत राष्ट्रों को दो ध्रुवीय विश्व से अलग रखकर विकास के अवसर प्रदान किये।

अल्प विकसित देशों के लिए नव अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का जन्म हुआ। 1972 में अंकटाड रिपोर्ट आयी, जिसमें वैश्विक व्यापार प्रणाली में सुधार के प्रावधान शामिल है। इस अध्याय में शीतयुद्ध के दौर की प्रमुख घटनाओं, सिद्धान्तों जैसे ट्रुमैन सिद्धान्त (1947), मार्शल प्लान (1947–1952) कोरियाई युद्ध (1950–1953) वे ऑफ पिंग्स आक्रमण (1961) बर्लिन की दीवार का निर्माण (1961) जर्मनी का एकीकरण (1990) सोवियत संघ का विघटन एवं शीत युद्ध का अंत (1991) का अध्ययन किया गया है।

## प्रश्न

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न–**

   1. फिदेल कास्त्रों कहाँ के राष्ट्रपति थे ?

      (अ) क्यूबा (ब) दक्षिण कोरिया (स) उत्तरी कोरिया (द) जापान

   2. नाटो की स्थापना कब हुई ?

      (अ) अप्रेल 1949 में (ब) मार्च 1950 में (स) अप्रैल 1950 (द) मार्च 1949 में

   3. 'वारसा संधि' की स्थापना कब हुई थी ?

      (अ) 1954 में (ब) 1955 में (स) 1957 में (द) 1950

   4. जर्मनी का एकीकरण कब हुआ ?

      (अ) 1989 में (ब) 1990 में (स) 1991 में (द) 1988 में

5. शीतयुद्ध के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है ?

(अ) यह संयुक्त राज्य अमेरिका का सोवियत संघ और उनके साथी देशों के बीच की एक प्रतिस्पर्धा थी।

(ब) यह महाशक्तियों के बीच विचारधाराओं को लेकर एक युद्ध था।

(स) शीतयुद्ध ने हथियारों की होड शुरू की।

(द) अमेरिका और सोवियत संघ सीधे युद्ध में शामिल थे।

6. पहला गुटनिरपेक्ष सम्मेलन बेलग्रेड में कब हुआ ?

(अ) 1961 में (ब) 1959 में (स) 1955 में (द) 1956 में

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

1. वामे एनक्रूमा ................................................ के निवासी थे। (घाना/इण्डोनेशिया)

2. हिरोशिमा और नागासाकी ...................................... के दो शहर है, जहां 1945 में अमेरिका द्वारा परमाणु बम गिराये। (इटली/जापान)

3. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. 'वे ऑफ पिग्स' आक्रमण किस देश के विरूद्ध किया गया था ?

2. सोवियत संघ का विघटन किस वर्ष हुआ?

3. मार्शल प्लान कब दिया गया ?

4. धुरी राष्ट्र कौन–कौन से थे ?

4. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. निम्नलिखित का मिलान कीजिए–

| **गुट निरपेक्ष आंदालन के संस्थापक** | **देश** |
|---|---|
| (क) जवाहर लाल नेहरू | 1. यूगोस्लाविया |
| (ख) जोसेफ ब्रॉज़ टीटो | 2. भारत |
| (ग) सुकर्णो | 3. घाना |
| (घ) गमाल अब्दुल नासिर | 4. इण्डोनेशिया |
| (ड़) वामे एनाक्रूमा | 5. मिश्र |

2. नाटो के बारे में बताओ ?

3. ट्रुमैन सिद्धान्त क्या है ? बताओ।

5. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. शीतयुद्ध के किन्ही पांच प्रमुख लक्षणों को लिखिए।

2. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखो–

1. जोसेफ ब्रॉज़ टीटो 2. गुटनिरपेक्ष आंदोलन

## पाठ 2
## दो ध्रुवीयता का अंत

**पाठ का सार–**

इस अध्याय में दो ध्रुवीयता के अंत के बारे में बताया गया है। ब्लादिमीर लेनिन के नेतृत्व में 1917 में समाजवादी क्रांति हुई, तथा वहाँ सोवियत प्रणाली की स्थापना की। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सोवियत संघ महाशक्ति के रूप में उभरा। सोवियत संघ में 15 गणराज्य शामिल थे। जोसेफ स्टालिन लेनिन के उत्तराधिकारी थे। इन्होंने सोवियत संघ में औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया। खेती के सामूहिकरण पर स्टालिन ने बल दिया। निकिता ख्रुश्चेव 1953–1964 तक सोवियत संघ के राष्ट्रपति रहे। इन्होंने शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का सिद्धान्त अपनाया। ख्रुश्चेव के बाद लिओनिड ब्रेझनेव सोवियत संघ के राष्ट्रपति बने। इन्होंने एशिया की सामूहिक सुरक्षा का सुझाव दिया। अमरिका के साथ तनाव का दौर कम हुआ। सोवियत संघ के अंतिम राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव बने। पेरेस्त्रोइका (पुनर्रचना) और ग्लासनोस्त (खुलेपन) की नीति इनकी थी। सोवियत संघ का विघटन (1991) गोर्बाचेव के समय हुआ। सोवियत संघ के विघटन (1991) के बाद बोरिस येल्तसिन रूस के पहले राष्ट्रपति बने। सोवियत संघ के विघटन, विघटन के परिणामों एवं साम्यवादी शासन के बाद शॉक थेरेपी के बारे में इस अध्याय में अध्ययन किया गया है। अंत में भारत और सोवियत संघ के सम्बन्धों के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में बताया गया है।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. समाजवादी क्रांति कब हुई ?

      (अ) 1917 में   (ब) 1916 में

      (स) 1918 में   (द) 1920 में

   2. सोवियत संघ कितने गणराज्यों से मिलाकर बनाया गया था ?

      (अ) 15   (ब) 16

      (स) 18   (द) 14

   3. सोवियत संघ का विघटन कब हुआ ?

      (अ) सन् 1991   (ब) सन् 1990

      (स) सन् 1989   (द) सन् 1992

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–**

1. सोवियत राजनीतिक प्रणाली ...................................................... की विचारधारा पर आधारित थी। (पूंजीवाद / समाजवाद)
2. .................................................. ने 1984 में सोवियत संघ में सुधारों की शुरूआत की। (बोरिस येल्तसिन / मिखाइल गोर्बाचेव)

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. 'शॉक थेरेपी' को किस वर्ष अपनाया गया ?
2. स्वतंत्रता की घोषणा करने वाला पहला सोवियत गणराज्य कौन–सा था ?
3. रूसी मुद्रा का क्या नाम है?
4. 1991 में संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य के रूप में कौन–कौन से देश शामिल हुए थे ?
5. 'एशिया की सामूहिक सुरक्षा का सिद्धान्त किसने दिया ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. निम्नलिखित में मेल बैठाए–

| | |
|---|---|
| (क) मिखाइल गोर्बाचेव | 1. सोवियत संघ का उत्तराधिकारी |
| (ख) शॉक थेरेपी | 2. सैन्य समझौता |
| (ग) रूस | 3. सुधारों की शुरूआत |
| (घ) बोरिस येल्तसिन | 4. आर्थिक मॉडल |
| (ड) वारसा | 5. रूस के राष्ट्रपति |

2. मिखाइल गोर्बाचेव कौन थे ? बताओ।
3. विश्व के मानचित्र में निम्न देशों को दर्शाओ–

1. कजाकिस्तान 2. रूस
3. तुर्की 4. बेलारूस 5. तुर्कमेनिस्तान

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. शॉक थैरेपी से आपका क्या तात्पर्य है ? संक्षेप में समझाइए।
2. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखो–

1. ब्लादिमीर लेनिन 2. जोसेफ स्टालिन

## पाठ 3

## समकालीन विश्व में अमरीकी वर्चस्व

**पाठ का सार–**

इस अध्याय में शीतयुद्ध के अंत के बाद अमरीकी वर्चस्व के बारे में बताया गया है। इस युद्ध के अंत के बाद अमरीका विश्व की एकमात्र शक्ति बनकर उभरा। इसे अमरीकी प्रभुतत्व या एकध्रुवीय विश्व का दौर कहा जाता है।1991 में सोवियत संघ के विघटन से नयी विश्व– व्यवस्था की शुरूआत हुई। अगस्त 1990 में इराक ने कुवैत पर हमला किया।

ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच राष्ट्रपति क्लिंटन के समय चलाया गया, जिसका उद्देश्य अलकायदा के ठिकानों को नष्ट करना था। इस अध्याय में 9/11 नाइन एलेवन के बारे में बताया गया है। 11 सितम्बर 2001 को अलकायदा ने अमरीका के चार ठिकानों पर हमला किया। इस हमले को नाइन एलेवन कहा जाता है। अमरिका ने आतंकवाद के विरूद्ध विश्वव्यापी युद्ध के अंग के रूप में ऑपरेशन एन्डयूरिंग फ्रीडम चलाया। 19 मार्च 2003 को ऑपरेशन इराकी फ्रीडम के कूट नाम से सैन्य हमला किया। इस अध्याय में हेगेमनी के बारे में बताया गया है, जिसका तात्पर्य है– वर्चस्व' जिसे अमरीका के संदर्भ में बताया गया है। पाठ के अंत में अमरीका से भारत के सम्बन्धों के बारे में बताया गया है।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. इराक ने कुवैत पर हमला कब किया ?

      (अ) अगस्त 1990 (ब) जुलाई 1990

      (स) अगस्त 1991 (द) जून 1991

   2. अमरीका के वर्चस्व की शुरूआत कब हुई ?

      (अ) 1990 में (ब) 1991 में

      (स) 1989 में (द) 1988 में

   3. किस देश ने 1990 में कुवैत पर आक्रमण कर दिया था ?

      (अ) इराक (ब) इरान

      (स) मिश्र (द) सउदी अरब

4. 19 मार्च 2003 को अमरीका ने किस कूटनाम से इराक पर सैन्य आक्रमण किया ?

(अ) ऑपरेशन विजय (ब) ऑपरेशन फ्रीडम

(स) ऑपरेशन इराकी फ्रीडम (द) ऑपरेशन डेजर्ट स्ट्राम

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

1. डरबन ...................................... का शहर है। (दक्षिण अफ्रीका /केन्या)

2. दारे– सलाम ............................ देश का शहर है। (तंजानिया/अमेरिका)

3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. हेगेमनी (Hegemony) शब्द का क्या अर्थ होता है ?

2. 'सिलिकन वैली' में कितने भारतीय काम करते है ?

3. 11 सितम्बर 2001 को पैंटागन पर हमला किस आतंकवादी संगठन ने किया था ?

4. कितने गणराज्यों को मिलाकर सोवियत संघ बनाया गया था ?

4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. नई विश्व व्यवस्था क्या थी ?

2. ऑपरेशन डेजर्ट स्टार्म क्या है? बताओ।

3. निम्नलिखित का मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) ऑपरेशन इन फाइनाइट रीच | 1. तालिबान और अल–कायदा के खिलाफ जंग |
| (ख) ऑपरेशन इंडयूरिंग फ्रीडम | 2. इराक |
| (ग) ऑपरेशन डेजर्ट स्टार्म | 3. सूडान पर मिसाइल से हमला |
| (घ) ऑपरेशन इराकी फ्रीडम | 4. प्रथम खाड़ी युद्ध |

4. एक ध्रुवीय विश्व से क्या तात्पर्य है ? बताओ।

5. निबन्धात्मक प्रश्न

5. निम्न पर टिप्पणी लिखो–

1. नाइन एलेवन (9/11)

2. ऑपरेशन एन्डयूरिंग फ्रीडम

## पाठ : 4

## सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र

**पाठ का सार–**

एक ध्रुवीय विश्व में अमरीका विश्व की एकमात्र महाशक्ति बन गया। इस अध्याय में सत्ता के वैकल्पिक केन्द्रों के बारे में बताया गया है। यूरोपीय संघ, आसियान चीनी अर्थव्यवस्था के उत्थान, जापान एवं दक्षिण कोरिया की अर्थव्यवस्था के बारे में इस अध्याय में बताया गया है। 1948 में मार्शल योजना के तहत 1948 को यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना की गई। जिसका उद्देश्य पश्चिम यूरोपीय देशों की आर्थिक मदद करना था। 1992 में यूरोपीय संघ की स्थापना हुई, जिसमें यूरोप के देश शामिल है, जिसका उद्देश्य यूरोप के देशों की मदद करना है। यूरोपीय संघ की मुद्रा को यूरो कहा जाता है। यूरोपीय संघ अमरीकी वर्चस्व के लिए चुनौती है।

दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के लिए 1967 में आसियान की स्थापना की गई। आसियान में पूर्वी एशिया के 10 देश शामिल है। आसियान के देशों की सुरक्षा और विदेश नीतियों में तालमेल बनाने के लिए 1994 में आसियान क्षेत्रीय मंच (ARF) की स्थापना की गई। भारत ने आसियान देशों के साथ 1991 से लुक ईस्ट और 2014 से एक्ट ईस्ट की नीति अपनायी है।

वर्तमान में चीन की अर्थव्यवस्था में तीव्र उत्थान हुआ है।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. देंग श्याओपेंग ने चीन में ओपेन डोर (मुक्त द्वार की नीति) कब चलायी ?

      (अ) 1978 (ब) 1980

      (स) 1975 (द) 1985

   2. यूरोपीय संघ की स्थापना कब हुई ?

      (अ) 1992 (ब) 1990

      (स) 1991 (द) 1993

   3. आसियान की स्थापना कब हुई ?

      (अ) 1966 (ब) 1969

      (स) 1967 (द) 1961

   4. 'आसियान क्षेत्रीय मंच (ARF) की स्थापना कब हुई ?

      (अ) 1995 (ब) 1994

      (स) 1997 (द) 1993

   5. जी–7 के सदस्य देशों में एशिया का एकमात्र सदस्य देश कौनसा है?

(अ) जापान (ब) भारत

(स) चीन (द) श्रीलंका

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. ............................................ योजना के प्रभाव से 1948 में यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना हुई। (मार्शल / ट्रुमैन)

2. ................................................ आसियान का एक स्तम्भ है, जो इसके सदस्य देशों की सुरक्षा के मामले देखता है। (आसियान सुरक्ष समुदाय / आसियान आर्थिक समुदाय)

3. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. दक्षिण कोरिया (रिपब्लिक ऑफ कोरिया) संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य कब बना ?

2. ARF का पूरा नाम लिखो।

3. भारत ने लुक ईस्ट (Look East) पॉलिसी कब अपनायी ?

4. यूरोपीय संघ (EU) के झंड़े में 12 सितारे क्या है ? बताओ।

5. विश्व व्यापार संगठन में चीन का प्रवेश कब हुआ ?

6. यूरोपीय आर्थिक समुदाय की स्थापना कब हुई ?

4. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. ASEANWay या आसियान शैली क्या है ?

2. क्षेत्रीय संगठनों को बनाने के उद्देश्य क्या है ?

3. आसियान की स्थापना का उद्देश्य मुख्यतः क्या है ?

4. आसियान के सदस्य देश कौन–कौन से है ?

1. विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित यूरोपीय देशों को बताओ–

1. फ्रांस 2. जर्मनी

3. स्वीडन 5. पोलैण्ड

6. आस्ट्रिया

5. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1 आसियान के बारे विस्तार पूर्वक बताओ।

## पाठ 5

## समकालीन दक्षिण एशिया

**पाठ का सार–**

इस अध्याय में समकालीन दक्षिण एशिया के बारे में अध्ययन किया गया है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान शामिल है। यह क्षेत्र विविधताओं से भरा हुआहै। इस अध्याय में पाकिस्तान में सेना व लोकतंत्र, बांग्लादेश में लोकतंत्र, नेपाल में राजतंत्र व लोकतंत्र, श्रीलंका में जातीय संघर्ष और लोकतंत्र का अध्ययन किया गया है। साथ ही दक्षिण एशिया के देशों के साथ भारत के सम्बन्धों का अध्ययन किया गया है। भारत–पाकिस्तान में जम्मू–कश्मीर एवं आतंकवाद को लेकर हमेशा तनावपूर्ण स्थिति रहती है। 1960 में जल विवाद के हल हेतु विश्व बैंक की मदद से भारत पाकिस्तान के बीच सिन्धु–जल संधि पर हस्ताक्षर हुये। भारत–बांग्लादेश के बीच गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदी के जल में हिस्सेदारी, शरणार्थी समस्या, इस्लामी कट्टरवाद आदि को लेकर विवाद रहता है। श्रीलंका एवं भारत के बीच तमिल समस्या के कारण रिश्ते तनावपूर्ण रहे है। भारत एवं भूटान के बीच बहुत अच्छे रिश्ते रहे है।

दक्षिण एशिया के देशों के आपस में रिश्ते तनावपूर्ण रहे है। इस क्षेत्र में शांति एवं सहयोग हेतु 1985 में साउथ एशियन एसोसिएशन फॉर रिजनल ऑपरेशन (SAARC)की स्थापना की गई। 2002 में दक्षिण एशिया के देशों के लिए मुक्त व्यापार हेतु साफ्टा (SAFTA) पर हस्ताक्षर किए गये तथा 2007 में अफगानिस्तान को सार्क (SAARC) में शामिल किया गया।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. भारत में प्रथम परमाणु–परीक्षण कब किया ?

      (अ) मई 1974     (ब) मार्च, 1973

      (स) मई 1975     (द) मार्च 1976

   2. सार्क (SAARC) की स्थापना कब हुई?

      (अ) 1985 में     (ब) 1980 में

      (स) 1988 में     (द) 1984 में

   3. निम्नलिखित में कौन–सा देश दक्षिण एशिया सदस्य देश नहीं है ?

      (अ) भारत     (ब) चीन

      (स) मालदीव     (द) भूटान

4. श्रीलंका को आजादी कब मिली ?

(अ) 1947 (ब) 1946

(स) 1948 (द) 1949

5. फरक्का संधि किन देशों के बीच हुई थी ?

(अ) पाकिस्तान – नेपाल

(ब) पाकिस्तान – बांग्लादेश

(स) भारत – बांग्लादेश

(द) बांग्लादेश – भूटान

6. निम्नलिखित में से कौन–सा देश 1954–55 में 'सिएटो' और 'सेटो' में सम्मिलित हुआ ?

(अ) भारत (ब) पाकिस्तान

(स) भूटान (द) नेपाल

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. सार्क (SAARC) का पूरा नाम लिखो।
2. सार्क (SAARC) दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते (SAFTA) पर हस्ताक्षर कब किये ?
3. 'सिन्धु–जल संधि' कब व किन–किन देशों के बीच हुई ?
4. लिट्टे (Lite) का पूरा नाम क्या है ?
5. अफ़गानिस्तान दक्षेस का सदस्य कब बना ?

3. **लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. दक्षिण एशिया में कौन–कौन से देश आते है? लिखिए।
2. श्रीलंका के जातीय संघर्ष में किनकी भूमिका प्रमुख है ?
3. भारत–बांग्लादेश के बीच विवाद के प्रमुख मुद्दे कौन–कौन से है ? बताओ।

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. सार्क (SAARC) के बारे में बताओ।

## पाठ 6

## अंतर्राष्ट्रीय संगठन

**पाठ का सार–**

इस अध्याय में अन्तर्राष्ट्रीय संगठन हमारे लिए क्यों आवश्यक है ? के बारे में बताया गया है। हमें अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा, पर्यावरणीय सुरक्षा, आर्थिक नीतियों के निर्माण आदि के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता होती है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अंतर्राष्ट्रीय शांति सुरक्षा एवं तृतीय विश्व युद्ध की विभीषिका से विश्व को बचाने के लिए 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई। संयुक्त राष्ट्र संघ के 6 अंगों में सुरक्षा परिषद सबसे महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें 5 स्थायी एवं 10 अस्थायी सदस्य है। इस अध्याय में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव, संयुक्त राष्ट्र संघ में सुधार, 1991 के बाद विश्व राजनीति में आये परिवर्तनों के बारे में बताया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की भूमिका हमेशा ही सकारात्मक रही है।

1995 में स्थापित विश्व व्यापार संगठन, 1957 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के बारे में अध्ययन किया गया है। विश्व मानवाधिकारों की रक्षा के लिए एमनेस्टी इन्टरनेशनल स्वंयसेवी संगठन के बारे में बताया गया है। साथ ही एक ध्रुवीय विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका को बताया गया है ।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब की गई ?
      (अ) 1945 में (ब) 1946 में
      (स) 1943 में (द) 1944 में
   2. संयुक्त राष्ट्र संघ में कितने देश शमिल है ?
      (अ) 190 (ब) 191
      (स) 192 (द) 193
   3. भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में कब शामिल हुआ ?
      (अ) 26 जून 1945 (ब) 24 अक्टूबर 1945
      (स) 30 अक्टूबर 1945 (द) 30 दिसम्बर 1945
   4. सुरक्षा परिषद में कितने स्थायी सदस्य है?
      (अ) पांच (ब) आठ
      (स) दस (द) पन्द्रह
   5. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव कौन थे ?
      (अ) यू थाट (ब) कुर्त वाल्डहीम

(स) ट्राइग्व ली (द) बुतरस बुतरस घाली

6. विश्व व्यापार संगठन निम्नलिखित में से किस संगठन का उत्तराधिकारी है ?

(अ) जेनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड एण्ड टेरिफ

(ब) जेनरल एरेंजमेंट ऑन ट्रेड एण्ड टैरिफ

(स) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(द) संयुक्त राष्ट्र संघ विकास कार्यक्रम

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करे–**

1. .......................................... संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव है। (बान की मून / एंटोनियो गुटेरेस)

2. संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद में ................................. अस्थायी सदस्य है। (12 / 10)

3. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई थी ?

2. सुरक्षा परिषद के 5 स्थायी सदस्य कौन–कौन से है ?

3. WHO का पूरा नाम लिखो ।

4. WTO का पूरा नाम लिखो।

5. संयुक्त राष्ट्र संघ के वार्षिक बजट में सर्वाधिक योगदान किस देश का होता है ?

6. इन्टरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (IAEA) की स्थापना कब हुई ?

4. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के क्या उद्देश्य है ?

2. एमनेस्टी इन्टरनेशनल क्या है ?

3. संयुक्त राष्ट्र संघ की मुख्य शाखाओं और एजेंसियों का सुमेल उनके काम से करो–

1. आर्थिक एवं सामाजिक परिषद – (क) सदस्य देशों के बीच मौजूद विवादों का निपटारा।

2. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय – (ख) सदस्य देशों की आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण की चिन्ता

3. सुरक्षा परिषद – (ग) सदस्य देशों के बीच मुक्त व्यापार की राह आसान बनाना।

4. विश्व व्यापार संगठन – (घ) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का संरक्षण ।

5. विश्व स्वास्थ्य संगठन – (ड़) सबके लिए स्वास्थ्य ।

5. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. सुरक्षा परिषद के कार्य क्या है ? बताओ।

## पाठ 7

## समकालीन विश्व में सुरक्षा

**पाठ का सार–**

इस अध्याय में समकालीन विश्व में सुरक्षा के बारे में बताया गया है। इसमें सुरक्षा क्या है? सुरक्षा की पारम्परिक धारणा बाहरी सुरक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा के बारे में बताया गया है। इस अध्याय में 1972 की एंटी बैलेस्टिक मिसाइल संधि, सामरिक अस्त्र परिसीमन संधि–2 (SALT-II), स्ट्रैटजिक आर्म्स रिडक्शन टीटी (START), 1968 की परमाणु अप्रसार संधि (NPT) 1972 की बायोलॉजिक वीपन्स कन्वेशन (BWC) तथा 1992 की केमिकल वीपन्स कन्वेशन (CWC) के बारे में बताया गया है। सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा के बारे में अध्ययन किया गया है। इसमें मानवीय अस्तित्व पर चोट करने वाले व्यापक खतरों एवं आंशकाओं को शामिल किया जाता है।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

1. रासायनिक हथियार संधि कब हुई ?

(अ) 1991 (ब) 1992

(स) 1993 (द) 1994

2. परमाणु अप्रसार संधि (NPT) कब हुई ?

(अ) 1968 (ब) 1967

(स) 17970 (द) 1969

3. एंटी बैलेस्टिक मिसाइल संधि (ABM) कब हुई ?

(अ) 1974 (ब) 1972

(स) 1973 (द) 1975

4. भारत में पहला परमाणु परीक्षण कब किया गया था ?

(अ) 1973 (ब) 1974

(स) 1978 (द) 1998

5. निम्नलिखित में से किस देश को वैश्विक तापवृद्धि से सबसे ज्यादा खतरा हो सकता है ?

(अ) अमेरिका (ब) भारत

(स) मालदीव (द) नेपाल

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर ...................................... में अलकायदा ने हमला किया। (11 सितम्बर 2001 / 20 जनवरी 2002)
2. क्योटो प्रोटोकोल संधि पर ...................................... में हस्ताक्षर किए गये। (1998 / 1997)

3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. START का पूरा नाम लिखो।
2. परमाणु शक्ति संपन्न देश कौन–कौनसे है ?
3. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) की स्थापना कब की गई ?

4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. निःशस्त्रीकरण (Disarmament) से तात्पर्य है ?
2. एशिया तथा अफ्रीका के देशों में प्रायः संघर्ष के क्या कारण है ?
3. शक्ति संतुलन से आपका क्या तात्पर्य है ?
4 . तीन प्रबल अंतर्राष्ट्रीय समस्याएं क्या–क्या है ?

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. निःशस्त्रीकरण के लिए भारत ने क्या भूमिका निभाई है ? बताओ।

## पाठ 8

## पर्यावरणीय और प्राकृतिक संसाधन

**पाठ का सार –**

इस अध्याय में विश्व राजनीति में पर्यावरण और संसाधनों के बढ़ते महत्व को बताया गया है। इस अध्याय में कुछ महत्वपूर्ण पर्यावरण आंदोलनों की चर्चा की गई है। पर्यावरण के प्रति चिंता व्यक्त की गई। क्लब ऑफ रोम द्वारा 1972 में लिमिटस टू ग्रोथ शीर्षक पुस्तक प्रकाशित की गई, जिसमें दुनिया की बढ़ती जनसंख्या को प्राकृतिक संसाधनों के विनाश के लिए उत्तरदायी बताया गया है। 1992 में रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) में पर्यावरण एवं विकास हेतु सम्मेलन हुआ, जिसे पृथ्वी सम्मेलन कहा जाता है। इस अध्याय में विश्व की साझी संपदा, साझी सम्पदा के प्रति अलग–अलग जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया है। वैश्विक पर्यावरण के प्रति भारत सदैव सकारात्मक रहा है। भारत ने 2002 में क्योटो प्रोटोकोल (1997) पर हस्ताक्षर किए। भारत में पर्यावरण सुरक्षा हेतु अनेक आंदोलन हुए।

पाठ के अंत में मूलवासी (Indigenous People) एवं उनके अधिकारों के बारे में बताया गया है।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. अंटार्कटिका संधि कब हुई ?

      (अ) 1959 (ब) 1957

      (स) 1955 (द) 1960

   2. 'रियो डी जेनेरियो' स्थान किस देश में है ?

      (अ) दक्षिण अफ्रीका (ब) जापान

      (स) ब्राजील (द) इटली

   3. पृथ्वी सम्मेलन कब हुआ ?

      (अ) 1991 में (ब) 1992 में

      (स) 1994 में (द) 1995 में

   4. 'लिमिटस टू ग्रोथ' नामक पुस्तक को किस संस्था ने प्रकाशित किया था ?

      (अ) क्लब ऑफ रोम (ब) लन्दन क्लब

      (स) क्लब ऑफ पेरिस (द) मैनचेस्टर क्लब

   5. भारत ने क्योटो प्रोटोकोल (1997) पर कब हस्ताक्षर किये ?

      (अ) 1999 (ब) 2000

      (स) 2002 (द) 2007

3. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. ऊर्जा संरक्षण अधिनियम कब पारित हुआ ?
2. कौन–सी गैस वैश्विक तापवृद्धि के लिए जिम्मेदार है ?
3. 'रियो' सम्मेलन कब हुआ ?
4. UNEP का पूरा नाम लिखो।
5. 'लिमिट्स टू ग्रोथ' पुस्तक क्लब ऑफ रोम द्वारा कब प्रकाशित की गई ?

4. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. ग्लोबल वार्मिंग से क्या तात्पर्य है? बताओ ।
2. विश्व की सांझी विरासत से क्या तात्पर्य है?
3. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति से जुड़े मसलों को लिखिए।
4. रियो सम्मेलन की सिफारिशों को किस नाम से जाना जाता है?
5. 'पर्यावरण'से आपका क्या तात्पर्य है?

5. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. रियो सम्मेलन के क्या परिणाम हुए ? लिखिए।
2. मूलवासियों की प्रमुख मांगे क्या है ? संक्षेप में समझाइए।

## पाठ 9

## वैश्वीकरण

**पाठ का सार :**

इस अध्याय में वैश्वीकरण की अवधारणा के कारण, उसके राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिणाम की बात करेंगे। वैश्वीकरण ने संपूर्ण विश्व को एक कुटुम्ब के रूप में स्थापित किया है। वैश्वीकरण प्रौद्योगिकी के कारण तीव्र हुआ है। वैश्वीकरण के कारण दुनिया में कल्याणकारी राज्य की धारणा पुरानी होने लगी है। लोक कल्याणकारी राज्य की जगह अब बाजार आर्थिक एवं सामाजिक प्राथमिकताओं का प्रमुख निर्धारक हो गया है। आर्थिक रूप से संपूर्ण विश्व एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। वैश्वीकरण से सांस्कृतिक समरूपता आयी है। इस अध्याय में भारत पर वैश्वीकरण का क्या प्रभाव पड़ा है, का भी अध्ययन किया गया है। साथ ही भारत में वैश्वीकरण के विरोध को भी बताया गया है।

वैश्वीकरण ने पूरे विश्व को एक साथ जोड़ा है। इसके बावजूद भी वैश्वीकरण का प्रतिरोध होता है। इसको पूंजीवाद के निकट माना जाता है। गरीब एवं विकासशील देशों के हितों को समुचित महत्व नहीं दिया जाता है। वर्ल्ड सोशल फोरम (WSF), नव–उदारवादी वैश्वीकरण का विरोध करता है। WSF में मानवाधिकार कार्यकर्ता, पर्यावरणवादी, मजदूर, युवा एवं महिला कार्यकर्ता एकजुट होकर नव उदारवादी वैश्वीकरण का विरोध करते है।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. वैश्वीकरण के बारे में कौनसा कथन सही है ?
      (अ) वैश्वीकरण सिर्फ आर्थिक परिघटना है।
      (ब) वैश्वीकरण की शुरूआत 1985 में हुई।
      (स) वैश्वीकरण और पश्चिमीकरण समान है।
      (द) वैश्वीकरण एक बहुआयामी परिघटना है।
   2. निम्नलिखित में से कौन वैश्वीकरण के लिए जिम्मेदार है ?
      (अ) खेती — (ब) प्रौद्योगिकी
      (स) संचार — (द) इनमें से कोई नहीं
   3. भारत में आर्थिक सुधारों की योजनाओं को कब प्रारम्भ किया गया?
      (अ) 1989 — (ब) 1990
      (स) 1991 — (द) 1992
   4. वैश्वीकरण के प्रभाव के बारे में कौन–सा कथन सही है ?

(अ) विभिन्न देशों और समाजों पर वैश्वीकरण का प्रभाव विषम रहा।

(ब) सभी देशों और समाजों पर वैश्वीकरण का प्रभाव समान रहा है।

(स) वैश्वीकरण का असर सिर्फ राजनीतिक दायरे तक सीमित है।

(द) वैश्वीकरण से अनिवार्यतया सांस्कृतिक समरूपता आती है।

5. वैश्वीकरण के बारे में कौनसा कथन गलत है?

(अ) वैश्वीकरण के समर्थकों का तर्क है कि इससे आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी।

(ब) वैश्वीकरण के आलोचकों का तर्क है कि इससे आर्थिक असमानता और ज्यादा बढ़ेगी।

(स) वैश्वीकरण के पैरोकारों का तर्क है कि इससे सांस्कृतिक समरूपता आएगी।

(द) वैश्वीकरण के आलोचकों का तर्क है कि इससे सांस्कृतिक समरूपता आएगी।

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. WSF का पूरा नाम लिखो।
2. 'वर्ल्ड सोशल फोरम (WSF) की पहली बैठक कब एवं कहां हुई ?
3. भारत में नई आर्थिक नीति की शुरूआत कब हुई थी ?
4. UNEP का पूरा नाम लिखो।

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न**

1. वैश्वीकरण से क्या तात्पर्य है ?
2. डब्ल्यू एस.एफ. क्या है ?
3. संरक्षणवाद से क्या तात्पर्य है ?

4. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. वैश्वीकरण में प्रौद्योगिकी का क्या योगदान है?

भाग–II

पाठ–1

# राष्ट्र निर्माण की चुनौतियाँ

**पाठ का सारांश (संक्षिप्तीकरण)–**

आज हम अध्याय 1 राष्ट्र निर्माण की चुनौतियों का अध्ययन करेंगे। इस अध्याय में नवोदित स्वतंत्र भारत के समक्ष क्या–क्या चुनौतियां, समस्याएं थी, का अध्ययन करेंगे। इन चुनौतियों के समाधान में पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, महात्मा गांधी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरदार वल्लभ भाई पटेल जिन्हें भारत का लौह पुरूष (Iron Man of India) भी कहा जाता है, ने रियासतों के एकीकरण का कार्य बहुत सहजता के साथ किया। इस अध्याय में ट्रिस्ट विद डेस्टिनी राष्ट्र के समक्ष तीन चुनौतियाँ, विभाजन विस्थापन और पुनर्वास, रजवाड़ों के विलय एवं राज्यों का पुनर्गठन आदि के बारे में पढ़ेंगे।

इस अध्याय में मुहम्मद अली जिन्ना के द्विराष्ट्र सिद्धान्त के बारे में बताया गया है। मणिपुर के महाराणा बोध चन्द्र सिंह ने भारत सरकार के साथ भारत से हमें अपनी रियासत के विलय के एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। 1952 में आंध्र प्रदेश भाषा के आधार पर राज्य बनाया गया, जिसका श्रेय पोट्‌टी श्रीरामुलु को जाता है। 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग बनाया गया। इस आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 1956 में राज्य पुनर्गठन अधिनियम पास हुआ, जिसके आधार पर 14 राज्य एवं 6 केन्द्र–शासित प्रदेश बनाए गए।

**प्रश्न**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न–**

   1. 'ट्रिस्ट विद् डेस्टिनी' किस प्रसिद्ध नेता से सम्बन्धित है ?

      (अ) महात्मा गाँधी (ब) जवाहर लाल नेहरू

      (स) सरदार पटेल (द) अमृता प्रीतम

   2. द्वि–राष्ट्र सिद्धान्त' किसकी देन था ?

      (अ) कांग्रेस (ब) कम्यूनिस्ट पार्टी

      (स) मुस्लिम लीग (द) समानांतर पार्टी

   3. निम्नलिखित में से कौन द्वि–राष्ट्र सिद्धान्त के प्रतिपादक थे ?

      (अ) जवाहर लाल नेहरू (ब) सीमांत गांधी

      (स) मुहम्मद अली जिन्ना (द) सरदार पटेल

   4. आजादी प्राप्ति के समय भारत में कितने रजवाड़े थे ?

      (अ) 545 (ब) 555

(स) 560 (द) 565

5. रजवाड़ों के शासकों को भारतीय संघ में शामिल करने के लिए राजी करने में किस नेता की महत्वपूर्ण भूमिका रही ?

(अ) सरदार पटेल (ब) जवाहर लाल नेहरू

(स) महात्मा गाँधी (द) श्यामा प्रसाद मुखर्जी

6. भारत–विभाजन के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा गलत है ?

(अ) भारत–विभाजन ''द्वि–राष्ट्र सिद्धान्त''का परिणाम था।

(ब) धर्म के आधार पर दो प्रांतों– पंजाब और बंगाल का बंटवारा हुआ।

(स) पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान में संगति नहीं थी।

(द) विभाजन की योजना में यह बात भी शामिल थी कि दोनां देशों के बीच आबादी की अदला–बदली होगी।

7. नाथूराम विनायक गोडसे ने महात्मा गाँधी को कितनी गोलियां मारी ?

(अ) 5 (ब) 4 (स) 3 (द)2

8. केन्द्र सरकार द्वारा राज्य पुनर्गठन आयोग कब बनाया गया ?

(अ) 1954 (ब) 1953 (स) 1955 (द) 1957

9. निम्नलिखित में से किसे भारतीय संघ में शामिल किया गया ?

(अ) मणिपुर (ब) पंजाब (स) असम (द) हैदराबाद

10. निम्नलिखित में से कौन 'नागमणि' पत्रिका के सम्पादक थे ?

(अ) फैज अहमद फैज (ब) अमृता प्रीतम

(स) महादेवी वर्मा (द) इनमें से कोई नहीं

## 2. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. फैज अहमद फैज की दो प्रमुख कविता संग्रह के नाम लिखिए।
2. हैदराबाद का भारत में विलय किस वर्ष हुआ ?
3. हैदराबाद के शासक को क्या कहा जाता था ?
4. भारत का लौह पुरूष (आयरन मैन ऑफ इण्डिया) किसे कहा जाता है?
5. मणिपुर के किस राजा ने भारतीय संघ में अपने रजवाड़े के विलय के लिए हस्ताक्षर किए थे ?
6. राज्य पुनर्गठन अधिनियम के आधार पर भारत में कितने राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश बनाए गए ?

## 3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' क्या है ? बताओ ।
2. 'पोट्टी श्रीरामुलु' कौन थे ?
3. अमृता प्रीतम कौन थी ?

## 4. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. राज्य पुनर्गठन आयोग का काम क्या था ? इसकी प्रमुख सिफारिश क्या थी ?

## अध्याय–2

# एक दल के प्रभुत्व का दौर

**पाठ का संक्षिप्तीकरण –**

इस अध्याय में कांग्रेस के प्रभुत्व की प्रकृति किस प्रकार की थी? के बारे में बताया गया है। इस अध्याय में भारतीय चुनाव आयोग के बारे में बताया गया है, जिसका गठन जनवरी, 1950 में हुआ, जिसके प्रथम चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन बने। प्रथम आम चुनाव से लेकर अब तक चुनाव के तरीकों में बदलाव आया है। वर्तमान में ईवीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) से चुनाव होता है। पहले आम चुनाव से 1967 तक पहले तीन चुनावों में कांग्रेस का एक दलीय प्रभुत्व रहा। केरल में कम्यूनिस्ट पार्टी की अगुवाई में कम्यूनिस्ट पार्टी की गठबंधन की सरकार बनी।

इस अध्याय में आचार्य नरेन्द्र देव की सोशलिस्ट पार्टी, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की इंडिपेडेंट लेबर पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (मार्क्सवादी), भारतीय जनसंघ (1951) सी. राजगोपालाचारी की स्वतंत्र पार्टी आदि के बारे में अध्ययन किया गया है।

**प्रश्न**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न–**

   1. भारतीय चुनाव आयोग का गठन कब हुआ ?
      (अ) 1949 (ब) 1951 (स) 1950 (द) 1952
   2. भारत के पहले चुनाव आयुक्त कौन थे ?
      (अ) आर.के. त्रिवेदी (ब) एम.एस. गिल (स) टी.एन. शेषन (द) सुकुमार सेन
   3. पहले आम चुनाव में 16 सीटे जीतकर दूसरे स्थान पर कौनसी पार्टी रही ?
      (अ) प्रजा सोशलिस्ट पार्टी (ब) भारतीय जनसंघ
      (स) भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (द) भारतीय जनता पार्टी
   4. भारतीय जनसंघ का गठन कब हुआ ?
      (अ) 1952 (ब) 1951 (स) 1950 (द) 1954
   5. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म कब अपनाया ?
      (अ) 1956 (ब) 1955 (स) 1954 (द) 1953
   6. इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी की स्थापना किसने की थी ?
      (अ) महात्मा गाँधी (ब) भीमराव अम्बेडकर
      (स) पंडित जवाहर लाल नेहरू (द) अब्दुल कलाम आजाद
   7. भारत रत्न से सम्मानित प्रथम भारतीय कौन थे ?
      (अ) लाल बहादुर शास्त्री (ब) सी. राजगोपालाचारी
      (स) मोरारजी देसाई (द) दीन दयाल उपाध्याय

8. भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष कौन थे ?

(अ) भीमराव अम्बेडकर — (ब) श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(स) दीन दयाल उपाध्याय — (द) आचार्य नरेन्द्र देव

## 2. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. ईवीएम (EVM) का पूरा नाम लिखिए ?
2. स्वतंत्रत भारत में बने पहले मंत्रिमण्डल में शिक्षा मंत्री कौन थे ?
3. स्वतंत्र पार्टी के चार नेताओं के नाम लिखिए।
4. स्वतंत्र भारत के प्रथम संचार मंत्री कौन थे?

## 3. लघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. यहां दो सूचियां दी गई है, पहले में नेताओं के नाम दर्ज है और दूसरे में दलों के, दोनों सूचियों में मेल बैठाए–

| | |
|---|---|
| (क) एस.ए. डांगे | 1. भारतीय जनसंघ |
| (ख) श्यामा प्रसाद मुखर्जी | 2. स्वतंत्र पार्टी |
| (ग) मीनू मसानी | 3. प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| (घ) अशोक मेहता | 4. भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी |

4. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कौन थे ? बताओ।
5. भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेता कौन–कौन थे ?
6. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित राज्यों को दर्शाओं–

| | |
|---|---|
| 1. राजस्थान | 2. उत्तरप्रदेश |
| 3. मध्यप्रदेश | 4. पश्चिम बंगाल |
| 5. गुजरात | 6. बिहार |

## 4. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. एक प्रभुत्वशाली दल व्यवस्था के लाभ और हानियों को बताइये।

## पाठ–3

## नियोजित विकास की राजनीति

**पाठ का सारांश–**

इस अध्याय में देश की आजादी के बाद नियोजित विकास के लिए क्या–क्या कदम उठाये गये के बारे में बताया गया है। विकास हेतु 1950 में सरकार द्वारा योजना आयोग की स्थापना की गई। इस अध्याय में पंचवर्षीय योजनाओं, औद्योगीकरण, कृषि बनाम उद्योग विवाद, निजी क्षेत्र बनाम सार्वजनिक क्षेत्र विवाद, भूमि सुधार खाद्य संकट एवं हरित क्रांति के बारे में अध्ययन किया गया है। इस अध्याय में श्वेत क्रांति ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम एवं 14 बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बारे में बताया गया है। आर्थिक नियोजन से सम्बन्धित बॉम्बे प्लान के बारे में बताया गया है।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. 'बॉम्बे प्लान' के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा बयान सही नहीं है ?

      (अ) यह भारत के आर्थिक भविष्य का एक ब्लू–प्रिन्ट था।

      (ब) इसमें उद्योग के ऊपर राज्य के स्वामित्व का समर्थन किया गया था।

      (स) इसकी रचना कुछ उद्योगपतियों ने की थी।

      (द) इसमें नियोजन के विचार का पुरज़ोर समर्थन किया गया था।

   2. भारत ने शुरूआती दौर में विकास की जो नीति अपनाई उसमें निम्नलिखित में से कौन–सा विचार शामिल नहीं था ?

      (अ) नियोजन (ब) उदारीकरण

      (स) सहकारी खेती (द) आत्मनिर्भरता

   3. भारत सरकार द्वारा योजना आयोग की स्थापना कब की गई ?

      (अ) 1951 (ब) 1952

      (स) 1950 (द) 1954

   4. 'ऑपरेशन फ्लड' कार्यक्रम कब शुरू हुआ ?

      (अ) 1970 (ब) 1972

      (स) 1974 (द) 1971

   5. सर्वप्रथम कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया ?

      (अ) 15 (ब) 14

      (स) 16 (द) 18

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. पोस्को प्लांट ........................................ में स्थित है। (उडीसा / बिहार)
2. दूसरी पंचवर्षीय योजना की शुरूआत ............................. में हुई थी। (1957 / 1956)

3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. 'ऑपरेशन फ्लड' किस चीज के उत्पादन से सम्बन्धित है ?
2. 'हरित क्रांति में मुख्य रूप से कौन–से अनाज का उत्पादन बढ़ा ?
3. दूसरी पंचवर्षीय योजना में किस बात पर बल दिया गया था?
4. ''मिल्क मैन ऑफ इण्डिया'' के नाम से कौन प्रसिद्ध है ?

4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. 'वामपंथ एवं दक्षिणपंथ से क्या तात्पर्य है ?
2. योजना आयोग के कोई दो कार्य बताओ।
3. निम्नलिखित का मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क)चरण सिंह | 1. औद्योगीकरण |
| (ख)पी.सी. महालनोबिस | 2. जोनिंग |
| (ग)बिहार का अकाल | 3. किसान |
| (घ)वर्गीज कूरियन | 4. सहकारी डेयरी |

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. हरित क्रांति क्या थी ? हरित क्रांति के दो सकारात्मक एवं दो नकारात्मक परिणामों का उल्लेख कीजिए।
2. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखो।

   (अ) पी.सी. महालनोबिस (ब) 'बॉम्बे प्लान'

## पाठ 4

## भारत के विदेश सम्बन्ध

**पाठ का सारांश–**

इस अध्याय में भारत के अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के बारे में अध्ययन करेंगे। आजादी के समय पूरी दुनिया दो खेमों में बंटी हुई थी। भारत ने किसी भी गुट का समर्थन नहीं करते हुये गुटनिरपेक्षता की नीति अपनायी।

इस अध्याय में गुटनिरपेक्षता की नीति, साम्यवाद एवं पूंजीवाद से भारत की दूरी, चीन के साथ शांति एवं संघर्ष, भारत पर चीन का आक्रमण, 1962 तिब्बत समस्या, 1962 के बाद भारत–चीन सम्बन्ध, पाकिस्तान के साथ युद्ध और शांति, बांग्लादेश के साथ युद्ध 1971, करगिल संघर्ष, भारत की परमाणु नीति आदि के बारे में अध्ययन करेंगे।

इस अध्याय में 1955 में हुए एफ्रो–एशियाई सम्मेलन, 1961 में बेलग्रेड में हुये प्रथम गुटनिरपेक्ष सम्मेलन के बारे में बताया गया है। गुटनिरपेक्ष आंदोलन की स्थापना में पंडित जवाहर लाल नेहरू की मुख्य भूमिका रही। 1954 में भारत एवं चीन के बीच पंचशील समझौता हुआ।

इस अध्याय में भारत की परमाणु नीति के बारे में बताया गया है। भारत ने मई 1974 में अपना पहला परमाणु परीक्षण किया। 1998 में भारत में दुबारा परमाणु परीक्षण किया गया।

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. 'इण्डियन नेशनल आर्मी' (I.N.A.) का गठन किसने किया ?

      (अ) सुभाष चन्द्र बोस (ब) पंडित जवाहर लाल नेहरू

      (स) भीमराव अम्बेडकर (द) सरदार वल्लभ भाई पटेल

   2. बांडुंग सम्मेलन कब हुआ ?

      (अ) 1955 (ब) 1956

      (स) 1958 (द) 1959

   3. बेलग्रेड सम्मेलन कब हुआ ?

      (अ) 1960 (ब) 1961

      (स) 1964 (द) 1962

   4. भारत पर चीन ने आक्रमण कब किया ?

      (अ) 1963 (ब) 1962

      (स) 1964 (द) 1965

   5. पंचशील समझौते पर हस्ताक्षर कब हुए ?

(अ) 1954 (ब) 1955

(स) 1960 (द) 1949

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

1. अरब–इजरायल युद्ध .................................. में हुआ था। (1974 / 1975)

2. करगिल संघर्ष ......................................... में हुआ था। (1999 / 2000)

3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. शिमला समझौता कब व किन–किन के बीच हुआ ?

2. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री कौन थे ?

3. ताशकंद समझौता कब और किनके बीच हुआ ?

4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. नेहरू को विदेश नीति के तीन बड़े उद्देश्य क्या थे ?

2. निम्नलिखित का सही जोड़ा मिलाए –

| | |
|---|---|
| (क) 1950–64 के दौरान भारत की विदेश नीति का लक्ष्य | 1. तिब्बत के धार्मिक नेता जो सीमा पार करके भारत चले आए। |
| (ख) पंचशील | 2. क्षेत्रीय अखण्डता और सम्प्रभुता की रक्षा तथा आर्थिक विकास । |
| (ग) बांडुंग सम्मेलन | 3. शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व के पांच सिद्धान्त |
| (घ) दलाई लामा | 4. इसकी परिणति गुट निरपेक्ष आंदोलन में हुई। |

3. करगिल संघर्ष के बारे में संक्षिप्त में लिखिएं

4. विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित देशों को दर्शाओं–

1. चीन 2. नेपाल

3. पाकिस्तान 4. बांग्लादेश

5. भारत

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए–

(क) पंचशील समझौता। (ख) भारत की परमाणु नीति।

## अध्याय – 5

## कांग्रेस प्रणाली चुनौतियां एवं पुनर्स्थापना

**पाठ का सारांश (संक्षिप्तीकरण)–**

इस अध्याय में हम पंड़ित जवाहर लाल नेहरू की मृत्यु (1964 में) के बाद कांग्रेस के समक्ष राजनीतिक उत्तराधिकार की चुनौति, नेहरू के बाद शास्त्री, शास्त्री के बाद इन्दिरा गांधी के नेतृत्व के बारे में अध्ययन करेंगे। साथ ही कांग्रेस बनाम गैर–कांग्रेसवाद के बाद में इस अध्याय में बताया गया है। 1967 के चौथे लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों के बारे में अध्याय में बताया गया है। 1967 के चुनावों के बादएक दलीय प्रभुत्व की राजनीति समाप्त हो गई एवं गठनबंधन की राजनीति की शुरूआत हो गई। कांग्रेस में विभाजन इन्दिरा बनाम सिंडिकेट के रूप में हुआ।

अन्त में प्रिवीपर्स की समाप्ति 1971 के चुनाव एवं कांग्रेस का पुनर्स्थापन आदि के बारे में इस अध्याय में बताया गया है। इस अध्याय में 1967 के चौथे, आम चुनावों में कांग्रेस की हार तथा गैर कांग्रेसवाद के बारे में बताया गया है।

**प्रश्न**

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**
    1. निम्न में किस नेता ने कांग्रेस के शासन को अलोकतांत्रिक और गरीब लोगों के हितों के विरूद्ध बताया ?
       (अ) वी.वी. गिरि (ब) राममनोहर लोहिया
       (स) सी. नटराजन (द) कर्पूरी ठाकुर
    2. जय जवान – जय किसान' का नारा किसने दिया ?
       (अ) मोरारजी देसाई (ब) लाल बहादुर शास्त्री
       (स) इन्दिरा गाँधी (द) राममनोहर लोहिया
    3. 'गरीबी हटाओ' का नारा किसने दिया ?
       (अ) इन्दिरा गाँधी (ब) राममनोहर लोहिया
       (स) के. कामराज (द) लाल बहादुर शास्त्री
    4. जवाहर लाल नेहरू की मत्यु कब हुई ?
       (अ) 1962 (ब) 1963 (स) 1964 (द) 1968
    5. लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु कहां हुई ?
       (अ) भारत (अ) ताशकंद (स) चीन (द) रूस

3. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

    1. चौथे आम चुनाव .................................... में हुए। (1968 / 1967)

2. कांग्रेस ने 10 सूची कार्यक्रम .................... में अपनाया ? (मार्च, 1966 / मई 1967)

4. **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. इंदिरा हटाओ का नारा किसने दिया ?
2. भारत–पाकिस्तान के बीच युद्ध कब हुआ ? उस समय देश के प्रधानमंत्री कौन थे ?
3. इन्दिरा गँधी की हत्या कब की गई ?
4. गठनबंधन की राजनीति की शुरूआत कब से हुई ?

5. **लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. निम्नलिखित का मेल करे–

| | |
|---|---|
| (क) सिंडिकेट | 1. कोई निर्वाचित जन प्रतिनिधि जिस पार्टी के टिकट से जीता हो, उस पार्टी को छोड़कर अगर दूसरे दल में चला जाए। |
| (ख) दल बदल | 2. कांग्रेस और इसकी नीतियों के खिलाफ अलग–अलग विचार धाराओं की पाटियों का एक जुट हो जाना। |
| (ग) नारा | कांग्रेस और इसकी नीतियों के खिलाफ अलग–अलग विचार धाराओं की पार्टियों का एक जुट होना। |
| (घ) गैर–कांग्रेसवाद | 4. कांगेस के भीतर ताकतवार और प्रभावशाली नेताओं का एक समूह है। |

2.कामराज योजना क्या थी ?

3. इन्दिरा गँधी को चुनौती देने वाला सिंडिकेट क्या था ?

4. 1967 के चौथे आम चुनाव में किन राज्यों में कांग्रेस की सत्ता हाथ से निकल गई ?

6. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. दल बदल कानून (1985) की व्यवस्था पर चर्चा कीजिए।
2. 1970 के दशक में इन्दिरा गाँधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई थी ?

## पाठ 6

## लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट

**पाठ का संक्षिप्तीकरण–**

1967 के बाद भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन हुए। देश की औद्योगिक विकास दर कम हो गई एव बेरोजगारी की दर बढ़ गई। देश में अनेक आंदोलनों की शुरूआत हुई। जैसे गुजरात और बिहार के आंदोलन, नक्सलवादी आंदोलन, 1974 की रेल हड़ताल। ये आंदोलन एवं हड़ताल लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट ही थे।

25 जून 1975 को देश में प्रधानमंत्री ने आपातकाल लागू करने की सिफारिश राष्ट्रपति से की। राष्ट्रपति ने तुरन्त आपातकाल की घोषणा कर दी। इस आपातकाल से भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में संकट आ गई। इस अध्याय में आपातकाल के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है। आपातकाल ने पूरी राजनीतिक व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन कर दिया। जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति के बारे में इस अध्याय में बताया गया है।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. 1974 में वस्तुओं के दामों में कितनी फीसदी बढ़ोतरी हुई ?

      (अ) 30 (ब) 23

      (स) 40 (द) 25

   2. गुजरात में छात्र आंदोलन कब हुआ था ?

      (अ) जनवरी 1974 (ब) जून 1975

      (स) मार्च 1974 (द) जनवरी 1975

   3. बीस सूत्री कार्यक्रम में निम्न में से कौन–सा मुद्दा शामिल था ?

      (अ) भूमि सुधार (ब) भू–पुनर्वितरण

      (स) बंधुआ मजदूरी की समाप्ति (द) उपरोक्त सभी

   4. बिहार में मार्च 1974 में छात्रों ने किसके नेतृत्व में आंदोलन किया ?

      (अ) मोरारजी देसाई (ब) जयप्रकाश नारायण

      (स) चारू मजूमदार (द) जगजीवनराम

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. कांग्रेस ने ...................................... के चुनावों में गरीबी हटाओ का नारा दिया। (1971 / 1967)
2. संपूर्ण क्रांति का सम्बन्ध ............................... से है। (मोरारजी देसाई / जयप्रकाश नारायण)

3. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. इलाहबाद उच्च न्यायालय में किसके द्वारा इन्दिरा गाँधी के खिलाफ 1971 में हुए लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी के विरूद्ध याचिका दायर की गई थी ?
2. आपातकाल की घोषणा कब की गई ?
3. शाह आयोग का गठन क्यों किया गया ?
4. 'कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी' पार्टी किसने बनायी ?

4. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. निम्नलिखित का मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) संपूर्ण क्रांति | 1. इन्दिरा गाँधी |
| (ख) गरीबी हटाओं | 2. जयप्रकाश नारायण |
| (ग) छात्र आन्दोलन | 3. बिहार आन्दोलन |
| (घ) रेल हड़ताल | 4. जॉर्ज फर्नाडिस |

2. किन कारणों से 1980 में मध्यावधि चुनाव करवाने पड़े ?

5. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. 1977 के चुनावों के बाद पहली दफा केन्द्र में विपक्षी दल की सरकार बनी। ऐसा किन कारणों से संभव हुआ ?
2. निम्न पर टिप्पणी लिखिए।

(अ) जगजीवन राम  (ब) चौधरी चरण सिंह

## पाठ 7

## जन आंदोलनों का उदय

**पाठ का संक्षिप्तीकरण :**

इस अध्याय में लोगों की विभिन्न मांगों को लेकर हुए जन आंदोलनों के बारे में अध्ययन किया गया है। जन आंदोलन क्या है ? भारतीय समाज के किन तबकों को इन आंदोलनों ने लामबन्द किया ? तथा भारतीय लोकतांत्रिक ढांचे में जन आंदोलनों की क्या भूमिका रही ? का अध्ययन इस अध्याय में किया गया है। चिपको आंदोलन, दल आधारित आंदोलन, ताड़ी विरोधी आंदोलन, नर्मदा बचाओ आंदोलन, दलित आंदोलन आदि के बारे में अध्याय में चर्चा की गई है। महाराष्ट्र में 1972 में दलित युवाओं का एक संगठन दलित पैंथर्स बना। भारतीय किसान यूनियर (बी.के.यू) के नेतृत्व में किसान आंदोलन हुये। मछुआरों के हितों की रक्षा हेतु नेशनल फिश वर्कर्स फोरम (एन.एफ.एफ) बनाया गया। आन्ध्रप्रदेश में ताड़ी (शराब) की बिक्री बंद करने हेतु महिलाओं द्वारा ताड़ी विरोधी आंदोलन चलाया गया। पर्यावरण की रक्षा व वनभूमि के जलमग्न होने के खतरे को लेकर नर्मदा बचाओ आंदोलन हुआ। सूचना के अधिकार (आरटीआई) 2005 के बारे में इस अध्याय में बताया गया। जन आंदोलन से क्या सबक मिला के बारे में चर्चा की गई है।

**प्रश्न**

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

   1. चिपको आंदोलन के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है ?

      (अ) यह पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए चलाया गया एक आंदोलन था।

      (ब) इस आंदोलन ने पारिस्थिति की और आर्थिक शोषण के मामले उठाए।

      (स) यह महिलाओं द्वारा शुरू किया गया शराब–विरोधी आंदोलन था।

      (द)इस आंदोलन की मांग थी कि स्थानीय निवासियों का अपने प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण होना चाहिए।

   2. दलित पैंथर्स संगठन कब बना ?

      (अ) 1971 (ब) 1973 (स) 1972 (द) 1975

   3. दलित पैंथर्स संगठन 1972 में किस राज्य में बनाया गया ?

      (अ) राजस्थान (ब) महाराष्ट्र (स) बिहार (द) उत्तर प्रदेश

   4. दलित समुदाय का मुक्तिदाता निम्न में से किसे कहा जाता है ?

      (अ) डॉ. अम्बेडकर (ब) पंडित जवाहर लाल नेहरू

      (स) डॉ. राजेन्द्रप्रसाद (द) सुभाष चन्द्र बोस

   5. 1990 के शुरूआती दौर में भारत के किस राज्य में ताड़ी विरोधी आंदोलन शुरू हुआ ?

(अ) आंध्र प्रदेश (ब) उत्तर प्रदेश

(स) महाराष्ट्र (द) हरियाणा

6. निम्न में से कौन–सा कथन चिपको आंदोलन से सम्बन्धित नहीं है ?

(अ) इस आंदोलन की शुरूआत उत्तराखण्ड के गांवों से हुई है।

(ब) यह पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए चला यह एक पर्यावरण आंदोलन है।

(स) यह दलितों द्वारा अपने अधिकारों के लिए शुरू किया गया आंदोलन था।

(द) इसमें लोग पेड़ को अपनी बांहों में घेरकर चिपक कर खड़े होकर पेड़ को काटने से बचाते थे।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. चिपको आंदोलन की शुरूआत .......................................... से हुई थी। (उत्तराखण्ड / बिहार)
2. नैल्लोर जिला ...................................... राज्य में है। (आन्ध्र प्रदेश / उत्तराखण्ड)

3. **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. बी.के.यू. (BKU) का पूरा नाम लिखो ?
2. नर्मदा बचाओ आंदोलन किसने शुरू किया ?
3. सरदार सरोवर बाँध कहां बना है?
4. नर्मदा बचाओ आंदोलन किस बाँध से सम्बन्धित है ?
5. आरटीआई (RTI) का पूरा नाम लिखो ?

4. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. सरदार सरोवर परियोजना के बारे में बताओ।
2. नर्मदा बचाओ आंदोलन ने नर्मदाघाटी की बाँध परियोजना का विरोध क्यों किया ? बताओ।
3. नेशनल फिश वर्कर्स फोरम क्या है ?

5. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. टिप्पणी लिखो–

(क) सूचना का अधिकार (आटीआई) (ख) ताड़ी–विरोधी आंदोलन

## पाठ 8
## क्षेत्रीय आकांक्षाए

**पाठ का सार–**

इस अध्याय में क्षेत्रीय आकांक्षाओं के बारे में बताया गया है। भारत के अलग–अलग इलाकों के लोगों में स्वायत्तता की भावना पैदा हो गई, जिससे अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा। अध्याय में जम्मू एवं कश्मीर जिसे धारा 370 में विशेष राज्य का दर्जा दिया गया था, के बारे में बताया गया है। भारत–पाक के बीच का मुख्य समस्या कश्मीर मुद्दा ही है। द्रविड़ आंदोलन जो ई.वी. रामास्वामी नायक ने चलाया, क्षेत्रीय स्वायतत्ता का प्रमुख आंदोलन है, जिसका प्रसिद्ध नारा था 'उत्तर हर दिन बढ़ता जाए, दक्षिण दिन–दिन घटता जाए।

1966 में पंजाबी–भाषी प्रांत का निर्माण हुआ। पंजाब में कुछ चरमपंथी उग्रवादी भारत से अलग होकर अलग 'खालिस्तान' बनाना चाहते थे। इन्होंने स्वर्णमंदिर (अमृतसर) को मुख्यालय बनाया। विरोध में भारत सरकार ने जून 1984 में ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया। इस अभियान से सिख समुदाय नाराज हुआ। इन्दिरा गांधी की हत्या 31 अक्टूबर 1984 को उनके अंग रक्षकों ने कर दी जो कि सिख थे।

इस अध्याय में पूर्वोत्तर राज्यों की क्षेत्रीय स्वायत्तता पर प्रकाश डाला गया है। पूर्वोत्तर में भारत के सात राज्य है, जिन्हें सात बहने (Seven Sisters) भी कहा जाता है। यह क्षेत्र अपने आपको भारत से अलग मानता है। मिजो नेशनल फ्रंट के संस्थापक लालडेगा ने भारत के खिलाफ लगभग दो दशक तक सशस्त्र संघर्ष का नेतृत्व किया। असम में क्षेत्रीय स्वायत्तता के लिए ऑल असम स्टूडेन्ट यूनियन (आसू 1979) ने भूमिका निभाई।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. पंजाब एवं हरियाणा राज्यों का गठन कब हुआ ?

      (अ) 1950 में      (ब) 1947 में

      (स) 1966 में      (द) 1977 में

   2. पूर्वोत्तर क्षेत्र में कितने राज्य है ?

      (अ) पांच      (ब) दो

      (स) सात      (द) दस

   3. संविधान की किस धारा के तहत कश्मीर को विशेष दर्जा दिया गया था ?

      (अ) धारा 370      (ब) धारा 372

(स) धारा 374 (द)धारा 380

4. हिन्दी को राजभाषा बनाने के खिलाफ निम्न में से किस राज्य में विरोध आंदोलन चला था ?

(अ) तमिलनाडु (ब) पंजाब

(स) हरियाणा (द) गुजरात

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–**

1. .............................................. के दशक को क्षेत्रीय स्वायतत्ता की मांग के दशक के रूपमें भी जाना जाता है। (1980 / 1990)

3. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले जम्मू एवं कश्मीर का शासक कौन था ?
2. 'उत्तर हर दिन बढ़ता जाए दक्षिण दिन–दिन घटता जाए' यह लोकप्रिय नारा किस आंदोलन का था ?
3. 'सात बहने' किन राज्यों को कहा जाता है ?
4. पीडीपी का पूरा नाम लिखे ?
5. 'ऑपरेशन ब्लू स्टार'कब चलाया गया ?
6. इन्दिरा गाँधी की हत्या कब की गई ?

4. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. राजीव गांधी–लोगोवाल समझौता क्या है? बताओ।
2. 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के बारे में बताओ।
3. आसू (AASU) क्या था ? बताओ।

5. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. पंजाब समझौते के मुख्य प्रावधान क्या थे ?
2. भारतीय लोकतंत्र पर पृथक्कतावाद के चार कुप्रभावों को संक्षेप में लिखिए।

## पाठ 9

## भारतीय राजनीति : नए बदलाव

**पाठ का सार–**

इस अध्याय में 1990 के दशक के बाद भारतीय राजनीति में आये बदलावों के बारे में बताया गया है। 1989 के चुनावों में कांग्रेस की हार के साथ ही कांग्रेस प्रणाली का प्रभाव कम हो गया। 1990 में राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार ने मण्डल आयोग की सिफारिशों को लागू किया। 1989 से भारतीय राजनीति में गठबंधन का युग शुरू हुआ। कांग्रसे का प्रभाव कम होने लगा। 1996 से लेकर अब तक गठबंधन की सरकारे भारत में बनी है। यहां राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) एवं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) पाया जाता है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मण्डल आयोग की सिफारिशों के अनुसार आरक्षण दिया गया है। 1978 में बैकवर्ड एण्ड माइनॉरिटी कम्यूनिटीज एम्पलाइज फेडरेशन का गठन हुआ। 1984 में कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी (BSP) की स्थापना की। 1992 के बाबरी मस्जिद विध्वंस के बारे में अध्याय में बताया गया है, 2002 के गुजरात दंगों के बारे में भी विवरण इस अध्याय में है। 2004 के चुनावों में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (सप्रंग) की सरकार बनी तो 10 मई 2014 में भाजपा नीत राजग गठबंधन की सरकार बनी, जिसका नेतृत्व श्री नरेन्द्र मोदी कर रहे है।

### प्रश्न

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

   1. इन्दिरा गांधी की हत्या के बाद देश का प्रधानमंत्री निम्न में से कौन बना ?
      (अ) अटल बिहारी वाजपेयी (ब) राजीव गांधी
      (स) सोनिया गाँधी (द) वी.पी. सिंह
   2. राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार कब बनी ?
      (अ) 1989 में (ब) 1999 में
      (स) 1990 में (द) 1996 में
   3. बाबरी मस्जिद के विध्वंस की घटना कब घटी ?
      (अ) दिसम्बर 1991 (ब) दिसम्बर 1992
      (स) मई 1990 (द) जून 1992
   4. 1991 के चुनावों में निम्न में से कौन प्रधानमंत्री बना ?
      (अ) नरसिम्हा राव (ब) राजीव गांधी
      (स) वी.पी. सिंह (द) अटल बिहारी वाजपेयी

5. 'बामसेफ' का गठन कब हुआ ?

(अ) 1979 (ब) 1978

(स)1980 (द) 1977

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

1. बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक ............................थे। (कांशीराम / मायावती)

**3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. गोधरा काण्ड कब हुआ ?
2. 'सप्रंग' का पूरा नाम लिखो ?
3. 'राजग' का पूरा नाम लिखो
4. ओबीसी (OBC) का पूरा नाम लिखो।
5. वर्तमान समय में हमारे देश के प्रधानमंत्री कौन है ?

**4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. 'बोमसेफ' क्या है ? बताओ।
2. कांशीराम कौन थे ? लिखिए।
3. निम्नलिखित का मेल करे–

| | |
|---|---|
| (क) सर्वानुमति की राजनीति | 1. शाहबानो मामला |
| (ख) जाति आधारित दल | 2. अन्य पिछड़ा वर्ग का उभार |
| (ग) पर्सनल लॉ और लैंगिक न्याय | 3. गठबंधन सरकार |
| (घ) क्षेत्रीय पार्टियों की बढ़ती ताकत | 4. आर्थिक नीतियों पर सहमति |

**5. निबन्धात्मक प्रश्न**

1. 'मण्डल आयोग'के बारे में बताओ।

# उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा

# प्रश्न बैंक

## कक्षा–12

## विषय : इतिहास

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक

**संयोजक**
**श्री भरत जोशी**
प्रधानाचार्य
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

**सह संयोजकः**
**श्रीमती सुष्मिता गिल**
वरिष्ठ अध्यापक (गणित)
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

**लेखकः**
**कैलाशचन्द्र पिंगोलिया**,
व्याख्याता (इतिहास)
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

**सुनील प्रजापति**
व्याख्याता (इतिहास)
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान जयपुर

## 2021–22

प्रकाशक :

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## अनुक्रमणिका
## कक्षा–12
## विषय–इतिहास


| पाठ | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | **भाग–1** | |
| 1 | ईटें, मनके तथा अस्थियाँ (हड़प्पा सभ्यता) | 7 |
| 2. | राजा, किसान और नगर आरम्भिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएँ (लगभग 600 ई.पू. से 600 ईसवी) | 11 |
| 3. | बंधुत्व, जाति तथा वर्ग – आरम्भिक समाज (लगभग 600 ई.पू. से 600 ईसवी) | 14 |
| 4. | विचारक, विश्वास और इमारतें सांस्कृतिक विकास (लगभग 600 ई.पू. से 600 ईसवी) | 18 |
| | भाग–2 | |
| 5. | यात्रियों के नजरिए – समाज के बारे में उनकी समझ (लगभग दसवीं से सत्रहवीं सदी तक) | 21 |
| 6. | भक्ति–सूफी परम्पराएँ – धार्मिक विश्वासों में बदलाव और श्रद्धा ग्रंथ (लगभग आठवीं से अठारहवीं सदी तक) | 24 |
| 7. | एक साम्राज्य की राजधनी : विजय नगर (लगभग चौदहवीं से सोलहवीं सदी तक) | 27 |
| 8. | किसान, जमींदार और राज्य<br>कृषि समाज और मुगल साम्राज्य (लगभग सोलहवीं और सत्रहवीं सदी) | 30 |
| 9. | शासक और विभिन्न इतिवृत्त<br>मुगल दरबार (लगभग सोलहवीं और सत्रहवीं सदी) | 33 |
| | **भाग–3** | |
| 10. | उपनिवेशवाद और देहात – सरकारी अभिलेखों का अध्ययन | 36 |
| 11. | विद्रोही और राज – 1857 का आंदोलन और उसके व्याख्यान | 38 |
| 12. | औपनिवेशिक शहर – नगरीकरण, नगर–योजना, स्थापत्य | 41 |
| 13. | महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन– सविनय अवज्ञा और उससे आगे | 44 |
| 14. | विभाजन को समझाना– राजनीति, स्मृति, अनुभव | 47 |
| 15. | संविधान का निर्माण– एक नये युग की शुरूआत | 49 |

पाठ्यक्रम – 2021–22

**इतिहास HISTORY**

**विषय कोड़ –13**

**इस विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है–**

| प्रश्नपत्र | समय (घंटे) | प्रश्नपत्र के लिए अंक | सत्रांक | पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|
| एकपत्र | 4:15 | 80 | 20 | 100 |

**विश्व इतिहास के विषय भाग–**

**खण्ड–क–इकाई 1–4 पुरातत्व तथा प्राचीन भारत**

**1.हड़प्पा सभ्यता– ईंट मनके तथा अस्थियां**

1.आरंभ, 2.निर्वाह के तरीके –कृषि प्रौद्योगिकी 3.मोहनजोदड़ो–एक नियोजित शहरी केन्द्र, 4.सामाजिक भिन्नताओं का अवलोकन 5. शिल्प–उत्पादन के विषय में जानकारी –उत्पादन केन्द्रों की पहचान 6. माल प्राप्त करने संबंधी नीतियां 7. मुहरें, लिपि तथा बाट 8. प्राचीन सत्ता–प्रासाद तथा शासक 9. सभ्यता का अंत 10. हड़प्पा सभ्यता की खोज 11. अतीत को जोड़कर पूरा करने की समस्याएं।

**2.आरंभिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएँ —– राजा, किसान और नगर**

1.प्रिंसेप और पियदस्सी 2.प्रारंभिक राज्य 3.एक आरंभिक साम्राज्य 4.राजधर्म के नवीन सिद्धांत 5. बदलता हुआ देहात 6.नगर एवं व्यापार 7.मूल बातें – अभिलेखों का अर्थ, ब्राह्मी लिपि, खरोष्ठी लिपि, ऐतिहासिक साक्ष्य 8. अभिलेख साक्ष्य
की सीमा।

**3.आरंभिक समाज – बन्धुत्व जाति प्रथा तथा वर्ग**

1. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण 2. बंधुता एवं विवाह अनेक नियम और व्यवहार की विभिन्नता 3. सामाजिक विषमताएँ वर्ण व्यवस्था के दायरे में और उससे परे 4. जन्म के परे संसाधन और प्रतिष्ठा 5. सामाजिक विषमताओं की व्याख्या एक सामाजिक अनुबंध 6. साहित्यिक स्रोतों का इस्तेमाल इतिहासकार और महाभारत 7.एक गतिशील ग्रंथ।

**4.सांस्कृतिक विकास– विचारक, विश्वास और इमारतें**

1.साँची की एक झलक 2. पृष्ठभूमि –यज्ञ और विवाद 3. लौकिक सुखों से आगे –महावीर का संदेश 4. बुद्ध और ज्ञान की खोज 5. बुद्ध की शिक्षाएँ 6.बुद्ध के अनुयायी 7. स्तूप 8. स्तूपों की श्खोज"–अमरावती और साँची की नियति 9.मूर्तिकला 10.नयी धार्मिक परंपराएं 11.क्या हम सब कुछ देख–समझ सकते हैं।

**विश्व इतिहास के विषय भाग–II**

**खण्ड–ख–इकाई 5–9 मध्यकालीन भारत**

**5. यात्रियों के नजरिए–समाज के बारे में उनकी समझ (लगभग दसवीं से सत्रहवीं सदी तक)**

1. अल–बिरूनी तथा किताब–उल–हिन्द 2. इब्न बतूता का 7रिहला 3. फांस्वा बर्नियर रू एक विशिष्ट चिकित्सक 4. एक अपरिचित संसार की समझ अल–बिरूनी तथा संस्कृतवादी परंपरा 5. इब्न बतूता तथा अनजाने को जानने की उत्कंठा 6. बर्नियर तथा अपविकसित पूर्व 7. महिलाएँ रू दासियाँ, सती तथा श्रमिक।

**6. भक्ति–सूफी परंपराएँ–धार्मिक विश्वासों में बदलाव और श्रद्धा ग्रंथ(लगभग आठवीं से अठारहवीं सदी तक)**

1. धार्मिक विश्वासों और आचरणों की गंगा–जमुनी बनावट 2. उपासना की कविताएँ प्रारंभिक भक्ति परंपरा 3. कर्नाटक की वीरशैव परंपरा 4. उत्तरी भारत में धार्मिक उफान 5. दुशाले के नए ताने–बाने रू

इस्लामी परंपराएँ 6. सूफीमत का विकास 7. उपमहाद्वीप में चिश्ती सिलसिला 8. नवीन भक्ति पंथ उत्तरी भारत में संवाद और असहमति 9. धार्मिक परंपराओं के इतिहासों का पुनर्निर्माण।

**7. एक साम्राज्य की राजधानी—विजयनगर (लगभग चौदहवीं से सोलहवीं सदी तक)**

1. हम्पी की खोज 2. राय, नायक तथा सुलतान 3. विजयनगर रू राजधानी तथा उसके परिप्रदेश 4. राजकीय केन्द्र 5. धार्मिक केनद्र 6. महलों, मन्दिरों तथा बाजारों का अंकन 7. उत्तरों की खोज में प्रश्न।

**8. किसान ,जमींदार और राज्य—कृषि समाज और मुगल साम्राज्य (लगभग सोलहवीं और सत्रहवीं सदी)**

1. किसान और कृषि उत्पादन 2. ग्रामीण समुदाय 3. कृषि समाज में महिलाएँ 4 जंगल और कबीले 5. जमींदार 6. भू—राजस्व प्रणाली 7 चाँदी का बहाव 8. अबुल फजल की आइन—ए—अकबरी

**9. शासक और इतिवृत्त रू मुगल दरबार (लगभग सोलहवीं और सत्राहवीं शताब्दियाँ)**

1. मुगल शासक और उनका साम्राज्य 2. इतिवृत्तों की रचना 3. रंगीन चित्र 4. अकबरनामा और बादशाहनामा 5. आदर्श राज्य 6 राजधानियाँ और दरबार 7. शाही परिवार 8. शाही नौकरशाही 9. सीमाओं के परे 10. औपचारिक धर्म पर प्रश्न उठाना

**खण्ड—ग इकाई 10—15 आधुनिक भारत**

**10. उपनिवेशवाद और देहात —सरकारी अभिलेखों का अध्ययन**

1. बंगाल और वहाँ के जमींदार 2. कुदाल और हल 3. देहात में विद्रोह बम्बई दक्कन 4. दक्कन दंगा आयोग

**11. विद्रोही और राज 1857 का आंदोलन और उसके व्याख्यान**

1. विद्रोह का ढर्रा 2. अवध में विद्रोह 3. विद्रोह के कारण 4. दमन 5. विद्रोह की छवियाँ

**12. औपनिवेशिक शहर — नगर—योजना, स्थापत्य**

1. पूर्व—औपनिवेशिक काल में कस्बे और शहर 2. औपनिवेशिक शहरों की पड़ताल 3. नए शहर 4. पृथक्करण, नगर नियोजन और भवन निर्माण 5. इमारतें और स्थापत्य शैलियाँ

**13. महात्मा गाँधी और राष्ट्रीय आंदोलन —सविनय अवज्ञा और उससे आगे 5**

1. स्वयं की उद्घोषणा करता एक नेता 2. असहयोग की शुरुआत और अंत 3. नमक सत्याग्रह नजदीक से एक नजर 4. भारत छोड़ो आंदोलन 5. आखिरी, बहादुराना दिन 6. गाँधी को समझना

**14. विभाजन को समझना—राजनीति, स्मृति, अनुभव**

1. बंटवारे के कुछ अनुभव 2. ऐतिहासिक मोड 3. विभाजन क्यों और कैसे 4. कानून व्यवस्था का नाश 5. बँटवारे में औरतें 6. क्षेत्रीय विविधताएँ 7. मदद, मानवता, सदभावना 8. मौखिक गवाही और इतिहास

**15. संविधान का निर्माण—एक नए युग की शुरुआत**

1. उथल—पुथल का दौर 2. संविधान की दृष्टि 3. अधिकारों का निर्धारण 4. राज्य की शक्तियाँ 5. राष्ट्र की भाषा

**इकाई 16 मानचित्र कार्य भारत का मानचित्र**

**मॉडल पेपर 2021–22**
**कक्षा–12**

## विषयः इतिहास

**समयः 4.15 घंटे** **पूर्णांकः 80 अंक**

### खण्ड –अ

प्रश्न सं. 1 से 11 तक प्रत्येक 1 अंक का है।

1. चन्द्रगुप्त मौर्य ने किसकी सहायता से मौर्य साम्राज्य की स्थापना की ?
   (अ) चाणक्य (ब) धनानन्द
   (स) मेगस्थनीज (द) सेल्यूकस ( )
2. 'किताब–उल–हिन्द' का रचयिता कौन था?
   (अ) अल बिरूनी (ब) इब्नबतूता
   (स) अब्दुर रज्जाक (द) शेख अली ( )
3. 'बाबर नामा' का रचयिता कौन था?
   (अ) हुमायूँ (ब) अकबर
   (स) बाबर (द) जहाँगीर ( )
4. गाँधी जी दक्षिण अफ्रीका से भारत कब लौटे?
   (अ) 1913 (ब) 1914
   (स) 1915 (द) 1916 ( )
5. जलियावाला बाग हत्याकाण्ड कब हुआ था?
   (अ) 13 अप्रैल 1918 (ब) 13 अप्रैल 1919
   (स) 12 मार्च 1930 (द) 18 मार्च 1931 ( )
6. महाभारत के रचयिता कौन थे?
7. विजय नगर के शासक कृष्णदेव राय ने आमुक्तमालयद्म कृति किस भाषा में लिखी?
8. भारत में नियमित रूप से दशकीय जनगणना कब से की जाने लगी?
9. गाँधी जी ने किस घटना के बाद असहयोग आन्दोलन स्थगित कर दिया था?
10. किसकी अध्यक्षता में रौलट एक्ट कमेटी बनाई गई थी?
11. भारतीय संविधान पर सर्वाधिक प्रभाव किस अधिनियम का दिखाई पड़ता है?

### खण्ड–ब

प्रश्न संख्या 12 से 18 तक प्रत्येक 2 अंक का है।

12. विजय नगर की स्थापना कब और किसने की?
13. गोपुरम किसे कहते है?

14. कार्नवालिस संहिता (कोड) किस सिद्धान्त पर आधारित था?

15. बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त कब और किसने लागू किया?

16. भारत में आने वाली किन्ही चार यूरोपीय जातियों (कम्पनियां) के नाम लिखिए?

17. मुगल काल में कौन से तीन शहर अपने शाही प्रशासन और सत्ता के महत्वपूर्ण केन्द्र थे?

18. खिलाफत आन्दोलन के किन्हीं दो महत्वपूर्ण नेताओं के नाम लिखिए।

**खण्ड स**

प्रश्न संख्या 19 से 26 तक प्रत्येक 4 अंक का है।

19. अशोक के 'धम्म' के मुख्य सिद्धान्तों का वर्णन कीजिये?

20. ऋग्वेद के 'पुरूष सुक्त' क अनुसार चार वर्णों की उत्पत्ति कैसे हुई?

21. इब्नबतूता के अनुसार 'ताराबबाद' क्या था?

22. सत्रहवीं शताब्दी के स्त्रोत भारत में कितने प्रकार के किसानों का उलेख करते है? लिखिये।

23. गुलबदन बेगम पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

24. 1857 के घटना क्रम को निर्धारित करने में धार्मिक विश्वासों की किस हद तक भूमिका थी?

25. भारत छोड़ो आन्दोलन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए?

26. उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शों पर जोर दिया गया था? लिखिए।

**खण्ड द**

प्रश्न सं. 27 से 29 तक प्रत्येक 6 अंक का है।

27. हडप्पा सभ्यता के नगरों की जल–निकास प्रणाली का वर्णन कीजिये।

अथवा

मोहनजोदड़ों की कुछ विशिष्टताओं का वर्णन कीजिये।

28. जैन धर्म की प्रमुख शिक्षाओं का वर्णन कीजिये।

अथवा

बौद्ध धर्म के प्रमुख सिद्धान्तों का वर्णन कीजिये।

29. सूफी मत के मुख्य धार्मिक विश्वासों और आचारों की व्याख्या कीजिये?

अथवा

(क) भक्ति आन्दोलन की विशेषताएं बताइये? (3+3)

(ख) वीर शैव अथवा लिंगायत सम्प्रदाय के धार्मिक सिद्धान्तों का वर्णन कीजिये।

प्रश्न संख्या 30 पांच अंक का है।

30. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को अंकित कीजिये।

(अ) दिल्ली (ब) लखनऊ

(स) बिहार (द) कश्मीर (य) सॉची

## पाठ–1
## ईंटें, मनके तथा अस्थियां
## (हड़प्पा सभ्यता)

**पाठ का सार–**

प्रस्तुत अध्याय में हम हड़प्पा सभ्यता के बारे में अध्ययन करेगें। हड़प्पा सभ्यता का काल निर्धारण 2600 ई. पूर्व से 1900 ई. पूर्व के बीच किया गया है। 1920 के दशक में हड़प्पा सभ्यता की खोज हुई। 1921 में दयाराम साहनी ने हड़प्पा की खुदाई तथा 1922 में श्री राखालदास बनर्जी ने मोहनजोदड़ों की खोज की। हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु मुहर हैं जो कि सेलखड़ी नामक मुलायम पत्थर से बनाई गई है। इस सभ्यता को सिंधु घाटी सभ्यता भी कहा जाता है।

हड़प्पा सभ्यता के लोग गेंहूँ, जौ, दाल, सफेद चना, तिल, बाजरा, चावल इत्यादि की खेती करते थे। हड़प्पा स्थलों से मिली जानवरों की हड्डियों में भेड़, बकरी, भैंस, सुअर, हिरण तथा घड़ियाल की हड्डिया शामिल है। इतिहासकारों को थार रेगिस्तान से लगा हुआ पाकिस्तान का रेगिस्तानी क्षेत्र चोलिस्तान और बनावली (हरियाणा) से मिट्टी के बने हल के प्रतिरूप मिले है। खेत जोतने के लिए बैलों का प्रयोग होता था। कालीबंगा (राजस्थान) से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले है। खेती में सिंचाई के लिए नदी, नहरें, कुओं, जलाशयों का पानी लिया जाता होगा।

अफगानिस्तान में शोर्तुधई नामक हड़प्पा स्थल से नहरों के कुछ अवशेष मिले है तथा शोर्तुधई से ही नीले रंग के कीमती पत्थर लाजवर्द मणि को प्राप्त किया गया।

हड़प्पा सभ्यता का एक नियोजित शहरी केन्द्र मोहनजोदड़ों था। मोहनजोदडों नगर दुर्ग और निचला शहर दो भागों में विभाजित था। दुर्ग पर स्थित दो प्रमुख संरचनाओं 1. मालगोदाम और 2. विशाल स्नानागार के साक्ष्य मिले है। अवतल चक्कियां भी बड़ी संख्या में मिली है। लगभग 700 के आसपास कुएं मिले है।

भवन निर्माण, नालों का निर्माण, दुर्ग, विशाल स्नानागार में पक्की ईंटों का प्रयोग किया गया है। जो 4 : 2 : 1 आकार की होती थी।

शिल्प कार्यो में मनके बनाना, शंख की कटाई, धातुकर्म, मुहर निर्माण तथा बाट बनाना था। मनके बनाने के लिए चन्हूदड़ों और लोथल प्रसिद्ध था। बालाकोट तथा नागेश्वर में शंख की वस्तुओं का निर्माण होता था। बाट चर्ट नामक पत्थर से बनाये जाते थे। ओमान और मेसोपोटामिया से हड़प्पावासियों के व्यापारिक संबंध थे। हड़प्पाई मर्तबान ओमान स्थल से प्राप्त हुआ है तथा मेसोपोटामिया के लेख मेलुहा को नाविकों का देश कहते है। राजस्थान के खेतड़ी अंचल से हड़प्पा सभ्यता के लोग तांबा मंगाते थे। सामाजिक भिन्नताओं का पता लगाने के लिए दो विधियों का प्रयोग किया गया– 1. शवधानों का अध्ययन 2. उपयोगी तथा विलासिता की वस्तुओं की खोज। चक्कियां, मृदभाण्ड, सूइयां, झाँवा उपयोगी वस्तुएं है।

हड़प्पाई मुहरों के साथ रहस्यमय लिपि व अभिलेखों की खोज की गई। सबसे लम्बे अभिलेख में लगभग 26 चिन्ह है तथा हडप्पाई लिपि में चिन्हों की कुल संख्या लगभग 375 से 400 के बीच है। हड़प्पावासी मातृदेवी, आधशिव, पशु–पक्षियों, वृक्षों तथा लिंग पूजा करते थे। सबसे आरम्भिक ग्रंथ ऋग्वेद है जो लगभग 1500 से 1000 ईसा पूर्व के बीच संकलित किया गया है। अंग्रेजी में B.C. (बिफोर क्राइस्ट) ईसापूर्व तथा A.D. (एनी डामिनी) ईसा मसीह के जन्म के वर्ष से है। इन सब खोजों के आधार पर सन 1924 में भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के डायरेक्टर जनरल जॉन मार्शल ने पूरे विश्व के सामने एक नई सभ्यता की खोज की घोषणा की तथा भारतीय पुरातत्व का जनक अलेक्जैण्डर कनिंघम को कहा गया तथा एस.एन. राव ने 'द स्टोरी ऑफ इण्डियन आर्क्रियालोजी की रचना की।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु है–
   (अ) सड़क (ब) मृदभाण्ड
   (स) आभूषण (द) मुहर ( )
2. मिट्टी से बने हल के प्रतिरूप मिले है–
   (अ) मोहनजोदड़ो (ब) बनावली
   (स) मिताथल (द) चन्हूदड़ो ( )
3. पुरातत्वविदों को हड़प्पा सभ्यता के किस स्थल से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले है–
   (अ) धौलावीरा (ब) रंगपुर
   (स) राखीगढ़ी (द) कालीबंगा ( )
4. थार रेगिस्तान से लगा हुआ पाकिस्तान का रेगिस्तान क्षेत्र क्या कहलाता है ?
   (अ) नखलिस्तान (ब) पाकिस्तान
   (स) चोलिस्तान (द) अफगानिस्तान ( )
5. भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा जाता है ?
   (अ) जॉन मार्शल (ब) मैके
   (स) दयाराम साहनी (द) अलेक्जैण्डर कनिंघम ( )
6. हड़प्पा सभ्यता के अंतर्गत विशाल स्नानागार स्थित है–
   (अ) मोहनजोदड़ो (ब) कालीबंगा
   (स) रंगपुर (द) चन्हूदड़ो ( )
7. मनके बनाने के लिए कौनसी बस्ती प्रसिद्ध थी ?
   (अ) मोहनजोदड़ो (ब) बणावली
   (स) धौलावीरा (द) चन्हूदड़ो ( )
8. बालाकोट तथा नागेश्वर किस वस्तु के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है ?

(अ) अस्त्र–शस्त्र (ब) जहाज

(स) शंख की वस्तुएं (द) मृदभाण्ड ( )

9. नीले रंग के कीमती पत्थर लाजवर्द को प्राप्त किया जाता था।

(अ) मोहनजोदडो (ब) भडौंच

(स) हडप्पा (द) शोंर्तुघई ( )

10. राजस्थान के खेतड़ी अंचल से हड़प्पा सभ्यता के लोग मंगाते थे ?

(अ) सोना (ब) तांबा

(स) चांदी (द) लोहा ( )

## 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

1. हड़प्पाई मुहर ........................ से बनाई गई थी ? (सेलखड़ी पत्थर / काला पत्थर)
2. मोहनजोदड़ों में कुओं की कुल संख्या ........................ थी । (लगभग 700 / 1000)
3. सेलखड़ी जो एक बहुत ........................... पत्थर है। (कठोर / मुलायम)
4. हड़प्पाई मर्तबान ........................... स्थल से प्राप्त हुआ है। (ओमान / श्रीलंका)
5. भारत का सबसे आरम्भिक धार्मिक ग्रंथ ................................ है। (सामवेद / ऋग्वेद)
6. सिंधु घाटी सभ्यता को ......................... संस्कृति भी कहा जाता है। (हड़प्पा / लोथल)

## 3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. हड़प्पा के किस स्थल से नहरों के अवशेष मिले है ?
2. अवतल चक्कियाँ हड़प्पाई सभ्यता के किस स्थल से प्राप्त हुई है ?
3. हड़प्पा सभ्यता के नगरों के भवन किससे बने होते थे ?
4. हड़प्पा सभ्यता में सिंचाई के साधनों का उल्लेख कीजिये।
5. मोहनजोदड़ों के दुर्ग पर स्थित दो प्रमुख संरचनाओं का उल्लेख कीजिये ?
6. पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई उपयोगी वस्तुओं का उल्लेख कीजिये?
7. हड़प्पा सभ्यता में मनके बनाने के दो प्रमुख स्थानों का उल्लेख कीजिये ?
8. हड़प्पा सभ्यता में कौन–कौन से शिल्प कार्य प्रचलित थे ? कोई दो लिखिए।
9. किन्हीं दो देशों के नाम लिखिए जिनसे हड़प्पावासियों के व्यापारिक सम्बन्ध थे ?
10. नाविकों का देश किसे कहते है ?
11. हड़प्पा सभ्यता के सबसे लम्बे अभिलेख में कितने चिन्ह है ?
12. हड़प्पाई लिपि में चिन्हों की संख्या कुल कितनी है ?
13. बाट सामान्यतः किस पत्थर से बनाए जाते थे ?

14. 'द स्टोरी ऑफ इण्डियन आर्कियोलॉजी' के रचयिता कौन थे ?

15. अंग्रेजी में बी.सी. का क्या तात्पर्य है ?

16. ए.डी. (A.D.) का क्या तात्पर्य है ?

17. हड़प्पा सभ्यता का काल निर्धारण कीजिये ?

18. 'आद्य शिव मुहर' किस पुरास्थल से प्राप्त हुई है ?

19. ऋग्वेद कब संकलित किया गया था ?

20. जॉन मार्शल ने 1924 में सिन्धुघाटी में उत्खनन के संदर्भ में क्या घोषणा की ?

**4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. हड़प्पा पूर्व की बस्तियों की क्या विशेषताएं थी ?
2. हड़प्पा स्थलों से मिले अनाज के दानों का उल्लेख कीजिए?
3. हड़प्पा स्थलों से किन जानवरों की हड्डियां मिली है ?
4. मोहनजोदड़ों नगर किन दो भागों में विभाजित था ?
5. हड़प्पा सभ्यता के नगरों के भवनों के निर्माण में अधिकतर किस आकार की ईंटों का प्रयोग होता था ?
6. पुरातत्वविदों द्वारा हड़प्पा सभ्यता में पाई जाने वाली सामाजिक भिन्नताओं का पता लगाने के लिए किन दो विधियों का प्रयोग किया ?
7. पुरा वस्तुओं के आधार पर बताइये कि हड़प्पावासी किनकी पूजा करते थे ?
8. हड़प्पा सभ्यता के गृह स्थापत्य की दो विशेषताएं बताइये ?
9. हड़प्पा की खुदाई का कार्य किसके नेतृत्व में किया गया और कब किया गया।

**5. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. मनकों के निर्माण में किन पदार्थों को प्रयुक्त किया जाता था तथा मनके बनाने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिये ?
2. हड़प्पा सभ्यता के नगरों की जल निकास प्रणाली का वर्णन कीजिये।
3. मोहनजोदड़ों की कुछ विशिष्टताओं का वर्णन कीजिये।

## पाठ–2

## राजा, किसान और नगर

## आरम्भिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएँ

## (लगभग 600 ई. पूर्व से 600 ई.)

**पाठ का सार–**

हड़प्पा सभ्यता के पश्चात 1500 वर्षों के दौरान उपमहाद्वीप के विभिन्न भागों में कई प्रकार के विकास हुए। इस अवधि में ऋग्वेद की रचना हुई। उत्तर भारत, दक्कन पठार क्षेत्र, कर्नाटक आदि में कृषक बस्तियां बसी। इस युग में शवों के अंतिम संस्कार के नये तरीके सामने आए।

ईसा पूर्व छठी शताब्दी से नए परिवर्तनों के प्रमाण मिलते है। इस युग में आरम्भिक राज्यों, साम्राज्यों और रजवाड़ों का विकास हुआ। संपूर्ण महाद्वीपों में नये नगरों का उदय हुआ। अभिलेखों, ग्रंथों, सिक्कों तथा चित्रों से इस युग में हुए विकास की जानकारी मिलती है। भारत में सोलह महाजनपदों का उदय हुआ। छठी से चौथी शताब्दी ई.पूर्व में मगध (आधुनिक बिहार) सबसे शक्तिशाली महाजनपद बन गया। मगध के विकास के साथ–साथ मौर्य साम्राज्य का उदय हुआ। मौर्य साम्राज्य का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य (लगभग 321 ई.पूर्व) था। इन्होंने चाणक्य की सहायता से मौर्य साम्राज्य की स्थापना की।

बौद्ध ग्रंथों के अनुसार अशोक सर्वाधिक प्रसिद्ध शासकों में से एक था। अशोक पहला सम्राट था जिसने अपने अधिकारियों और प्रजा के लिए संदेश पत्थरों एवं स्तम्भों पर लिखवाये। अशोक ने अपने अभिलेखों के माध्यम से 'धम्म' का प्रचार किया। मौर्य साम्राजय का प्रशासन और महत्व के बारे में बतलाया गया है। मौर्य शासकों की राजधानी पाटलिपुत्र थी। दक्षिण के क्षेत्र में स्थित तमिलकम में चोल, चेर और माण्ड्य जैसी सरदारियों का उदय हुआ। ये राज्य बहुत ही समृद्ध और स्थायी सिद्ध हुए।

कुषाण शासकों तथा गुप्त शासकों के बारे में बताया गया। गुप्त शासकों का इतिहास साहित्य, सिक्कों और अभिलेखों की सहायता से लिखा गया है। इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख के नाम से प्रसिद्ध 'प्रयाग प्रशस्ति' की रचना हरिषेण जो स्वंय गुप्त सम्राटों के सबसे शक्तिशाली सम्राट समुद्रगुप्त के राज कवि थे। कुषाण शासकों ने अपने नाम के आगे (देवपुत्र) की उपाधि लगाई। वाकाटक वंश की शासिका प्रभावती गुप्त ने भूमिदान किया।

अशोक ने 'धम्म' के प्रचार के धर्ममहामात्त की नियुक्ति की। अशोक के अधिकांश अभिलेख प्राकृत भाषा में लिखे गये। अशोक को अभिलेखों में देवानामप्रिय तथा देवानाप्रियदस्सी के नाम से सम्बोधित किया गया है। चाणक्य ने अर्थशास्त्र तथा मेगस्थनीज द्वारा लिखित 'इण्डिका' मौर्य साम्राज्य के इतिहास की जानकारी के प्रमुख स्रोत है। मौर्य साम्राजय को अंतिम शासक वृहद्रथ।

प्रथम शताब्दी ईस्वी में कुषाण राजाओं ने सोने के सिक्के जारी किये। सिक्कों का अध्ययन 'मुद्रा शास्त्र' है। पश्चिमोत्तर के अभिलेखों में प्रयुक्त ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपि को पढ़ने वाला जेम्स प्रिंसेप था। बाणभट्ट ने हर्षचरित की रचना की।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. भारतीय अभिलेख विज्ञान में ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों को पढ़ने वाला था ?

| | | |
|---|---|---|
| (अ) जॉन मार्शल | (ब) कनिंघम | |
| (स) व्हीलर | (द) जेम्स प्रिंसेप | ( ) |

2. बौद्ध और जैन धर्म के आरम्भिक ग्रंथों में कितने महाजनपदों का उल्लेख मिलता है ?

| | | |
|---|---|---|
| (अ) 8 | (ब) 18 | |
| (स) 16 | (द) 14 | ( ) |

3. चन्द्रगुप्त मौर्य ने किसकी सहायता से मौर्य साम्राजय की स्थापना की ?

| | | |
|---|---|---|
| (अ) चाणक्य | (ब) धनानन्द | |
| (स) मगस्थनीज | (द) सेल्यूकस | ( ) |

4. अशोक के अधिकांश अभिलेख किस भाषा में है ?

| | | |
|---|---|---|
| (अ) संस्कृत | (ब) पालि | |
| (स) हिन्दी | (द) प्राकृत | ( ) |

5. 'अर्थशास्त्र' का रचयिता कौन था ?

| | | |
|---|---|---|
| (अ) बाणभट्ट | (ब) चाणक्य | |
| (स) कल्हण | (द) मेगस्थनीज | ( ) |

6. अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए किस अधिकारी की नियुक्ति की ?

| | | |
|---|---|---|
| (अ) धर्माध्यक्ष | (ब) दानाध्यक्ष | |
| (स) सैन्य महामात्त | (द) धर्ममहामात्त | ( ) |

7. कौनसे शासक अपने नाम से आगे 'देवपुत्र' की उपाधि लगाते थे ?

| | | |
|---|---|---|
| (अ) मौर्य शासक | (ब) शुंग शासक | |
| (स) सातवाहन शासक | (द) कुषाण शासक | ( ) |

8. मौर्य साम्राज्य का अंतिम शासक था ?

| | | |
|---|---|---|
| (अ) देववर्मन | (ब) वृहद्थ | |
| (स) कृणाल | (द) शालिशुक | ( ) |

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–**

1. छठी शताब्दी में सर्वाधिक शक्तिशाली जनपद ........................... था। (मगध / पांचाल)
2. अशोक ने ...................... धर्म को राज्याश्रय दिया। (जैन / बौद्ध)
3. 'इण्डिका' की रचना ............................. की थी ? (मेगस्थीज / कर्टियस)
4. धम्म का सिद्धान्त ......................ने प्रतिपादित किया। (बिन्दुसार / अशोक)

5. प्रयाग प्रशस्ति की रचना .............................. की थी ? (हरिषेण / कालिदास)

**3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. मौर्य शासकों की राजधानी पाटलिपुत्र का वर्तमान नाम क्या है?
2. गण और संघ नामक राज्यों में कौन शासन करता था ?
3. 'राजगाह' का शाब्दिक अर्थ बताइये ?
4. हर्षचरित्र की रचना किसने की थी ?
5. अभिलेखों में अशोक को किन दो नामों से सम्बोधित किया गया है ?
6. 'जनपद' का अर्थ स्पष्ट कीजिये ?
7. मुद्राशास्त्र किसे कहते है ?
8. गहपति कौन था ?
9. किस महिला शासिका द्वारा किया गया भूमिदान का उदाहरण विरला उदाहरण माना जाता है ?
10. अशोक के अधिकांश अभिलेखों और सिक्कों पर उसका क्या नाम लिखा है ?
11. अभिलेख किसे कहते है ?

**4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. मगध महाजनपद के सबसे शक्तिशाली होने के दो कारण बताइये ?
2. ऐसे पांच महाजनपदों के नाम लिखिए जिनके नाम जैन और बौद्ध ग्रंथों में मिलते है ?
3. अशोक के 'धम्म' से आप क्या समझते है ?
4. भारत में सोने के सिक्के सबसे पहले कब और किस वंश के राजाओं ने जारी किए थे ?
5. सुदर्शन झील का निर्माण किसने करवाया था तथा किस शक राजा ने इसकी मरम्मत करवाई थी।
6. अशोक के धम्म के मुख्य सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए ?

**5. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. महाजनपदों के विशिष्ट अभिलक्षणों का वर्णन कीजिये ?
2. अभिलेख आज भी इतिहास की जानकारी के महत्वपूर्ण साधन है ?
3. मौर्य प्रशासन की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये ?
4. भारत के मानचित्र में निम्न स्थानों को दर्शाइये–

| | |
|---|---|
| 1. लोथल | 2. पाटलीपुत्र |
| 3. मथुरा | 4. कलिंग |
| 5. झांसी | 6. मगध |
| 7. कश्मीर | |

# पाठ 3
# बंधुत्व, जाति तथा वर्ग
## आरम्भिक समाज (लगभग 600 ई.पू. से 600 ईसवी)

**पाठ का सार–**

पिछले अध्याय में हमने पढ़ा कि लगभग 600 ई.पू. से 600 ईस्वी तक के मध्य आर्थिक और राजनीतिक जीवन में अनेक परिवर्तन हुए। इनमें से कुछ परिवर्तनों ने समकालीन समाज पर अपना प्रभाव छोड़ा। इस अध्याय में इतिहासकार इन सब प्रक्रियाओं को समझने के लिए प्राय साहित्यिक परम्पराओं का उपयोग करते है। कुछ ग्रंथ सामाजिक व्यवहार, समाज का चित्रण, समाज में मौजूद विभिन्न रिवाजों के बारे में बतलाते है। उप महाद्वीप के सबसे बड़े समृद्ध ग्रंथों में से महाभारत एक है। यह एक विशाल महाकाव्य है। इस अध्याय में हम बंधुता एवं विवाह, पितृवंशिकता, मातृवंशिकता, विवाह के नियम, स्त्री का गोत्र तथा माताओं का महत्वपूर्ण होना का अध्ययन करेगें साथ ही सामाजिक विषमताएं, वर्ण व्यवस्था के दायरे, जाति तथा संपत्ति पर स्त्री और पुरूष के भिन्न अधिकार, सामाजिक विषमताओं की व्याख्या, भाषा एवं विषय वस्तु ये सब इस महाकाव्य में समाहित कर ली गई है। जिसका हम यहां अध्ययन कर रहे है। कौरव और पांडव कुरू वंश से सम्बन्धित थे। महाभारत संस्कृत भाषा में रचित ग्रंथ है। प्रारम्भ में महाभारत में लगभग 10,000 श्लोक थे! बाद में बढ़कर 1 लाख श्लोकों वाला ग्रन्थ हो गया है। महाभारत की रचना ऋषि वेद व्यास ने की। भगवद्गीता महाभारत का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यात्मक अंश है। वह वंश परम्परा जो माता से जुड़ी होती है मातृवशिंकता है। पितृवशिंकता में पिता का महत्वपूर्ण धार्मिक कर्तव्य कन्यादान माना गया है।

महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण 1919 में प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान वी.एस. सुकथाकर के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ।

विवाह के नियम अनुसार अन्तर्विवाह समूह (गोत्र, कुल या जाति) के बीच होते हैं। और बहिर्विवाह गोत्र से बाहर विवाह करने को कहते हैं। ब्राह्मणों ने समाज के लिए विस्तृत जो आचार संहिताएं तैयार की, वे 'धर्मसूत्र' एवं 'धर्मशास्त्र' कहलाते हैं। इनमें विवाह के आठ प्रकारों की स्वीकृति दी गई है। धर्म सूत्र तथा धर्मशास्त्रों में सबसे महत्वपूर्ण मनुस्मृति है। पुरूषों के लिए मनुस्मृति कहती है कि धन अर्जित करने के सात तरीके हैः विरासत, खोज, खरीद, विजित करके, निवेश, कार्य द्वारा तथा सज्जनों द्वारा दी गई भेंट को स्वीकार करके। विवाह के समय मिले उपहारों पर स्त्रियों का स्वामित्व माना जाता था इसे स्त्रीधन कहा गया।

लोगों को गोत्रों में वर्गीकृत करने की ब्राह्मणीय पद्धति लगभग 1000 ई. पूर्व के बाद से प्रचलन में आई। सात वाहन राजाओं को उनके मातृनाम से चिन्हित किया जाता था, बृहदारण्यक उपनिषद में कई लोगों को उनके मातृनामों से निर्दिष्ट किया गया था। सातवाहन राजाओं से विवाह करने वाली

रानियों के नाम गोतम तथा वशिष्ठ गोत्रों से उद्भूत थे। जो अपने पिता के गोत्र थे। सात वाहन कुल के सबसे प्रसिद्ध शासक गोतमी पुत्र शातकर्णी ने स्वयं को अनूठा ब्राह्मण एवं क्षत्रियों के दर्प का हनन करने वाला बताया था।

ऋग्वेद के 'पुरूषसुक्त' में चार वर्णों की उत्पत्ति का उल्लेख मिलता है। बाह्मण की उत्पत्ति परमात्मा के मुख से, क्षत्रिय की भुजाओं से, वैश्य की जंघा से तथा शूद्र (हरिजन) की पैरों से हुई। शवों की अंत्येष्टि और मृत पशुओं को छूने वालों को चाण्डाल कहा जाता था। उन्हें समाज में सबसे निम्न कोटि में रखा जाता था। एकलव्य निषाद (शिकारी समुदाय) वर्ग से जुड़ा हुआ था।

लगभग पॉचवीं शताब्दी ईसवीं में मन्दसौर (मध्यप्रदेश) से प्राप्त अभिलेख में रेशम के बुनकरों की एक श्रेणी का उल्लेख मिलता है। महाभारत की विषय वस्तु को आख्यान और उपदेशात्मक दो मुख्य भागों में बाँटा गया है। आरम्भिक संस्कृत परम्परा में महाभारत को 'इतिहास' की श्रेणी में रखा गया है। इस शब्द का अर्थ है 'ऐसा ही था'

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. कौरव और पांडव किस वंश से सम्बन्धित थे–
   (अ) पांचाल (ब) हयैक
   (स) लिच्छवी (द) कुरू ( )
2. वर्तमान महाभारत में श्लोक है–
   (अ) दस हजार से अधिक (ब) एक लाख से अधिक
   (स) दो लाख से अधिक (द) पचास हजार से अधिक
3. 'धर्मसूत्र' और 'धर्मशास्त्र' विवाह के कितने प्रकारों को अपनी स्वीकृति देते है ?
   (अ) चार (ब) दो
   (स) आठ (द) सात ( )
4. पितृवंशिकता में पिता का महत्वपूर्ण धार्मिक कर्तव्य माना गया था–
   (अ) कन्या को शिक्षा दिलाना (ब) कन्यादान
   (स) पुत्र की देखभा (द) पुत्र का विवाह ( )
5. किस उपनिषद में कई लोगों को उनके मातृनामों से निर्दिष्ट किया गया था ?
   (अ) वृहदारण्यक (ब) प्रश्न
   (स) कठ (द) छान्दोग्य ( )
6. किन शासकों को उनके मातृनाम से चिन्हित किया जाता है ?
   (अ) कुषाण (ब) शुंग
   (स) मौर्य (द) सातवाहन ( )

7. किस सातवाहन–शासक ने स्वयं को अनूठा ब्राह्मण एवं क्षत्रियों के दर्प का हनन करने वाला बताया था ?

(अ) शातकर्णी प्रथम (ब) गौतमीपुत्र शातकर्णी

(स) वसिष्ठी पुत्र शातकर्णी (द) पुलुमावि शातकर्णी ( )

8. एकलव्य किस वर्ग से जुड़ा हुआ था ?

(अ) कृषक (ब) पशुपालन

(स) व्यवसायी वर्ग (द) निषाद वर्ग ( )

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–**

1. महाभारत ...................... भाषा में रचित है। (संस्कृत / तमिल)
2. भीम ने ................... राक्षस कन्या से विवाह किया था। (मदोदरी / हिडिम्बा)
3. प्रारम्भ में महाभारत में ............................ श्लोक थे। (लगभग 10000 / 18000)
4. अधिकांश राजवंश .......................... प्रणाली का अनुसरण करते थे। (मातृवंशिकता / पितृवंशिकता)

**3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. महाभारत के रचयिता कौन थे ?
2. महाभारत का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यात्मक अंश कौनसा है ?
3. बहिर्विवाह किसे कहते है ?
4. धृतराष्ट्र हस्तिनापुर के सिंहासन पर क्यों आसीन नहीं हुए ?
5. सातवाहन राजाओं से विवाह करने वाली रानियों के नाम किन गोत्रों से उद्भूत थे ?
6. इतिहास का क्या अर्थ है ?
7. लोगों को गोत्रों में वर्गीकृत करने की ब्राह्मणीय पद्धति कब प्रचलन में आई ?
8. चाण्डाल कौन थे ?
9. चार वर्णो की उत्पत्ति का उल्लेख किस वैदिक ग्रंथ में मिलता है ?
10. मनुस्मृति के आधार पर पुरूषों के लिए संपत्ति अर्जन के कोई चार तरीके बताइये ?

**4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने का कार्य कब व किसके नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ ?
2. मातृवंशिकता का कार्य स्पष्ट कीजिये ?

3. ऋग्वेद के 'पुरूषसूक्त' के अनुसार चार वर्णों की उत्पत्ति कैसे हुई ?
4. 'स्त्री धन' को परिभाषित कीजिए ?
5. महाभारत कालीन स्त्रियों की विभिन्न समस्याएं लिखिये?
6. 'धर्मसूत्र' एवं 'धर्मशास्त्र' ग्रंथों से क्या अभिप्राय है ?
7. मनुस्मृति से आप क्या समझते है ?
8. किस अभिलेख में रेशम के बुनकरों की एक श्रेणी का उल्लेख मिलता है ? यह अभिलेख कब का है ?
9. महाभारत की विषय–वस्तु को किन दो मुख्य भागों में बांटा गया है ?

**5. निबन्धत्मक प्रश्न–**

1. स्पष्ट कीजिये की विशिष्ट परिवारों में पितृवंशिकता क्यों महत्वपूर्ण रही होगी ?
2. विभिन्न वर्णो के लिए धर्मसूत्रों और धर्मशास्त्रों में वर्णित आदर्श जीविका लिखिए। क्या वह जीविका आय भी विद्यमान है।
3. क्या प्राचीनकाल के भारत में केवल क्षत्रिय शासक ही शासन कर सकते थे। विवेचना कीजिये।

## पाठ 4

# विचारक, विश्वास और इमारतें

## सांस्कृतिक विकास (ईसा पूर्व 600 से ईसा संवत 600 तक)

**पाठ का सार–**

इस अध्याय में हम एक हजार साल लम्बी यात्रा पर जाएंगे। इसमें हम दार्शनिकों के बारे में पढ़ेगे। बौद्ध धर्म का विशेष अध्ययन करेंगे। यह परम्परा अकेली विकसित नहीं हुई। दूसरी कई परम्पराएं थी जो एक दूसरे के साथ लगातार वाद–विवाद और संवाद चला रही थी।

ईसा पूर्व 600 से 600 ईस्वी तक के काल के प्रमुख ऐतिहासिक स्त्रोत बौद्ध, जैन और ब्राह्मण ग्रंथों के अतिरिक्त इमारते और अभिलेख आदि है। उस युग की बची हुई इमारतों में सबसे सुरक्षित है सांची का स्तूप। यह स्तूप इस अध्याय के अध्ययन का एक प्रमुख केन्द्र बिन्दु है। यह मध्य प्रदेश में स्थित है। इसमें हम अध्ययन करेगें कि स्तूप क्यों बनाये जाते थे, स्तूप कैसे बनाए गए, स्तूप की संरचना तथा स्तूपों की खोज किसने की। अमरावती के स्तूप की खोज 1796 में तथा 1818 ई. में सांची की खोज हुई। सांची के स्तूप को आर्थिक अनुदान शाहजहां बेगम और सुल्तान जहां बेगम ने दिया।

जैन धर्म के अनुसार संपूर्ण संसार प्राणवान है। पत्थर, चट्टान और जल में भी जीवन होता है। जैन धर्म के महापुरूष तीर्थकर कहलाते थे। महावीर स्वामी जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर थे। महावीर स्वामी का बचपन का नाम वर्धमान था।

बुद्ध की शिक्षाओं का संकलन त्रिपिटक ग्रंथों में किया गया है बौद्ध भिक्षुओं से सम्बन्धित नियमों का संग्रह विनयपिटक ग्रंथ में किया गया। प्राचीन बौद्ध ग्रंथ पाली भाषा में है। महात्मा बुद्ध का बचपन का नाम सिद्धार्थ था। बौद्धसंघ में सम्मिलित होने वाली प्रथम भिक्षुणी महाप्रजापति गोतमी थी। ऐसी महिलाएं जिन्होंने निर्वाण प्राप्त कर लिया हो उन्हें थेरी कहा गया। ऋग्वेद का संकलन 1500 से 1000 ई पूर्व में किया गया। ऋग्वेद में इन्द्र, अग्नि, सोम आदि देवताओं की स्तुति से सम्बन्धित सूक्तियों का संग्रह है।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. साँची का स्तूप किस राज्य में स्थित है ?

   (अ) उत्तर प्रदेश    (ब) बिहार

   (स) मध्य प्रदेश    (द) गुजरात    (  )

2. ऋग्वेद का संकलन कब किया गया–

   (अ) 2500–2000 ई. पूर्व    (ब) 2000–1500 ई. पूर्व

   (स) 1000–500 ई. पूर्व    (द) 1500 से 1000 ई. पूर्व    (  )

3. महावीर स्वामी से पहले कितने शिक्षक (तीर्थकर) हो चुके थे ?

(अ) 24 (ब) 20

(स) 14 (द) 23 (    )

4. बौद्ध संघ में सम्मिलित होने वाली प्रथम भिक्षुणी थी –

(अ) महामाया (ब) पुन्ना

(स) महाप्रजापति गौतमी (द) सुलक्षणी (    )

5. जिन ग्रंथों में बुद्ध की शिक्षाओं का संकलन किया गया है, उन्हें कहा जाता है?

(अ) बौद्ध ग्रंथ (ब) दीपवंश

(स) महावंश (द) त्रिपिटक (    )

6. किस ग्रंथ में बौद्ध भिक्षुओं और भिक्षुणियों के लिए नियम संकलित किए गए है ?

(अ) अभिधम्मपिटक (ब) विनय पिटक

(स) सुत्तपिटक (द) बुद्ध चरित (    )

7. अमरावती के स्तूप की खोज सर्वप्रथम कब हुई ?

(अ) 1896 (ब) 1796

(स) 1717 (द) 1817 (    )

## 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

1. महात्मा बुद्ध का बचपन का नाम ........................... था। (सिद्धार्थ / सौहार्द)
2. प्राचीन बौद्ध ग्रंथ ........................ भाषा में है। (प्राकृत / पालि)
3. महावीर स्वामी का बचपन का नाम ......................... था। (वर्धमान / पार्श्वनाथ)
4. सांची की खोज ............................ में हुई थी। (1820 ई. / 1818 ई.)
5. अजन्ता की गुफाएं ...................... में स्थित है। (महाराष्ट्र / आसाम)

## 3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. सांची के स्तूप को आर्थिक अनुदान देने वाले दो शासकों के नाम लिखिए।
2. यदि आप भोपाल की यात्रा करेगें तो वहां किस बौद्धकालीन स्तूप को देखना चाहेगें ?
3. राजसूय एवं अश्वमेघ यज्ञों का अनुष्ठान किनके द्वारा कराया जाता था ?
4. ऋग्वेद में किन सूक्तियों का संग्रह है ?
5. जैन धर्म के महापुरूष क्या कहलाते थे ?
6. बौद्ध भिक्षुओं से सम्बन्धित नियमों का संग्रह किस बौद्ध ग्रंथ में मिलता है ?
7. तीर्थंकर से क्या अभिप्राय है ?
8. जैन धर्म की सबसे महत्वपूर्ण अवधारणा क्या है ?

9. महावीर स्वामी जैन धर्म के कौनसे तीर्थकर थे ?

10. पौराणिक हिन्दू धर्म में किन दो प्रमुख देवताओं की पूजा प्रचलित थी ?

11. कैलाशनाथ के मंदिर कहां स्थित है ?

12. ऐसे तीन स्थानों का उल्लेख कीजिये, जहां स्तूप बनाए गए थे?

## 4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. मंदिर स्थापत्य कला में गर्भगृह एवं शिखर से आप क्या समझते है ?
2. बुद्ध के जीवन से जुड़े बोधगया एवं सारनाथ नामक स्थानों का महत्व बताइये ?
3. हीनयान और महायान बौद्ध सम्प्रदायों में अंतर स्पष्ट कीजिये ?
4. त्रिपिटको पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ?
5. जैन धर्म के पांच व्रतों का उल्लेख कीजिये ?
6. थेरी से क्या अभिप्राय है ?
7. बौद्ध एवं जैन धर्म में कितनी समानता थी ?
8. 'स्तूप' किसे कहते है ?

## 5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. जैन धर्म की प्रमुख शिक्षाओं का वर्णन कीजिये।
2. सांची के स्तूप के संरक्षण में भोपाल की बेगमों (शासिकाओं) के योगदान का वर्णन कीजिये ?
3. बौद्ध धर्म के प्रमुख सिद्धान्तों का वर्णन कीजिये ?
4. भारत के मानचित्रों में निम्न स्थानों को अंकित कीजिये–

| | |
|---|---|
| 1. सांची | 2. राजगृह |
| 3. महाराष्ट्र | 4. तमिलनाडु |
| 5. बिहार | 6. उत्तरप्रदेश |
| 7. सारनाथ | |

## पाठ–5

# यात्रियों के नजरिए
# समाज के बारे में उनकी समझ
# (लगभग दसवीं से सत्रहवी सदी तक)

**पाठ का सार–**

लगभग दसवीं सदी से सत्रहवी सदी तक के काल में महिलाओं और पुरूषों ने कार्य की तलाश में प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए व्यापारियों, सैनिकों, पुरोहितों और तीर्थ यात्रियों के रूप में या फिर साहस की भावना से प्रेरित होकर यात्राएं की है।

इस अध्याय में हम पढ़ेगें कि उपमहाद्वीप से आए यात्रियों द्वारा दिए गए सामाजिक जीवन के विवरणों के अध्ययन से किस प्रकार हम अपने अतीत के विषय में ज्ञान बढ़ा सकते है?

इसके लिए हम तीन व्यक्तियों के वृतान्तों पर ध्यान देगें– 1. अल–बिरूनी, जो ग्यारवीं शताब्दी में उज्बेकिस्तान के ख्वारिज्म से आया था। 2. इब्नबतूता (चौदहवीं शताब्दी) मोरक्को से  तथा 3. फ्रांससीसी यात्री फ्रॉस्वा बनिर्यर (सत्रहवीं शताब्दी)

अलबिरूनी ने अरबी भाषा में किताब उल–हिन्द नाम पुस्तक की रचना की। इसमें धर्म दर्शन, त्यौहारों, खगोल विज्ञान, रीति रिवाजों, प्रथाओं, सामाजिक जीवन, कानून, मापतंत्र विज्ञान आदि विषयों का वर्णन है।

इब्नबतूता का जन्म मोरक्को के तैंजियर नामक नगर में हुआ। वह 1333 ई. में सिंध पहुंचा। उसने अपना यात्रा– वृतांत अरबी भाषा में लिखा जिसे 'रिहला' कहा जाता है। उसने अपने यात्रा वृतांत में नवीन संस्कृतियों लोगों, आस्थाओं, मान्यताओं आदि के बारे में लिखा।

फ्रांस का निवासी फ्रांस्बा बर्नियर एक चिकित्सक राजनीतिक, दार्शनिक तथा इतिहासकार था। वह 1656 से 1968 तक भारत में 12 वर्ष तक रहा और मुगल दरबार से निकटता से जुड़ा रहा। ट्रेवल्स इन द मुगल एम्पायर नामक ग्रन्थ बर्नियर ने लिखा। तथा मुगल कालीन नगरों को 'शिविर नगर' कहा। तथा सतीप्रथा के बारे में भी लिखा कि कुछ महिलाएँ प्रसन्नतापूर्वक मृत्यु को गले लगा लेती थी।

अल–बिरूनी का जन्म ख्वारिज्म में सन 973 में हुआ था। अल–बिरूनी द्वारा 1. पंतजलि का व्याकरण तथा 2. यूक्लिड़ के कार्य ग्रन्थों का संस्कृत में अनुवाद किया गया।

इब्नबतूता का परिवार सम्मानित तथा शिक्षित परिवारों में से एक, जो इस्लामी कानून अथवा शरिया पर अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध था। यह भारत की डाक प्रणाली की कार्यकुशलता देखकर आश्चर्य चकित हो गया था। इब्नबतूता ने नारियल और पान दो वानस्पितिक उपजों का रोचक वर्णन किया है। जिनसे पाठक पूरी तरह से अपरिचित थे। तथा दिल्ली को भारत का सबसे बड़ा शहर बताया। दौलताबाद (महाराष्ट्र) में पुरूष और महिला गायकों के लिए एक बाजार था जिसे 'ताराबदाद' कहते है।

15वीं सदी मं भारत की यात्रा करने वाले फारस क दूत अब्दुर रज्जाक था उसने कालीकट बन्दरगाह पर बसे हुए लोगों को 'विचित्र देश' बताया था।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. अल–बिरूनी का जन्म हुआ था ?

   (अ) भारत (ब) ओमान

   (स) ख्वारिज्म (द) श्रीलंका ( )

2. किताब–उल–हिन्द का रचयिता कौन था ?

   (अ) अल बिरूनी (ब) इब्नबतूता

   (स) अब्दुर रज्जाक (द) शेख अली ( )

3. इब्नबतूता का जन्म हुआ था ?

   (अ) भारत (ब) तैंजियर

   (स) तुर्की (द) ओमान ( )

4. 'रिहला' का लेखक कौन था ?

   (अ) अल–बिरूनी (ब) हसन निजामी

   (स) फिरदौसी (द) इब्नबतूता ( )

5. इब्नबतूता के पाठक किससे पूरी तरह से अपरिचित थे ?

   (अ) खजूर (ब) नारियल

   (स) केला (द) अंगूर ( )

6. फ्रांस्वा बर्नियर भारत आया था ?

   (अ) सोलहवीं सदी (ब) पन्द्रहवी सदी

   (स) सत्रहवीं सदी (द) अठारहवीं सदी ( )

7. इब्नबतूता भारत की कौनसी प्रणाली की कार्यकुशलता देखकर आश्चर्यचकित हो गया था–

   (अ) जल–निकास प्रणाली (ब) डाक प्रणाली

   (स) गुप्तचर प्रणाली (द) सुरक्षा प्रणाली ( )

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–**

1. फ्रांस्वा बर्नियर ........................ का निवासी था ? (फ्रांस / जर्मनी)
2. अल–बिरूनी का जन्म ........................ में हुआ था । (सन् 1073 / सन 973)
3. इब्नबतूता ........................ का निवासी था। (मोरक्को / तुर्की)
4. किताब–उल–हिन्द ग्रंथ ....................... भाषा में लिखा गया। (प्राकृत / अरबी)

**3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. 15वीं सदी में भारत की यात्रा करने वाले फारस के दूत का क्या नाम था ?
2. 10वीं शताब्दी से 17वीं सदी तक भारत की यात्रा करने वाले तीन विदेशी यात्रियों के नाम लिखिए।
3. अल–बिरूनी द्वारा जिन दो ग्रंथों का संस्कृत में अनुवाद किया गया, उनके नाम लिखिये।
4. फ्रांस्वा बर्नियर भारत में कितने वर्ष रहा था ?
5. इब्नबतूता के अनुसार भारत का सबसे बड़ा शहर कौनसा था ?
6. 'ट्रैवल्स इन द मुगल एम्पायर' नामक ग्रंथ का रचयिता था ?
7. शरिया का क्या अर्थ है ?
8. अब्दुर रज्जाक ने किसे 'विचित्र देश' बताया था।
9. बर्नियर ने मुगलकालीन नगरों को क्या कहा है ?

**4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. 'किताब–उ–हिन्द' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये ?
2. अल–बिरूनी के अनुसार फारस में समाज किन चार वर्गों में विभाजित था ?
3. इब्नबतूता भारत कब पहुँचा और किस मार्ग से पहुँचा ?
4. इब्नबतूता ने कौनसी दो वानस्पतिक उपजों का रोचक वर्णन किया है? जिनके पाठक पूरी तरह से अपरिचित थे ?
5. इब्नबतूता के अनुसार 'ताराबबाद' क्या था ?
6. बर्नियर ने भारत की कृषि की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?
7. बर्नियर ने सती प्रथा के बारे में क्या लिखा है ?
8. लगभग 10वीं सदी से 17वीं सदी तक के काल में लोगों के यात्राएं करने के क्या उद्देश्य थे ?

**5. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. जाति व्यवस्था के सम्बन्ध में अल–बिरूनी की व्याख्या पर चर्चा कीजिये।
2. सती प्रथा के कौनसे तत्वों ने बर्नियर का ध्यान अपनी और खींचा ?

## पाठ 6

# भक्ति–सूफी परम्पराएँ

## धार्मिक विश्वासों में बदलाव और श्रद्धा ग्रंथ

## (लगभग आठवीं से अठारहवीं सदी तक)

**पाठ का सार–**

लगभग आठवीं से अठारहवीं सदी तक के काल की संभवतः सबसे प्रभावी विशिष्टता यह है कि साहित्य और मूर्तिकला दोनों में ही अनेक प्रकार के देवी–देवता अधिकाधिक दृष्टिगत होते है। इससे पता चलता है कि विष्णु, शिव और देवी की आराधना की परिपाटी न केवल चलती रही, बल्कि और अधिक विस्तृत हुई।

प्रारम्भिक भक्ति आंदोलन लगभग छठी शताब्दी में अलवारों एवं नयनारों के नेतृत्व में हुआ। अलवार विष्णु के उपासक थे, जबकि नयनार शिव की उपासना करते थे। शक्तिशाली चोल राजाओं ने ब्राह्मणीय और भक्ति परम्परा को समर्थन दिया तथा विष्णु और शिव के मंदिरों के निर्माण के लिए भूमि अनुदान दिए। चिदम्बरम, तंजावुर और गंगैकोण्डचोलपुरम के विशाल शिव मंदिर चोल सम्राटों की मदद से ही निर्मित हुए।

12वी शताब्दी में कर्नाटक की वीरशैव परम्परा के प्रवर्तक बासबन्ना नामक एक ब्राह्मण थे। इनके अनुयायी वीरशैव (शिव के वीर) व लिंगायत (लिंग धारण करने वाले) कहलाए।

इस्लामी परम्परा के अंतर्गत बहुत से राज्यों के शासक इस्लाम धर्म को मानने वाले थे। इस्लाम धर्म के पांच सिद्धान्त है। शरिया मुसलमान समुदाय को निदेशित करने वाला कानून है। यह कुरान शरीफ और हदीस पर आधारित है। मस्जिदों के कुछ स्थापत्य सम्बन्धी तत्व सार्वभौमिक थे। जैसे इमारत का मक्का की ओर अनुस्थापन जो मेहराब और मिनवार की स्थापना से लक्षित होता था। शाहहमदान मस्जिद 'मुकुट का नगीना' समझी जाती थी। खिलाफत की बढ़ती विषय शक्ति के विरूद्ध कुछ आध्यात्मिक लोगों का रहस्यवाद और वैराग्य की और झुकाव बढ़ा जिन्हें सूफी कहा जाता था।

बारहवीं शताब्दी के अंत में भारत आने वाले सूफी समुदायों में चिश्ती सबसे अधिक प्रभावशाली रहे। सूफी संतों की दरगाहों पर की गई जियारत संपूर्ण इस्लामी जगत में प्रचलित है। इनमें सबसे अधिक पूजनीय दरगाह ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की है, जिन्हें 'गरीब नवाज' कहा जाता है। यह अजमेर में स्थित है। नवीन भक्ति पंथ के अन्तर्गत कबीर, बाबा गुरू नानक देव ने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया। गुरू गोविन्द सिंह ने खालसा पंथ की नींव डाली। मीराबाई भक्ति परम्परा की सबसे सुप्रसिद्ध कवयित्री है। वह भगवान कृष्ण की अनन्य उपासिका थी। मीराबाई मारवाड़ के मेड़ता जिले की एक राजपूत राजकुमारी थी। मीरा बाई के गुरू संत रैदास थे। कबीर की वाणी कबीर बीजक और कबीर ग्रंथावली पुस्तकों में संकलित है।

गुरूनानक का जन्म 1469 ई. में पंजाब के ननकाना गांव में हुआ। खालसा पंथ के पांच प्रतीक 1. केश 2. कृपाण 3. कच्छा 4. कंघा 5. कड़ा लोहे का है।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. गंगैकोंड चोलपुरम का शिव मंदिर बनवाया था–
   (अ) पाण्डय राजाओं ने (ब) चालुक्य राजाओं ने
   (स) चोल राजाओं ने (द) पल्लव राजाओं ने ( )
2. किस चोल सम्राट ने संत कवि अप्पार, सवंदर और सुंदरार की धातु प्रतिमाएं एक शिव मंदिर में स्थापित करवाई ?
   (अ) राजेन्द्र प्रथम (ब) राजेन्द्र द्वितीय
   (स) राजराज प्रथम (द) परांतक प्रथम ( )
3. कर्नाटक की वीर शैव परम्परा के प्रवर्तक थे ?
   (अ) शंकराचार्य (ब) रामानुज
   (स) बासवन्ना (द) सुन्दरम ( )
4. किस मुगल सम्राट ने खम्भात में गिरजाघर का निर्माण करवाया ?
   (अ) बाबर (ब) हुमायू
   (स) जहांगीर (द) अकबर ( )
5. श्रीनगर की कौनसी मस्जिद सभी मस्जिदों में 'मुकुट का नगीना' समझी जाती थी ?
   (अ) जामा मस्जिद (ब) सुनहरी मस्जिद
   (स) शाह हमदान मस्जिद (द) मोती मस्जिद ( )
6. अमीर खुसरो किसके शिष्य थे ?
   (अ) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती (ब) शेख निजामुद्दीन औलिया
   (स) ख्वाजा कुतुबुद्दीन (द) शेख अब्दुल कादिर ( )

**3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिय–**

1. शेख मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह ............................ में स्थित है। (अजमेर/जयपुर)
2. शेख निजामुद्दीन औलिया की दरगाह ........................ में स्थित है। (कर्नाटक/दिल्ली)
3. खालसा पंथ की स्थापना ....................... ने की थी। (गुरू गोविन्द सिंह/कबीर)
4. 'पद्मावत' की रचना ............................ ने की थी। (मुहम्मद–बिन–तुगलक/मलिक मुहम्मद जायसी)

## 4. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. हिन्दू धर्म की एक परम्परा वैष्णव है तो दूसरी कौनसी है ?
2. देवी की आराधना पद्धति को किस नाम से जाना जाता है ?
3. शरिया किस पर आधारित था ?
4. दो संतों के नाम लिखिए जिन्होंने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया ?
5. किस मुगल सम्राट ने शेख मुइनुद्दीन की दरगाह की चौदह बार यात्रा की थी ?
6. अलवार और नयनार संत कौन थे ?
7. कुछ परम्पराओं के अनुसार मीरा के गुरू कौन थे ?
8. मीरा बाई कौन थी ?
9. कबीर की वाणी जिन पुस्तकों में संकलित है, उनमें से किन्ही दो के नाम लिखिये।
10. फतेहपुर सीकरी में किस सूफी संत की दरगाह स्थित है ?

## 5. लघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. वीर शैव अथवा लिंगायत सम्प्रदाय के धार्मिक सिद्धान्तों का वर्णन कीजिये।
2. सूफियों की दो शिक्षाएं बताइये ?
3. भक्ति आंदोलन की विशेषताएं बताइये।
4. गुरू नानक का जन्म कब और कहां हुआ था।
5. खालसा पंथ के पांच प्रतीकों का उल्लेख कीजिये।
6. उलमा कौन थे ?

## 6. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. कबीर अथवा बाबा गुरूनानक के मुख्य उपदेशों का वर्णन कीजिये ?
2. सूफी मत के मुख्य धार्मिक विश्वासों और आचारों की व्याख्या कीजिये ?

## पाठ 7

## एक साम्राज्य की राजधानी : विजयनगर
## (लगभग चौदहवीं से सोलहवीं सदी तक)

**पाठ का सार–**

प्रस्तुत अध्याय में हम विजयनगर के बारे में अध्ययन करेंगे। विजयनगर की स्थापना चौदहवी शताब्दी में की गई। यह उत्तर में कृष्णा नदी से लेकर प्रायद्वीप के सुदूर दक्षिण तक फैला हुआ था। 1565 में इस पर आक्रमण कर इसे लूटा गया और बाद में यह उजड़ गया।

पुरातात्विक खोजों, स्थापत्य के नमूनों, अभिलेखों तथा अन्य दस्तावेजों ने विजयनगर साम्राज्य को पुनः खोजने में विद्वानों की सहायता की। विजय नगर साम्राज्य की स्थापना दो भाईयों– हरिहर तथा बुक्का द्वारा 1336 ई. में की गई। विजय नगर के सबसे प्रसिद्ध शासक कृष्ण देव राय (शासनकाल 1509–29) थे। इन्होंने शासनकला के विषय में 'आमुक्तमालयदम' नामक तेलूगु भाषा में एक कृति लिखी तथा नगलपुरम उपनगर की स्थापना की। अधिकांश राजधानियों की तरह ही विजयनगर भी एक विशिष्ट भौतिक रूपरेखा तथा स्थापत्य शैली से अभिलक्षित थी। यहां की जल–संपदा, किले बंदियों तथा सड़के शहरी केन्द्र, राजकीय केन्द्र (महानवमी डिब्बा, लोट्स (कमल) महल) तथा धार्मिक केन्द्र थे। विजय नगर को 'विजय का शहर' कहा जाता है विजय नगर साम्राज्य का प्रथम राजवंश संगम वंश था। हिरिया नहर विजय नगर राज्य की सबसे महत्वपूर्ण जल सम्बन्धी संरचना थी। कृष्णदेवराय के दरबार में आठ सर्वश्रेष्ठ कवि रहते थे। कृष्णदेवराय तुलुव वंश से सम्बन्धित था। कृष्णदेवराय को ही दक्षिण भारतीय मंदिरों में भव्य गोपुरमों को जो़डने का श्रेय है। विशाल प्रवेश द्वारों को गोपुरम कहते है। ताली कोटा का युद्ध 1565 में लड़ा गया। विजय नगर राज्य की सेना का सेनापति प्रधानमंत्री रामराय था। कर्नल कॉलिन मैकेन्जी ने हम्पी के भग्नावशेषों की खोज की।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. 'विजय का शहर' कौनसा शहर कहलाता है ?
   (अ) विजय नगर (ब) श्रीनगर
   (स) देव नगर (द) हीरा नगर ( )
2. हम्पी के भग्नावशेषों की खोज किसने की ?
   (अ) कनिंघम (ब) जॉन मार्शल
   (स) मैके (द) कर्नल कॉलिन मैकेन्जी ( )
3. विजयनगर राज्य की स्थापना हुई ?
   (अ) 1356 में (ब) 1336 में
   (स) 1436 में (द) 1366 में ( )
4. विजय नगर साम्राज्य का प्रथम राजवंश था–

(अ) संगम वंश (ब) सुलुव वंश
(स) तुलुव वंश (द) अराविदु वंश ( )

5. नगलपुरम उपनगर की स्थापना की थी ?
(अ) हरिहर (ब) बुक्का
(स) देवराय प्रथम (द) कृष्णदेवराय ( )

6. तालीकोटा के युद्ध में विजयनगर राज्य की सेना का सेनापति था ?
(अ) सदाशिव (ब) रामराय
(स) कृष्णदेव राय (द) देवराय द्वितीय ( )

7. विजय नगर की सबसे महत्वपूर्ण जल सम्बन्धी संरचनाओं में से एक थी ?
(अ) कृष्णा नदी (ब) हिरिया नहर
(स) कावेरी नदी (द) तुंगभद्रा नदी ( )

8. दक्षिण भारतीय मंदिरों में भव्य गोपुरमों को जोड़ने का श्रेय किसको है ?
(अ) रामराय (ब) सदाशिव
(स) देवराय प्रथम (द) कृष्णदेव राय ( )

9. विजयनगर के किस शासक के दरबार में आठ सर्वश्रेष्ठ कवि रहते थे ?
(अ) कृष्ण देवराय (ब) अच्युत देवराय
(स) देवराय प्रथम (द) देवराय द्वितीय ( )

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–**

1. तालीकोटा का युद्ध .......................... में लड़ा गया था। (1565 / 1560)
2. आमुक्तमालयदम की रचना ............................ ने की। (सदाशिव / कृष्णदेव राय)
3. 'हिन्दू सूरतराणा' का अर्थ .............................. है। (हिन्दू सुल्तान / मुस्लिम सुल्तान)

**3. अतिलघुतरात्मक प्रश्न–**

1. चौदहवीं से सोलहवीं शताब्दी के मध्य कौन–सा नगर दक्षिण भारत में एक साम्राज्य के रूप में विकसित हुआ ?
2. कृष्ण देव राय का राज्य काल क्या था ?
3. विजयनगर के शासक कृष्णदेव राय ने आमुक्तमालदयकृति किस भाषा में लिखी ?
4. विजयनगर का सबसे महत्वपूर्ण हौज क्या कहलाता है?
5. 'राजा के भवन' के दो सबसे प्रभावशाली मंचों के नाम लिखिए ?

6. कला–इतिहासकारों ने किलेबन्द बस्ती में जाने के लिए बने प्रवेश द्वार को किस शैली के नाम से पुकारा ?

7. विजय नगर किन बाजारों के लिए प्रसिद्ध था ?

8. विजयनगर के राजकीय केन्द्र के सबसे सुन्दर भवनों में एक का नाम लिखिए। इसका नामकरण किन लोगों ने किया था ?

**4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. विजय नगर की स्थापना कब व किसने की ?
2. गोपुरम किसे कहते है ?
3. 'महानवमी डिब्बा' से आप क्या समझते है?
4. विजयनगर साम्राज्य के विकास में कृष्णदेव राय का क्या योगदान रहा ?

**5. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. विजयनगर की स्थापत्य कला की विशेषताओं का वर्णन कीजिये ?
2. विजयनगर के शासक कृष्णदेव राय की उपलब्धियों का विवेचन कीजिये ?
3. भारत के मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए–

| | |
|---|---|
| 1. विजय नगर | 2. मगध |
| 3. उज्जैन | 4. अहमदाबाद |
| 5. दिल्ली | 6. बीजापुर |

पाठ 8

# किसान, जमीदार और राज्य

# कृषि समाज और मुगल साम्राज्य

# (लगभग सोलहवीं और सत्रहवी सदी)

**पाठ का सार–**

इस अध्याय में हम कृषि समाज और मुगल साम्राज्य का अध्ययन करेंगे। सोलहवीं–सत्रहवीं शताब्दी में भारत में लगभग 85 प्रतिशत लोग गांवों में रहते थे। खेतिहर समाज की बुनियादी इकाई गांव थी जिसमें किसान रहते थे। किसान जमीन की जुताई, बीज बोने, फसल की कटाई करने आदि का कार्य करते थे।

कृषि इतिहास को समझने के लिए हमारे मुख्य स्त्रोत वे ऐतिहासिक ग्रंथ व दस्तावेज है, जो मुगल दरबार की निगरानी में लिखे गए थे। सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों में एक था 'आइना–ए–अकबरी' जिसे अकबर के दरबारी इतिहासकार अबुल फजल ने लिखा था। इस ग्रंथ में दरबार, प्रशासन, सेना के संगठन, राजस्व के स्त्रोत, अकबरकालीन प्रान्तों के भूगोल, लोगों के साहित्यिक, सांस्कृतिक व धार्मिक रिवाजों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अकबर के प्रशासन के समस्त विभागों और प्रान्तों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। अकबर के समय में जमीन जिसे कभी खाली नहीं छोड़ा जाता था। पोलज कहलाती थी। आइन–ए–अकबरी पांच भागों में संकलित है तथा इसे 1598 ई. में पूरा किया गया । अकबरनामा की तीन जिल्दों में रचना की गई है। मुगल साम्रज्य की आय का प्रमुख स्रोत भू–राजस्व था। भू–राजस्व के प्रबन्ध के दो चरण 1. कर निर्धारण 2. वास्तविक वसूली थे। बाबरनामा का रचयिता बाबर था। दक्षिण भारत भाग में सबसे पहले तम्बाकू की खेती की जाती थी तथा जहांगीर ने तम्बाकू के धूम्रपान पर प्रतिबंध लगा दिया था। गांव की पंचायत का मुखिया मुकद्दम (मंडल) तथा पंचायत में ग्राम के बुजुर्ग लोग होते थे। पंजाब के शाह नहर की मरम्मत शाहजहाँ के शासन काल में करवाई गई। सत्रहवीं शताब्दी में मारवाड़ में राजपूतों की चर्चा किसानों के रूप में की गई। 'जिन्स–ए–कामिल' सर्वोत्तम फसलें थी जैसे कपास और गन्ना। कपास का उत्पादन मध्य भारत तथा दक्कनी पठार में होता था। तिलहन और दलहन नकदी फसलें थी।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. सोहलवीं तथा सत्रहवीं शताब्दियों के कृषि इतिहास की जानकारी देने वाला प्रमुख ऐतिहासिक ग्रंथ था ?

   (अ) अकबरनामा (ब) आइन–ए–अकबरी

   (स) बादशाह नामा (द) बाबरनामा ( )

2. 'बाबर नामा' का रचयिता था ?

(अ) हुमायूं (ब) अकबर

(स) बाबर (द) जहांगीर ( )

3. पंजाब में शाह नहर की मरम्मत किसके शासनकाल में करवाई गई ?

(अ) बाबर (ब) हुमायूं

(स) अकबर (द) शाहजहां ( )

4. किस मुगल सम्राट ने तम्बाकू के धूम्रपान पर प्रतिबंध लगा दिया था ?

(अ) अकबर (ब) बाबर

(स) जहांगीर (द) शाहजहां ( )

5. सत्रहवीं शताब्दी में मारवाड़ में लिखी गई एक पुस्तक में किसकी चर्चा किसानों के रूप में की गई है ?

(अ) वैश्यो (ब) राजपूतों

(स) ब्राह्मणों (द) योद्धाओं ( )

6. गांव की पंचायत का मुखिया कहलाता था ?

(अ) फौजदार (ब) ग्राम प्रधान

(स) चौकीदार (द) मुकद्दम (मंडल) ( )

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–**

1. आइन–ए–अकबरी .......................... द्वारा लिखी गई। (अबुल फजल / अमीर खुसरो)
2. आइन–ए–अकबरी को ................................ पूरा किया गया। (1590 ई. में / 1598 ई. में)
3. भारत के ........................... भाग में सबसे पहले तम्बाकू की खेती की जाती थी। (दक्षिण भारत / उत्तर भारत)

**3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. आइन–ए–अकबरी कितने भागों में संकलित है ?
2. 'अकबर नामा' की कितनी जिल्दों में रचना की गई ?
3. 'जिन्स–ए–कामिल' फसल के बारे में बताइये ?
4. भारत में कपास का उत्पादन कहां होता था ?
5. दो नकदी फसलों के नाम बताइये ?
6. ग्राम की पंचायत में कौन लोग होते थे ?
7. जंगल के तीन उत्पादों का उल्लेख कीजिए जिनकी बहुत मांग थी?
8. भू–राजस्व के प्रबन्ध के दो चरण कौन–कौनसे थे ?

9. चीनी के उत्पादन के लिए कौन–सा प्रान्त प्रसिद्ध था ?

10. मुगल साम्राज्य की आय का प्रमुख स्त्रोत क्या था ?

11. अकबर के समय में वह जमीन क्या कहलाती थी, जिसे कभी खाली नहीं छोड़ा जाता था?

12. भारत में नई दुनिया से कौनसी फसलें लाई गई ?

13. गांवों में कौनसी पंचायतें होती थी ?

14. गांव के प्रमुख दस्तकारों का उल्लेख कीजिए ?

15. मौसम के किन दो मुख्य चक्रों के दौरान खेती की जाती थी ?

**4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. सत्रहवीं शताब्दी के स्त्रोत भारत में कितने प्रकार के किसानों का उल्लेख करते है ?

2. लगभग सोलहवीं –सत्रहवीं शताब्दियों में कृषि के निरन्तर विस्तार होने के तीन कारक लिखिए।

3. 'मिल्कियत' का अर्थ स्पष्ट कीजिये ?

4. आइन–ए–इकबरी के अनुसार भू–राजस्व वसूल करने के लिए कौनसी प्रणालियां अपनाई जाती थी ?

5. पंचायत का प्रमुख कार्य क्या था ?

**5. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. मुगलकालीन कृषि समाज में महिलाओं की भूमिका की विवेचना कीजिये ?

2. 'आइन–ए–अकबरी' पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिये?

## पाठ 9

# शासक और इतिवृन्त : मुगल दरबार
# (लगभग सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दियाँ)

**पाठ का सार–**

इस अध्याय में हम मुगल शासक और उनका साम्राज्य के बारे में अध्ययन करेगें। मुगल साम्राज्य का संस्थापक बाबर था। 1526 ई. में वह अपने दल की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए क्षेत्रों और संसाधनों की खोज में भारतीय उपमहाद्वीप की ओर बढ़ा। अकबर मुगल साम्राज्य का सबसे महान शासक (1556–1605) था। उसने न केवल मुगल साम्राज्य का विस्तार ही किया बल्कि इसे अपने समय का विशालतम, दृढ़तम और सबसे समृद्ध राज्य बना दिया। अकबर के बाद जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब तीन योग्य उत्तराधिकारी हुए। औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात मुगल साम्राज्य का विघटन शुरू हो गया। 1857 में इस वंश के अंतिम शासक बहादुर शाह जफर द्वितीय को अंग्रेजों ने उखाड़ फेंका। इतिवृत्तों व पाडुलिपि की रचना की गई। 'अकबरनामा' का लेखक अबुल फजल था। इसमें अकबर के साम्राज्य के भौगोलिक, सामाजिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक सभी पक्षों का विवरण प्रस्तुत किया गया है। मुगल नाम मंगोल से व्युत्पन्न हुआ है। अकबर ने 1564 में जजिया कर समाप्त कर दिया। पांडुलिपि रचना का मुख्य केन्द्र शाही किताब खाना था।

राज्याभिषेक के समय अथवा किसी शत्रु पर विजय के बाद मुगल बादशाह विशाल पद्वियां ग्रहण करते थे। मुगल शाही परिवार में बादशाह की पत्नियां और उप–पत्नियां, उनके निकटस्थ और दूर से सम्बन्धी आदि होते थे। अकबर ने झरोखा दर्शन की प्रथा शुरू की। तथा आमेर के राजा भारमल कछावा के पुत्री से विवाह किया। टोडरमल अकबर का वित्तमंत्री था।

गुलबदन बेगम द्वारा लिखी पुस्तक हुमायूंनामा है, इससे हमें मुगलों की घरेलू दुनिया की झलक मिलती है। गुलबदन बाबर की पुत्री, हुमायूँ की बहन तथा अकबर की चाची थी। गुलबदन स्वयं तुर्की तथा फारसी में धारा प्रवाह लिख सकती थी। सभी सरकारी अधिकारियों के दर्जे और पदों में दो प्रकार के संख्या–विषयक ओहदे होते थे। 'जात' मनसबदार के पद, वेतन का सूचक था तथा 'सवार' यह सूचित करता था कि उसे कितने घुड़सवार रखने थे। अकबर ईसाई धर्म के विषय में जानना चाहता था, इसलिए पहला जैसुइट शिष्टमंडल फतेहपुर सीकरी के मुगल दरबार में 1580 में पहुंचा। 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना 1784 ई. में विलियम जोन्स द्वारा की गई। अकबर की पसंदीदा सुलेखन शैली नस्तलिक थी।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. मुगल की उत्पति किस शब्द से हुई ?
   (अ) महान (ब) मंगोल
   (स) मुसलमान (द) मोगली ( )

2. मुगल साम्राज्य का संस्थापक था ?
   (अ) बाबर (ब) हुमायूँ
   (स) अकबर (द) जहांगीर ( )

3. मुगल राजवंश का अंतिम सम्राट कौन था ?
   (अ) मुअज्जम (ब) फर्रूखसियर
   (स) शाह आलम (द) बहादुर शाह जफर द्वितीय ( )

4. महाभारत का फारसी में अनुवाद किसके रूप में हुआ ?
   (अ) अकबरनामा (ब) शाहीनामा
   (स) रज्मनामा (द) बाबरनामा ( )

5. एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना किसके द्वारा की गई ?
   (अ) जॉन मार्शल (ब) मैकाले
   (स) विलियम जोन्स (द) कनिंघम ( )

6. अकबर ने जजिया कर कब समाप्त कर दिया ?
   (अ) 1573 (ब) 1564
   (स) 1604 (द) 1579 ( )

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–**

1. अकबर की पसंदीदा सुलेखन शैली .................................. थी। (नस्तलिक / हस्तलिक)
2. एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना ........................... में की गई। (1794 ई. / 1784 ई.)
3. 'हुमायूंनामा' की रचना ....................... ने की थी। (गुलबदन / अबुल फजल)
4. अकबर ने इबादतखाने का निर्माण ............................ में करवाया। (फतेहपुर सीकरी / आमेर)

**3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. मुगलकाल में पांडुलिपि रचना का मुख्य केन्द्र क्या कहलाता था ?
2. संस्कृत के दो ग्रंथों के नाम लिखिए जिनका फारसी में अनुवाद करवाया गया ?
3. दो महत्वपूर्ण चित्रित मुगल इतिहासकारों के नाम लिखिये ?

4. जजिया क्या था ?

5. पहला जेसुइट शिष्टमण्डल फतेहपुर सीकरी के मुगल दरबार में कब पहुंचा ?

6. फारसी के हिन्दवी के साथ पारस्परिक संपर्क से किस भाषा की उत्पति हुई?

7. अबुल फजल ने चित्रकारी को किसकी संज्ञा दी है ?

8. 'सुलह–ए–कुल' का क्या अर्थ है ?

9. झरोखा दर्शन की प्रथा किस मुगल सम्राट ने शुरू की थी ?

10. अकबर ने साथ सर्वप्रथम किस राजपूत नरेश ने अपनी पुत्री का विवाह किया था?

11. टोडरमल कौन था?

12. अकबर के तीन योग्य उत्तराधिकारियों के नाम लिखिए ?

**4. लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1. मुगल दरबार में प्रचलित अभिवादन के तरीकों का उल्लेख कीजिए।

2. अबुल फजल के अनुसार बादशाह अपनी प्रजा के किन–किन सत्वों की रक्षा करते थे ?

3. इतिवृत्त से क्या अभिप्राय है ?

4. गुलबदन बेगम पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

5. आप 'जात' व 'सवार' से क्या समझते है। स्पष्ट कीजिये ।

**5. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. मुगल दरबार में पांडुलिपि तैयार करने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिये।

2. मुगल साम्राज्य में शाही परिवार की स्त्रियों द्वारा निभाई गई भूमिका का वर्णन कीजिए।

## पाठ 10

## उपनिवेशवाद और देहात

सरकारी अभिलेखों का अध्ययन

**पाठ का सार–**

प्रस्तुत अध्याय में हम औपनिवेशिक शासन का अर्थ समझते हुए उनके द्वारा किए गए शोषण तथा साम्राज्य विस्तार के बारे में पढ़ेगे। साथ ही औपनिवेशिक शासन के द्वारा किस प्रकार पहाड़ियाँ संथाल आदि जातियों के पारम्परिक अधिकारों, सांस्कृतिक रीति रिवाजों, उनकी परम्पराओं आदि में दखल दिया गया, जिससे उक्त जातियां औपनिवेशिक शासन के खिलाफ विद्रोह करने पर मजबूर हो जाती है।

औपनिवेशिक शासन द्वारा भूमि सुधार, उदारवाद, पाश्चात्य संस्कृति के विस्तारीकरण आदि की आड़ में विभिन्न प्रकार के कानून यथा– इस्तमरारी बंदोबस्ती, रैय्यतवाडी महालवाडी व्यवस्था बनाकर भू–राजस्व की वसूली की जाती थी तथा प्राप्त भूराजस्व को इंग्लैण्ड भेजकर वहां के औद्योगिक विकास को गति दी जाती थी। औपनिवेशिक शासन के द्वारा अपने स्वार्थो, लाभों की पूर्ति हेतु भारतीयों के हितों की बलि चढ़ा दी जाती थी।

इन बढ़ते अत्याचारों से तंग आकर भारतीयों द्वारा बार–बार विद्रोह किए जाने लगे थे, जिनसे निपटने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा विभिन्न दमनात्मक कदम उठाए गए, इन पर भी इस अध्याय में विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### प्रश्न

**1. बहुविकल्पी प्रश्न–**

1. औपनिवेशिक शासन सर्वप्रथम कहाँ स्थापित किया गया ?
   (अ) बंगाल (ब) बंबई
   (ब) मद्रास (द) इलाहबाद ( )
2. इस्तमरारी बंदोबस्त कब लागू हुआ ?
   (अ) 1791 (ब) 1793
   (स) 1795 (द) 1797 ( )
3. स्थायी बंदोबस्त किसके साथ किया गया था ?
   (अ) जमीदारों के साथ (ब) मुखिया के साथ
   (स) ग्रामीणों के साथ (द) व्यापारियों के साथ ( )
4. कलकत्ता, मुंबई और मद्रास में उच्च न्यायालय कब स्थापित हुआ ?
   (अ) 1850 (ब) 1857
   (स) 1860 (द) 1865 ( )
5. किस गवर्नर जनरल को भारतीय समाचार पत्रों का मुक्तिदाता कहा जाता है?
   (अ) लार्ड डलहौजी (ब) लार्ड मेटकाफ
   (स) लार्ड आकलैण्ड (द) लार्ड बैंटिक
6. धन के दोहन का सिद्धान्त सर्वप्रथम किसने प्रतिपादित किया ?
   (अ) दादा भाई नौरोजी (ब) रजनी पामदत्त
   (स) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (द) राजाराम मोहनराय ( )

7. स्थायी बंदोबस्त में सरकार का लगान कितना निर्धारित किया गया था ?

(अ)10 ⁄ 11 भाग (ब) 8 ⁄ 10 भाग

(स) 9 ⁄ 10 भाग (द) 11 ⁄ 10 भाग ( )

8. कार्नवालिस कोड कब प्रचलन में आई ?

(अ) 1790 (ब) 1791 (स) 1792 (द) 1793 ( )

9. भारत में पहली बार रेलवेलाइन कब चालू की गई थी ?

(अ) 1851 (ब) 1852 (स) 1853 (द) 1854 ( )

10. निम्नांकित में से किस भू–राजस्व व्यवस्था ने जनता और शासन के बीच घनिष्ठ संबंधों की स्थापना की ?

(अ) जमींदार व्यवस्था (ब) महालवारी व्यवस्था

(स) रैयतवारी व्यवस्था (द) इनमें से कोई नहीं ( )

**2. अतिलघुत्तरात्मकप्रश्न–**

1. किन वस्तुओं के उत्पादन और विपणन पर यूरोपीयन एकाधिकार था ?
2. नीलामी के बाद भी राजा की संपदाओं पर उसकी जमीदारी क्यों बनी रहती थी ?
3. जोतदार कौन थे ?
4. कार्नवालिस संहिता (कोड) किस सिद्धान्त पर आधारित था ?
5. बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त कब और किसने लागू किया ?

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. बटाईदार कौन थे ?
2. हल और कुदाल के बीच की लड़ाई क्या थी ?
3. 'दामिन–ए–कोह' क्या थी ?
4. झूम कृषि से आप क्या समझते है ?
5. दक्कन के रैयत ऋणदाताओं के प्रति क्रुद्ध क्यों थे ?

**4. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. इस्तमरारी बंदोबस्त के बाद बहुत सी जमीदारियां क्यों नीलाम कर दी गई ?
2. जमींदार लोग अपनी जमींदारियों पर किस प्रकार नियंत्रण बनाए रखते थे ?
3. संथालों की आजीविका पहाड़ियां लोगों की आजीविका से किस रूप में भिन्न थी ?

## पाठ 11

## विद्रोही और राज

1857 का आन्दोलन और उसके व्याख्यान

**पाठ का सार–**

प्रस्तुत अध्याय में हम औपनिवेशिक शासन के शोषण के विभिन्न तरीकों से तंग आकर भारतीय सैनिकों द्वारा ब्रिटिश राज के विरूद्ध किए गए विद्रोह के बारे में अध्ययन करेंगे। साथ ही यह भी जानने का प्रयास करेगें कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अचानक से विद्रोह की ज्वाला कैसे भड़क उठी ? ऐसे क्या कारण रहे होगें जिन्होंने भारतीय जनमानस को ब्रिटिश राज को सत्ता से उखाड फेंकने हेतु उद्वेलित कर दिया था। विभिन्न भागों में इन आंदोलनकारियों का नेतृत्व किसने किया तथा आंदोलनकारियों में राष्ट्रीयता की भावना किस प्रकार से जागृत हुई कि वे एकाएक बिना आधुनिक हथियारों के ही औपनिवेशिक शासन से लोहा लेने लगे।

इस अध्याय में हम विद्रोह के उन कारणों को भी समझने का प्रयास करेगें जो कि भारतीय जनमानस को निरन्तर कचोट रहे थे। इन कारणों में ब्रिटिश शासन द्वारा बनाए गए विभिन्न कानूनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका थी जिन्हें भारतीय अपने सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक जीवन, रूढ़ियों, रीति–रिवाजों, आदि में हस्तक्षेप मानते थे। ब्रिटिश राज द्वारा किस प्रकार इस विद्रोह का क्रुरता पूर्वक दमन किया गया, इसका भी अध्ययन करेगें।

**प्रश्न**

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न–**

1. बिहार में 1857 के विद्रोह का प्रमुख नेता कौन था ?
   (अ) कुंवर सिंह (ब) बेगम हजरत महल
   (स) पीर अली (द) तांत्या टोपे ( )
2. तांत्या टोपे को मृत्युदंड कब दिया गया ?
   (अ) 1857 (ब) 1858
   (स) 1859 (द) 1860 ( )
3. 1857 के विद्रोह के दौरान सम्राट बहादुरशाह का सबसे अधिक विश्वसनीय परामर्शदाता कौन था ?
   (अ) हकीम अहसानउल्ला (ब) शहजादा बखत खां
   (ब) बेगम जीनत महल (द) शहजादा जहांबख्त ( )
4. निम्न में से कौन 34वीं रेजीमेंट का सिपाही था ?
   (अ) मंगल पाण्डे (ब) अजीमुल्ला

(स) कुंवर सिंह | (द) बख्त खां | (  )

5. निम्न में से कौनसा स्वतंत्रता संग्राम की असफलता का कारण था ?

(अ) अधिकांश भारतीय नरेशों ने अंग्रेजों का साथ दिया ।

(ब) स्वतंत्रता सेनानियों के पास आधुनिक हथियारों का अभाव।

(स) संग्राम देशव्यापी नहीं था।

(द) उपरोक्त सभी (  )

6. 10 मई 1857 को सैनिकों ने कहां विद्रोह शुरू किया ?

(अ) मेरठ | (ब) बनारस

(स) इलाहबाद | (द) बिहार | (  )

7. झाँसी को ब्रिटिश राज्य में कब मिलाया गया था ?

(अ) 1852 | (ब) 1853

(स) 1854 | (द) 1857 | (  )

8. 1857 के शुरू में अशांति के प्रथम संकेत कहां दिखाई दिए ?

(अ) अवध | (ब) मेरठ

(स) बंगाल | (द) दिल्ली | (  )

9. सहायक संधि का जनक माना जाता है ?

(अ) लार्ड डलहौजी | (ब) लार्ड वैलेजली

(स) लार्ड वेवेल | (द) लार्ड हेस्टिंग्ज | (  )

10. ''ये गिलास फल (Cherry) एक दिन हमारे ही मुँह में आकर गिरेगा'' उक्त कथन डालहौजी द्वारा किस रियासत के संदर्भ में कहा गया ?

(अ) अवध | (ब) मेरठ

(स) झाँसी | (द) कानपुर | (  )

## 2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. 1857 की क्रांति के समय भिन्न–भिन्न स्थानों पर लोगों ने सिपाहियों का साथ क्यों दिया ?
2. 1857 का विद्रोह कब और कहाँ से शुरू हुआ ?
3. भारत का अंतिम मुगल सम्राट कौन था ?
4. असम में 1857के विद्रोह का नेता कौन थे ?
5. नाना साहिब कौन थे ?
6. भारतीय नरेशों ने विद्रोह का समर्थन क्यों किया ?
7. 1857 के विद्रोह के पश्चात सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिणाम क्या रहा ?

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. सहायक संधि की शर्तें क्या थी ?
2. रेजीडेंट से आप क्या समझते है ?
3. अंग्रेजों ने ब्रिटिश उद्योगों को किस प्रकार बढ़ावा दिया ?
4. बहुत सारे स्थानों पर विद्रोही सिपाहियों ने नेतृत्व संभालने के लिए पुराने शासकों से क्या आग्रह किया ?

**4. निबंधात्मक प्रश्न–**

1. 1857 के घटनाक्रम को निर्धारित करने में धार्मिक विश्वासों की किस हद तक भूमिका थी ?
2. अंग्रेजों ने विद्रोह को कुचलने के लिए क्या कदम उठाए ?

## पाठ 12

## औपनिवेशिक शहर

नगरीकरण, नगर–योजना, स्थापत्य

**पाठ का सार–**

प्रस्तुत अध्याय में हम औपनिवेशिक भारत में शहरीकरण की प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए औपनिवेशिक शहरों की विशेषताओं, उनमें होने वाले सामाजिक परिवर्तनों, उनकी नगर नियोजन प्रणाली, शासन–प्रशासन आदि का भी विस्तारपूर्वक अध्ययन करेंगे। साथ ही तीन वृहद स्तर के शहरों– मद्रास, कलकत्ता तथा बंबई के विकासक्रम को भी पढ़ेगें। ये तीनों शहर औपनिवेशिक शासन द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के क्रम में विकसित किए थे।

औपनिवेशिक शहरों को ब्रिटिश शासन ने अपने व्यापारिक केन्द्रों के रूप में प्रयुक्त करने के साथ–साथ उनकी किलेबंदी भी करनी शुरू कर दी ताकि वहां पर देश के विभिन्न भागों से लाया गया कच्चा माल तथा हथियारों आदि को जमा किया जा सके। इन शहरों की स्थापना के साथ ही भारत में विभिन्न यूरोपियन कंपनियों में भी इन क्षेत्रों पर अधिकार को लेकर आपसी संघर्ष छिड़ जाता है तथा किस प्रकार ब्रिटिश शासन धीरे–धीरे भारतीय भू–क्षेत्रों पर विभिन्न संधियां समझौतों के माध्यम से अपना अधिकार कर लेता है का भी अध्ययन करेंगे।

**प्रश्न**

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न–**

1. वास्को–डी–गामा भारत कब आया था ?

   (अ) 1492 (ब) 1500

   (स) 1502 (द) 1508

2. डुप्ले कौन था ?

   (अ) भारत के अंग्रेज गवर्नर (ब) भारत में फ्रांसीसी गवर्नर

   (स) फ्रांस का एक अधिकारी (द) पूर्तगाल का एक अधिकारी

3. 1709 में हुगली में किसने फैक्ट्री स्थापित की ?

   (अ) पुर्तगाली (ब)डच

   (स) अंग्रेज (द) फ्रांसीसी

4. भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी का आगमन कब हुआ ?

   (अ) 1598 (ब) 1599

   (स) 1600 (द) 1601

5. बक्सर का युद्ध किन–किन के मध्य लड़ा गया ?

(अ) मीर जाफर और अंग्रेजों के बीच (ब) मीर कासिम और अंग्रेजों के बीच।

(स) मीर कासिम और फ्रांसीसियों के बीच। (द) मीर जाफर और फ्रांसीसियों के बीच।

6. बक्सर का युद्ध कब हुआ ?

(अ) 1764 (ब) 1765

(स) 1766 (द) 1767

7. प्लासी का युद्ध कब लड़ा गया ?

(अ) 1755 (ब) 1757

(ब) 1759 (द) 1761

8. अंग्रेजों ने दक्षिण में अपनी पहली फैक्ट्री किस जगह स्थापित की ?

(अ) सूरत (ब) हुगली

(स) पोरबंदर (द) मुसलीपट्टम

9. निम्नांकित में से गोवा पर अधिकार किसने किया ?

(अ) अल्फांसो डी–अलबुर्क (ब) लार्ड हेस्टिंग्ज

(स) लार्ड वेलेजली (द) डूप्ले

10. बंबई मद्रास और कलकत्ता में विश्वविद्यालयों की स्थापना कब की गई ?

(अ) 1855 (ब) 1856

(स) 1857 (द) 1861

11. कलकत्ता की जगह दिल्ली को भारत की राजधानी कब बनाया गया ?

(अ) 1909 (ब) 1911

(स) 1913 (द) 1915

**2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की स्थापना कब तथा किसके द्वारा की गई ?
2. दक्कन पर अंग्रेजों का कब्जा कब हुआ ?
3. अखिल भारतीय जनगणना का पहला प्रयास कब किया गया ?
4. भारत में आने वाली किन्हीं चार यूरोपीय जातियों (कंपनियां) के नाम लिखिए।
5. बंबई कब और किससे कंपनी को प्राप्त हुआ ?
6. मुगलकाल में कौनसे तीन शहर अपने शाही प्रशासन और सत्ता के महत्वपूर्ण केन्द्र थे ?
7. किस औपनिवेशिक नगर में शहरी और ग्रामीण तत्व मिल गए थे ?
8. 1857 के विद्रोह से पहले दिल्ली का कोतवाल किस बड़े भारतीय नेता से संबंधित था ?
9. कस्बों में प्रायः कौन–कौनसे लोग निवास करते थे ?

10. भारत में नियमित रूप से दशकीय जनगणना कब से की जाने लगी ?

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. अंग्रेजों ने हिल स्टेशन का निर्माण किस उद्देश्य से किया?
2. मुगलकालीन नगर शाही प्रशासन और सत्ता के महत्वपूर्ण केन्द्र थे। इनके पक्ष में कोई दो तर्क दीजिए।
3. इण्डो–सारासेनिक शैली क्या थी ?
4. दुबाश कौन थे ?
5. ''व्हाइट और ब्लैक'' टाउन शब्दों का क्या महत्व था ?

**4. निबंधात्मक प्रश्न–**

1. औपनिवेशिक शहरों में रिकॉर्डर्स संभाल कर क्यों रखे जाते थे ?
2. प्रमुख भारतीय व्यापारियों ने औपनिवेशिक शहरों में खुद को किस तरह स्थापित किया ?

## पाठ 13

## महात्मा गाँधी और राष्ट्रीय आंदोलन

सविनय अवज्ञा और उससे आगे

**पाठ सार–**

प्रस्तुत अध्याय में हम भारतीय स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु किए गए राष्ट्रीय आंदोलन में महात्मा गांधी के योगदान पर विस्तारपूर्वक चर्चा करेगें। गांधीजी द्वारा किस प्रकार दक्षिण अफ्रीका से आकर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की बागडोर अपने हाथ में ली जाती है तथा भारतीय जनमानस को एक साथ लेकर उनकी मांगों के पक्ष में ब्रिटिश शासन के खिलाफ अहिंसात्मक साधनों से हुंकार भरी जाती है।

इसी अध्याय में हम विभिन्न धार्मिक समुदायों के नेताओं द्वारा जनमानस में राष्ट्रीयता की भावना को जागृत करने, उनमें देश प्रेम की भावना जगाने तथा ब्रिटिश शासन के अत्याचारों के विरूद्ध आवाज उठाने हेतु किस प्रकार प्रेरित किया, का भी अध्ययन करेंगे। इस पाठ में 1915 से 1948 के दौरान गाँधीजी द्वारा भारत में की गई विभिन्न गतिविधियों, अहिंसात्मक तरीके से अनशन, चंपारण सत्याग्रह, अहमदाबाद मिल मजदूर, खेड़ा सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन तथा भारत छोड़ों आंदोलन के बारे में पढ़ेगें।

सारतः गांधीजी द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु भारतीय जनमानस में राष्ट्रीयता की भावना जागृत कर, उनको संगठित कर किस प्रकार औपनिवेशिक शासन के विरूद्ध संघर्ष को बुलंद करते हुए देश को आजाद करवाया आदि पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा करेंगे।

### प्रश्न

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न–**

1. गाँधीजी दक्षिण अफ्रीका से भारत कब लौटे ?
   (अ) 1913 (ब) 1914
   (स) 1915 (द) 1916 ( )
2. लाला लाजपतराय पर लाठी चार्ज करवाने वाला अंग्रेज अधिकारी कौन था ?
   (अ) रिपन (ब) कर्जन
   (स) सॉंडर्स (द) क्लाइव ( )
3. 'हिन्द स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी ?
   (अ) पंडित जवाहर लाल (ब) राजेन्द्र प्रसाद
   (स) गाँधीजी (द) मोतीलाल नेहरू ( )
4. गाँधीजी ने सक्रिय राजनीति में किस वर्ष प्रवेश किया ?
   (अ) 1913 (ब) 1916

(अ) 1919 (द)1920 ( )

5. स्वराज पार्टी की स्थापना किसने की ?

(अ) महात्मा गाँधी (ब) मोतीलाल नेहरू

(स) सी.आर.दास (द) ब और स दोनों ने ( )

6. काकोरी कांड में निम्न में से किसे फाँसी दी गई ?

(अ) अशफाक उल्लाह (ब) राजेन्द्र सिंह

(स) रोशन लाहिडी (द) रामप्रसाद ( )

7. गाँधीजी द्वारा प्रथम असहयोग आंदोलन किस वर्ष शुरू किया गया था ?

(अ) 1920 (ब) 1921

(स) 1922 (द) 1923 ( )

8. साबरमती आश्रम की स्थापना कब की गई ?

(अ) 1913 (ब) 1914

(स) 1915 (द) 1916 ( )

9. प्रवासी भारतीय दिवस कब मनाया जाता है?

(अ) 8 जनवरी (ब) 9 जनवरी

(स) 10 जनवरी (द) 11 जनवरी ( )

10. चौरी–चौरा कांड की घटना के बाद गाँधीजी ने किस आंदोलन को वापस ले लिया ?

(अ) असहयोग आंदोलन (ब) भारत छोड़ो आंदोलन

(स) सविनय अवज्ञा आंदोलन (द) खिलाफत आंदोलन ( )

## 2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. महात्मा गाँधी विदेश से भारत वापस कब आए थे ?
2. महात्मा गाँधी के राजनीतिक गुरू कौन थे?
3. चम्पारन सत्याग्रह कब हुआ ?
4. खिलाफत आंदोलन की समयावधि बताओ ?
5. अली बंधु कौन–कौन थे ?
6. भारत छोड़ो आंदोलन कब हुआ ?
7. जलियावाला बाग हत्याकाण्ड की तिथि बताओ ?
8. लाल–बाल–पाल कौन थे ?
9. रॉलेट एक्ट क्या है ?
10. किस अधिवेशन में ''पूर्ण स्वराज'' को कांग्रेस का लक्ष्य घोषित किया गया ?

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. असहयोग आंदोलन गाँधीजी द्वारा क्यों चलाया गया ? कोई चार कारण लिखो।
2. दाण्डी मार्च के महत्व को समझाइये।
3. भारत छोड़ों आंदोलन पर टिप्पणी लिखिए।
4. खिलाफत आंदोलन क्या था ? बताओ।

**4. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. गाँधीजी ने किस प्रकार राष्ट्रीय आंदोलन को जन आंदोलन में बदल दिया ?
2. निम्न पर टिप्पणी लिखो–

1. जलियावाला बाग हत्याकांड
2. गोलमेज सम्मेलन

## पाठ–14

## विभाजन को समझना

राजनीति, स्मृति, अनुभव

**पाठ का सार–**

प्रस्तुत अध्याय में हम आजादी की लड़ाई के उपरान्त 1947 के बंटवारे का अध्ययन करते हुए यह जानने का प्रयास करेगें कि यह विभाजन क्यों हुआ, कैसे हुआ और इसके चलते 1946से 1950 की कालावधि में तथा उसके बाद भी आम लोगों के क्या दर्दनाक अनुभव रहे। उन्हें किस प्रकार की परेशानियों, चुनौतियों, सांस्कृतिक बदलावों का सामना करना पड़ा। किन परिस्थितियों की वजह से उन्हे मजबूरन न चाहते हुए भी पलायन करना पड़ा।

हम इस अध्याय में यह भी जानने की कोशिश करेगें कि एक अखण्ड राष्ट्र की मांग करने वाला भारतीय जनमानस किस प्रकार भारत के द्विराष्ट्र सिद्धान्त अर्थात भारत तथा पाकिस्तान की मांग करने लगा, किस प्रकार मुस्लिम लीग कांग्रेस के उद्देश्यों, लक्ष्यों व सुधारों में रूकावट डालने लगी तथा हिंसात्मक गतिविधियों में भाग लेना शुरू कर दिया और अन्ततः 1947 में भारत का विभाजन माउन्टबेटन योजना के आधार पर कर दिया गया, इत्यादि पहलुओं का भी अध्ययन करेंगे।

**प्रश्न**

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

1. मुसलमानों के लिए पृथक साम्प्रदायिक निर्वाचन प्रणाली किस अधिनियम द्वारा लागू की गई ?
   (अ) 1909 के अधिनियम द्वारा (ब) 1919 के अधिनियम द्वारा
   (स) 1935 के अधिनियम द्वारा (द) 1947 के अधिनियम द्वारा ( )
2. 1935 के अधिनियम के तहत प्रान्तों में पहली बार चुनाव कब हुए ?
   (अ) 1935 (ब) 1936 (स) 1937 (द) 1938 ( )
3. अखिल भारतीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई ?
   (अ) 1884 (ब) 1885 (स) 1886 (द) 1887 ( )
4. ''सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा'' किसने लिखा ?
   (अ) मोहम्मद इकबाल (ब) चौधरी रहमत अली
   (स) मुहम्मद अली जिन्ना (द) शौकत अली ( )
5. कैबिनेट मिशन भारत कब आया ?
   (अ) 1944 (ब) 1945
   (स) 1946 (द) 1947 ( )
6. नमक सत्याग्रह कब आरम्भ हुआ ?
   (अ) 6 मार्च 1929 (ब) 12 मार्च1930

(स) 6 अप्रैल 1930 | (द) 22 मार्च 1931 | ( )

7. जलियावाला बाग हत्याकांड कब हुआ था ?

(अ) 13 अप्रैल 1918 | (ब)13 अप्रैल 1919

(स) 12 मार्च 1930 | (द) 18 मार्च 1931 | ( )

8. मोहम्मडन एंग्लो–ओरिएन्टल कॉलेज की स्थापना कब हुई थी ?

(अ) 1870 | (ब) 1872

(स) 1874 | (द) 1875 | ( )

9. गाँधीजी ने हरिजन यात्रा कब शुरू की ?

(अ) 1934 | (ब) 1935

(स) 1936 | (द) 1937 | ( )

10. रोलट एक्ट को ''बिना वकील, बिना अपील व बिना दलील'' वाला कानून किसने कहा?

(अ) पंडित मोतीलाल नेहरू | (ब) पंडित जवाहर लाल नेहरू

(स) सी.आर. दास | (द) महात्मा गाँधी | ( )

**2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. गाँधीजी ने किस घटना के बाद असहयोग आंदोलन स्थगित कर दिया था ?
2. कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष कौन थे?
3. सर्वप्रथम किस अधिवेशन में कांग्रेस दो धड़ो में बंट गई थी ?
4. कांग्रेस के किस अधिवेशन में मुस्लिम लीग व कांग्रेस पुनः एक साथ आए ?
5. खिलाफत आंदोलन के किन्हीं दो महत्वपूर्ण नेताओं के नाम लिखिए।
6. मुस्लिम लीग ने क्रिप्स प्रस्तावों को स्वीकार क्यों नहीं किया?
7. भारत का विभाजन किस योजना के आधार पर किया गया था ?
8. महात्मा गाँधी ने कांग्रेस के किस अधिवेशन की अध्यक्षता की थी ?
9. बाल गंगाधर तिलक को 'लोकमान्य' की उपाधि किस आंदोलन के समय दी गई ?
10. किसकी अध्यक्षता में रौलेट कमेटी बनाई गई थी ?

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. 1940 के प्रस्ताव के माध्यम से मुस्लिम लीग ने क्या मांग की ?
2. विभाजन के खिलाफ महात्मा गाँधी की दलील क्या थी ?
3. आम लोग विभाजन को किस तरह देखते थे ?

**4. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. ब्रिटिश भारत का बंटवारा क्यों किया गया ?

## पाठ 15

## संविधान का निर्माण

एक नये युग की शुरूआत

**पाठ का सार–**

प्रस्तुत अध्याय में हम भारतीय संविधान निर्मात्री सभा, प्रारूप समिति, संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार इत्यादि द्वारा भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने की दिशा में किए गए विभिन्न कार्यो का अध्ययन करेंगे। किस प्रकार लोकतांत्रिक राष्ट्र के सफल संचालन हेतु अंतरिम सरकार का गठन कर तत्समय विद्यमान परिस्थितियों का समाधान किया गया।

संविधान निर्माताओं ने भारतीय संविधान के निर्माण हेतु विभिन्न देशों के संविधानों का अध्ययन कर उनमें मौजूद अच्छाईयों को न केवल देखा अपितु उन्हें भारतीय संविधान में भी स्थान दिया। भारत के प्रत्येक नागरिक को किस प्रकार बिना किसी भेदभाव के समाज की मुख्य धारा में लाया जाए के भी अथक प्रयास किए गए। देश के प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय प्रदान करने आदि की प्राप्ति के लिए उनके द्वारा किस प्रकार संविधान सभा में प्रयास किए गए का भी अध्ययन करेगें।

**प्रश्न**

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न–**

1. संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार कौन थे ?
   (अ) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (ब) बी.एन. राव
   (स)के.एम. मुंशी (द) पंडित जवाहर लाल नेहरू
2. प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?
   (अ) वल्लभ भाई पटेल (ब) के.एम. पणिक्कर
   (स) अल्लादि कृष्णास्वामी (द)डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
3. संविधान सभा में उद्देश्य प्रस्ताव किसने पेश किया?
   (अ) पंडित जवाहर लाल नेहरू (ब) राजेन्द्र प्रसाद
   (स) महात्मा गांधी (द) इनमें से कोई नहीं
4. भारत में अंतरिम सरकार का गठन कब हुआ था ?
   (अ) 2 सितम्बर 1946 (ब) 15 अगस्त 1946
   (स) 26 जनवरी 1930 (द) 30 मार्च 1949
5. संविधान सभा की बैठकों के दौरान महिलाओं के लिए न्याय की मांग किसने की ?
   (अ) हंसा मेहता (ब) सुचेता कृपलानी

(स) के.एम. मुंशी (द) बी.आर. अम्बेडकर

6. भारत में मताधिकार के लिए न्यूनतम आयु सीमा कितनी है?

(अ) 16 वर्ष (ब) 18 वर्ष

(स) 20 वर्ष (द) 21वर्ष

7. भारतीय संविधान में किस प्रकार के न्याय का वर्णन किया गया है ?

(अ) सामाजिक (ब) आर्थिक

(स) राजनीतिक (द) उक्त सभी

8. भारतीय संविधान को पूर्णरूप से कब लागू किया गया था ?

(अ) 26 नवम्बर 1949 (ब) 26 जनवरी 1950

(स) 15 अगस्त 1947 (द) 26 जनवरी 1930

9. संविधान सभा के प्रथम स्थायी अध्यक्ष कौन थे?

(अ) बी.एन. राव (ब) सच्चिदानंद सिन्हा

(ब) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (द) पंडित जवाहर लाल नेहरू

10. संविधान सभा की प्रथम बैठक कब हुई थी ?

(अ) 9 दिसम्बर 1946 (ब) 15 अगस्त 1947

(स) 26 जनवरी 1950 (द) इनमें से कोई नहीं

**2. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. भारतीय संविधान सभा किस योजना के तहत गठित हुई थी ?
2. भारतीय संविधान कितने समय में बनकर तैयार हुआ ?
3. पंडित नेहरू द्वारा उद्देश्य प्रस्ताव कब प्रस्तुत किए गए?
4. कांग्रेस के किस अधिवेशन में मौलिक अधिकारों की मांग की गई ?
5. कैबिनेट मिशन योजना के तहत संविधान सभा में कुल कितने सदस्यों का चुनाव होना था ?
6. भारतीय संविधान पर सर्वाधिक प्रभाव किस अधिनियम का दिखाई पड़ता है ?
7. संविधान निर्माण सभा को भारत का लघु रूप क्यों कहा जाता है?

**3. लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शों पर जोर दिया गया था?
2. प्रांतों के लिए ज्यादा शक्तियों के पक्ष में क्या तर्क दिए गए ?

**4. निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. संविधान सभा के कुछ सदस्यों ने उस समय की राजनीतिक परिस्थिति और एक मजबूत केन्द्र सरकार की जरूरत के बीच क्या सम्बन्ध देखा ?

# उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा

## प्रश्न बैंक

कक्षा–12

## विषय : भूगोल

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक


संयोजक

**श्री भरत जोशी,**
प्रधानाचार्य
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान,
जयपुर

सह संयोजकः
**श्रीमती सुष्मिता गिल**
वरिष्ठ अध्यापक (गणित)
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान,
जयपुर

लेखकः

**श्रीमती चन्दन कंवर**
वरिष्ठ अध्यापक (भूगोल)
जागृति उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय,
(श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान, राजसमंद द्वारा संचालित)
राजसमंद

**श्री पिन्टू कुमार मेहता**
विशेष शिक्षक
जागृति उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय,
(श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान,राजसमंद द्वारा संचालित)
राजसमंद



2021–22

प्रकाशक :

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान राजसमंन्द द्वारा संचालित

# जागृति उच्च माध्यमिक विशेष विद्यालय,कांकरोली

(श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित एवं मानसिक विमंदित बच्चों के कल्याणार्थ)

## कक्षा – 12 प्रश्न बैंक

## विषय : भूगोल

## पाठ्यक्रम

## खण्ड–अ

## (मानव भूगोल के मूल सिद्वान्त)

| क्र.सं. | इकाई का नाम | अध्याय का नाम | अंक भार | इकाई के कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1. मानव भूगोल प्रकृति एवं विषय क्षेत्र | 6 | 6 |
| 2 | 2 | 2. विश्व जनसंख्या वितरण, घनत्व और वृद्वि | 3 | |
| 3 | | 3. जनसंख्या संघटन | 1 | 7 |
| 4 | | 4. मानव विकास | 2 | |
| 5 | 3 | 5. प्राथमिक क्रियाएँ | 2 | 11 |
| 6 | | 6. द्वितीयक क्रियाएँ | 2 | |
| 7 | | 7. तृतीयक और चतुर्थ क्रियाकलाप | 2 | |
| 8 | | 8. परिवहन एवं संचार | 3 | |
| 9 | | 9. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार | 2 | |
| 10 | 4 | 10. मानव बस्ती | 4 | 4 |
| | | कुल अंक | | 28 |

# पाठ्यक्रम

## खण्ड–ब
## भारत लोग और अर्थव्यवस्था

कुल अंक : 28

| क्र.सं. | इकाई का नाम | अध्याय का नाम | अंक भार | इकाई के कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1. जनसंख्याःवितरण घनत्व वृद्धि और संघटन | 2 | 5 |
| 1 | 1 | 2. प्रवासःप्रकार कारण और परिणाम | 2 | |
| 1 | 1 | 3. मानव विकास | 1 | |
| 2 | 2 | 4. मानव बस्तियॉ | 3 | 3 |
| 5 | 3 | 5. भूसंसाधन तथा कृषि | 1 | 8 |
| 6 | | 6. जल संसाधन | 2 | |
| 7 | | 7. खनिज तथा ऊर्जा संसाधन | 2 | |
| 8 | | 8. निर्माण उद्योग | 2 | |
| 9 | | 9. भारत के संदर्भ में नियोजन और सतत्पोषणीय विकास | 1 | |
| 9 | | 10. परिवहन तथा संचार | 4 | 7 |
| 9 | | 11. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार | 3 | |
| 10 | 4 | 12. भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित मुद्दे एवं समस्याएँ | 1 | 1 |
| 10 | 4 | मानचित्र कार्य (भारत, राजस्थान) | 4 | 4 |
| | | कुल अंक | | 28 |

श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान राजसमंन्द द्वारा संचालित

# जागृति उच्च माध्यमिक विशेष विद्यालय,कांकरोली

(श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित एवं मानसिक विमंदित बच्चों के कल्याणार्थ)

## कक्षा – 12

## नमूने का प्रश्न पत्र : 2021–22

## विषय : भूगोल

समय : 4:15 पूर्णांक : 56

1. परीक्षार्थी अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अवश्य लिखे ।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखे ।

खण्ड–अ

प्रश्न–1 बहुचयनात्मक प्रश्न (5)

1 निम्नलिखित में से कौन–सा एक मानव भूगोल का उपागम नहीं है?
अ) मानव बुद्धिमता ब) प्रोद्योगिकी
स) लोगों के अनुभव द) अन्वेषण ( )

2 निम्नलिखित में से कौन–सी संख्या जनसंख्या के कार्यशील आयु वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है ?
अ) 15 से 65 वर्ष ब) 15 से 66 वर्ष
स) 15 से 64 वर्ष द) 15 से 59 वर्ष ( )

3 फूलों की कृषि कहलाती है?
अ) ट्रक फार्मिंग ब) कारखाना कृषि स) मिश्रित कृषि द) पुष्पोत्पादन ( )

4 निम्नलिखित में से कौन–सा एक तृतीयक क्रियाकलाप है?
अ) खेती ब) बुनाई स) व्यापार द) आखेट ( )

5 "बिग–इंच" पाइप लाइन के द्वारा परिवहन किया जाता है?
अ) दूध ब) जल स) पेट्रोलियम गैस द) पेट्रोलियम ( )

6 सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या निम्नलिखित में से कौन–सी है?
अ) 102.8 करोड़ ब) 328.7 करोड़ स) 318.2 करोड़ द) 121 करोड़ ( )

7 भारत के निम्नलिखित केन्द्र शासित प्रदेशों में से किस एक की साक्षरता दर उच्चतम हैं?
अ) लक्षद्वीप . ब) दमन और दीव
स) चंडीगढ द) अंडमान और निकोबार द्वीप ( )

8 शुष्क कृषि में निम्न में से कौन–सी फसल बोई नहीं जाती ?
अ) रागी . ब) मूंगफली स) ज्वार द) गन्ना ( )

9 देश में प्रयुक्त कुल जल का सबसे अधिक समानुपात निम्नलिखित सेक्ट रों में से किस सेक्टर में है?
अ) सिंचाई ब) घरेलु उपयोग स) उद्योग द) इनमें से कोई नहीं ( )

10 निम्नलिखित में से कौन–सा चीनी का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है?
अ) महाराष्ट्र ब) पंजाब
स) उत्तर प्रदेश द) तमिलनाडू ( )

## खण्ड–ब (18 अंक)

प्रश्न–2 मानव भूगोल को परिभाषित कीजिए।
प्रश्न–3 मानव भूगोल के उपक्षेत्रों के नाम बताइए ।
प्रश्न–4 जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले तीन भौगोलिक कारकों का उल्लेख करें।
प्रश्न–5 मानव विकास के तीन मूलभूत क्षेत्र कौन–से है?
प्रश्न–6 मानव विकास को परिभाषित कीजिए ।
प्रश्न–7 गैरिसन नगर क्या होते हैं?
प्रश्न–8 ऊर्जा के अपारम्परिक स्त्रोत कौन–से है?
प्रश्न–9 वायु प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोत कौन–से है?
प्रश्न–10 मानव विकास के कोई दो घटकों के नाम लिखो।

## खण्ड–स (21 अंक)

प्रश्न–11 अंतर स्पष्ट करें।
1. जन्म दर और मृत्यु दर

प्रश्न–12 टिप्पणी करें –
1. विनिर्माण 2. स्वच्छंद उद्योग

प्रश्न–13 जल परिवहन से क्या लाभ होता है?
प्रश्न–14 लिंग अनुपात कैसे मापा जाता है?
प्रश्न–15 मानव स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के क्या प्रभाव पड़ते है?
प्रश्न–16 संचार से आपका क्या तात्पर्य है?
प्रश्न–17 लेगों पर संदूषित जल/गन्दे पानी के उपयोग के क्या संभव प्रभाव हो सकते है?

## खण्ड–द (12 अंक)

प्रश्न–18 मानव विकास शब्द से आपका क्या अभिप्राय है?
प्रश्न–19 अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से देश कैसे लाभ प्राप्त करते हैं?
प्रश्न–20 राजस्थान के दिए गए रेखा मानचित्र में ताँबा क्षेत्र दर्शाइए। (2)
प्रश्न–21 भारत के रेखा मानचित्र में निम्न समुद्री पत्तनों को दर्शाइए ।
1. मुम्बई 2. चैन्नई 3. कॉडला 4. पोरबंदर (2)

श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान राजसमंन्द द्वारा संचालित

# जागृति उच्च माध्यमिक विशेष विद्यालय,कांकरोली

(श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित एवं मानसिक विमंदित बच्चों के कल्याणार्थ)

## कक्षा – 12 प्रश्न बैंक : पाठ्यक्रम

## खण्ड–अ : इकाई–1

## विषय : भूगोल

### अध्याय–1 : मानव भूगोल प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

### पाठ सारांश

- भूगोल को दो मुख्य भागों में बाँटा गया है :
  1. भौतिक भूगोल 2. मानव भूगोल
- भौतिक भूगोल पृथ्वी के भौतिक घटकों से संबंधित है जबकि मानव भूगोल भौतिक एवं मानवीय जगत के बीच के संबंधों व मानवीय परिघटनाओं का अध्ययन करता है ।
- मानव भूगोल क्या है?
  फ्रांसीसी विद्वान पॉल विडाल–डी–लाल–ब्लाश ने बताया कि मानव भूगोल में पृथ्वी को नियंत्रित करने वाले भॉतिक नियमों के ज्ञान तथा पृथ्वी पर निवास करने वाले जीवों के पारस्परिक संबंधो का संश्लेषित ज्ञान समाविष्ट होता है।
- मानव भूगोल की प्रकृति :
  मानव ने भौतिक पर्यावरण द्वारा प्रदत्त संसाधनों का उपयोग करते हुए अनेक सांस्कृतिक भृदृश्यों का निर्माण किया है ।
- मानव भूगोल के क्षेत्र एवं उप–क्षेत्र

सामाजिक भूगोल, नगरीय भूगोल, राजनीतिक भूगोल, जनसंख्या भूगोल, आवास भूगोल तथा आर्थिक भूगोल आदि मानव भूगोल की प्रमुख शाखाएँ अथवा क्षेत्र है।

### बहु विकल्पात्मक प्रश्न

प्रश्न–1 निम्नलिखित में से कौन–सा एक भौगोलिक सूचना का स्त्रोत नहीं है?

अ) यात्रियों के विवरण ब) प्राचीन मानचित्र

स) चन्द्रमा से चट्टानी पदार्थो के नमूने द) प्राचीन महाकाव्य ( )

प्रश्न–2 निम्नलिखित में से कौन–सा एक मानव भूगोल का उपगमन नहीं है?

अ) क्षेत्रिय विभिन्नता ब) मात्रात्मक क्रांति

स) स्थानिक संगठन द) अन्वेषण और वर्णन ( )

प्रश्न–3 निम्नलिखित में कौन–सा एक लोगों और पर्यावरण के बीच अन्योन्यक्रिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है?

अ) मानव बुद्विमता ब) प्रोद्योगिकी

स) लोगों के अनुभव द) मानवीय भाईचारा ( )

प्रश्न–4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में लिखें।

1 मानव भूगोल को परिभाषित कीजिए।

2 मानव भूगोल के कुद उपक्षेत्रों के नाम बताइए।

प्रश्न–5 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें।

1 मानव भूगोल के विषय क्षेत्र पर टिप्पणी कीजिए ।

# इकाई–2

## अध्याय–2 : विश्व जनसंख्या वितरण, घनत्व और वृद्धि

### पाठ सारांश

- किसी देश में जनसंख्या ही उस देश की वास्तविक सम्पत्ति होती है।
  - विश्व में जनसंख्या वितरण के प्रारूप
  - एक अनुमान के अनुसार विश्व की 90 प्रतिशत जनसंख्या इसके 10 प्रतिशत स्थल भाग पर निवास करती है।
  - विश्व के दस सर्वाधिक आबाद देशों में विश्व की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है।
- जनसंख्या का घनत्व
  - लोगों की संख्या एवं भूमि के आकार के मध्य मिलने वाले अनुपात को जनसंख्या घनत्व कहा जाता है।
- जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक
  - जल की उपलब्धता, भू–आकृति, जलवायु तथा मृदाएँ है।
- जनसंख्या वृद्धि
  - किसी क्षेत्र में निश्चित समयावधि के दौरान बसें हुए लोगों की संख्या में होने वाला परिवर्तन जनसंख्या वृद्धि कहलाता है।
- जनसंख्या नियंत्रण के उपायः
  - परिवार नियोजन सुविधाओं की उपलब्धता ।

### बहु विकल्पात्मक प्रश्न

प्रश्न–1 निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में जनसंख्या वृद्धि सर्वाधिक है?

अ) अफ्रका ब) एशिया स) दक्षिण अमेरिका द) उत्तर अमेरिका ( )

प्रश्न–2 निम्नलिखित में से कौन–सा एक प्रतिकर्ष कारक नहीं है?

अ) जलाभाव ब) बेरोजगार स) चिकित्सा /शैक्षणिक सुविधा द) महामारियॉ ( )

प्रश्न–3 निम्न में से कौन–सा एक तथ्य सही नहीं है?

अ) विगत 500 वर्षो में मानव जनसंख्या 10 गुणा से अधिक बढ़ी है।

ब) 5 अरब से 6 अरब तक बढने में जनसंख्या को 100 वर्ष लगे।

स) जनांकिकीय संक्रमण की प्रथम अवस्था में जनसंख्या वृद्धि उच्च होती है। ( )

प्रश्न–4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दे।

1 जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले तीन भौगोलिक कारकों का उल्लेख करें।

2 जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटक कौन–कौन से है?

प्रश्न–5 अन्तर स्पष्ट करें –

1 जन्मदर और मृत्यु दर

प्रश्न–6 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें।

1 विश्व में जनसंख्या के वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए।।

# अध्याय–3 : जनसंख्या संघटन

## पाठ सारांश

- किसी भौगोलिक प्रवेश में निवासित लोगो को आयु, लिंग, व्यवसाय शिक्षा आदि के समावेशित स्वरूप में विश्लेषित करना जनसंख्या संघटन कहलाता है।
- जनसंख्या में स्त्रियों तो पुरूषों की संख्या के मध्य के अनुपात को लिंग अनुपात कहा जाता है।
- आयु संरचना
    - किसी भी राष्ट्र में 0–14 वर्ष एवं 60 वर्ष से अधिक आयु की जनसंख्या को आश्रित जनसंख्या कहा जाता है।
- ग्रामीण–नगरीय संघटन
    - किसी भी देश की जनसंख्या का ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या में विभाजन निवास के आधार पर होता है।
- साक्षरता
    - किसी भी देश में साक्षर जनसंख्या का अनुपात उसके सामाजिक एवं आर्थिक विकास का सूचक होता है।
- व्यावसायिक संरचना

15–59 वर्ष की आयु वर्ग के स्त्री–पुरूष कार्यशील जनसंख्या की श्रेणी में आते है।

## बहु विकल्पात्मक प्रश्न

प्रश्न–1 निम्नलिखित में से कौन–सी संख्या जनसंख्या के कार्यशील आयु वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है?

अ) 15 से 65 वर्ष    ब) 15 से 66 वर्ष

स) 15 से 64 वर्ष    द) 15 से 59 वर्ष    (   )

प्रश्न–2 निम्नलिखित में से किस देश का लिंग अनुपात विश्व में सर्वाधिक है?

अ) लैटविया    ब) जापान    स) संयुक्त अरब अमीरात    द) फ्रांस    (   )

प्रश्न–3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दे।

1 जनसंख्या संघटन से आप क्या समझते हैं?

2 आयु संरचना का क्या महत्व है?

3 लिंग – अनुपात कैसे मापा जाता है?

प्रश्न–5 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें।

1 जनसंख्या के ग्रामीण नगरीय संघटन का वर्णन कीजिए ।

# अध्याय–4 : मानव विकास
## पाठ सारांश

- वृद्वि और विकास
  - यद्यपि वृद्वि और विकास दोनो का संबंध समय के अनुसार परिवर्तन से है, तथापि ये दोनों एक–दूसरे से भिन्न है।
- मानव विकास के चार स्तम्भ
  - मानव विकास के चार स्तम्भो में समता, सत्त पोषणीयता उत्पादकता तथा सशक्तिकरण नामक चार संकल्पनाओं को शामिल किया जाता है।
- मानव विकास के उपागम
  - 1. आय उपागम 2. कल्याण उपागम 3. आधारभूत आवश्यकता उपागम 4. क्षमता उपागम
- मानव विकास का मापन
  - स्वास्थ्य के सूचक को निश्चित करने के लिए जन्म के समय जीवन प्रत्याशा को चूना गया है।

शिक्षा का अभिप्राय प्रौढ शिक्षा, साक्षरता दर एवं सकल नामांकन अनुपात से है।

## बहु विकल्पात्मक प्रश्न

प्रश्न–1 निम्नलिखित में से कौन–सा विकास सर्वोत्तम वर्णन करता है?

अ) आकार में वृद्वि ब) गुण में धनात्मक परिवर्तन
स) आकार में स्थिरता द) गुण में साधारण परिवर्तन ( )

प्रश्न–2 मानव विकास की अवधारणा निम्नलिखित में से किस विद्वान की देन है?

अ) प्रो. अमर्त्य सेन ब) डॉ. महबूब–उल–हक
स) एलन सी. सेम्पुल द) रैटजेल ( )

प्रश्न–3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दे।

1 मानव विकास के तीन मूलभूत क्षेत्र कौन से हैं?

2 मानव विकास के चार प्रमुख घटकों के नाम बताएँ।

प्रश्न–4 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें।

1 मानव विकास शब्द से आपका क्या अभिप्राय है?

# इकाई–3

## अध्याय–5 : प्राथमिक क्रियाएँ

### पाठ सारांश

- आर्थिक क्रियाएँ
  - मानव के वे समस्त क्रियाकलाप जिनसे आय की प्राप्ति होती है, आर्थिक क्रियाएँ कहलाती है।
- प्राथमिक क्रियाएँ
(स) यामिनी राय (द) नन्दलाल बसु ( )

प्रश्न : 3 भारत में वाश पद्धति किसने आरम्भ की।

(अ) यामिनी राय (ब) अवनीन्द्र नाथ टैगौर
(स) नन्दलाल वसु (द) रवीन्द्रनाथ टैगोर ( )

प्रश्न : 4 यात्रा का अन्त किस कलाकार कलाकृति है।

(अ) नरेन्द्र देव (ब) नन्दलाल बसु
(स) यामिनी राय (द) अवनीन्द्रनाथ टैगोर ( )

## रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

प्रश्न : 1 राजा रवि वर्मा का चित्र ................................... है।

प्रश्न : 2 अवनीन्द्र नाथ टैगोर का चित्र ................................. है।

प्रश्न : 3 अनवनीन्द्र नाथ ठाकुर की पुस्तक ..................................... व ........................ है।

प्रश्न : 4 राजा रवि वर्मा के चित्रों का माध्यम ........................ था।

प्रश्न : 5 कम्पनी शैली चित्रों का विषय वस्तु ........................................ थी।

## अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न : 1 बंगाल शैली के प्रणेता के नाम लिखिए।

प्रश्न : 2 ई.वी. हैवेल कौन थे।

प्रश्न : 3 वाश पद्धति क्या है।

प्रश्न : 4 बंगाल शैली के कलाकारों के नाम लिखो।

प्रश्न : 5 बंगाल शैली ने किस माध्यमों को पुनः प्रतिष्ठित किया।

## लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न : 1 बंगाल के चित्रकार ने किस माध्यमों में कार्य किया।

प्रश्न : 2 भारत माता के चित्रकार का नाम व किस माध्यम में चित्र बनाया है।

प्रश्न : 3 कम्पनी शैली किसी कहते हैं।

प्रश्न : 4 यामिनी राय के चित्रों का माध्यम बताइये।

प्रश्न : 5 कम्पनी शैली में किस–किस का प्रभाव है।

## निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न : 1 यामिनी राय के चित्रों के विषय बताइये।

प्रश्न : 2 बंगाल शैली की विशेषताएं बताइये।

प्रश्न : 3 अवनीन्द्रनाथ ठाकुर की एक पेटिंग्स पर अपने विचार लिखे।

प्रश्न : 4 राजा रवि वर्मा का भारतीय कला में योगदान रहा बताइये।

प्रश्न : 5 कम्पनी शैली का विकास देश के किन भागों में अधिक हुआ।

## पाठ–7

## आधुनिक भारतीय कला

### उदभव एवं विकास

आधुनिक चित्रकला का विकास स्थूल से सूक्ष्म ऐन्द्रिय कला से आत्मिक, कृत्रिमता से सहजता सामाजिक से वैयक्ति और बंधन से मुक्त की ओर है। अर्थात् परम्पराओं से निकल कर आधुनिक विचारों की अग्रसर होती कला औद्योगिक क्रांति एवं संचार के साधनों के उत्तरोत्तर विकास की उपज है। जिसमें सम्पूर्ण जन जीवन साहित्य, संस्कृति एवं कला आदि के विभिन्न स्त्रोतों (क्षेत्रों) में एक साथ आमूल–चूल परिर्वतन देख सकते हैं।

आधुनिक कला की अन्तर्राष्ट्रीय परिभाषा के अनुरूप प्रभावशीलता प्रदान करते हुए कहा को देह की सीमाओं से परे सार्वभौमिक रूप में स्वीकार कर विश्व में फैलाया है। भारतीय कलाकारों की कलाकृतियों विभक्तियों विचारों को इस अध्याय में जानेंगे। भारतीय कलाकारों में अमृता शेल, गिल, राजा रवि वर्मा, अवनीन्द्रनाथ ठाकुर से लेकर हुसैन, आरा, रजा तक के कलाकारों की चर्चा होगी।

### <u>वस्तुनिष्ठ प्रश्न</u>

प्रश्न : 1 तीन महिलाएं प्रसिद्ध चित्र किसका है।

(अ) अमृता शेर गिल (ब) हुसैन
(स) के.के. हैब्बार (द) रजा ( )

प्रश्न : 2 मदर टेरेसा कलाकृति किसकी है।

(अ) एच. आरा (ब) एम. रजा
(स) एम.एफ हुसैन (द) हैब्बरी ( )

प्रश्न : 3 श्रम की विजय के मूर्तिकार है।

(अ) डी.पी. राय चौधरी (ब) राम किंकर बैज
(स) धनराज भगत (द) हिम्मत शाह ( )

प्रश्न : 4 मोहम्मद रजा के चित्र शैली थी।

(अ) यथार्थवादी (ब) अमूर्त ज्यामितीय
(स) अतियथार्थ वादी (द) आदर्श वादी ( )

प्रश्न : 5 संथाल जनजाति के मूर्तिशिल्प बनाये हैं।

(अ) रामकिंकर बैज (ब) राय चौधरी
(स) धनराज भगत (द) हिम्मत शाह ( )

### <u>रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न</u>

प्रश्न : 1 आधुनिक भारतीय मूर्ति कला का जनक ................................. को कहते हैं।

प्रश्न : 2 भारतीय चित्रकला का ................... 1854 में हुआ था।

प्रश्न : 3 गगनेन्द्रनाथ टैगोर के चित्र .............................. रहे हैं।

प्रश्न : 4 चोला मण्डल समूह की स्थापना ........................... की थी।

प्रश्न : 5 मुर्गो की लड़ाई कलाकृति ................................ है।

प्रश्न : 6 अमृता शेर गिल ने ................. को आत्मसात किया था।

## अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न : 1 शांति निकेतन की परिकल्पना किसकी थी।

प्रश्न : 2 प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप के कलाकारों के नाम बताइये।

प्रश्न : 3 कलकत्ता कलाकार समूह की स्थापना कब हुई है।

प्रश्न : 4 देवीप्रसाद राय चौधरी के दो मूर्तिशिल्पों के नाम बताइये।

प्रश्न : 5 मिल कौल कलाकृति किसकी है। नाम बताइये।

## लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न : 1 अंग्रेजों ने कितने कला महाविद्यालयों की स्थापना की, उनके नाम बताइये।

प्रश्न : 2 भारत में पहला राष्ट्रवादी कला स्कूल कहां स्थापित हुआ।

प्रश्न : 3 पहले खोले गये कला महाविद्यालयों की कैसी शिक्षण प्रणाली थी।

प्रश्न : 4 प्रमुख समकालीन भारतीय चित्रकारों के नाम लिखें।

प्रश्न : 5 मूर्तिकार रांखो चौधरी का जन्म कब और कहां हुआ था।

## निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न : 1 राम किंकर बैज की मूर्ति शिल्प पर लेख लिखे।

प्रश्न : 2 अमृता शेर गिल के चित्रों के बारे में बताइये।

प्रश्न : 3 एम.एफ. हुसैन के चित्रों की व्याख्या करें।

प्रश्न : 4 नन्दलाल वसु की कला पर कलात्मक लेख लिखें।

प्रश्न : 5 कम्पनी शैली का विकास देश के किन भागों में अधिक हुआ।

पाठ–8

# भारत की जीवित कला परम्परा

## सारांश

### उदभव एवं विकास

भारत की जीवित कला परम्परा यानी लोककला जन साधारण की भावनाओं की सहज अभिव्यक्ति है। लोक कभा उन कलाकारों के कौशल का चमत्कार है जिन्होंने कभी किसी कला को वैज्ञानिक रीति से अध्ययन नहीं किया, फिर भी जो उनकी सौंदर्यानुभूति तथा मांगलिक भावनाओं के प्रतीक रूप में अभिव्यक्ति होती है। लोक कला के साथ उसको उपयोगिता महत्वपूर्ण है।

व्रत, त्यौहार, उत्सव और अधिकाशः घर की दीवारों आंगन तथा त्यौहारों को अनेक प्रकार की आकृतियों से सुशोभित किया जाता है। घर के प्रत्येक मांगलिक, शुभकार्यों पर लोक चित्रों द्वारा भावनाओं को व्यक्ति करते थे।

इस अध्याय में कला के साथ उसकी उपयोगिता का अध्ययन करेंगे। कल संबंधी जानकारियां, लोक कलाएं हमारे देवी देवताओं के चित्रकलाएं जैसे फड स्वर्णकार आदि पंरिगल, मधुवती, वरर्ली या मांडना हत्यारी का अध्ययन है। कढाई–बुनाई, बढ़ईगिरी, लौहारी, स्वर्णकार, कुम्हार आदि जैसे कार्यों से कला और उपयोगिता का अध्ययन है जो आज वर्तमान में उनकी प्रासंगिता को दर्शाता है।

<u>वस्तुनिष्ठ प्रश्न</u>

प्रश्न : 1 मिट्टी के बर्तन बनाने वालों को कहते हैं।

(अ) कुम्हार (ब) लुहार
(स) स्वर्णकार (द) कारीगर ( )

प्रश्न : 2 बस्तर के धातु शिल्पियों को कहते हैं।

(अ) गढवा (ब) लुहार
(स) कुम्भकार (द) स्वर्णकार ( )

प्रश्न : 3 टेरा कोटा क्या है।

(अ) मिट्टी की मूर्ति (ब) पकी मिट्टी की मूर्ति
(स) सीमेंट की मूर्ति (द) पत्थर की मूर्ति ( )

प्रश्न : 4 फड वाचन पर वाद्य पत्र बजाते हैं।

(अ) सारंगी (ब) रावण हत्था
(स) सितार (द) हरमोनियम ( )

प्रश्न : 5 लोक देवताओं के जीवन पर आधारित विशाल पर चित्र को कहा जाता है।

(अ) भित्ति चित्र (ब) कांवड
(स) फड़चित्र (द) पिछवाई ( )

## रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

प्रश्न : 1 स्थानीय बाजार को ............................ कहते हैं।

प्रश्न : 2 बंगाल के परम्परागत कलाकारों को ................................ कहते हैं।

प्रश्न : 3 मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध लोक चित्रशैली ............................... है।

प्रश्न : 4 राजस्थान में परम्परागत फड पेटिंग्स ............................. बनाते हैं।

प्रश्न : 5 पकी हुई मिट्टी की मूर्तियां राजस्थान में .................................. बनती हैं।

## अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न : 1 वर्ली पेंटिंग्स का संबंध किस राज्य से है।

प्रश्न : 2 मिथिला मधुबनी के विषय का क्या क्या है।

प्रश्न : 3 लोक कला की धारणा क्या है।

प्रश्न : 4 मोलेला कला कहां की है।

प्रश्न : 5 राजस्थान की प्रमुख लोक शैली है।

## लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न : 1 फड चित्र शैली के विषय वस्तु क्या है।

प्रश्न : 2 राजस्थानी भोपा–भोपी क्या गायन करते हैं।

प्रश्न : 3 मधुबनी पेंटिंग्स का संबंध है।

प्रश्न : 4 मधुबनी पेंटिंग्स के विषय वस्तु लिखे।

प्रश्न : 5 मोलेला कला किस माध्यम से जानी जाती है।

प्रश्न : 6 लोक कला की मुख्य्य विशेषता है।

## निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न : 1 फड़ चित्रण शैली पर कलात्मक लेख लिखे।

प्रश्न : 2 वर्ली पेंटिंग्स के बारे में बताइये।

प्रश्न : 3 प्रसिद्ध मधुबनी चित्र शैली का वर्णन करें।

प्रश्न : 4 राजस्थान की लोक कला पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

प्रश्न : 5 लुप्त मोम प्रक्रिया (लास्ट वैक्स प्रोसेस) का वर्णन कीजिए।

# उच्च माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा
## प्रश्न बैंक
## कक्षा– 12
## विषय : गृहविज्ञान

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित अधिकृत प्रश्न बैंक


संयोजक
श्री संतकुमार सिंह
प्राचार्य
बधिर उ.मा.वि, अजमेर

लेखिका
श्रीमती सुप्रिया राठौड़
व्याख्याता (गृहविज्ञान)
बधिर उ.मा.वि, अजमेर

सह संयोजक
श्रीमती पंकज शर्मा
व्याख्याता (हिन्दी)
बधिर उ.मा.वि, अजमेर

सह संयोजक
श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा
व्याख्याता (इतिहास)
बधिर उ.मा.वि, अजमेर



परीक्षा – 2022

प्रकाशक :

**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर**

# विषय सूची
## गृहविज्ञान भाग– 1

**इकाई–I कार्य आजीविका तथा जीविका**

**इकाई–II पोषण खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी**

पाठ–2 नैदानिक पोषण और अहारिकी

पाठ–3 जन पोषण तथा स्वास्थ्य

पाठ–4 खान–पान व्यवस्था और भोजन सेवा प्रबंध

पाठ–5 खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी

पाठ–6 खाद्य गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा

**इकाई–III मानव विकास और परिवार अध्ययन**

पाठ–7 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा

पाठ–8 मार्गदर्शन और परामर्श

पाठ–9 विशेष शिक्षा और सहायक सेवा

पाठ–10 बच्चों, युवाओं और वृद्धजनों के लिए सहायक सेवाओं, संस्थानों और कार्यक्रम का प्रबंधन

## भाग– 2

**इकाई–IV वस्त्र एवं परिधान**

पाठ–11 वस्त्र एवं परिधान के लिए डिज़ाइन

पाठ–12 फ़ैशन डिज़ाइन और व्यापार

पाठ–13 वस्त्र उद्योग में उत्पादन तथा गुणवत्ता नियंत्रण

पाठ–14 संग्रहालय में वस्त्र संरक्षण

पाठ–15 संस्थाओं में वस्त्रों की देखभाल और रखरखाव

**इकाई–V संसाधन प्रबंधन**

पाठ–16 मानव संसाधन प्रबंधन

पाठ–17 आतिथ्य प्रबंधन

पाठ–18 श्रम प्रभाविकी तथा भीतरी एवं बाहरी स्थानों की सज्जा

पाठ–19 समारोह प्रबंधन

पाठ–20 उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण

**इकाई–VI संचार एवं विस्तार**

पाठ– 21 विकास संचार तथा पत्रकारिता

पाठ– 22 पैरवी

पाठ– 23 जन संचार माध्यम प्रबंधन एवं उत्पादन

पाठ– 24 नियमित संप्रेषण एवं जनसंपर्क

पाठ– 25 विकास कार्यक्रमों का प्रबंधन

**परियोजना**

1. अपने क्षेत्र में क्रियान्वित किए जा रहे एक एकीकृत समुदाय आधारित, पोषण/स्वास्थ्य कार्यक्रम का अध्ययन–
   (अ) कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में
   (ब) फोकल समूह/लाभार्थी
   (स) क्रियान्वयन के तौर–तरीके
2. पड़ोस के दो किशोरों और वयस्कों से विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों के बारे में उनकी धारणा जानने के लिए साक्षात्कार करें।
3. किसी भी दो विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्ति(बच्चे/व्यक्ति) से उनके आहार, वस्त्रों, गतिविधियों, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक जरूरत का पता लगाने के लिए प्रोफाइल।
4. विभिन्न फोकल समूहों के लिए संचार के विभिन्न तरीकों का उपयोग करके पोषण, स्वास्थ्य और जीवन कौशल के लिए किसी भी पाँच संदेशों की योजना बनाना।
5. किन्ही पाँच प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के पैकेजिंग और लेबल जानकारी के लिए बाजार सर्वेक्षण।

**प्रायोगिक परीक्षा के लिए योजना– 30 अंक**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | परियोजना | **5 अंक** |
| 2 | बुर्जुग व्यक्ति के लिए किसी एक परिवार के लिए भोजन का संशोधन। संशोधित पकवान से किसी एक को करना।<br>या<br>प्री स्कूलर(2–6 वर्ष) पोषण कार्यक्रम के लिए किसी एक पूरक भोजन का विकास और तैयारी।<br>या<br>स्कूल कैंटीन के लिए एक मीनू की योजना बनाना और किसी एक पौष्टिक व्यंजन को तैयार करना। | **5 अंक** |
| 3 | निम्नलिखित में से किसी एक में रासायनिक परीक्षणों का उपयोग करके मिलावट की पहचान करें – शुद्ध घी, चाय की पत्ती, साबुत काली मिर्च, हल्दी पाउडर, दूध और हींग। | **2 अंक** |
| 4 | वस्त्र डिज़ाइन तकनीकों (बंधाई, रंगाई, बॉटिक, ब्लॉक छपाई) का उपयोग करके एक नमूना तैयार करें। | **4 अंक** |
| 5 | सफेद सूती कपड़े से किसी भी एक दाग को हटाएँ – बॉल पेन, सब्जी, ग्रीस, स्याही, लिपस्टिक, चाय और कॉफी। | **2 अंक** |
| 6 | निम्नलिखित में से किसी एक पर उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण के लिए एक पर्चा/पैम्पलेट बनाएँ–<br>(अ) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम<br>(ब) उपभोक्ता कर्तव्य<br>(स) उपभोक्ता संगठन<br>(द) उपभोक्ता समस्याएँ | **5 अंक** |
| 7 | फाईल/File | **5 अंक** |
| 8 | वाइवा/ Viva | **2 अंक** |

# उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा 2022

समयः– 4 : 15 घंटे पूर्णांक : 56

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1 परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्य रूप से लिखें।

2 सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।

3 प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

4 जिन प्रश्नों में आन्तरिक खंड है, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

5

| खंड | प्रश्नों के प्रकार | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न |
|---|---|---|---|
| अ | (1) बहुविकल्पी प्रश्न | 01 से 08 | 01 |
| | (2) रिक्त स्थानों की पूर्ति प्रश्न | 09 से 13 | 01 |
| ब | अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न | 14 से 21 | 02 |
| स | लघूत्तरात्मक प्रश्न | 22 से 27 | 2.5 |
| द | निबंधात्मक प्रश्न | 28 से 31 | 03 |

## खंड–अ

**प्रश्न 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न–** **अंक**

1 जीवन प्रबंधन की संकल्पना है– 01

(अ) कार्य (ब) जीविका (स) खेल (द) शिक्षा ( )

2 नरम आहार में सम्मिलित भोजन कौनसा है– 01

(अ) रोटी (ब) दलिया (स) खिचड़ी (द) ब और स दोनों ( )

3 रोज़ा कब खोलते है ? 01

(अ) रम़जान (ब) नवरात्री (स) ईद उल मिलादी (द) शब ए बारात ( )

4 समाज की मूल इकाई है– 01

(अ) घर (ब) परिवार (स) गाँव (द) विद्यालय ( )

5 वस्त्रों के आधार पर सर्वाधिक प्रचलित विधि कौन सी है– 01

(अ) रंगाई (ब) छपाई (स) बुनाई (द) कढ़ाई ( )

6 राष्ट्रीय संग्रहालय स्थित है– 01

(अ) नई दिल्ली (ब) मुम्बई (स) चैन्नई (द) कर्नाटक ( )

7 भर्ती का पहला चरण है– 01

(अ) कार्य का विश्लेषण (ब) कार्य का विवरण

(स) कार्य का क्रियान्वयन (द) कार्य का मंथन ( )

8 सतत् विकास लक्ष्य कब अपनाया गया– 01

(अ) सन् 2000 (ब) सन् 2015 (स) सन् 2010 (द) सन् 2001 ( )

**प्रश्न 2** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 जीविका .......................... एक संकल्पना है। 01

2 भारत .......................... का दोहरा भार उठा रहा है। 01

3 परामर्श के .......................... प्रमुख सिद्धान्त है। 01

4 फ़ैशन एक .......................... है। 01

5 भागीदारी .......................... क्रियाकलाप हो सकते है। 01

**प्रश्न 3 अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | भारत सरकार ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम कब लागू किया? | 02 |
| 2 | लूपर किसे कहते है? | 02 |
| 3 | शिशु देखभाल केन्द्र क्या होता है? | 02 |
| 4 | गार्डन ऑफ फाइव सेंसस कहाँ स्थित है? | 02 |
| 5 | बाल श्रम किसे कहा जाता है? | 02 |
| 6 | संप्रेषण गतिविधी के दो क्षेत्रों के नाम लिखिए। | 02 |
| 7 | भोजन सेवा उपलब्ध कराने वाली सेवाएँ क्या कहलाती है? | 02 |
| 8 | आपेक्षिक आद्रर्ता को कितने प्रतिशत और ताप पर रखना चाहिए। | 02 |
| **प्रश्न 4** | **लघूत्तरात्मक प्रश्न–** | |
| 1 | विटामिन A के स्त्रोत कौन–कौन से है? | 2.5 |
| 2 | विशेष शिक्षा से आप क्या समझते है? | 2.5 |
| 3 | वस्त्रों का भंडारण किस प्रकार किया जाता है? | 2.5 |
| 4 | गृह व्यवस्था विभाग के कार्य लिखिए।(कोई तीन) | 2.5 |
| 5 | खाद्य पदार्थ किन कारणों से खराब होते है? | 2.5 |
| 6 | नवप्रवर्तन से आप क्या समझते है? | 2.5 |
| प्रश्न 5 | **निबंधात्मक प्रश्न–** | |
| 1 | अच्छे पोषण का क्या महत्व है? रोग किस प्रकार किसी व्यक्ति की पोषण स्थिति को प्रभावित करता है? | 3 |
| 2 | उत्पादन के चरण बताइए। | 3 |
| 3 | संस्थागत कार्यक्रम क्या है और ये बच्चों के लिए किस प्रकार कार्य कर रही है?<br>अथवा<br>गृह व्यवस्था विभाग को चार्ट द्वारा समझाइए। | 3 |
| 4 | अस्पताल में धुलाई घर में कार्य करने की प्रक्रिया को समझाइए।<br>अथवा<br>डिज़ाइन के सिद्धान्त बताइए। | 3 |

# इकाई–I कार्य आजीविका तथा जीविका

व्यक्ति का सामाजिक दायित्व एवं उसकी स्वेच्छावृत्ति और उसके द्वारा किया गया श्रमदान सेवा। उसके जीविका उपार्जन के लिए भारत में कई परंपरागत व्यवसाय हैं। कार्य सभी संस्कृतियों का केन्द्र बिन्दु है। लोग कार्य के बदले धन प्राप्त करते हैं। 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कार्य करवाना बाल श्रम अपराध है। एच.डी.आई. का पूरा नाम मानव विकास सूचकांक हैं जो 1990 में विकसित था।नवाचार जीवन पर्यन्त काम में आते हैं और हर परिस्थितियों में जीवन को प्रोत्साहन और समर्थ बनाने का कार्य करते हैं। उत्पाद या सेवा का नवीनीकरण या बदलाव नवप्रवर्तन कहलाता है। उत्पादकता को बढ़ाना, जोखिमों को कम करना और दक्षता को बढ़ाना आदि सुकार्यिकी के लाभ हैं। सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर महिलाओं के लिए रोज़गार के अवसरों को बढ़ाना, महिला विकास कार्यक्रमों का संचालन तथा बालिकाओं के लिए कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, सर्व शिक्षा अभियान आदि कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 कार्य केन्द्र बिन्दु है–

(अ) सामाजिक का (ब) आर्थिक का (स) संस्कृतियों का (द) धार्मिक का ( )

2 जीवन प्रबंधन की संकल्पना है–

(अ) कार्य (ब) जीविका (स) खेल (द) शिक्षा ( )

3 स्त्रियों की कमाई को माना जाता है–

(अ) गौण (ब) पूरक (स) अ और ब दोनों (द) कोई नहीं ( )

4 फ़ैक्टरी अधिनियम कब लागू हुआ–

(अ) 1948 (ब) 1949 (स) 1959 (द) 1947 ( )

5 जटिल और बहुआयामी संकल्पना क्या है–

(अ) मनोरंजन संतुष्टि (ब) आय संतुष्टि

(स) शिक्षा संतुष्टि (द) रोज़गार संतुष्टि ( )

6 महत्वपूर्ण मूल्य कितने हैं–

(अ) 5 (ब) 4 (स) 6 (द) 10 ( )

7 एक स्वस्थ कार्य–परिवेश को कहते हैं–

(अ) रचनात्मक (ब) क्रियात्मक

(स) नकारात्मक (द) सकारात्मक ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 लोग कार्य के बदले .......................... प्राप्त करते है।

2 जीविका .......................... एक संकल्पना है।

3 एच.डी.आई. का पूरा नाम .......................... है।

प्रश्न 2 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 आर.टी.ई. एक्ट का पूरा नाम क्या है?

2 बाल श्रम किसे कहा जाता है?

3 नवाचार का क्या अर्थ है?

4 स्पष्ट संप्रेषण किसे कहते हैं?

प्रश्न 3 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 विश्व स्तरीय मानवाधिकार घोषणा–पत्र हमें क्या बताता है?

2 नवप्रवर्तन से आप क्या समझते हैं?

3 सुकार्यिकी के कोई तीन लाभ बताइए।

4 उद्यमिता के लक्षण बताइए।

5 जीवन कौशल महत्वपूर्ण क्यों है?

प्रश्न 4 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 व्यवसाय संबंधी खतरे क्या और कौन–कौन से हैं?

2 महिलाओं के हित में सरकार के क्या प्रयास है?

## इकाई–II पोषण खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी

### पाठ– 2 नैदानिक पोषण और अहारिकी

20–21 वीं सदी में चिकित्सा और औषध विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति हुई। पोषण का विशिष्ट क्षेत्र जो बीमारी के समय पोषण से संबंधित है, उसे नैदानिक पोषण कहते है। आहार चिकित्सा के उद्देश्य मरीज की भोजन की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए आहार सूची बनाना, अल्पकालिक और दीर्घकालिक समस्याओं को रोकने में मदद करना। आहार विशेषज्ञ की भूमिका पोषण का मूल्यांकन और समस्याओं का निदान आदि करते है। अतः व्यक्ति को दलिया और खिचड़ी नरम आहार के रूप में दी जातीहै। रोगो की श्रेणी में भारत देश विश्व की मधुमेह राजधानी बन सकता है। चिरकालिक रोग के अंतर्गत मोटापा, कोलन का कैंसर, मधुमेह, अति तनाव आदि है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 कम शारीरिक गतिविधियाँ और तनाव के खतरे को बढ़ने के लिए उत्तरदायी है–
(अ) उच्च रक्तचाप (ब) हृदय रोग (स) कैंसर रोग (द) मधुमेह रोग ( )

2 नरम आहार में सम्मिलित भोजन कौन सा है–
(अ) रोटी (ब) दलिया (स) खिचड़ी (द) ब और स दोनों ( )

3 कौन सा देश विश्व की मधुमेह राजधानी बन सकता है–
(अ) चीन (ब) भारत (स) अमेरिका (द) श्रीलंका ( )

4 चिकित्सा और औषध विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति हुई–
(अ) 20–21 वीं सदी (ब) 15–16 वीं सदी (स) 19–20 वीं सदी (द) 22–23 वीं सदी ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 .......................... को चिकित्सकीय पोषण उपचार भी कहते हैं।

2 पोषण औषध .......................... के लिए लाभकारी है।

3 रोग .......................... और .......................... में परिवर्तन लाता है।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 नैदानिक पोषण किसे कहते हैं?

2 संशोधित आहार क्या होता है?

3 चिरकालिक रोग कौन–कौन से हैं?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 आहार चिकित्सा के क्या उद्देश्य है?

2 आहार विशेषज्ञ की भूमिका क्या होती है?

3 मृदु आहार से आप क्या समझते हैं?

4 विभिन्न प्रकार की दीर्घकालिक बीमारियों के बारें में बताइए।

5 रोगी को भोजन देने के तरीके बताइए।

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 अच्छे पोषण का क्या महत्व है? रोग किस प्रकार किसी व्यक्ति की पोषण स्थिति को प्रभावित करता है?

# पाठ– 3 जन पोषण तथा स्वास्थ्य

भारत में जन्म के समय बच्चे कम भार वाले होते है अर्थात उनका वजन 2500 ग्राम से 2.5 किग्रा का होता है। भारत कुपोषण का दोहरा भार उठा रहा है। बच्चों में बड़ी संख्या में पोषण तत्वों की कमी पाई जाती है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय पोषण नीति 1993 में अपनाई।लौह तत्व की कमी से अरक्तता, आंशिक पीलापन तथा बच्चों में संज्ञानात्मकता प्रभावित होती है। विटामिन A की कमी के कारण रतौंधी रोग होता है तथा इस विटामिन के स्त्रोत हरे, पीले और नारंगी रंग के फल और सब्जियाँ है। प्रोटीन की कमी से क्वाशिओरकोर रोग उत्पन्न होता है तथा मरास्मस गंभीर रोग ऊर्जा और भोजन की कमी के कारण होता है। आयोडीन की कमी से थायरॉइड ग्रंथि बढ़ती है। सरकार द्वारा चलाए गए कार्यक्रम के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास सेवाएँ, पोषणहीनता नियंत्रण कार्यक्रम तथा आहार पूरक कार्यक्रम आदि हैं।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 रतौंधी रोग किस विटामिन के कारण होता है–

(अ) विटामिन A (ब) विटामिन B (स) विटामिन D (द) विटामिन K ( )

2 भारत सरकार ने राष्ट्रीय पोषण नीति अपनाई–

(अ) 1993 (ब) 1939 (स) 1992 (द) 1991 ( )

3 एकीकृत बाल विकास सेवाएँ के नाम का छोटा रूप है–

(अ) I.C.D.S. (ब) C.E.D.S. (स) A.D.C.E (द) D.A.E.S ( )

4 क्वाशिओरकोर किसकी कमी से होता है–

(अ) खनिज (ब) विटामिन (स) प्रोटीन (द) आयोडीन ( )

मरास्मस गंभीर रोग कमी से होता है–

(अ) भोजन (ब) ऊर्जा (स) दोनों (द) कोई नहीं ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 भारत ........................... का दोहरा भार उठा रहा है।

2 ........................... की कमी से थायरॉइड ग्रंथि बढ़ती है।

3 ...........................एक मूलभूत मानव अधिकार है।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 जन्म के समय बच्चे का भार होता है?

2 समुदाय किसे कहते है?

3 विश्व का सबसे अधिक सामान्य पोषण विकार कौन सा है?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 जन स्वास्थ्य पोषण क्या है?

2 लौह तत्व की कमी के लक्षण बताइए।

3 एक सामुदायिक पोषण विशेषज्ञ किन–किन क्षेत्रों में कार्य कर सकता है?

4 भोजन आधारित महत्पूर्ण उपागम कौन–कौन से हैं?

5 विटामिन A के स्त्रोत कौन–कौन से हैं?

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 पोषण संबंधी कौन–कौन सी समस्याएँ होती है? वर्णन कीजिए।

2 देश में चल रहे पोषण कार्यक्रमों की सूची बनाइए।

# पाठ– 4 खान–पान व्यवस्था और भोजन सेवा प्रबंधन

खान–पान व्यवस्था एवं भोजन सेवा प्रबंध के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति यात्रा करता है तो उसे भोजन की आवश्यकता होती है। उस दौरान जो भोजन उपलब्ध कराया जाता है उसे केटरिंग सेवाएँ भी मिलती है। खान–पान सेवाओं में कुछ सेवाएँ ऐसी है जो कल्याणकारी के रूप में चलती है, जहाँ भोजन निःशुल्क वितरण किया जाता है जैसे विद्यालयों में, आँगनबाड़ियों में और अस्पतालों में चलाये जाते हैं। कुछ संस्था व्यावसायिक खान–पान की व्यवस्था करती है उसके अंतर्गत बड़ी–बड़ी होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा इत्यादि आते है। इन प्रतिष्ठानों में व्यंजन सूची(मेन्यू) जिसमें क्या बनाया जाता है और क्या उपलब्ध है आदि लिखा होता है भोजन सेवा प्रणालियों को चार भागों में बाँटा गया है– 1 परंपरागत 2 रसद विभाग, 3 तैयार भोजन और 4 परोसना।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 रोज़ा कब खोलते हैं–

(अ) रम़जान (ब) नवरात्रि (स) ईद उल मिलादी (द) शब ए बारात ( )

2 पाक–कला और व्यंजनों के कार्यक्रम दिखाये जाते है–

(अ) टी.वी (ब) मोबाईल (स) कम्प्यूटर (द) उपरोक्त सभी ( )

3 खान–पान व्यवस्था में क्या बनाना सबसे महत्वपूर्ण है–

(अ) व्यंजन सूची (ब) चार्ट (स) सामग्री एकीकरण (द) भोजन पकाना ( )

4 फ़ास्ट फूड भोजन सेवा कौन उपलब्ध कराता है–

(अ) व्यावसायिक (ब) कल्याणकारी (स) कैन्टीन (द) लंगर ( )

5 भोजन सेवा प्रणालियों के प्रकार है–

(अ) तीन (ब) दो (स) चार (द) सात ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 ...........................सेवा उद्योग बहुत व्यापक है।

2 पूरे ...........................में ही व्यंजनों की विशिष्ट किस्में हैं।

3 .......................... एवं .......................... पर्यटन एवं अवकाश उद्योग की मदद करते हैं।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 भोजन सेवा उपलब्ध कराने वाली सेवाएँ क्या कहलाती है?

2 भोजन सेवा उद्योग का अन्य नाम बताइए।

3 किन सेवाओं का मुख्य उद्देश्य परोपकार एवं सामाजिक कल्याण है?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 कल्याणकारी और व्यावसायिक भोजन प्रबंध में कोई तीन अंतर बताइए।

2 एक खाद्य सेवा प्रतिष्ठान के प्रबंधन से संबंधित कोई चार कार्य लिखिए।

3 कौन–कौन सी सामुदायिक गतिविधियाँ भोजन उपलब्ध कराती हैं?

4 भोजन सेवा प्रणाली के कोई तीन प्रकार बताइए।

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 भोजन विकास को प्रभावित करने वाले कारकों को चार्ट द्वारा स्पष्ट कीजिए।

# पाठ– 5 खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी

खाद्य पदार्थ विभिन्न कारणों से संसाधित किए जाते हैं। भारत में खाद्य संसाधन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2020 तक 30 वृहत् खाद्य संसाधन पार्कों की स्थापना की घोषणा की गई। इसकी मूलभूत संकल्पनाएँ– खाद्य विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य संसाधन इत्यादि हैं। खाद्य को सुरक्षित रखन के लिए कुछ प्राचीन विधियों का उपयोग किया जाता है। अतः खाद्य पदार्थों में जीवाणु 5 से $60^0$Cतक वृद्धि कर खराब करते है। खाद्य पदार्थो को प्रशीतन भंडारण एक अच्छा विकल्प है। इसके अंतर्गत फार्मूला बंध खाद्य चिकित्सकीय खाद्य उपयोग में लाये जाते हैं। अतः खाद्य पदार्थो में स्वरोजगार के भी अवसर प्राप्त होते हैं।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 सकल घरेलू उत्पादन के योगदान के आधार पर भारत का स्थान है–
(अ) पाँचवा (ब) छठा (स) दूसरा (द) तीसरा ( )

2 वर्तमान काल का सबसे बड़ा उत्पादन उद्योग है–
(अ)फसल उत्पादन (ब) खाद्य उत्पादन (स) खनिज उत्पादन (द) मत्स्य उत्पादन ( )

3 खाद्य पदार्थो को कितने भागों में बाटाँ गया है?
(अ) तीन (ब) चार (स) दो (द) पाँच ( )

4 तेल का वनस्पति घी में परिवर्तन को कहते है–
(अ) वाष्पीकरण (ब) हाइड्रोजनीकरण (स) समान्यीकरण (द) ऑक्सीकरण ( )

5 डबलरोटी खाद्य का उदाहरण है–
(अ) कार्यमूलक खाद्य (ब) चिकित्सकीय खाद्य (स)संशलेषित खाद्य (द) फार्मूलाबद्ध खाद्य ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 सरकार ने 2012 तक .......................... वृहत् खाद्य संसाधन पार्क की स्थापना की घोषणा की है।
2 खाद्य संसाधन .......................... की एक शाखा है।
3 जीवाणु .......................... से .......................... ताप पर वृद्धि करते हैं।
4 रोगो के आहारी प्रबंधन में .......................... उपयोग में लाये जाते हैं।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 खाद्य संसाधन किसे कहते हैं?
2 किस खाद्य संरक्षण के अंतर्गत उपयोग में ली गई विधियाँ उत्पाद के गुणों में परिवर्तन नहीं करती है?
3 केन्द्रीय खाद्य प्रौधोगिकी शोध संस्था कहाँ है?
4 खाद्य उद्योगों में किस प्रकार के व्यक्तियों की आवश्यकता होती हैं?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 खाद्य पदार्थो को सुरक्षित रखने की प्राचीन विधियाँ कौन–कौन सी हैं?
2 अत्यधिक जोखिम वाले खाद्य कौन–कौन से हैं?
3 खाद्य पदार्थ किन कारणों से खराब होते हैं?

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 खाद्य पदार्थों को नष्ट होने से बचाने के लिए मूलभूत संकल्पाएँ कौन–कौन सी हैं?
2 निम्नांकित पदों को समझाइए–
(अ) खाद्य विज्ञान (ब) खाद्य विनिर्माण

# पाठ– 6 खाद्य गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा

खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता घरेलू स्तर पर महत्वपूर्ण है। भारत में वर्ष 2005 में दस्त रोगों से 18 लाख लोगों की मृत्यु हुई। खाद्य सुरक्षा के तहत् कच्चे एवं पकाए हुए खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता का संबंध स्वास्थ्य से होता है। भारत विश्व व्यापार संगठन(W.T.O.) में भी सम्मिलित है। खाद्य सुरक्षा की दो अन्य संकल्पनाएँ– अविषालुता और भौतिक संगठन। अतः खाद्य संक्रमण रोगााणु जीवों के शरीर में उत्पन्न होकर खाद्य को खराब कर देते हैं। खाद्य सुरक्षा में संदूषण और अपमिश्रण शामिल है। इसके तहत् भारत सरकार ने खाद्य मानक अधिनियम 1954 में लागू किया अतः अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण और कोडेक्स ऐलिमेन्टैरियस कमीशन प्रकाशित करते हैं। खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता और बचाव को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख संस्थाएँ कार्य करती हैं।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 वर्ष 2005 में दस्त से लोगों की मृत्यु हुई–

(अ) 18 लाख (ब) 15 लाख (स) 5 लाख (द) 8 लाख ( )

2 भारत सरकार ने खाद्य अपमिश्रण अधिनियम कब लागू किया–

(अ) 1954 (ब) 1953 (स) 1966 (द) 1950 ( )

3 विश्व व्यापार संगठन के नाम का छोटा रूप है–

(अ) W.H.O (ब) W.T.O (स) I.S.O (द) C.A.C ( )

4 खाद्य मानक के स्तर है–

(अ) चार (ब) तीन (स) दो (द) एक ( )

5 खाद्य संक्रमण रोगाणु किस के प्रवेश से उत्पन्न होते है–

(अ) जीवों के (ब) कीटाणुओं के (स) रोगााणुओं के (द) इनमें से कोई नहीं ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 असुरक्षित भोजन से .......................... खाद्य जनित रोग हो जाते है।

2 .......................... और .......................... खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का संबंध जन स्वास्थ्या से होता है।

3 .......................... भारत के लिए राष्ट्रीय संर्पक केन्द्र है।

4 जैविक संकट में .......................... शामिल है।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 संदूषण किसे कहते हैं?

2 अविषालुता किसे कहते हैं?

3 कोडेक्स ऐलिमेन्टैरियस क्या है?

4 भारत सरकार ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम कब लागू किया?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 कोडेक्स और आई.एस.ओ. में अंतर बताइए।

2 खाद्य उद्योग में रोजगार के कौन से अवसर होते हैं?

3 खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता एवं बचाव को बढ़ावा देने वाले प्रमुख संस्थान कौन से हैं?

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानकों की सूची बनाइए।

2 खाद्य पदार्थों के भौतिक संकटों को चार्ट के माध्यम से समझाइए।

# इकाई–III मानव विकास और परिवार अध्ययन

## पाठ– 7 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा

प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा मानव विकास के अध्ययन का एक बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। लगभग 8 से 12 माह का छोटा बच्चा अनजान व्यक्तियों से भय महसूस करता है। जन्म से लेकर 1 वर्ष की आयु को शैशवावस्था कहते हैं। कुछ महिलाएँ घर में व्यवसाय के रूप में शिशु केन्द्र चलाती है। एक बालक के 3 वर्ष की आयु तक उसकी गतिविधियाँ बढ़ जाती हैं। 2 से 3 वर्ष तक के बच्चों को कभी–कभी टॉडलर भी कहते हैं। दिवस देखभाल केन्द्र व शिशु केन्द्र पूरे दिन के कार्यक्रम होते है। आई. सी.डी.एस. के अंतर्गत आँगनबाड़ी कार्य करती है। इसमें जीविका के लिए नर्सरी अध्यापक प्रशिक्षण (N.T.T.) एक अच्छा पाठ्यक्रम है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा–2005 के प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर N.C.E.R.T. द्वारा प्रकाशित पत्र के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के मूलभूत उद्देश्य निम्नांकित हैं–

1 बच्चे का समग्र विकास जिससे वह अपनी क्षमता पहचान सके।

2 विद्यालय के लिए तैयारी

3 महिलाओं और बच्चों के लिए सहायक सेवाएँ प्रदान करना है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 छोटा बच्चा अनजान व्यक्तियों के प्रति भय व्यक्त करता है–
(अ) 5–8 माह का बच्चा (ब) 8–12 माह का बच्चा
(स) 4–6 माह का बच्चा (द) 2– 4 माह का बच्चा ( )

2 कोई महिला अपने घर में व्यवसाय के रूप में चला सकती है–
(अ) शिशु केन्द्र (ब) खाद्य गृह (स) कुटीर उद्योग (द) लघु उद्योग ( )

3 बच्चे की गतिविधियाँ और अनुभव किस वर्ष में बढ़ते है–
(अ) तीन (ब) आठ (स) दो (द) पाँच ( )

4 शैशवावस्था की उम्र मानी जाती है–
(अ) 0 से 1 वर्ष (ब) 0 से 1.5 वर्ष (स) 0 से 2 वर्ष (द) 0 से 5 माह ( )

5 टॉडलर किसे कहते हैं–
(अ) 0 से 1 वर्ष के बच्चे (ब) 0 से 1.5 वर्ष के बच्चे
(स) 2 से 2.5 वर्ष के बच्चे (द) 2 से 3 वर्ष के बच्चे ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 विद्यालय पूर्व .......................... स्कूल कहलाते है।

2 शिक्षक में विविध .......................... कौशल होना आवश्यक है।

3 बच्चों को .......................... के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

4 .......................... की उम्र में मातृभाषा का विकास तेजी से होता है।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 शिशु देखभाल केन्द्र क्या होता है?

2 समेकित बाल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कौन कार्य करता है?

3 मनोवैज्ञानिक वायगोत्सकी ने किस बात पर जोर दिया।

4 एन.टी.टी. का पूरा नाम लिखिए।

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 दिवस देखभाल केन्द्र कार्यक्रम क्या है?

2 ई.सी.सी.ई. के मार्गदर्शी सिद्धान्त लिखिए।

3 प्रारंभिक बाल्यावस्था व देखभाल को समझाइए।

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा को समझाइए।

# पाठ– 8 मार्गदर्शन और परामर्श

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अनेक चुनौतियाँ और समस्याएँ आती हैं। परामर्श परस्पर बातचीत द्वारा सीखने की प्रक्रिया है। परामर्श सेवा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें जिम्मेदारी और गोपनीयता शामिल होती है।परामर्श सेवा के स्तर को तीन भागों में बाँटा गया है–

1 अनौपचारिक परामर्श सेवा 2 गैर–विशेषज्ञ परामर्श सेवा 3 व्यावसायिक परामर्श सेवा

परामर्शदाता में समानुभूति, दृढ़ लेकिन मित्रवत्, गोपनीयता बनाये रखना आदि विशेष गुण होने चाहिए।

परामर्श के अनेक प्रकार के अंतर्गत जीविका परामर्श, विद्यालय परमर्श, परिवार परामर्श एवं विवाह परामर्श इत्यादि रूप होते है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 विद्यालय में बच्चों के शैक्षिक संबंधी समस्या के लिए परामर्श देता है–
(अ) चिकित्सक (ब) शिक्षक (स) प्रधानाचार्य (द) विद्यालय परामर्श दाता ( )

2 परामर्श विशेषज्ञों को सिद्धान्तों का पालन करना आवश्यक है–
(अ) सुरक्षा परक (ब) धर्म परक (स) शिक्षा परक (द) नीति परक ( )

3 परामर्श सेवा के स्तर है–
(अ) तीन (ब) चार (स) दो (द) पाँच ( )

4 परामर्श का संबंध है–
(अ) समस्या समाधान करना (ब) निर्णय करना
(स) संकट का सामना करना (द) उपरोक्त सभी ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 परामर्श बातचीत द्वारा .......................... की प्रक्रिया है।

2 परामर्श में .......................... और .......................... शामिल होती है।

3 परामर्श के .......................... प्रमुख सिद्धान्त है।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 परामर्श किसे संबोधित करती है?

2 परामर्श सेवा का उपयोग किस रूप में किया जाता है?

3 जीविका परामर्श क्या है?

4 मार्गदर्शन परामर्शदाता किसे कहते हैं?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 औपचारिक परामर्श सेवा क्या है?

2 गैर विशेषज्ञ परामर्श सेवा को समझाइए।

3 किन कारणों से परामर्श की आवश्यकता महसूस हुई।

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 परामर्शदाता की विशेषताएँ बताइए।

# पाठ– 9 विशेष शिक्षा और सहायक सेवा

शिक्षा से हम सभी परिचित है।समाज में कुछ बच्चे ऐसे हैं जिन्हें देखने, सुनने, बोलने और चलने आदि में कठिनाई होती है जिसे सामान्य भाषा में अपंगता कहते हैं। अपंगता को कई भागों में बाँटा गया है–श्रवण संबंधी, अधिगम क्षमता, स्वलीनता, दृष्टि बाधित, प्रमस्तिष्कघात इत्यादि है। इन बच्चों की शिक्षा सामान्य विद्यालय तथा एक विशेष विद्यालय में होती है। जब विशेष बच्चा सामान्य बच्चों के साथ ही विद्यालय में पढ़ाई करता है तो उसे समावेशी शिक्षा कहते हैं। सर्व शिक्षा अभियान में निःशक्त बच्चों सहित सभी बच्चों के लिए 8 वर्ष की शिक्षा का प्रावधान है। भारत में निःशक्तता से संबंधित क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यवसाय हेतु और कार्मिकों के लिए सभी प्रकार का प्रशिक्षण भारतीय पुनर्वास परिषद् द्वारा नियंत्रित होता है। यह संस्था अनेक मान्यता प्राप्त संस्थानों के द्वारा देश भर में सर्टिफिकेट्स, डिप्लोमा और डिग्री स्तर के पाठ्यक्रमों के द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 सर्व शिक्षा अभियान के तहत निःशक्त बच्चों को कितने वर्ष तक शिक्षा प्रदान की जाती है–

(अ) पाँचवा (ब) आठ (स) दूसरा (द) तीसरा ( )

2 भारतीय पुनर्वास परिषद् स्थित है–

(अ) दिल्ली (ब) कानपुर (स) मुम्बई (द) पंजाब ( )

3 इन्दिरा गाँधी मुक्त विश्वविद्यालय स्थित है–

(अ) राजस्थान (ब) दिल्ली (स) भोपाल (द) उत्तराखंड ( )

4 अपंग बच्चों में शामिल है–

(अ) अंधे (ब) स्वलीनता (स) श्रवण दोष (द) उपरोक्त सभी ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 बच्चे .......................... के स्वरूप गंभीर कठिनाई का अनुभव करते हैं।

2 दृष्टि दोष में.......................... और .......................... शामिल है।

3 अपंगता के कारणों को .......................... श्रेणियों में बाँटा गया है।

4 पी.डब्लू.डी. एक्ट .......................... में पारित हुआ।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 स्वलीनता किसे कहते हैं?

2 प्रमस्तिष्कघात क्षति के कारण क्या होता है?

3 अपंग बच्चे किसे कहते हैं?

4 विशेष शिक्षक के रूप में मान्यता कैसे प्राप्त कर सकते हैं?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 विशेष शिक्षा से आप क्या समझते हैं?

2 समावेशी शिक्षा किसे कहते हैं?

3 अपंगता से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 अपंगताओं का वर्गीकरण कीजिए।

## पाठ–10 बच्चों, युवाओं और वृद्धजनों के लिए सहायक सेवाओं, संस्थानों ओर कार्यक्रम का प्रबंधन

परिवार समाज की मूल इकाई होता है और इसका मुख्य कार्य सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। भारत में व्यापक स्तर पर गरीबी है। पाँच वर्ष से कम दो तिहाई बच्चे मध्यम एवं गंभीर कुपोषण के शिकार हैं। समाज के बच्चे, युवा और वृद्ध अधिक संवेदनशील होते हैं अर्थात् ये वर्ग प्रतिकूल परिस्थितियों से जल्दी ही प्रभावित हो जाते हैं। कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चे कानून के विरूद्ध कार्य करने लग जाते हैं इस कारण उन्हें बाल अपराध की श्रेणी में रखते हैं। संवेदनशील बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार और गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम–

1 समेकित बाल विकास सेवाएँ– विश्व का सबसे बड़ा आरंभिक बाल्यवस्था कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को स्वास्थ्य पोषण एवं शिक्षा की आवश्यकतसओं को पूरा करना है ।

2 एस.ओ.एस बाल गाँव– इस गाँव की स्थापना 1964 में की गई। इस संगठन में देश में 40 विशिष्ठ गाँवों में लगभग 6000 जरूरतमंद बच्चों की देखभाल करता है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 समाज की मूल इकाई है–
(अ) घर (ब) परिवार (स) गाँव (द) विद्यालय ( )

2 देश में दो तिहाई बच्चे मध्यम एवं गंभीर कुपोषण के शिकार है–
(अ) पाँच वर्ष से कम (ब) तीन वर्ष से कम
(स) आठ वर्ष से कम (द) दो वर्ष से कम ( )

3 दत्तक ग्रहण का अन्य नाम क्या है–
(अ) जन्म देना (ब) गोद लेना (स) पालना (द) शिक्षा देना ( )

4 राष्ट्र युवा मंडल में भागीदारी कौन सा देश कर रहा है–
(अ) अमेरिका (ब) चीन (स) पाकिस्तान (द) भारत ( )

5 एशिया पैसीफ़िक क्षेत्रीय केन्द्र है–
(अ) हरियाणा (ब) मध्यप्रदेश (स) राजस्थान (द) गुजरात ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 आयोडीन की कमी बच्चे के .......................... और .......................... वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

2 राष्ट्रीय युवा नीति .......................... में अपनाई गई।

3 स्काउट एवं गाइड के लिए वित्तीय सहायता .......................... देती है।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम कौन प्रस्तुत करते हैं?

2 हमारे समाज के संवेदनशील समूह कौन से हैं?

3 विश्व का सबसे बड़ा आरंभिक बाल्यावस्था कार्यक्रम क्या है?

4 भारत का पहला एस.ओ.एस गाँव कब स्थापित किया गया?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 संवेदनशीलता का क्या अर्थ है?

2 बाल अपराधी किसे कहते हैं?

3 एस.ओ.एस बाल गाँव क्या है?

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 संस्थागत कार्यक्रम क्या है? और ये बच्चों के लिए किस प्रकार कार्य कर रही है?

2 देश में वृद्धजनों के विकास में चलाये जा रहे कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

# भाग– 2

## इकाई–IV वस्त्र एवं परिधान

### पाठ–11 वस्त्र एवं परिधान के लिए डिज़ाइन

वस्त्र हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग है। डिज़ाइन किसी वस्तु की दिखावट और आकर्षक को दर्शाने के लिए काम में लिए जाते हैं। डिज़ाइन के दो पहलू होते हैं– संरचनात्मक और अनुप्रयुक्त। डिज़ाइन के दो प्रकार के तत्व हैं– रंग और रंग सिद्धान्त। डिज़ाइन में रंगों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। रंगों को प्राथमिक रंग, द्वितीयक रंग और तृतीयक रंग। वस्त्रों की बुनावट में कपड़ा कैसा है, उसकी प्रकृति कैसी है तथा छूने पर कैसा लगता है आदि पदों को भी शामिल किया गया है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 डिज़ाइन योजना के कितने पहलू होते हैं–

(अ) दो (ब) चार (स) पाँच (द) तीन ( )

2 संरचनात्मक डिज़ाइन निर्भर करता है–

(अ) रंग (ब) कार्य (स) बनावट (द) रूप ( )

3 ह्यू किसका सामान्य नाम है–

(अ) डिज़ाइन (ब) रंग (स) कागज (द) बनावट ( )

4 लाल रंग है–

(अ) प्राथमिक (ब) द्वितीयक (स) तृतीयक (द) कोई नहीं ( )

5 वस्त्र के आधार पर सर्वाधिक प्रचलित विधि कौनसी है–

(अ) रंगाई (ब) छपाई (स) बुनाई (द) कढ़ाई ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 ..........................डिज़ाइन मुख्य डिज़ाइन का एक भाग है।

2 .......................... एक महँगी प्रक्रिया है।

3 बुनावट वस्त्र के .......................... और .......................... गुणवत्ता को बताती है।

4 वक्र रेखा कोटि की .......................... वाली रेखा होती है।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 डिज़ाइन में मुख्य कारक कौन से है, नाम लिखिए।

2 डिज़ाइन के प्रमुख तत्व बताइए।

3 रेखा के प्रकार लिखिए।

4 आकृति या आकार किस प्रकार बनाए जाते हैं?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 बुनावट में किन पदों का उल्लेख किया गया है, नाम लिखिए।

2 आकृतियों के मूलभूत समूहों के नाम लिखिए।

3 डिज़ाइन से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 रंग कितने प्रकार के होते हैं वर्णन कीजिए।

2 डिज़ाइन के सिद्धान्त बताइए।

## पाठ– 12 फ़ैशन डिज़ाइज और व्यापार

फ़ैशन आज एक बहुत बड़ा व्यवसाय के साथ जटिल विषय लिये हुए है। फ़ैशन का प्रारंभ 18वीं शताब्दी मे फ्रांस से हुआ। फ्रांस में परिधान निर्माण की कला को कुटूअर कहा जाता है। सिलाई मशीन के आविष्कार ने हस्तशिल्प को उद्योग में बदल दिया। महिलाओं ने 1880 में स्कर्ट और ब्लाउज़ पहनना शुरू किया था। फ़ैशन का विकास शैली की प्रस्तुति, लोकप्रियता में वृद्धि, लोकप्रियता में पराकाष्ठा, लोकप्रियता में कमी तथा शैली का परित्याग इत्यादि पाँच स्तरों पर गति करता है।फ़ैशन व्यापार के अंतर्गत सही समय, सही स्थान और सही मूल्य पर आवश्यक योजना बनाना है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 फ़ैशन एक विषय है–

(अ) सरल (ब) जटिल (स) उलझा (द) सामान्य ( )

2 फ़ैशन का केन्द्र था–

(अ) लंदन (ब) अमेरिका (स) फ्रांस (द) रूस ( )

3 महिलाओं ने स्कर्ट कब पहनना शुरू किया–

(अ) 1980 (ब) 1850 (स) 1860 (द) 1880 ( )

4 फ़ैशन व्यापार का अंतिम घटक है–

(अ) विक्रय (ब) क्रय (स) बनाना (द) इकट्ठा करना ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 .......................... वर्तमान समय का बहुत बड़ा व्यवसाय है।

2 फ़ैशन एक .......................... है।

3 .......................... फ़ैशन व्यापार का हिस्सा है।

4 .......................... के अविष्कार ने हस्तकला को उद्योग में बदल दिया।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 फ़ैशन से किस प्रकार रोजगार प्राप्त करते हैं?

2 परिधान निर्माण की कला का अन्य नाम बताइए।

3 परिधान को डिज़ाइन करने वाले पुरूष और महिला को क्या कहते थे?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 फ़ैशन व्यापार का अर्थ बताइए।

2 फ़ैशन व्यापार उद्योग के स्तर बताइए।

3 फ़ैशन के प्रमुख विभाग लिखिए।

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 फ़ैशन का विकास समझाइए।

# पाठ– 13 वस्त्र उद्योग में उत्पादन तथा गुणवत्ता नियंत्रण

वस्त्रों का विकास और व्यापार भारत की विशेषता रही है। भारत का वस्त्र उद्योग एक लाख करोड़ रूपये का है तथा कच्चे माल की कीमत लगभग 70 प्रतिशत होती सिलाई मशीन का अविष्कार 1933 में इलियास होवे ने किया। मशीन में नीचे वाला धागा एक अंकुशाकार साधन से आता है उसे लूपर कहते है। कपड़े को आकार देने के चरण में कपड़े को फैलाना, निशान लगाना, कटाई तथा बंडल बनाना शामिल किया जाता है। कपड़े के दोषों के अंतर्गत धागे के दोष, बुनाई के दोष, रंगाई के दोष और परिसज्जा के दोष को शामिल किया गया है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 भारत का वस्त्र उद्योग रूपये का है–
(अ) एक लाख करोड़ (ब)पाँच लाख करोड़
(स) आठ लाख करोड़ (द) तीन लाख करोड़ ( )

2 परिधान निर्माण की प्रक्रिया में सर्वप्रथम चाहिए–
(अ) रंग (ब) कपड़ा (स) रेशा (द) कच्चा माल ( )

3 कच्चे माल की कीमत लगभग होती है–
(अ) 70 प्रतिशत (ब) 20 प्रतिशत (स) 35 प्रतिशत (द) 90 प्रतिशत ( )

4 डिग्री कार्यक्रम होते हैं–
(अ) 4–6 वर्ष की अवधि (ब) 7–8 वर्ष की अवधि
(स) 1–2 वर्ष की अवधि (द) 3–4 वर्ष की अवधि ( )

5 कुंडलित धागा कहते हैं–
(अ) खुला धागा (ब) ऐंठन (स) गोल धागा (द) बंध धागा ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 व्यापार की .......................... ने बहुत सहायता की है।

2 परिधान उद्योग .......................... से चलता है।

3 फ़ैशन का फुटकर व्यापार .......................... और ..........................पर निर्भर करता है।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 वृहत् उत्पादन किसे कहते हैं?

2 सिलाई मशीन का अविष्कार कब और किसने किया।

3 पी.पी.आई. का पूरा नाम बताइए।

4 लूपर किसे कहते हैं?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 कपड़े की कमियाँ बताइए।

2 बुनाई के दोषों का वर्णन कीजिए।

3 कपड़े को आकार देने के चरण लिखिए।

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 उत्पादन के चरण बताइए।

## पाठ–14 संग्रहालय में वस्त्र संरक्षण

संग्रहालय(म्यूज़ियम) की प्रथा का उद्भव पश्चिम से हुआ तथा यह यूनानी भाषा का शब्द है। राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली में स्थित है। आई.सी.ओ.एम.का पूरा नाम अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद है। भारत किस क्षेत्र में प्राचीन सभ्यताओं में प्रथम था। वस्त्रों के लिए सबसे बड़ा खतरा प्रकाश से होता है। अपेक्षित आद्रता को 55% $\pm$ 5 और $20^0C$ से $20^0C\pm$ 2 ताप पर रखा जाता है। फफूँदी हल्के गर्म व नम वातावरण में लगती है। धूल से होने वाली क्षति को रोकने के लिए वस्त्रों को खुले में नहीं रखे, ढक कर रखें आदि। वस्त्र विकृति के कारक–प्राकृतिक कारक एवं मानव निर्मित कारक है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 संग्रहालय की प्रथा का उद्भव कहाँ हुआ–
(अ) पूर्व में (ब) पश्चिम में (स) उत्तर में (द) दक्षिण में ( )

2 म्यूज़ियम शब्द दर्शनशास्त्र की विचारधारा से लिया गया–
(अ) भारतीय (ब) यूरोपीय (स) यूनानी (द) इनमें से कोई नहीं ( )

3 संरक्षण कितने प्रकार का होता है–
(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 6 ( )

4 वस्त्रों के लिए सबसे बड़ा खतरा होता है–
(अ) खुले स्थान पर रखना (ब) जीवाणु के कारण
(स) बंद स्थान पर रखना (द)प्रकाश ( )

5 राष्ट्रीय संग्रहालय स्थित है–
(अ) नई दिल्ली (ब) मुम्बई (स) चैन्नई (द) कर्नाटक ( )

6 राष्ट्रीय अनुसंधान और संरक्षण प्रयोगशालाएँ स्थित है–
(अ) कलकत्ता (ब) हैदराबाद (स) लखनऊ (द) मध्यप्रदेश ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 संग्रहालयों में संचय किये वस्त्रों में .......................... होती है।

2 .......................... से वस्त्रो का रंग फ़ीका हो जाता है।

3 फफूँदी .......................... व .......................... में लगती है।

4 वायु मे उपस्थित .......................... जो वस्त्रों को सबसे अधिक प्रभावित करते हैं।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 भारत किस क्षेत्र में प्राचीन सभ्ताओं में प्रथम था?

2 आई.सी.ओ.एम.का पूरा नाम लिखिए।

3 विशेष रूप से वस्त्र क्षति के क्या कारण हैं?

4 आपेक्षिक आद्रता को कितने प्रतिशत और ताप पर रखना चाहिए।

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 नाशक जीवों से होने वाली क्षति की रोकथाम लिखिए।

2 वस्त्र संरक्षक बनने के लिए किस प्रकार के ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है।(कोई तीन)

3 धूल से होने वाली क्षति से रोकथाम लिखिए।

4 वस्त्रों का भंडारण किस प्रकार किया जाता है?

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 वस्त्र विकृति के कारकों को समझाइए।

## पाठ–15 संस्थाओं में वस्त्रों की देखभाल और रखरखाव

वस्त्र हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इसलिए वस्त्रों की देखभाल और रख–रखाव अति आवश्यक है। वस्त्रों की धुलाई एक कला और विज्ञान दोनों है तथा इसकी देखभाल में तीन विधियाँ उपयोग में ली जाती है–

1 धुलाई के उपकरण– धुलाई मशीन में दो प्रकार के मॉडल का उपयोग किया जाता है तथा धुलाई चक्र में सबसे महत्वपूर्ण चरण खंगालना है। 2. सुखाने के उपकरण – वस्त्रों को सुखाने के लिए शुष्क ड्रायरों का उपयोग करते हैं। 3. इस्तरी के उपकरण –इस्तरी का भार 1.5 से 3.5 किग्रा होता है। कोयले की इस्तरी ढक्कनदार धातु के बक्से के समान होती है। धुलाई के लिए बड़े शहरों में निश्चित स्थान होता है जिसे धोबीघाट कहते हैं। वर्तमान समय में अस्पतालों और होटलों में भी इसी प्रकार की व्यवस्था शुरू की गई है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 धुलाई के चक्र में महत्वपूर्ण चरण है–
(अ) खंगालना (ब) जल निष्करण (स) कूटना (द) रगड़ना ( )

2 चक्रण कितनी गति पर होता है–
(अ) 200 rpm (ब 400 rpm (स) 250 rpm (द) 300 rpm ( )

3 धुलाई मशीन के मॉडल उपलब्ध है–
(अ) 4 (ब) 2 (स) 3 (द) 9 ( )

4 रिंसिंग का अन्य नाम है–
(अ) धोना (ब) रंगना (स) खंगालना (द) सुखाना ( )

5 इस्तरी का भार हो सकता है–
(अ) 1.5 से 3.5 किग्रा (ब) 2.5 से 3.5 किग्रा (स) 1 से 3.5 किग्रा (द) 0.5 से 1.5 किग्रा ( )

6 भंडार में प्रति बिस्तर कितने चादरों के सेट रखे जाते है–
(अ) एक (ब) आठ (स) छः (द) दो ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 वस्त्रों की धुलाई ...........................और ........................... दोनों हैं।

2 वस्त्रों को सुखाने के लिए ........................... का प्रयोग किया जाता है।

3 जल निष्कासन ........................... गति पर कार्य करते हैं।

4 घरेलू स्तर पर धुलाई ........................... से की जाती है।

5 वस्त्रों की देखभाल और रखरखाव का क्षेत्र एक ........................... है।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 धोबी घाट किसे कहते हैं?

2 कपड़ों से गंदगी हटाने के लिए कौन–कौन सी विधियाँ काम में ली जाती है?

3 कोयले की इस्तरी कैसी होती है?

4 भारी इस्तिरियों का प्रयोग कहाँ किया जाता है?

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 वस्त्रों की देखभाल और रख–रखाव के पहलू बताइए।

2 वे कौन से कारक है जो वस्त्रों की प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं?

3 एक व्यावसायिक या औद्योगिक धुलाईघर में विभिन्न विभागों की व्यवस्था कैसे की जाती है?

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 अस्पताल में घुलाई घर में कार्य करने की प्रक्रिया को समझाइए।

# इकाई–V संसाधन प्रबंधन

## पाठ–16 मानव संसाधन प्रबंधन

किसी समारोह में आतिथ्य सत्कार को सेवाओं का अभिन्न अंग माना गया है। मानव संसाधन प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय जिसका अन्य नाम एच.आर.एम. है यह एक बहु–आयामी प्रक्रिया है। प्राचीन काल में बड़ी संस्थाओं में एक कार्मिक विभाग होता था जो कर्मचारी से संबंधित सभी प्रकार का ब्यौरा रखता था। कर्मचारियों की भर्ती का पहला चरण कार्य का विश्लेषण होता है। मानव संसाधन प्रबंधन के प्राथमिक उद्देश्य कर्मचारियों के कार्य एवं जीवन की दशाओं में सुधार कर संस्था की उत्पादकता को अधिकतम सुनिश्चित करना है। प्रतिभा प्रबंधन का कार्य व्यवसायी के क्रियाकलापों द्वारा कर्मचारियों को आकर्षित करना और उन्हें संस्था से जोड़े रखना है। रोज़गार विश्लेषण का कार्य विशेष रोज़गार कर्तव्य, कौशल, परिणाम और परिवेश के बारे में सूचनाएँ एकत्रित करना है। प्रशिक्षण और विकास टीम का प्रमुख कार्य प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करना है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 किसी समारोह में सेवाओं का अभिन्न अंग क्या होता है–
(अ) आतिथ्य सत्कार (ब) भोजन (स) स्वागत (द) इनमें से कोई नहीं ( )

2 मानव संसाधन प्रक्रिया है–
(अ) बहु–आयामी (ब) एकल आयामी (स) द्विआयामी (द) उपरोक्त सभी ( )

3 भर्ती का पहला चरण है–
(अ) कार्य का विश्लेषण (ब) कार्य का विवरण
(स) कार्य का क्रियान्वयन (द) कार्य का मंथन ( )

4 छोटे संगठन व्यक्तियों की भर्ती करते है–
(अ) कम (ब) ज्यादा (स) बहुत ज्यादा (द) सामान्य ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1 उत्पादक कर्मचारी संस्था के .......................... में योग देता है।

2 मानव संसाधन का अन्य नाम .......................... है।

3 भर्ती का अर्थ .......................... और परीक्षण है।

4 प्राचीन काल में बड़ी संस्थाओं में .......................... विभाग होता था।

प्रश्न 3 **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 एच.आर.एम. का पूरा नाम लिखिए।

2 मानव संसाधन विकास किस प्रकार की प्रक्रिया है?

3 विकास का क्या अर्थ है?

4 कर्मचारियों को दिये गए हित लाभ लिखिए।

प्रश्न 4 **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

1 प्रतिभा प्रबंधन का कार्य बताइए।

2 मानव संसाधन प्रबंधन के प्राथमिक उद्देश्य लिखिए।

3 रोज़गार विश्लेषण किसे कहते हैं?

4 प्रशिक्षण और विकास की सामान्य प्रक्रियाएँ लिखिए।

प्रश्न 5 **निबंधात्मक प्रश्न–**

1 मानव संसाधन प्रबंधन के विभागों का वर्णन कीजिए।

## पाठ–17 आतिथ्य प्रबंधन

भारत में अतिथि के स्वागत के लिए अतिथि देवो भव शब्दों का उपयोग किया जाता है। आतिथ्य मेहमान और मेज़बान के बीच का संबंध है। अतिथि चक्र अतिथि के आगमन से पूर्व से लेकर उनके प्रस्थान तक चलता है। होटल, आवास, सैरगाह आादि व्यावसायिक प्रतिष्ठान है यहाँ प्रमुख कार्यालय पर्यवेक्षक नियुक्त होते हैं जो आने–जाने वालों से मिलता है तथा उनके आवास के प्रति उत्तरदायी होता है।साथ ही गृह व्यवस्था विभाग स्वच्छता तथा स्वस्थ परिवेश के प्रति उत्तरदायी होता है।

प्रश्न 1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1 गणपति उत्सव प्रसिद्ध है–

(अ) मुम्बई (ब) मध्यप्रदेश (स) पंजाब (द) राजस्थान ( )

2 व्यापारिक प्रतिष्ठान है–

(अ) होटल (ब) बाजार (स) दुकान (द) मॉल ( )

3 अतिथि चक्र की अवस्थाएँ है–

(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 6 ( )

4 अतिथि चक्र की अंतिम अवस्थाहै–

(अ) प्रस्थान (ब) आगमन (स) सत्कार (द) कोई नहीं ( )

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

| प्रश्न–2 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>चौधरी साहब से तो अब अच्छी तरह परिचय हो गया था । अब उनके यहाँ मेरा जाना एक लेखक की हैसियत से होता था । हम लोग उन्हें एक पुरानी चीज समझा करते थे । इस पुरातत्व की दृष्टि में प्रेम और कुतूहल का एक अद्भुत मिश्रण रहता था यहाँ पर यह कह देना आवश्यक है कि चौधरी साहब एक खासे हिन्दुस्तानी रईस थे। वसंत पंचमी, होली इत्यादि अवसरों पर उनके यहाँ खूब नाचरंग और उत्सव हुआ करते थे । उनकी हर एक सदा से रियासत और तबीयदारी टपकती थी ।<br><br>1. लेखक का परिचय किससे हो गया था?<br>2. चौधरी साहब के यहाँ नाचरंग और उत्सव कब होते थे?<br>3. "चौधरी साहब एक हिंदुस्तानी रईस थे" किसने कहा ?<br>4. "परिचित" शब्द का विलोम शब्द लिखिए ़ |
| प्रश्न–3 | प्रेमधन की छाया स्मृति के लेखक है – |
| | अ) रामचंद्र शुक्ल ब) भीष्म साहनी स) निर्मल वर्मा द) रामविलास शर्मा ( ) |
| प्रश्न–4 | प्रेमधन की छाया स्मृति एक विद्या है–<br>अ) रेखाचित्र ब) निबंध स) यात्रावृतांत द) रिपोर्ट ( ) |
| | लघुत्तरात्मक प्रश्न |
| प्रश्न–5 | बचपन में लेखक के मन में भारतेंदु जी के संबंध में कैसी भावना जगी रहती थी? |
| प्रश्न–6 | लेखक का हिंदी साहित्य के प्रति झुकाव किस तरह बढता गया? |
| प्रश्न–7 | "निस्संदेह" शब्द को लेकर लेखक ने किस प्रसंग का जिक्र किया है? |
| प्रश्न–8 | "समवयस्क हिंदी प्रेमियों की मंडली में कौन–कौन स`लेखक मुख्य थे ? |

# अध्याय – 2
# पंडित चंद्रधर शर्मा "गुलेरी" – सुमिरिनी के मनके

**पाठ सारांश:**

सुमिरिनी के मनके नाम से तीन लधु निबंध – बालक बच गया, घड़ी के पुर्जे और ढेले चुन लो पाठ्पुस्तक में बच गया, घड़ी के पुर्जे और ढेले चुन लो पाठ्यपुस्तक में दिए गए है । बालक बच गया निबंध का मूल प्रतिपाद्य है । शिक्षा ग्रहण की सही उम्र । लेखक ने अपने समय की शिक्षा प्रणाली और शिक्षकों की मानसिकता को प्रकट करने के लिए अपने जीवन के अनुभव को हमारे सामने अत्यंत व्यावहारिक रूप से रखा है। घड़ी के पुर्जे में लेखक ने धर्म के रहस्यों को जानने पर धर्म उपदेशको द्वारा लगाए गए प्रतिबंधो को घटी के दृष्टांत द्वारा बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। ढेले चुन लो में लोक विस्त्रासों में निहित अंधविश्वासी मान्यताओं पर चोट की गई है। तीनों निबंध समाज की मुल समस्याओं पर विचार करने वाले है।

| | |
|---|---|
| प्रश्न–1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– |
| | बालक के मुख्य पर विलक्षण रंगो का परिवर्तन हो रहा था, हृदय में कृत्रिम और स्वाभाविक भावों की लड़ाई की झलक आँखो में दीख रही थी । कुछ खाँसकर, गला साफ कर, नकली परदे के हट जाने पर स्वयं विस्मित होकर बालक ने धीरे से कहा, "लड्डू"। पिता और अध्यापक निराश हो गए । इतने समय तक मेरा श्वास घुट रहा था। अब मैने सुख से साँस भरी । उन सबने बालक की प्रवृत्तियों का गला घोंटने में कछ उठा नहीं रखा था । पर बालक बच गया ।<br>1. बालक की आँखों में क्या दिख रहा था?<br>2. बालक धीरे से क्या मांगता हैं?<br>3. "लड्डू" की पुकार किसा मधुर मर्मट था?<br>4. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । |
| प्रश्न–2 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>शेक्सपीयर के प्रसिद्व नाटक "मर्चेन्ट ऑफ वेनिस" में पोर्शिया अपने वर को बड़ी सुन्दर रीति से चुनती है । बबुआ हरिश्चन्द्र के "दुलभ बंधु" में पुरश्री के सामने तीन पेटियाँ है – एक सोने की, दूसरी चाँदी की, तीसरी लोहे की । तीनों मे (से) एक में उसकी प्रतिमूर्ति है। स्वयंवर के लिए जो आता है उसे कहा जाता है कि इनमें से एक को चुनद ले। अकड़बाज सोने का चुनता है और उल्टे पैरो लोटता है । लोभी को चाँदी की पिटारी अंखुठा दिखाती है । सच्चा प्रेम लोहे को छूता है और धुड़दौड़ का पहिला इनाम पाता है।<br>1. शेक्सपीयर का प्रसिद्व नाटक कौनसा है?<br>2. पुरश्री के सामने तीन पेटियां कौन–कौन सही होती है?<br>3. सच्चा प्रेम कौनसी पेटी को छुता है?<br>4. लेखक ने समाज की बुराई का वर्णन किया है? |
| प्रश्न–3 | "बालक बच गया" निबंध किससे संबंधित है – |
| | अ) कच्चा चिट्ठा  ब) घड़ी के पूर्जे  स) ढेले चुन लो द) सुमिरिनी के मनके (   ) |
| प्रश्न–4 | पंडित चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का निबंध है– |
| | अ) प्रेमधन की छाया स्मृति   ब) सुमिरिनी के मनके<br>स) कच्चा चिट्ठा   द) कुटज   (   ) |
| | लघुत्तरात्मक प्रश्न |
| प्रश्न–5 | बलक से उसकी उम्र और योग्यता से ऊपर के कौन–कौन से प्रश्न पूछे गए ? |
| प्रश्न–6 | बालक द्वारा इनाम में लड्डू मॉगने पर लेखक ने सुख की साँस क्यों भरी? |
| प्रश्न–7 | लेखक ने धर्म का रहस्य जानने के लिए "घड़ी के पूर्जे" का दृष्टांत क्यों दिया है? |
| प्रश्न–8 | "दुर्लभ बंधु" की पेटियों की कथा लिखिए । |

# अध्याय –3
# ब्रजमोहन व्यास
# कच्चा चिट्ठा

**पाठ सारांशः**

व्यास जी की सबसे बड़ी देन इलाहाबाद का विशाल और प्रसिद्व संग्रहालय है। पुरातत्व संबंधी संग्रहालय की विभिन्न धरोहर सामग्री का संकलन बगैर विशेष व्यय के कर पाना ब्रजमोहन व्यास का अपना विशिष्ट कौशल है, प्रस्तुत पाठ उनके श्रम–कौशल और मेधा कार्य का "कच्चा चिट्ठा" है।

| | |
|---|---|
| प्रश्न–1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– |
| | एक दिन दीक्षित साहब का अर्धसरकारी पत्र मुझे मिला जिसका आशय यह थाः "कौशाम्बी मेरे पास रिपोर्ट आई है कि आपके उकसाने के कारण जमींदार मियाँ भद्रमथ के एक शिलालेख को देने में आपत्ति करता है और आमादा फौजदारी है। मैं इस मामले को बढाना नहीं चाहता परंतु यह कहे बिना रह भी नहीं सकता कि सरकारी काम` आपका यह हस्तक्षेप अनुचित है।" खैर, यहाँ तक तो खुन का घूँट किसी तरह पिया जा सकता था ।<br>1. लेखक को अर्धसरकारी पत्र किसका मिला ?<br>2. भद्रमथ के शिलालेख को देने में कौन आपत्ति कर रहा था ?<br>3. "अनुचित" शब्द का विलोम शब्द लिखिए । |
| प्रश्न–2 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>मैसुर पहुॅचकर अधिवेशन में सम्मिलित हुआ । मैसुर के युवराज सभापति थे। अधिवेशन में कोई खास बात न थी । अधिवेशन समाप्त होने पर हम लोग रामेश्वरम् गए। तालपत्र की पुस्तक का न मिलना अभी तक कसक रहा था । मैं कैसे मन को समझा सकता था कि खलीफा मंडी में बटोरने से सेर–भर अन्न भी न मिलेगा जब प्रतिदिन वहाँ की बटोरन से अनेक भिखारियों का पेट भरता है।<br>1. लेखक अधिवेशन में कहाँ गए थे?<br>2. अधिवेशन के सभापति कौन थे?<br>3. लेखक और उसके मित्र रामेश्वरम कब गए । |
| | लघुत्तरात्मक प्रश्न |
| प्रश्न–5 | पसोवा की प्रसिद्धि का क्या कारण था और लेखक वहाँ क्यों जाना चाहता था? |
| प्रश्न–6 | "अपना सोना खोटा तो परखवैया का कौन दोस"? स`लेखक का क्या तात्पर्य है? |
| प्रश्न–7 | दो रूपये में प्राप्त बोधिसत्व की मूर्ति पर दस हजार रूपए क्यों न्यौछावर किए जा रहे थे? |
| प्रश्न–8 | भद्रमय शिलालेख की क्षतिपूर्ति कैसे हुई? स्पष्ट कीजिए । |

## अध्याय –4
## फणीश्वरनाथ "रेणु"
## स्ंवदिया

पाठ सारांशः

संवदिया कहानी में मानवीय संवेदन की गहन एवं विलक्षण पहचान प्रस्तुत हुई है । असहाय और सहनशील नारी मन के कोमल तंतु की, उसके दुख और करूणा की, पीड़ा तथा यातना की ऐसी सूक्ष्म पकड़ रेणु जैसे "आत्मा के शिल्पी द्वारा ही सम्भव है । हरगोबिन संविदया की तरह अपने अंचल के दूखी विपन्न बेसहारा बड़ी बहुरिया जैसे पात्रों का संवाद लेकर रेण्ड पाठको के सम्मुख उपस्थित होते है। रेणु ने बड़ी बहुरिया की पीड़ा को उसके भीतर के हाहाकार को संवदिया के माध्यम से अपनी पूरी सहानुभूति प्रदान की है।

| | |
|---|---|
| प्रश्न–1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– |
| | संवाद पहुँचाने का काम सभी नहीं कर सकते । आदी भगवान के घर से संवदिया बनकर आता है। संवाद के प्रत्येक शब्द को याद रखना जिस सुर और स्वर में संवाद सुनाया गया है, ठीक उसी ढंग से जाकर सुनाना सहज काम नहीं । गाँव के लोगों की गलत धारणा है कि निठल्ला, कामचोर और पेटू आदमी हीं संवदिया का काम करता है न आगे नाथ न पीछ पगहा । बिना मजदुरी लिए ही जो गॉव–गांव संवाद पहुँचावे, उसको और क्या कहेंगे ?..... औरता का गुलाम, जरा–सी मीठी बोली सुनकर ही नशे में आ जाए, ऐसे मर्द को भी भला मर्द कहेंगे? किंतु गाँव में कौन ऐसा है, जिसके घर की माँ–बहु–बेटी का संवाद हरगोबिन ने नहीं पहुँचाया है?<br>1. हरगोबिन कौन था?<br>2. संवाद पहुँाने वाले व्यक्ति को क्या कहते हैं?<br>3. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए। |
| प्रश्न–2 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>बड़े भैया के मरने के बाद ही जैसे सब खेल खत्म हो गया । तीनों भाईयों ने आपस में लड़ाई–झगड़ा शुरू किया । रैयतो ने जमीन पर दावे करके दखल किया, फिर तीनो भाई गाँव छोड़कर शहर में जाप बसे, रह दगई बड़ी हुरिया–कहाँ जाती बेचारी! भगवान भले आदमी को ही कष्ट देते हैं। नही ंतो एक घंटे की बीमारी में बड़े भैया क्यों मरते?... बड़ी बहुरिया की देह से जेवर खीच–छीनकर बँटवारे की लीला हुई थी ।<br>1. बड़े भैया के मरने के बाद क्या हुआ?<br>2. तीनों भाई गाँव छोड़कर शहर क्यों चले गए?<br>3. किसके जेवर खींच–छीनकर बँटवारा कर लिया? |
| | लघुरात्मक प्रश्न |
| प्रश्न–3 | बड़ी हवले से बुलावा आने पर हरगोबिन के मन में किस प्रकार की आशंका हुई? |
| प्रश्न–4 | बड़ी बहुरिया अपने मायके संदेश क्यों भेजना चाहती थी? |
| प्रश्न–5 | संवाद कहते वक्त बड़ी बहुरिया की आँखे क्यों छलछला आई? |
| प्रश्न–6 | बड़ी बहुरिया का संवाद हर गोबिन क्यों नहीं सुना सका? |

# अध्याय –5

## भीष्म साहनी
## गाँधी, नेहरू और यास्सेर अराफ़ात

पाठ सारांशः

साहनी की आत्मकथा आज के अतीत का एक अंश है, जोकि एक संस्मरण है। इसमें लेखक ने किशोरावस्था से प्रौढावस्था तक के अपने अनुभवों को स्मृति के आधार पर शब्दबद्व किया है। सेवाग्राम में गांधी जी का सानिघ्य, काश्मीर में जवाहर लाल नेहरू का साथ तथा फिलिस्तीन में यास्सेर अराफात के साथ व्यतीत किए गए चंद क्षणों को उन्होंने प्रभावशाली शब्द चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया है । प्रस्तुत संस्मरण अत्यंत रोचक, सरस एवं पठनीय बन पड़ा हैक्योंकि भीष्म साहनी ने अपने रोचक अनुभवों को बीच–बीच में जोड़ दिया है।

| | |
|---|---|
| प्रश्न–1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br><br>दूसरे दिन में तड़के ही उठ बैठा और कच्ची सड़क पर आँखे गाँड़े गाँधी जी की राह देखने लगा । ऐन सात बजे, आश्रम का फारटक लाँघकर गाँधी जी अपने साथियों के साथ सड़क पर आ गए थे । उन पर नज़र पड़ते ही मैं पुलक उठाा। गाँधी जी बु–ब–हु वैसे ही लग रहे थे जैसा उन्हें चित्रों में देखा था । यहाँ तक कि कमर के नीचे से लटकती घड़ी भी परिचित सी लगी। बलराज अभी भी बेसुधा सो रहे थे । हम रात देर तक बाते करते रहे थे । मैं उतावला हो रहा था । आखिर मुझसे न रहा गया और मैने झिंझोड़कर उसे जगाया ।<br>1. लेखक किसकी राह देखता है?<br>2. गाँधीजी किसके सड़क पर आ रहे थे?<br>3. लेखक को गाँधीजी कैसे दिख रहे थे? |
| प्रश्न–2 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>पंडित नेहरू काशमीर यात्रा पर आए थे, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ था । शेख अब्दूला के नैतृत्व में झेलम नदी पर शहर के एक सिरे से दुसरे सिरे तक, सातवें पुल से अमीराकदल तक, नावों मे उनकी शोभायात्रा देखने को मिली थी । जब नदी के दोनों ओर हजारों–हजार काश्मीर निवासी अदम्य उत्साह के साथ उनका स्वागत कर रहे थे । अद्‌भुत दृश्य था । इस अवसर पर नेहरू जी को जिस बँगले में ठहराया गया था,वह मेरे फुफेरे भाई का था और भाई के आग्रह पर कि मैं पंडित जी की देखभाल में उनका हाथ बटाऊँ, मैं भी उस बँगले में पहुँच गया था ।<br>1. काश्मीर यात्रा पर कौन आए थे?<br>2. नेहरूजी को किस बँगले में ठहराया गया था?<br>3. लेखक ने नेहरू जी की शोभायात्रा किसके नैतृत्व में देखी?<br>4. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखो । |
| | लघुत्तरात्मक प्रश्न |
| प्रश्न–3 | लेखक सेवाग्राम कब और क्यों गया था? |
| प्रश्न–4 | रोगी बालक के प्रति गाँधीजी का व्यवहार किस प्रकार का था? |
| प्रश्न–5 | लेखक ने सेवाग्राम में किन–किन लोगों के आने का जिक्र किया है? |
| प्रश्न–6 | काश्मीर के लोगो ने नेहरू जी का स्वागत किस प्रकार किया? |

# अध्याय –6
# असगर वजाहत
# शेर, पहचान, चार हाथ, साझा
## पाठ सारांशः

शेर, पहचान, चार हाथ और साझा नाम से उनकी चार लघुकथाएँ दी गई है। शेर प्रतीकात्मक और व्यंग्यात्मक लघुकथा है । शेर व्यवस्था का प्रतीक है । इस कहानी के माध्यम से लेखक नहीं सुविधाभोगियों, छद्म क्रांतिकारियों, अहिंसावादियों, और सह–अस्तित्ववादियों के ढोंग पर भी प्रकार किया है। पहचान में राजा को बहरी, गूँगी और अंधी प्रजा पसंद आती है जो बिना कुछ बोले, बिना कुछ सुने और बिना कुछ देखे उसकी आज्ञा का पालन करती है। कहानीकार ने इसी यथार्थ की पहचान कराई है। चार हाथ पूँजीवादी व्यवस्था में मजदूरों के शोषण को उजागर करती है और साझा में उद्योगों पर कब्जा जमाने के बाद पूँजीपतियों की नज़र किसानो की जमीन और उत्पाद पर जीम है।

| | |
|---|---|
| प्रश्न–1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– |
| | मैने देख कि झाड़ी की ओर भी गजब की चीज है । अगर झाड़ियाँ न हो तो शेर का मुँह–ही मुँह हो और फिर उससे बच पाना बहुत कठिन हो जाए। कुछ देर के बाद मैने देखा कि जंगल के छोटे–मोटे जानवर एक लाइन से चले आ रहे है और शेर के मुँह में घुसते चले जा रहे हैं। शेर बिना हिले–डुले, बिना चबाए, जानवरों को गटकता जा रहा है। यह दृश्य देखकर मैं बेहोश होते–होते बचा।<br>1. झाड़ियों के पीछे कौन छिप रहा था ?<br>2. जंगल के छोटे–मोटे जानवर कहाँ जा रहे थे ?<br>3. लेखक बेहोश क्यों हो गया था? |
| प्रश्न–2 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>राजा ने हुक्म दिया कि उसके राज में सब लोग अपनी आँखे बंद रखेंगे ताकि उन्हें शांति मिलती रहे । लोगो ने ऐसा ही किया क्यों राजा की आज्ञा मानना जनता के लिए अनिवार्य है। जनता आँखे बंद किए–किए सारा काम करती थी और आश्चर्य की बात यह कि काम पहले की तुलना में बहुत अधिक और अच्छा हो रहा था। फिर हुक्म निकला कि लोग अपने अपने कानों में पिघला हुआ सीसा डलवा ले क्यों कि सुनना जीवित रहने के लिए बिल्कुल रूरी नहीं है। लोगो ने ऐसा ही किया और उत्पादन आश्चर्यजनक तरीके से बढ़ गया ।<br>1. राजा ने लोगो को क्या हुक्म दिया?<br>2. लेखक के अनुसार राजा को कैसी प्रजा पसंद थी?<br>3. राजा ने जनता को दुसरी बार क्या हुक्म दिया? |
| | लघुरात्मक प्रश्न |
| प्रश्न–3 | कहानी में लेखक ने शेर को किस बात का प्रतीक बताया है? |
| प्रश्न–4 | आँखे बंद रखने और आँखे खोलकर देखने के क्या–क्या परिणाम निकले? |
| प्रश्न–5 | शेर के मुँह और रोजगार के दफ्तर के बीच क्या अंतर है? |
| प्रश्न–6 | मजदुरों को चार हाथ देने के लिए मिल मालिक ने क्या किया और उसका क्या परिणाम निकला? |
| प्रश्न–7 | हाथी ने खेत की रखवाली के लिए क्या घोषणा की ? |

# अध्याय –7
# निर्मल वर्मा
# जहाँ कोई वापसी नहीं

**पाठ सारांश:**

"जहाँ कोई वापसी नहीं" यात्रा–वृतांत घुध से उठती धुन संग्रह से लिया गया है। उसमें लेखक ने पर्यावरण–संबंधी सरोकारों को ही नहीं, विकास के नाम पर पर्यावरण–विनाश स`उपजी विस्थापन संबंधी मनुष्य की यातना को भी रेखांकित किया है । यह पाठ विस्थापितों की अनेक समस्याओं का हृदय स्पर्शी चित्र प्रस्तुत करता है।

| | |
|---|---|
| प्रश्न–1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– |
| | इन्हीं गाँवों में एक का नाम है – अमझर, आम के पेड़ों से घिरा गाँव–जहाँ आम झरते है। किंतु पिछले दो–तीन वर्षो से पेड़ो पर सुनापन है, न कोई फल पकता है, न कुछ नीचे झरता है। कारण पूछने पर पता चला कि जब से सरकारी घोषणा हुई है कि अमरौली प्रोजेक्ट के अंतर्गत नवागांव के अनेक गाँव उजाड़ दिए जाएँगे, तब से न जाने कैसे आम के पेड़ सुखने लगे। आदमी उजड़ेगा तो पेड़ जीवित रहकर क्या करेंगे?<br><br>1. आम के पेड़ों से घिरे गाँव का नाम क्या था?<br>2. लेखक ने आम के पेड़ों के सुखने का क्या कारण बताया है?<br>3. लेखक ने उपर्युक्त गद्यांश में किसका वर्णन किया है? |
| प्रश्न–2 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>विकास का यह "उजला" पहलू अपने पीछे कितने व्यापक पैमाने पर विनाश का अंधेरा लेकर आया था । हम उसका छोटा–सा जायजा लेने दिल्ली में स्थित "लोकायन" संस्था की ओर से सिंगरौली गए थे । सिंगरोली जाने से पहले मेरे मन में इस तरह का कोई सुखद भ्रम नहीं था कि औद्योगिकरण का चक्का, जो स्वतंत्रता के बाद चलाया गया, उसे रोका जा सकता है । शायद पैतीस वर्ष पहले हम कोई दूसरा विकल्प चुन सकते थे जिसमें मानव सुख की कसौटी भौतिक लिप्सा न होकर जीवन की जरूरतों द्वारा निर्धारित होती ।<br>1. लेखक लोकायन संस्था की ओर कहाँ गए ?<br>2. मानव की कसौटी किसके द्वारा निर्धारित होती है?<br>3. विकास का उजाला पहलु क्या लेकर आया? |
| | लघुत्तरात्मक प्रश्न |
| प्रश्न–3 | आधुनिक भारत के "नए शरणार्थी" किन्हें कहा गया? |
| प्रश्न–4 | प्रकृति के कारण विस्थापन और आद्योगीकरण के कारण विस्थापन में क्या अंतर है? |
| प्रश्न–5 | लेखक के अनुसार स्वातंत्रयोतर भारत की सबसे बड़ी ट्रेजडी क्या है? |
| प्रश्न–6 | अमझर से आप क्या समझते हैं? अमझर गाँव में सूनापन क्यों है? |

# अध्याय –8
# रामविलास शर्मा
# यथास्मै रोचत विश्वम्
## पाठ सारांशः

यथास्मै रोचते विश्वम् नामक निबंध उनके संग्रह विराम चिन्ह से लिया गया है। इसमें उन्होंने कवि की तुलना प्रजापति से करते हुए उसे उसके कर्म के प्रति सचेत किया है। लेखक के अनुसार साहित्य जहाँ एक ओर मनुष्य को मानसिक विश्रांति प्रदान करता है वही उसे उन्नती के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणी भी देता है।

| | |
|---|---|
| प्रश्न–1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– |
| | प्रजापति से कवि की तुलना करते हुए किसी ने बहुत ठीक लिखा था – "यथस्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते"। कवि को जैसे रूचता है वैसे ही संसार को बदल देता है। यदि साहित्य समाज का दर्पण होता तो संसार को बदलने की बात न उठती । कवि का काम यथार्थ जीवन को प्रतिबिंबित करना ही होता तो वह प्रजापति का दर्जा न पाता। वास्तव में प्रजापति ने जो समाज बनाया है उससे असंतुष्ट होकर नया समाज कविता का जन्मसिद्व अधिकार है । <br>1. लेखक ने कवि की तुलना किससे की है? <br>2. लेखक ने समाज का दर्पण किसे बताया है? <br>3. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखो। <br>4. कविता का जन्मसिद्व अधिकार क्या है? |
| प्रश्न–2 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– <br>साहित्य का पांचजन्य समर भूमि में उदासीनता का राग नहीं सुनाता । वह मनुष्य को भाग्य के आसरे बैठने और पिंजडे में पंख फड़फड़ाने की प्रेरणा नहीं देता। इस तरह की प्रेरणा देने वालो ें वह पंख कतर देता है । वह कायरों और पराभव प्रेमियों को ललकारता हुआ एक बार उन्हें भी समरभूमि में उतरने के लिए बुलावा देखा है। <br>1. साहित्य का पांचजन्य समरभूमि में किसा राग नहीं सुनाता? <br>2. साहित्य के "पांचजन्य" से लेखक का क्या तात्पर्य है? <br>3. साहित्य किसकी प्रेरणा देता है? |
| | लघुत्तरात्मक प्रश्न |
| प्रश्न–3 | लेखक ने कवि की तुलना प्रजापति से क्यों की है? |
| प्रश्न–4 | दुर्लभ गुणों को एक ही पात्र में दिखाने के पीछे कवि का क्या उद्देश्य है? |
| प्रश्न–5 | साहित्य के "पांचजन्य" से लेखक का क्या तात्पर्य है? |
| प्रश्न–6 | साहित्यकार के लिए स्रष्टा और दृष्टा होना अत्यन्त अनिवार्य है – क्यों और कैसे ? |

# अध्याय –9
# ममता कालिया
# दूसरा देवदास

पाठ सारांशः

दूसरा देवदास कहानी में लेखिका ने इस तरह घटनाओं का संयोजन किया है कि अनजाने में पगेम का प्रथम अंकुरण संभव और पारों के हृदय में बड़ी अजीब परिस्थितियों में उत्पन्न होता है। यह प्रथम आकर्षण और परिस्थितियों के गुंफान ही उनके प्रेम को आधार और मजबुती प्रदान करता है। यह कहानी युवा हृदय में पहली आकस्कि मुलाकात की हलचल, कल्पना और रूमानियत का उदाहरण है।

| | |
|---|---|
| प्रश्न–1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– |
| | लड़की अब बिलकुल बराबर में खड़ी, आँख मूँदकर अर्जन कर रही थी। संभव ने यकायक मुड़कर उसकी ओर गौर किया। उसके कपड़े एकदम भीगे हुए थे। यहाँ तक किउसके गुलाबी आँचल से संभव के कुर्ते का एक कोना भी गीला हो रहा था। लड़की के लम्बे गीले बाल पीठ पर काले चमकीले शॉल की तरह लग रहे थे ।<br>1. संभव ने यकायक मुड़कर सिको देखा था?<br>2. लड़की के बाल कैसे लग रहे थे?<br>3. लेखिका ने उक्त गुद्यांश में किसका वर्णन किया? |
| प्रश्न–2 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>लड़ी ने आज गुलाबी परिधान नहीं पहना था पर सफेद साड़ी में लाज से गुलाबी हाते हुए उसने मंसा देवी पर एक और चुनी चढाने का संकल्प लेते हुए सोचा। "मनोकामना की गाँठ भी अद्भुत अनुठी है। इधर बाँधो उधर लग जाती है"। पारो बुआ, पारो बुआ, इनका नाम है मन्नु ने बुआ का आँचल खींचते हुए कहा । "संभव देवदास" संभव ने हँसते हुए वाक्य पूरा किया ।<br>1. लडक़ी ने क्या पहन रखा था?<br>2. लड़की ने क्या संकल्प लिया?<br>3. "परिधान" शब्द का अर्थ बताइये। |
| | लघुत्तरात्मक प्रश्न |
| प्रश्न–3 | "दुसरा देवदास" कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। |
| प्रश्न–4 | मंसा देवी जाने के लिए केबिलकार में बैठे हुए संभव के मन में जो कल्पनाएँ उठ रही थी? उनका वर्णन कीजिए । |
| प्रश्न–5 | "मनोकामना की गाँठ भी अद्भुत अनोखी है" कैसे पाठ के आधार स्पष्ट कीजिए । |
| प्रश्न–6 | लेखिका ने गंगापुत्र किसे कहा और क्यों? |
| प्रश्न–7 | नीलांजलि क्या है? |

# अध्याय –10
# हजारी प्रसाद द्विवेदी
# कुटज

**पाठ सारांशः**

कुटज हिमालय पर्वत की ऊँचाई पर सूखी शिलाओं के बीच उगने वाला एक जंगली पौधा है, जिसमें फूल लगते है। इसी फुल की प्रकृति पर रह निबंध कुटज लिखा गया है । कुटज में न विशेष सौंदर्य है न सुगन्ध, फिर भी लेखक ने उसमें मानव के लिए एक संदेश पाया है। कुटज में अपराजेय जीवनशक्ति है। स्वावलंबन है, आत्मविश्वास है और विषम परिस्थितियों में भी शान के साथ जीने की क्षमता है।

| | |
|---|---|
| प्रश्न–1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– |
| | जीना चाहते हो? "कठोर पाषाण को भेदकर, पाताल की छाती चीरकर अपना भोग्य संग्रह करो। वायुमण्डल को चुसकर, झंझा–तुफान को रगड़कर अपना प्राप्य वसुल लो। आकाश को चुसकर अवकाश की लहरी में झूमकर उल्लास खीच लो" कुटज का यही उपदेश है।<br>1. लेखक के अनुसार अपराजेय जीवन शक्ति का प्रतीक वृक्ष कौनसा है?<br>2. कुटज के पते वायुमण्डल से क्या चुसते है?<br>3. कुटज मनुष्य को क्या उपदेश देता है? |
| प्रश्न–2 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>रहीम को मैं बड़े आदर के साथ स्मरण करता हूँ। दरियादिल आदमी थे, पाया सो लुटाया । लेकिन दुनिया है कि मतलब से मतलब है, रस चूस लेती है, छिलका और गुठली फेंक देती है। सुना है, रस चूस लेने के बाद रहीम को भी फैंक दिया गया था। एक बादशाह ने आदर के साथ बुलाया, दुसरे ने फैंक दिया! हुआ ही करता है । इससे रहीम का मोल घट नहीं जाता है।<br>1. लेखक सिको स्मरण करता है?<br>2. रहीम कैसे व्यक्ति थे?<br>3. बादशाह ने सिको आदर के साथ बुलाया? |
| | लघुत्तरात्मक प्रश्न |
| प्रश्न–3 | कुटज को "गठे का साथी" क्यों कहा गया है? |
| प्रश्न–4 | कुटज किस प्रकार अपनी अपराजेय जीवनी–शक्ति की घोषणा करता है? |
| प्रश्न–5 | कुटज के जीवन से हमें क्या सीख मिलती है? |
| प्रश्न–6 | कुटज का शाब्दिक अर्थ बताइए। |

# निबन्ध रचनाः–

प्रश्न–1 किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए–

1) पर्यावरण प्रदूषण – विज्ञान की देन ।
2) प्रदूषण – गभी चुनौती ।
3) पर्यावरण संरक्षण – प्रदूषण नियन्त्रण
4) इंटरनेट : ज्ञान भण्डार का द्वार
5) इंटरनेट : लाभ और हानि

## पत्र लेखन

प्रश्न–1 जिला शिक्षा अधिकारी, बीकानेर की ओर से सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर की राजकीय उ.मा.विद्यालय, लालगढा, बीकानेर में बोर्ड परीक्षा केन्द्र की स्वीकृति हेतु कार्यालयी पत्र लिखिए।

प्रश्न–2 कार्यालय शिक्षा निदेशक राजस्थान की ओर से राज्य के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों के नाम एक परिपत्र का प्रारूप बनाए जिसमें योगासन और प्राणायाम को विद्यालयों में दिैनिकचर्या का अंग बनाए जाने का उल्लेख हो।

प्रश्न–3 निम्न प्रश्नों के उत्तर 40–50 शब्दों में दीजिए ।

अ) "पराधीन सपने हूँ, सुख नाहि।"

ब) संतोषी सदा सुखी।

# अंतराल भाग–2

## पाठ–1 : "सूरदास की झोंपड़ी (प्रेमचन्द)

### पाठ सारांशः

सूरदास की झोपड़ी प्रेमचंद के उपन्यास रंगभूमि का एक अंश है । एक दृष्टिहीन व्यक्ति जितना बेबस और लाचार जीवन जीने का अभिशप्त होता है सुरदास का चरित्र ठीक इसके विपरीत है। सुरदास अपनी परिस्थितियों से जितना दुखी व आहत है उससे कही अधिक आहत है भैरों और जगधर द्वारा किए जा रहे अपमान से, उनकी ईर्ष्या से ।

प्रश्न–1 सुरदास की झोंपड़ी में आग लगाई थी।

अ) जगधर ने ब) भैरो ने स) मिठुआ ने द) सुभागी ने ( )

प्रश्न–2 भैरों ने सूरदास की झौंपड़ी क्यों जलाई?

प्रश्न–3 जगधर के मन में किस तरह का ईर्ष्या–भाव जगा और क्यों?

प्रश्न–4 सुरदास जगधर से अपनी आर्थक हानि को गुप्त क्यों रखना चाहता था?

प्रश्न–1 "चूल्हा ठंडा किया होता, तो दुश्मनों का कलेजा कैसे ठंडा होता ? इस कथन के आधार पर सूरदास की मनःस्थिति का वर्णन कीजिए ।

प्रश्न–2 सूरदास की झोंपड़ी में आग लगाने से भैंरो के मन की कौनसी आग ठंडी हो गई थी ?

प्रश्न–3 'तो हम सौ लाख बार मनाऐंगे'–इस कथन के सन्दर्भ में सूरदास के चरित्र का विवेचन कीजिए ।

प्रश्न–4 सूरदास जगधर से अपनी आर्थिक हानि को गुप्त क्यों रखना चाहते थे?

प्रश्न–5 भैंरों ने सूरदास की झोपड़ी को क्यों जलाया?

प्रश्न–6 'सूरदास की झोपड़ी' पाठ का क्या संदेश है?

प्रश्न–7 प्रेमचन्द ने "झोंपड़ी की आग" की तुलना किससे की है?

# पाठ–2 : आरोहण (संजीव)

## पाठ सारांशः

"आरोहण" कहानी में लेखक ने पर्वतारोहण की जरूरत और वर्तमान समय में उसकी उपयोगिता को रेखांकित किया है । पर्वतीय प्रदेश के रहने वालों के जीवन संघर्ष तथा प्राकृतिक परिवेश से उनके संबंधों को चित्रित किया है–

प्रश्न–1 "आरोहण" कहानी का मुख्य नायक है–

अ) शेखर  ब) शैला  स) भूपसिंह  द) संजीव  (  )

प्रश्न–2 "आरोहण" में महीप कौन था? वह अपने बारें में पूछे प्रश्नों की हाल क्यों देता था?

प्रश्न–3 बूढें तिरलोक सिंह को पहाड़ पर चढ़ना जैसी नौकरी की बात सुनकर अजीब क्यों लगा?

प्रश्न–4 देवकुंड से आगे का रास्ता कैसा था?

प्रश्न–1 "आरोहण" कहानी में लेखक का क्या संदेश निहित है?

प्रश्न–2 शेखर ने रूप सिंह की प्रेम कहानी को बेकार क्यों बताया था?

प्रश्न–3 "एकाएक जैसे सफेद हो गया रंगीन सक्रीन" – से क्या आशय है?

प्रश्न–4 'ऊचाइयाँ' तनहा भी तो करती है'–कथन से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न–5 'रूप ने भूपदादा को धक्का क्यों दिया था?' इस घटना से भूप दादा की किन विशेषताओं का पता चलता है?

# अध्याय –3

# बिस्कोहर की माटी (विश्वनाथ त्रिपाठी)

## पाठ सारांशः

गाँव शहर की तरह सुविधायुक्त नहीं होते, बल्कि प्रकृति पर अधिक निर्भर रहते है। इस निर्भरता का दुसरा पक्ष प्राकृति सौंदर्य भी है जिसे लेखक ने बड़े मनोयोग से जिया और प्रस्तुत किया है।

प्रश्न–1 "मिस्कोहर की माटी" पाठ के लेखक है–

अ) संजीव बालियान  ब) जैनेन्द्र  स) राकेश मोहन  द) विश्वनाथ त्रिपाठी (  )

प्रश्न–2 कोईयाँ किसे कहते है? उसकी विशेषताएँ बताइये।

प्रश्न–3 बिसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया?

प्रश्न–4 हरसिंगार के बारें में लेखक ने क्या बताया है?

प्रश्न–1 "जड़ चेतन में रूपांतरित होकर क्या–क्या अन्तब्राह्य गढ़ता है लीलाचारी होता है"। आशय स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न–2 'पशु माताएँ भी यह सुख देती–पाती होगी और पक्षी 'अंडज' लेखक ने यहाँ किस सुख का उल्लेख किया है?

प्रश्न–3 'भसीण' क्या है? इसका क्या उपयोग हैं?

प्रश्न–4 "फूल केवल हीं नहीं देते, दवा भी करते हैं? कैसे

प्रश्न–5 "प्रकृति सजीव नारी बन गई है।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

## पाठ–4 :
## अपना मालवा खाऊ उजांड़ू सभ्यता में (प्रभाष जोशी)
### पाठ सारांशः

इस पाठ में लेखक ने मालवा प्रदेश की मिट्टी, वर्षा, नदियों की स्थिति, उद्गम एवं विस्तार तथा वहाँ के जनजीवन एवं संस्कृति को चित्रित किया है। इस पाठ के माध्यम स`लेखक ने पर्यावरणीय सरोकारों को आम जनता से जोड़ दिया है तथा पर्यावरण के प्रति लोगों को सचेत किया है।

च्ंचल नदी का उद्गम स्थन है–

प्रश्न–1 अ) केबडेश्वर ब) विंध्या के जनापाव पर्वत
स) शिवालिक की पहाड़िया द) नर्मदेश्वर ( )

प्रश्न–2 अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसा गिरा करता था। उसके क्या कारण है?

प्रश्न–3 शिप्रा नदी के संबंध में लेखक ने क्या कहा?

प्रश्न–4 नागदा से उज्जेन तक की लेखक की यात्रा कैसी रही?

प्रश्न–1 नदियों की सभ्यता को किस प्रकार जन्म दिया है?

प्रश्न–2 लेखक ने चम्बल के बारें में क्या बताया हैं?

प्रश्न–3 लेखक ने वर्तमान सभ्यता को खाऊ–उजाडू सभ्यता क्यों कहाँ है?

प्रश्न–4 आज विकास की योजना बनाने वाले योजनाकारों तथा इंजीनियरों के कार्यो का क्या दुष्परिणाम हुआ है?

प्रश्न–5 हमारी आज की सभ्यता इन नदियों को अपने गन्दे नाले बना रही हैं। कैसे, समझाइये?

# उच्च माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा

# प्रश्न बैंक

## कक्षा–12

## विषय : समाजशास्त्र

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा प्रकाशित अधिकृत प्रश्न बैंक

**संयोजक :**
**श्री भरत जोशी**
प्रधानाचार्य
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान,जयपुर।

**सह संयोजक :**
**श्रीमती सुष्मिता गिल**
वरिष्ठ अध्यापक (गणित)
रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान,जयपुर।

**लेखक :**
**श्रीमती चित्रलेखा**
व्याख्याता (समाजशास्त्र)
**श्री मुकेश छीपा**
व्याख्याता (समाजशास्त्र)
गांधी बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय,
बासनी तम्बोलियान् ,माता का थान, जोधपुर।

**2021–22**

**प्रकाशक :**

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान,अजमेर

# उच्च माध्यमिक (मूक बधिर)परीक्षा सत्र 2021–22
## नमूने का प्रश्न पत्र
## कक्षा–XII
## विषय–समाज शास्त्र

**समय :– 4:15** **पूर्णांकः–80**

**परीक्षार्थियो के लिए सामान्य निर्देश :–**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांकन अनिवार्यतः लिखे।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखे।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड(विकल्पात्मक)है उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखे।

| खण्ड | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | उत्तर की शब्द सीमा |
|---|---|---|---|
| अ | I – X | 1 | वस्तुनिष्ठ प्रश्न |
| ब | 1–11 | 2 | 10 शब्द |
| स | 12–18 | 3 | 20 शब्द |
| द | 19–21 | 4 | 40 शब्द |
| य | 22–24 | 5 | 100 शब्द |

### खण्ड(अ)

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नः–** 1X10=10 अंक

{ ii } जनसंख्या संवृद्धि का अर्थ है–
(अ) जन्म और मृत्यु के मध्य सामान्जस्य
(ब) जन्म और मृत्यु के बीच अन्तर
(स) जन्म की अपेक्षा मृत्यु की अधिक दर
(द) मृत्यु की अपेक्षा जन्म की अधिक दर ( )

{ ii } भारत में किस राज्य में साक्षरता दर सर्वाधिक पाई जाती है–
(अ) महाराष्ट्र (ब) राजस्थान
(स) उड़ीसा (द) केरल ( )

{ iii } सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी–
(अ) सावित्री बाई फुले (ब) ज्योतिराव गोविन्द राव फुले
(स) अयन्कल्ली ने (द) नारायण गुरु ने ( )

{ iv } पुष्कर का पशु मेला लगता है–
(अ) महाराष्ट्र (ब)उड़ीसा
(स) राजस्थान (द)उत्तर प्रदेश ( )

{ v } अस्पृश्यों को हरिजन शब्द दिया था–
(अ) भीमराव अम्बेडकर ने (ब) महात्मा गांधी ने
(द) विनोबा भावे ने (द) ज्योतिबा फ ुले ने ( )

{ vi } औधोगिक क्षरण क्या था?
(अ) परम्परागत उधोग–धन्धों का पतन
(ब) उत्पादन एवं निर्यात में गिरावट आना
(स) ग्रामीण संगठनों और कारोबारों का विघटन
(द) उपर्युक्त सभी ( )

{ vii } औपनिवेशिक भारत कौन–कौन सी सामाजिक कुरीतियों से ग्रस्त था ?
(अ) सती प्रथा
(ब) बाल–विवाह
(स) जाति प्रथा
(द) उपर्युक्त सभी ( )

{ viii } पंचायती राज संस्था में कितने स्तरीय व्यवस्था है–
(अ) दो (ब)तीन
(स) चार (द) पाँच ( )

{ ix } भारतीयो के लिए उत्पादन का महत्वपूर्ण साधन कौनसा है?
(अ) भूमि (ब) कारखाना
(स) उधोग धन्धे (द) कुटीर उधोग ( )

{ x } 'केसरी' समाचार पत्र किस भाषा से सम्बंधित था?
(अ) मराठी (ब) तमिल
(स) गुजराती (द) बंगाली ( )

## खण्ड(ब)

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–** 2X11=22 अंक

प्रश्न 1. भारत में जनसंख्या वृद्धि के दो कारण बताइये।
प्रश्न 2. सामाजिक विषमता क्या है ?
प्रश्न 3. जाति के निर्धारण का आधार क्या है?
प्रश्न 4. सांस्कृतिक विविधता से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 5. किस समाज सुधारक ने आर्यो के युग को गरिमामय माना ?
प्रश्न 6. गाँधीजी की आदर्श अवधारणा क्या है?
प्रश्न 7. रैयतवाड़ी व्यवस्था में रैयत का क्या अर्थ है?
प्रश्न 8. द्वितीयक क्षेत्र में कौनसे कार्य आते है ?
प्रश्न 9. भूमण्डलीकरण का अर्थ समझाइये।
प्रश्न 10. भारत में रेडियों का प्रसारण कब शुरु हुआ ?
प्रश्न 11. सामाजिक आन्दोलन समाज में क्या भूमिका निभाते है ?

## खण्ड(स)

**लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)** 3X7=21 अंक

प्रश्न 12. भारत में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के दो उद्देश्य बताइये।
प्रश्न 13. संस्कृतिकरण की अवधारणा से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 14. पंथ निरपेक्षीकरण क्या है ?
प्रश्न 15. पंचायती राज से आप क्या समझते है?
प्रश्न 16. हरित क्रांति से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 17. पारराष्ट्रीय निगम कम्पनियाँ क्या है ?
प्रश्न 18. सामाजिक परिवर्तन और सामाजिक आन्दोलन में अन्तर बताइये।

## खण्ड(द)

**लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)** 4X3=12 अंक

प्रश्न 19. भारत में महिलाओं की दशा सुधारने में समाज–सुधारकों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।
प्रश्न 20. संगठित क्षेत्र की विशेषताएँ लिखिए।
प्रश्न 21. इलेक्ट्रॉनिक अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते है ?

## खण्ड(य)

**निबन्धात्मक प्रश्न–** 5X3=15 अंक

प्रश्न 22. भूमण्डलीकरण के प्रभावो पर प्रकाश डालिए।

अथवा

उदारीकरण का अर्थ और नीतिया बताते हुए इससे होने वाले आर्थिक परिवर्तन बताइये।

प्रश्न 23. सांस्कृतिक विविधता से क्या तात्पर्य है और इससे कौन–कौनसी चुनौतियाँ उत्पन्न होती है?

अथवा

क्षेत्रवाद क्या होता है ? आमतौर पर यह किन कारणों पर आधारित होता है ? लिखिए।

प्रश्न 24. नगरीकरण का भारतीय समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

अथवा

ब्रिटिश राज के चाय बागानों में बागान मालिको और श्रमिको के जीवन की तुलना कीजिए।

## विषय सूची
## समाजशास्त्र
## भाग–1


अध्याय –1 भारतीय समाजः एक परिचय

अध्याय –2 भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना

अध्याय –3 सामाजिक संस्थाएः निरन्तरता एवं परिवर्तन

अध्याय –4 बाजार एक सामाजिक संस्था के रुप में

अध्याय –5 सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार के स्वरुप

अध्याय– 6 सांस्कृतिक विविधता की चुनौतियाँ

अध्याय– 7 परियोजना कार्य के लिए सुझाव

## अध्याय–1 भारतीय समाज : एक परिचय

समाजशास्त्र अन्य सभी विषयों से अलग है। इसका ज्ञान औपचारिक और अनौपचारिक रुप से प्राप्त हो जाता है। समाजशास्त्र के बारे में पूर्व में ही ज्ञान प्राप्त रहता है। समाजशा़स्त्र के ज्ञान के लिए पूर्व अवधारणा को देखना पड़ता है। समाजशास्त्र में प्रायः भूलने की प्रक्रियाओं को शामिल किया जाता है,क्योंकि समाज के बारे में सहज बोध,विशिष्ट दृष्टिकोणों से प्राप्त किया हुआ होता है। समाजशास्त्र हमें यह सिखने का निमंत्रण देता है कि हमें विश्व को विभिन्न दृष्टिकोणों से देखना चाहिए। समस्या का अध्ययनप निष्पक्ष और तटस्थ तरीके से करना चाहिए। समाजशास्त्र सोचने की ओर दृष्टि को विकसित करने क्षमता को विकसित करता है। यह समाज मे व्यक्ति की स्थिति, सामाजिक संस्थाओं से व्यक्ति के सम्बन्धों तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और समूहो से व्यक्ति को परिचित करवाता है। औपनिवेशिक काल के अनुभवों ने विभिन्न समुदायों में एकीकरण तथा राष्ट्रवादी सोच को विकसित किया।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–**

1.समाजशास्त्र अन्य सभी विषयों से पृथक है, क्योकि –

(अ) सभी को समाज के बारे में पहले से कुछ न कुछ ज्ञात होता है।

(ब)समाज के बारे में सभी को ज्ञान नहीं होता है।

(स) समाज के बारे में घर विद्यालय में बताया जाता है।

(द) समाज के बारे में कुछ भी पता नहीं होता है। ( )

2. समाजशास्त्र को सीखने से पहले आवश्यक है

(अ) समाज के बारे में धारणाएॅ बनाना।

(ब)समाज के बारे में अपनी पूर्व धारणाओं को उधेड़ना।

(स)समाज के बारे में आधारभूत ज्ञान प्राप्त करना।

(द) सामाजिक समस्याओं का अध्ययन करना। ( )

3. समाजशास्त्र हमें सीखने का निमन्त्रण देता है –

(अ) संसार को भिन्न–भिन्न दृष्टिकोण से देखने का

(ब) संसार को एक दृष्टिकोण से देखने का

(स) संसार के सत्य को समझने का

(द) संसार को पक्षपाती रूप से देखने का ( )

4 भारतीय समाज की विशेषताओं में सबसे बड़ी चिन्ता का विषय है –

(अ) साम्प्रदायिक दंगे

(ब) क्षेत्रवाद की समस्या

(स) भाषावाद की समस्या

(द) असीमित विषमता और अपवर्जन ( )

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न 1. समाजशास्त्र की अध्ययन प्रक्रिया को सीखने–समझने के लिए क्या अनिवार्य है ?

प्रश्न 2. समाजशास्त्र पूर्वाग्रहों से मुक्त होने के लिए कौनसा दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है ?

प्रश्न 3. एक तुलनात्मक सामाजिक नक्शा हमारे लिए किस प्रकार से उपयोगी होता है ?

प्रश्न 4. बुजुर्ग और युवा पीढ़ियों के बीच का "पीढ़ी अन्तराल" समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से क्या है ?

प्रश्न 5. अन्य विषयों की अपेक्षा समाजशास्त्र अलग विषय क्यों है ?

प्रश्न 6. समाजशास्त्र का जनक कौन है ?

**लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)**

प्रश्न 7. समाज से क्या आशय है ?

प्रश्न 8. समुदाय से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 9. सामाजिक मुद्दा व्यक्तिगत मुद्दे से भिन्न क्यों है ?

प्रश्न 10. दो पीढ़ियो के बीच पीढ़ी अन्तराल को सामाजिक प्रघटना क्यो माना जाता है ?

प्रश्न 11. नातेदारी से क्या आशय है ?

प्रश्न 12. औपनिवेशिक काल में पाश्चात्य शिक्षा की क्या भूमिका रही ?

**लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)**

प्रश्न 13. "समाजशास्त्र अन्य सभी समाज विज्ञानो से अलग है। " कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 14. समाजशास्त्र पूर्वाग्रहों की समस्या का समाधान कैसे करता है ?

प्रश्न 15. समाजशास्त्र को सीखने का आरम्भ भूलने की प्रक्रिया से कैसे आरम्भ होता है ?

प्रश्न 16. समाजशास्त्री सी. राइट मिल्स के अनुसार समाजशास्त्र हमें क्या–क्या सिखा सकता है ?

**निबन्धात्मक प्रश्न–**

प्रश्न 17.समाजशास्त्र के अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 18. समाजशास्त्र तथा अन्य समाज विज्ञानों के अध्ययन में क्या अन्तर है? स्पष्ट कीजिए।

## अध्याय–2 भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना

जनसांख्यिकीय जनसंख्या का सुव्यवस्थित अध्ययन है। आंग्ल भाषा में इसे डेमोग्राफी कहा जाता है,जो यूनानी भाषा के डेमोस और ग्राफीन शब्दों के मेल से बना है।इसमें जनसंख्या के आकार में परिवर्तन,जन्म,मृत्यु प्रवसन के स्वरुप तथा जनसंख्या संरचना का अध्ययन किया जाता है। 1790 ई. में अमेरिका में प्रथम आधुनिक जनगणना आरम्भ हुई थी।1818 ई. से हर दस वर्ष के बाद जनगणना होने लगी। सबसे नवीन जनगणना सन् 2011ई. में हुई । जनसंख्यात्मक आँकड़े राज्य की नीतियों को बनाने,आर्थिक विकास तथा लोककल्याणकारी नीतियों को बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण होते है। माल्थस के अनुसार मानव जनसंख्या उस दर की तुलना में तीव्र गति से साधन बढ़ती है,जिस दर पर मनुष्य के भरण–पोषण के साधन बढ़ सकते है।आयु संरचना विकास के स्तरों और औसत आयु संरचना में होने वाले परिवर्तनों के अनुसार बदलती रहती है। सन 2001 में भारत की जनसंख्या 103 करोड़ थी। भारत विश्व का प्रथम का देश था जिसके द्वारा सन् 1952 में अपनी जनसंख्या नीति की घोषणा की गई थी।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–**

1. जनसंख्या संवृद्धि का अर्थ है–
   (अ)जन्म और मृत्यु के मध्य सामन्जस्य
   (ब) जन्म और मृत्यु के बीच अन्तर
   (स) जन्म की अपेक्षा मृत्यु की अधिक दर
   (द) मृत्यु की अपेक्षा जन्म की अधिक दर ( )
2. 'एस्से ऑन पापुलेशन' किसकी रचना है–
   (अ) राबर्ट–बीरस्टीड (ब) मैकाईवर–पेज
   (स) इलियट–मैरिल (द) माल्थस ( )
3. देश के किस राज्य में लिंगानुपात सबसे कम है–
   (अ) पंजाब (ब)हरियाणा
   (स) उत्तर प्रदेश (द) राजस्थान ( )
4. भारत में किस राज्य में साक्षरता दर सर्वाधिक पाई जाती है–
   (अ) महाराष्ट्र (ब) राजस्थान
   (स) उड़ीसा (द) केरल ( )

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न 1. डेमोग्राफी को हिन्दी में क्या कहते है ?
प्रश्न 2. शिशु मृत्यु दर किसे कहते है ?
प्रश्न 3. स्त्री–पुरुष अनुपात से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 4. भारत में साक्षरता की कमी के दो कारण बताइये।
प्रश्न 5. जनसांख्यिकी लाभांश कब उत्पन्न होता है ?
प्रश्न 6. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौनसा स्थान है ?
प्रश्न 7. जनगणना संविधान की कौनसा अनुसूची में उल्लेखित है ?
प्रश्न 8. भारत में जनसंख्या वृद्धि के दो कोई दो कारण बताइये।

**लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)**

प्रश्न 9. जनसांख्यियकी शब्द की उत्पत्ति कैसे हुई तथा इसका क्या अर्थ है ?
प्रश्न 10. भारत में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के दो उद्देश्य बताइये।
प्रश्न 11. जन्मदर और मृत्यु दर से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 12. प्रजनन दर का क्या अर्थ है ?
प्रश्न 13. आयु–संभाविता की गणना किस आधार पर की जाती है ?
प्रश्न 14. जनसांख्यिकी लाभांश कब उत्पन्न होता है ?
प्रश्न 15. आयु संभाविता से क्या आशय है ?

**लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)**

प्रश्न 16. माल्थस के जनसंख्या वृद्धि के सिद्धान्त पर प्रकाश डालिए।
प्रश्न 17. जनसांख्यिकीय संक्रमण का सिद्धान्त क्या है ?
प्रश्न 18. भारत में बाल–स्त्री अनुपात में गिरावट के लिए कौन–कौन सें कारण उत्तरदायी रहे है ?
प्रश्न 19. जनसंख्या के प्राकृतिक निरोध से क्या आशय है ?
प्रश्न 20. जनसांख्यिकी से आप क्या समझते है ?

**निबन्धात्मक प्रश्न–**

प्रश्न 21. भारत में जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए।

## अध्याय–3 सामाजिक संस्थाएँ: निरन्रता एवं परिवर्तन

जाति एक प्राचीन संस्था है जो कि हजारो वर्षो से भारतीय इतिहास एवं संस्कृति का एक हिस्सा है। जाति केवल अतित ही नही बल्कि आज भी हमारे समाज का एक अभिन्न अंग है।चार वर्णो के अतिरिक्त जनसंख्या का शेष भाग जाति बहिष्कृत विदेशियो, दासो तथा युद्धो में पराजित लोगो का भी था जिसे पंचम वर्ण या पाँचवी श्रेणी भी कहा जाता है।

1901 की जनसंख्या में जाति के सामाजिक अधिक्रम के बारे में जानकारी इकट्ठा करने का प्रयत्न किया । ज्योतिबा फुले नारायण गुरु, पेरियार,बी.आर.अम्बेडकर तथा गांधीजी ने इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगरीकरण ,औधेगिकीकरण तथा आधुनिक शिक्षा प्रणाली ने इस कार्य में शिथिलता उत्पन्न की। राजनीतिक व्यवस्था में जाति की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही।परिवार पारस्परिक प्रेम ,सहयोग,समाजीकरण आवश्यकताओं तथा बच्चों के जन्म तथा उचित देखभाल करने वाली मौलिक संस्था है।

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. "कास्ट एण्ड रेस इन इण्डिया" नामक पुस्तक के लेखक है–
   (अ) नरसिहाचार (ब) गोविन्द सहाय घुरिये
   (स) ए.आर.देसाई (द) डी.पी.मुखर्जी ( )
2. सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी–
   (अ) सावित्री बाई फुले ने
   (ब) ज्योतिराव गोविन्द राव फुले ने
   (स) अयन्कल्ली ने
   (द) नारायण गुरु ने ( )
3. नातेदारी या स्वजनता में परिहास रीति से सबंधित है–
   (अ) हँसी मजाक (ब) घृणा
   (स) अपमान (द) कोध ( )
4. निम्नलिखित में से जाति की विशेषता नही है–
   (अ) समाज का खण्डात्मक विभाजन
   (ब) खानपान और सहवास पर प्रतिबन्ध
   (स) अर्जित प्रस्थिति
   (द) सामाजिक और धार्मिक निर्योग्यताए ( )

### अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

प्रश्न 1. भारत में नियमित रुप से जनगणना के कार्य की शुरुआत कब से हुई ?
प्रश्न 2. जाति के निर्धारण का आधार क्या है?
प्रश्न 3. मूल परिवार में कौन शामिल होते है ?
प्रश्न 4. सन् 1920 के दशक में अस्पृश्यता के विरुद्ध आन्दोलन की शुरुआत किसने की थी ?
प्रश्न 5. आंध्र प्रदेश की दो प्रबल जातियों के नाम लिखो।

### लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 6. सामाजिक संरचना से क्या समझते है ?

प्रश्न 7. वर्ण और जाति में दो अन्तर बताइये।
प्रश्न 8. संस्कृतिकरण की अवधारणा से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 9. संयुक्त परिवार की दो विशेषताएँ बताइये।
प्रश्न 10.सावित्री बाई फूले के बारे में आप क्या जानते है ?
प्रश्न 11. एक विवाह प्रथा से क्या आशय है ?

### लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 12. जाति व्यवस्था के सामान्य लक्षणों पर प्रकाश डालिए।
प्रश्न 13. जनजातीय विकास में शिक्षित वर्ग के उदय का क्या प्रभाव पड़ा है ?
प्रश्न 14. सांस्कृतिक विविधता से क्या आशय है ?
प्रश्न 15. एम.एन.श्रीनिवास की प्रभु जाति की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
प्रश्न 16. संयुक्त परिवार के कोई तीन लाभ (गुण) बताइये।
प्रश्न 17. जाति एवं जनजाति के मध्य अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

### निबन्धात्मक प्रश्न–

प्रश्न 18. उपनिवेशवाद के कारण जाति व्यवस्था में क्या–क्या परिवर्तन आये ?

## अध्याय–4 बाजार एक सामाजिक संस्था के रुप में

सामान्य रुप से बाजार को एक आर्थिक संस्था के रुप माना जाता है परन्तु बाजार एक आर्थिक संस्था ही नही अपितु एक सामाजिक संस्था भी है । सर्वप्रथम 18 वीं सदी में राजनीतिक अर्थशास्त्रियों में एडम स्थिम ने अपनी पुस्तक "द वैल्थ ऑफ नेशन्स" में बाजार की अर्थव्यवस्था को समझने का प्रयास किया गया था स्थानीय लोग बाजार में अपनी कृषि उपज तथा जंगल से लाये गये उत्पादों को व्यापारीयों को बेचते है। औपनिवेशिक काल से पूर्व भारत में विस्तृत और परिष्कृत व्यापारिक तंत्र विद्यमान था। कार्ल मार्क्स पूंजीवादी के आलोचक थे। भारतीय अर्थव्यवस्था में भूमण्डलीकरण का आरम्भ उदारीकरण की देन रहा है। उदारवाद के परिणामस्वरुप आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिला और साथ में ही भारतीय बाजार विदेशी कम्पनीयों के लिए खुल गये।

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. "द वैल्थ ऑफ नेशन्स" नामक पुस्तक के लेखक है –
   (अ) एडम स्मिथ (ब)प्रो मार्शल
   (स)प्रो. पीगू (द) रावर्स्टन ( )
2. पुष्कर का पशु मेला लगता है–
   (अ) महाराष्ट्र (ब) उड़ीसा
   (स) राजस्थान (द) उत्तर प्रदेश ( )
3. मारवाड़ी परिवार का प्रतिनिधित्व प्रमुख रुप से किस घराने के द्वारा किया गया है –
   (अ) टाटा परिवार (ब)डालमिया परिवार
   (स) मोदी परिवार (द) बिड़ला परिवार ( )
4. सप्ताह में एक दिन लगने वाले बाजार को कहते है–
   (अ) दैनिक बाजार (ब) हाट बाजार

(स) वार्षिक बाजार (द) मासिक बाजार ( )

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न 1. बाजार की अर्थव्यवस्था को सर्वप्रथम किसने समझने का प्रयास किया ?
प्रश्न 2. खुले बाजार से क्या तात्पर्य है?
प्रश्न 3. लेस–ए–फेयर से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 4. प्राचीन काल में विनिमय का प्रमुख साधन कौनसा था ?
प्रश्न 5. धोराई समाज का अध्ययन कब व किसके द्वारा किया गया ?
प्रश्न 6. अदृश्य हाथ का सिद्धान्त किसने दिया ?
प्रश्न 7. वर्तमान समय में पण्यीकरण के दो उदाहरण दीजिए।

**लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)**

प्रश्न 8. बाजार का अर्थ लिखिए।
प्रश्न 9. साप्ताहिक बाजार से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 10. मैक्सवेबर के द्वारा "प्रतिष्ठा का हाथ" किसे कहा गया है ?
प्रश्न 11. हुण्डी क्या है ?
प्रश्न 12. पूँजीवादी की दो मूल विशेषताएँ लिखिए।
प्रश्न 13. भूमण्डलीकरण के कौन–कौन से रुझान है ?

**लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)**

प्रश्न 14. उदारीकरण से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 15. पूँजीवाद को एक सामाजिक व्यवस्था के रुप में समझाइये।
प्रश्न 16. भूमण्डलीकरण से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 17. पण्यीकरण से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 18. औपनिवेशिक नियत्रंण के बाद जनजातीय बाजारोंमें कौन–कौन से परिवर्तन आये ?

**निबन्धात्मक प्रश्न–**

प्रश्न 19. भूमण्डलीकरण के प्रभावों पर प्रकाश डालिए।
प्रश्न 20. उदारीकरण का अर्थ और नीतिया बताते हुए इससे होने वाले आर्थिक परिवर्तन बताइये।

## अध्याय–5 सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार के स्वरुप

सामाजिक विषमता और बहिष्कार हमारे जीवन की वास्तविकता है जो कि हमे समाज में सर्वत्र दिखाई देती है। सफाईकर्मी घरेलू नौकर अथवा विद्यालयों के छात्र हो हमें यह विषमता और बहिष्कार देखने को मिल जाते है। प्रत्येक समाज में कुछ लोगों के पास धन–संपदा,शिक्षा,स्वास्थ्य एवं शक्ति जैसे–मूल्यवान संसाधन का दूसरो की अपेक्षा ज्यादा हिस्सा होता है।अधिकाशः लोग अपने लिंग वर्ण नृजातीयता भाषा, जाति और विकलांगता के कारण ही भेदभाव और बहिष्कार के शिकार होते है। जाति के अनुरुप ही लोगो की प्रस्थितियों का समाज में निर्धारण होता था। 19 वी सदी में जाति और व्यवसाय के बीच सम्बन्ध काफी ढीले हुए है। अस्पृश्यता अथवा छुआछूत जाति व्यवस्था का एक दूषित और घृणित पक्ष है। अन्य पिछड़े वर्ग के लोग न तो उच्च कही जाने वाली जातियों के हिस्से है। अन्यथा सक्षम व्यक्ति केवल इसलिए अक्षम नही होता है कि वह शारीरिक और मानसिक रुप से अक्षम है अपितु इसलिए भी अक्षम होता है कि समाज कुछ इस रीति से बना है कि वह उसकी जरुरतों को पूरा नही करता है। अन्यथा सक्षम व्यक्तियों का समाज में सर्वथा अनादर होता है।

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अस्पृश्यता का उन्मूलन किया गया है–
   (अ) अनुच्छेद 15 (ब) अनुच्छेद 16
   (स) अनुच्छेद 17 (द) अनुच्छेद 18 ( )
2. जाति व्यवस्था का मूल आधार है–
   (अ) कर्म (ब) जन्म
   (स) सामाजिक स्वीकृति (द) इनमें से कोई भी नही ( )
3. अस्पृश्यो को हरिजन शब्द दिया था–
   (अ) भीमराव अम्बेडकर ने (ब) महात्मा गांधी ने
   (स) विनोबा भावे ने (द) ज्योतिबा फुले ने ( )

### अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

प्रश्न 1. सामाजिक विषमता क्या है ?
प्रश्न 2. पूर्वाग्रहो का क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 3. "आदिवासी" शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है ?
प्रश्न 4. अन्य पिछड़ा वर्ग की पहचान के लिए बनाये गये कोई दो आयोग बताइये।
प्रश्न 5. भारतीय भाषाओ में दलित शब्द का आरक्षित अर्थ क्या है ?

### लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 6. सामाजिक बहिष्कार से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 7. पूर्वाग्रहो की दो विशेषताएँ बताइये।
प्रश्न 8. अस्पृश्यता से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 9. सामाजिक स्तरीकरण की दो विशेषताएँ लिखिए।
प्रश्न 10. निर्योग्यता अथवा अक्षमता के दो लक्षण बताइये।

### लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 11. "अन्यथा सक्षम व्यक्तियो "से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 12. भारत में महिलाओ की दशा सुधारने में समाज–सुधारको की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।
प्रश्न 13. सामाजिक अपवर्जन (बहिष्कार) की तीन विशेषताएँ लिखिए।
प्रश्न 14. अन्य पिछड़ा वर्ग से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 15. सामाजिक बहिष्कार (अपवर्जन) को रोकने हेतु कोई तीन उपाय बताइये।

### निबन्धात्मक प्रश्न–

प्रश्न 16. भारत में विकलांग व्यक्तियो के प्रति किये जाने वाले भेदभावों को स्पष्ट कीजिए।

## अध्याय–6 सांस्कृतिक विविधता की चुनौतियॉ

भारत में कई समूहों और समुदायों के लोग निवास करते हैं। जो कि सांस्कृतिक चिह्नों के रूप में धर्म, जाति, भाषा, पंथ, प्रजाति अथवा सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर पहचाने जाते हैं। सांस्कृतिक विविधता कई चुनौतियॉ प्रस्तुत करती है। राष्ट्र ऐसे समुदाय होते हैं जिनका अपना राज्य होता है। भारत राष्ट्र राज्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विभिन्न प्रकार की विविधताओं से परिपूर्ण है। भारत के संविधान में भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित किय गया है। भारत मे क्षेत्रवाद का आरम्भ ब्रिटिश शासन की देन है। भारत में संघ और राज्यों के मध्य शक्तियों को विभाजित किया गया है। नागरिक समाज सार्वजनिक अधिकार का गैर–राजकीय तथा गैर बाजारी भाग होता है।

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. भारतीय संविधान का 'शिल्पकार' कहा जाता है –
(अ) प. जवाहरलाल नेहरू (ब) डा. बी. आर अम्बेडकर
(स)डा. राजेन्द्र प्रसाद (द) के. एम. मुन्शी ( )
2. भारतीय नागरिको को सूचना का अधिकार दिया गया था –
(अ) सन् 2003 मे (ब) सन् 2004 में
(स) सन् 2005 में (द) सन् 2006 में ( )

### अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न :–

प्रश्न 1 सामुदायिक पहचान किस पर आधारित होती है ?
प्रश्न 2 धर्म की दृष्टि से भारत कैसा राज्य है ?
प्रश्न 3 किस सूची के विषयों पर केन्द्र और राज्य दोनो की सरकारें कानून बना सकती है ?
प्रश्न 4 अल्पसंख्यक शब्द का समाजशास्त्रीय भाव क्या है ?
प्रश्न 5 राष्ट्र के निर्माण में सहायक तत्वों के नाम लिखिए।

### लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 6 सांस्कृतिक विविधता से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 7 भारत सांस्कृतिक विविधता वाला देश क्यों कहलाता है ?

प्रश्न 8 पंथनिरपेक्षता से क्या आशय है ?

प्रश्न 9 साम्प्रदायिकता के दो दुष्प्रभाव बताइये।

प्रश्न 10 भारत में भाषायी विविधता को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 11 क्षेत्रवाद क्या है ?

**लघूत्तरात्मक (SA-II)**

प्रश्न 12 सांस्कृतिक विविधता से उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने के कोई तीन सुझाव दीजिए।

प्रश्न 13 भारत में राष्ट्रीय एकता के सम्मुख किन्ही 6 समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 14 नागरिक समाज से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 15 भारतीय संविधान में अल्पसंख्यकों के संरक्षण हेतु कौन–कौन से प्रावधान किए गये हैं ?

**निबन्धात्मक प्रश्न :–**

प्रश्न 16 सांस्कृतिक विविधता से क्या तात्पर्य है और इससे कौन–कौन सी चुनौतियॉ उत्पन्न होती है ?

प्रश्न 17 क्षेत्रवाद क्या होता है ? आमतौर पर यह किन कारणों पर आधारित होता है ?

## अध्याय–7 परियोजना कार्य के लिए सुझाव

प्रत्येक शोधकार्य के लिए एक उपयुक्त अनुसंधान पद्धति की आवश्यकता होती है? शोधकार्य के लिए शोधकर्त्ता के पास कई संभावित पद्धतियों में से एक का चुनाव करने की स्वतन्त्रता होती है। सर्वेक्षण प्रणाली के अन्तर्गत निर्धारित प्रश्नों को अपेक्षाकृत बड़ी संख्या में लोगो से पूछा जाता है। साक्षात्कार में दो व्यक्तियों का होना आति आवश्यक होता है ? प्रेक्षण में शोधकर्त्ता को अपने शोधकार्य के लिए निर्धारित परिस्थिति के सन्दर्भ में क्या कुछ हो रहा है पर बारीकी से नजर रखनी पड़ती है ।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–**

1. परियोजना कार्य का उद्देश्य होता है–
   (अ) उपयोगितावादी (ब) सामाजिक
   (स) राजनीतिक (द) आर्थिक ( )
2. परियोजना कार्य का आरम्भ होता है–
   (अ) शोधप्रणाली के चयन से (ब) शोध प्रश्न के निर्धारण से
   (स) उपलब्ध समय की मात्रा से (द) शोध पद्वति से ( )
3. साक्षात्कार का प्रकार नही है–
   (अ) संरक्षित साक्षात्कार (ब) असंरक्षित साक्षात्कार
